के कार्यों को जांचने हेतु साहित्यिक स्रोतों को एकत्रित किया गया। इन सभी साहित्यिक स्रोतों को इकट्ठा करने हेतु जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के पुस्तकालय की सहायता ली गयी। इन सभी साहित्यिक स्रोतों को पुस्तकालय में ढूंढ़ा गया एवं उन्हें एकत्रित किया गया। विभिन्न संस्कृतियों व समयकालों से संबद्ध सभी प्रकाशित सामग्रियों को सारणीबद्ध करने के पश्चात् सर्वेक्षण की योजना बनाई गयी कि कहाँ सर्वेक्षण किया जा चुका है व कहाँ किया जाना चाहिए।

सर्वेक्षण में जाने से पूर्व कुछ मुख्य उपकरणों को प्रयोग में लाया गया जिसका विवरण इस प्रकार है—

1. जी. पी. एस., 2. डिजीटल केमरा, 3. कम्पास (दिशासूचक यंत्र), 4. टोपोशीट्स, 5. साधारण नक्शे व रोड एटलस, 6. टेप (फीता), 7. प्लास्टिक बॉक्स, 8. चाकू, 9. करनी, 10. रस्सी, 11. धागा, 12. कैंची, 13. टार्च, 14. मोमबत्ती, 15. रूई, 16. वाटर प्रूफ पॉलिथिन की थैलियाँ, 17. साधारण पॉलिथिन की थैलियाँ, 18. पारदर्शी पॉलिथिन व प्लास्टिक शीट्स, 19. मृदपात्रों हेतु कपड़े के थैले (पॉट्री बेग्ज), 20. स्टेशनरी (पेन, मार्कर, परमानेन्ट मार्कर, पेन्सिल, स्केल, रबर, डायरी, ग्राफ बुक आदि), 21. अन्य सामग्री।

सर्वेक्षण करने हेतु सबसे पहले तो टोपोशीट्स का प्रयोग किया गया एवं पूरे भू-भाग का और बारीकी से अध्ययन करने के लिए गूगल अर्थ सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया गया। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से नदियों एवं अन्य जल-स्रोतों के पास के स्थलों का बारीकी से मुआयना किया गया एवं सर्वेक्षण के दौरान भी इस सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके संभावित क्षेत्रों तक पहुंचने में सहायता प्राप्त की गयी। गूगल अर्थ के अलावा कुछ अन्य सॉफ्टवेयरों का भी प्रयोग किया गया जिनमें 'क्यूजीआईएस' एक प्रमुख सॉफ्टवेयर है।

पाली जिले में सर्वेक्षण करने हेतु कई प्रकार की अन्य प्रविधियों को भी काम में लिया गया है। इस शोध प्रबंध को पूर्ण करने हेतु मुख्यतया लूनी, जवाई एवं इसकी सहायक नदियों एवं नालों के आस-पास के क्षेत्रों को सर्वेक्षित किया गया। इस सर्वेक्षण हेतु 'हीरो होंडा' एवं मारुती ८०० वाहनों को प्रयोग में लाया गया।

प्रथम सीजन सितम्बर 2022 से नवम्बर 2022 का था जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम इस पूरे क्षेत्र के भू-आकृति स्वरूप को समझने के लिए केवल सामान्य सर्वेक्षण किया गया साथ ही उन जिन स्थलों को पहले के सीजन में चिन्हित किया गया था उन जगहों पर जाकर पुरास्थलों की खोज की गयी।

परिणाम : पाषाणकालीन पुरास्थल :

पूर्व में मिश्राजी के द्वारा खोजे गए पुरास्थलों पर जाने का भी प्रयास किया गया ताकि स्थल के सन्दर्भ के विषय में दृष्टि स्पष्ट की जा सकें। मिश्रा जी के द्वारा लिखी गयी पुस्तक में दिए गए स्थलों के वर्णनानुसार कई पुरास्थलों की अवस्थति अब पहले जैसी नहीं रह गयी है एवं कितने ही पुरास्थल अब आधुनिक अतिक्रमण के कारण पूर्ण रूप से नष्ट भी हो चुके है।

रेरिया, जवाई एवं बांदी नदी पर जिन स्थलों की खोज की गयी थी वे भी अब आधुनिक खनन जिनमें खासतौर पर बजरी एवं मुरम के खनन के कारण ये नष्ट हो चुके है। अभी भी ऐसी कई जगह है जो की मानवीय परिप्रेक्ष की दृष्टि से पूर्ण रूप से दूर है एवं इन स्थलों को अभी खोजा जाना शेष है।

अपने इस सर्वेक्षण में एक मात्र स्थान जो कि वर्ष 2018 में डॉ. चिंतन ठाकर के द्वारा चोटिला स्थित ॐ बन्ना मंदिर से 4 कि.मी. दक्षिण में खोजा

चोटिला पुरास्थल का दृश्य एवं वहां से प्राप्त औजार

गया था उसी स्थल पर पुनः जाया गया एवं उस स्थल से पुनः व्यवस्थित तरीके से सेम्पलस को एकत्रित किया गया। इस स्थल से प्राप्त औजारों में फ्लुटेड कोर, स्क्रेपर, फ्लैक टूल्स, समान्तर भुजाओं वाली ब्लेड्स, फ्लेक्स इत्यादि उपकारों को एकत्रित किया गया। ये सभी औजार चर्ट पत्थर पर बने हुए है।

सर्वेक्षण के दौरान खोजे गए पाषाणकालीन पुरास्थल :

चामुंडेरी : यह स्थल पाली जिले के चामुंडेरी ग्राम पंचायत से 300 मीटर

चामुंडेरी पुरास्थल का दृश्य एवं स्थल से खोजे गए

 ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2023

दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। यह स्थल कनाश्म चट्टानों के छोटे-छोटे आवरणों में फैला हुआ है (देखे चित्र 5)। इन्हीं कनाश्म चट्टानों के क्षरित धरातल पर पाषाणकालीन औजारों को खोजा गया। यहाँ से प्राप्त औजारों में फ्लुतेड कोर, फलैक्स, स्क्रेपर्स एवं पत्थर के छिलकों पर बने उपकरणों की को खोजा गया। यहाँ से प्राप्त औजार क्रमशः क्वार्टज़ एवं चर्ट पत्थरों पर बने है।

पाषाणकालीन औजार

चिमनपुरा : यह स्थल पाली जिले के चामुंडेरी ग्राम से 3 कि.मी. उत्तर-पूर्व में स्थित है (देखे चित्र)। यहाँ से प्राप्त औजारों में फ्लुतेड कोर, फलैक्स, स्क्रेपर्स एवं पत्थर के छिलकों पर बने उपकरणों को खोजा गया। यहाँ से प्राप्त औजार क्रमशः क्वार्टज़ एवं चर्ट पत्थरों पर बने है।

चिमनपुरा पुरास्थल का दृश्य एवं स्थल से खोजे गए औजार

लालपुरा : यह स्थल पाली जिले के चामुंडेरी ग्राम से पांच कि.मी. उत्तर-पूर्व में स्थित (देखे चित्र) है। यहाँ से प्राप्त औजारों में कोर, फलैक्स, स्क्रेपर्स, नोच एवं पत्थर के छिलकों पर बने उपकरणों की को खोजा गया। यहाँ से प्राप्त औजार क्वार्टज़ एवं पत्थरों पर बने है।

लालपुरा पुरास्थल का दृश्य

कोठार : यह स्थल पाली जिले के कोठार ग्राम पंचायत से एक कि.मी. कि.मी. उत्तर-पश्चिम में स्थित है (देखे चित्र)। यह पाली जिले का अब तक का खोजा गया सबसे बड़ा एवं सबसे अधिक औजार घनत्व वाला स्थल है। यहाँ से प्राप्त औजारों में फ्लुटेड कोर, फलैक्स, स्क्रेपर्स एवं पत्थर के छिलकों पर बने उपकरणों की को खोजा गया। यहाँ से प्राप्त औजार क्रमशः क्वार्टज़, रायोलाइट एवं चर्ट पत्थरों पर बने है। इस स्थल से सिलबट्टे एवं हेमर स्टोन भी काफी मात्रा में खोजे गए है। इस स्थल पर एक बड़ा शैलाश्रय भी बना हुआ है जिस पर गुहा-चित्रों का अंकन किया गया है।



कोठार पुरास्थल का दृश्य

 ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2023

जवाई बाँध : यह स्थल पाली जिले के जवाई बाँध के एरिनपूरा छावनी के पार्श्व भाग में स्थित है (देखे चित्र)। यहाँ से भी काफी मात्रा में पाषाण-कालीन उपकरणों की खोज की गयी है। यहाँ से प्राप्त औजारों में फ्लुतेड कोर, फलैक्स, स्क्रेपर्स एवं पत्थर के छिलकों पर बने उपकरणों की को खोजा गया। यहाँ से प्राप्त औजार क्रमशः क्वार्टज़, रायोलाइट एवं चर्ट पत्थरों पर बने है। इस स्थल से सिलबट्टे एवं हेमर स्टोन भी काफी मात्रा में खोजे गए है।

जवाई बाँध पुरास्थल का दृश्य

दुदनी : यह स्थल जवाई बाँध के दक्षिण-पूर्व में लगभग 3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। कनाश्म चट्टानों की तलहटी के समीप के धरातल पर ग्रेनाइट के कच्चे माल पर बनी हस्तकुल्हाड़ी, फ्लेक्स आदि को खोजा गया। (देखे चित्र)।

दुदनी पुरास्थल का दृश्य

मोरीबेड़ा : यह स्थल पाली जिले के मोरी बड़ा ग्राम से 1 कि.मी. दक्षिण-पूर्व में स्थित है (देखे चित्र)। यहाँ से प्राप्त औजारों में कोर, फलैक्स, स्क्रेपर्स, नोच एवं पत्थर के छिलकों पर बने उपकरणों की को खोजा गया। यहाँ से प्राप्त औजार क्वार्टज़ एवं पत्थरों पर बने है। इस स्थल से क्वार्टज़ पत्थर के हेमर स्टोन भी प्राप्त किये गए है।

मोरीबेड़ा पुरास्थल का दृश्य

निष्कर्ष :

पाली जिले में किये गए पुरातात्विक सर्वेक्षण के पश्चात कई पाषाणकालीन स्थल प्रकाश में आये है। ये सभी पुरास्थल मुख्य नदी एवं उनकी सहायक नदियों से दूर स्थित है। आदिम मानवों के द्वारा इस प्रकार का भौगोलिक अनुकूलन इस प्रकार के प्रदेश में पहले भी सिरोही जिले की पश्चिम बनास नदी की पाषाण कालीन स्थलों पर देखा गया है। सर्वेक्षण के दौरान जिन स्थलों की खोज की गयी ये सभी स्थल लेट पाषाणकल के अनुक्रम से सम्बन्ध रखते है।

सर्वेक्षण में मुख्य नदी के अलावा सहायक नदी की घाटियाँ,उनके जमाव, पहाड़ियों की ढलानों पर चट्टानों के विशेष उभार तथा ऐसे प्रमुख सभी स्थानों का सर्वेक्षण किया गया, जहाँ से पाषाणकालीन औजारों की मिलने की सम्भावना है। अभी किये गए गए सर्वेक्षणों से यह भी ज्ञात होता है कि यहाँ से प्राप्त किये गए औजारों को बनाने की प्राविधि एवं औजारों का प्रकार पूर्व में किये गए सर्वेक्षण के द्वारा ज्ञात पाषाणकालीन औजारों से काफी हद तक मेल भी खाती है। नवीन सर्वेक्षण में इन औजारों को बनाने के लिए प्रयुक्त कच्चे माल में भी विविधता देखी गयी है। जहाँ तक स्थल की उपियोगिता का प्रश्न है पहले खोजे गए स्थलों के जैसे ही चट्टानों के आवरणों की सतह पर स्थित क्षरित मिट्टी की

सतह पर औजारों की प्राप्ति की गयी जिससे यह ज्ञात होता है कि इस तरह के स्थलों की उपयोगिता प्राचीन मानवों के लिए अधिक रही होगी।

सन्दर्भ सूचि :

आई.ए.आर. (1954).

इंडियन आर्कीयोलोजिकल रिव्यु1956-57. (1957).

खरकवाल जीवन सिंह. (2016). एक्स्केवेशन एट चन्द्रावती (खरकवालजीवन सिंह (Ed.). हिमांशु पब्लिकेशन.

गोधल विनीत, & मीणा मदनलाल. (2017). प्रागैतिहासिक राजस्थान. शोध पत्रिका, 68(1-2), 1-20.

चेटर्जी मालविका, अखिलेश कुमार, पप्पू शांति, रवीद्रनाथ सुधा, उदयराज. (2017). अ लेट पेलिओलिथिक असेम्बलेज एट कुंजारम, साउथ-ईस्ट इंडिया. एंटिक्विटी, 2, 1-6. https://doi.org/10.15184/aqy.2017.214

ठाकर चिंतन, तलेसरा प्रियांक, देवडा के.पी. सिंह., खान अल्ताफ. (2019). एन अर्कियोलोजिकल एक्सप्लोरेशन ऑफ़ गोढवाड (सिरोही). राजस्थान अर्कियोलोजी एंड एपीग्राफी कांग्रेस, 1(1), 55-64.

ठाकर चिंतन, पटेल पुनाराम, खरकवाल जीवन सिंह, तलेसरा प्रियांक. (2019). पश्चिमी बनास घाटी में पाषाणकालीन स्थलों की खोजः एक सर्वेक्षण. शोध पत्रिका, 70 (1-4), 103-125.

धीर आर.पी., सिंघवी ए.के. (2012). द थार डेजर्ट एंड इट्स एंटिक्विटी. करंट साइंस, 102 (7), 1001-1008.

ब्लिंकहॉर्न जेम्स. (2013). अ न्यू सिंथेसिस ऑफ़ एविडेंस फॉर थे अपर प्लेस्टोसिन ऑक्यूपेशन 16आर ड्यून एंड इट्स साउथर्न एशियन कॉन्टेक्स्ट. क्वाटर्नरी इंटरनॅशनल, 300, 282-291. https://doi.org/10.1016/j.quaint.2013.01.023

ब्लिंकहॉर्न जेम्स. (2018). बुढा पुष्कर रीविजीटेडः टेक्नोलॉजिकल वेरियाबिलिटी इन लेट पेलिओलिथिक स्टोन टूल्स एट द थार डेजर्ट मार्जिन,इंडिया. जर्नल ऑफ़ आर्कियोलोजीकल साइंस/: रिपोर्ट्स, *20*(April), 168–182. https://doi.org/10.1016/j.jasrep.2018.04.020

ब्लिंकहॉर्न जेम्स. (2021). द गेटवे टू द ओरिएण्टल जोन/: एन्वार्मेंट चेंज एंड पेलिओलिथिक बिहेवियर इन द थार डेजर्ट. क्वाटर्नरी इंटरनॅशनल, *596* (June), 79–92. https://doi.org/10.1016/j.quaint.2020.11.021

मिश्रा वि.एन. (1967). प्री एंड प्रोटो हिस्ट्री ऑफ़ बेडच बेसिन साउथ राजस्थान. डेकन कोल्लागे पोस्ट ग्रेजुएट एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट.

मिश्रा वि.एन., राजगुरुएस.एन., वासनआर.जे., अग्रवालडी.पी. (1980). फर्दर लाइट ऑन लोवर पेलिओलिथिक ओक्युपेशन एंड पेलियोएन्वारमेंट इन सेमी-एरिड जोन ऑफ़ राजस्थान. पुरातत्व, 51-60.

मिश्रा वी.एन. (1958). पेलिओलिथिक इंडस्ट्री ऑफ़ द बनास, ईस्टर्न राजपुताना.

मिश्रा वी.एन. (1964). पेलिओलिथिक्स फ्रॉम डिस्ट्रिक्ट उदयपुर, साउथ राजस्थान. एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बोम्बे, 36, 55-59.

मिश्रा वी.एन. (1968). मिडिल स्टोन एज इन राजस्थान. प्रीहिस्टोराइ; प्रोबलेम्स इट टेंडेंसेस, 295-302.

मिश्रा वी.एन. (1973). बागोर-अ लेट मेसोलिथिक सेटलमेंट इन नार्थ-वेस्ट इंडिया. वर्ल्ड आर्कियोलोजी, 5(1), 92-110.

मिश्रा वी.एन., नागर मालती. (प.व.). प्रीहिस्टोरिक बेकग्राउंड ऑफ़ राजस्थान. श्री मल्लाम्पल्ली सोमशेखरा सर्मा कॉमममेमोरेशन वोल्यूम, 345-358.

मिश्राशेइला. (2001). क्वाटरनरी फ्लुविअल जिओमोर्फोलोजी ऑफ़ वेस्टर्न इंडिया. जी.एस.आई. स्पेशल पब्लिकेशन, January.

राजगुरु एस.एन, देओ सुषमा जी., गैलार्ड क्लैर. (2014).

प्लेस्टोसिन जिओआर्कियोलोजी ऑफ़ द थर डेजर्ट. अन्नाल्स ऑफ़ एरिड जोन, 53(2), 63-76.

K.P. Singh Kanoj S/o Madan Singh

29 'Mewar House' Veer Hanuman Nagar Century
Garden Road Pali (Raj.) 306401
Mob. 9460732445

❑ ❑ ❑

बैराठ : बौद्ध पुरातात्विक साक्ष्यों के सन्दर्भ में मौर्य कालीन सामाजिक धार्मिक इतिहास का विश्लेषण

• विजय लक्ष्मी सिंह

बैराठ जयपुर दिल्ली मार्ग पर जयपुर से 52 मील दूर राजस्थान में लाल रंग की अरावली पहाड़ियों के बीच एक गोलाकार घाटी के मध्य स्थित है। बैराठ का प्राचीन नाम विराठनगर है जिसकी स्थापना राजा विराठ ने की थी।[1] कहा जाता है कि पांडवों ने अपने वनवास के तेरहवें वर्ष को वेश में बिताया था। बैराठ मत्स्य जनपद की राजधानी है जो अंगुतर निकाय में सोलह महाजनपदों में सूचीबद्ध है।[2] विदेशी यात्रियों फाहियान[3] हुआन त्सांग[4] ने बैराठ का उल्लेख महान बौद्ध केन्द्र के रूप में किया। बौद्ध अनुसंधान पर साहित्य आधारित विद्वानों या कला और वास्तुकला के इतिहासकारों का प्रभुत्व है। बौद्ध ग्रंथों में राजस्थान में बौद्ध विहार, चैत्य, मठ की स्थापना का उल्लेख मिलता है। बौद्ध धर्म के इतिहास की पूरी तरह से मान्य तस्वीर रखने के लिए पुरातात्विक अवशेषों को शामिल करने की आवश्यकता है। महात्मा बुद्ध राजस्थान नहीं गए परन्तु मौर्य साम्राज्य का विस्तार मगध से ले कर तक्षिला, काबुल, कंधार और बैक्ट्रिया तक हुआ और इसका रास्ता राजस्थान से हो कर गया और सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म आत्मसात् करने के कारण राजस्थान बौद्ध प्रभाव से वंचित नहीं रह सका। बैराठ आज खंडहरों के एक टीले पर स्थित है जहाँ से हम वर्तमान शहर को देख सकते हैं। आस-पास टूटे हुए मिट्टी के बर्तन और प्राचीन ताम्बे के टुकड़े बिखरे हुए हैं जिससे घाटी सामान्यतः लाल रंग की दिखती है। उचित पुरातात्विक खुदाई और अन्वेषण के बाद बैराठ (राजस्थान) में कई बौद्ध अवशेष बरामद किए गए थे, जो मत्स्य जनपद राजधानी में बौद्ध धर्म के विकास के स्पष्ट सीमांकन को दर्शाते हैं। मौर्य सभ्यता के अवशेष बैराठ से प्राप्त हुए हैं, जिनमें अशोक के शिलालेख के साथ, ईंट से निर्मित बौद्ध मठ और मंदिरों के स्तंभ और अवशेष भी मिले हैं। टेराकोटा

मूर्तियों, मोतियों, पंच-चिह्नित सिक्कों को खुदाई से बरामद किया गया जो बैराठ में मौर्य शासन की उपस्थिति का संकेत देता है।[5] यहाँ पुरातात्विक अन्वेषण में प्राप्त सामग्रियों के विश्लेषण के माध्यम से बैराठ क्षेत्र के मौर्य इतिहास और सांस्कृतिक निरंतरता को समझने का प्रयास किया है।

बैराठ मौर्य काल का बौद्ध धर्म का प्रमुख केन्द्र रहा है। राजस्थान और भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न हिस्सों से प्राप्त पुरातात्विक रिकॉर्ड में बौद्ध धर्म की भौतिक अभिव्यक्ति बुद्ध के 200-300 साल बाद शिलालेखों, स्तूपों, मठों, छवियों और पूजा की अन्य वस्तुओं के रूप में दिखाई दी। तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से प्रारंभिक बौद्ध धर्म के विकास और प्रसार को आंतरिक रूप से मौर्य सम्राट अशोक के साथ जोड़ा गया है, और इसके परिणामस्वरूप पुरातात्विक रिकॉर्ड में बैराठ मौर्य काल का बौद्ध केन्द्र है। अशोक स्तंभ भारतीय वास्तुकला में भी महत्वपूर्ण हैं और विशेष मौर्य पॉलिश इन स्तम्भों की ऐतिहासिक पहचान है।[6] अशोक स्तंभों और शिलालेखों ने एक साथ अद्वितीय सांस्कृतिक अर्थ का स्मारक बनाया। अशोक के छोटे पत्थर शिलालेख, प्रमुख पत्थर शिलालेख और स्तंभ शिलालेख की तारीख से पहले के हैं। दक्षिण एशिया में, पहला पत्थर शिलालेख तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में हुआ था, और वह अशोक का शिलालेख था। अशोक का बौद्ध धर्म में रूपांतरण बौद्ध धर्म के राजनीतिक संरक्षण के लिए एक बड़ा मील का पत्थर था। कलिंग युद्ध में विनाशकारी अनुभव के बाद अशोक ने बुद्ध की शिक्षाओं का पालन करने का फैसला किया, जो उपमहाद्वीप में युद्ध समाप्त होने का संकेत था।

मौर्य शासकों के अधीन भारतीय उपमहाद्वीप के बड़े हिस्से के एकीकरण के बावजूद इसकी राजनीतिक सीमा अनिश्चित बनी रही। अशोक शिलालेख जो मौर्य साम्राज्य का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत थे, अशोक ने भारतीय उपमहाद्वीप का भौगोलिक एकीकरण किया। इन शिलालेखों ने प्राचीन भारत में अभिलेख (एपिग्राफी) और साक्षरता के तत्व की शुरुआत को भी चिह्नित किया। ये शिलालेख प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए लिखे गए थे और इन शिलालेखों के माध्यम से अशोक ने अपने अधिकृत जन को सीधे निर्देश जारी किए। बैराठ से प्राप्त शिलालेख (आदेश) इस स्थान को सबसे पहले बौद्ध स्थल के रूप में स्थापित करता है।[7] बैराठ से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर भीम पहाड़ी पर कार्लाइल को 1871-72 में एक और अस्पष्ट शिलालेख मिला[8], जिसे रूपनाथ और सासाराम स्थित शिलालेख का संस्करण माना जाता है। इस शिलालेख को अशोक ने बौद्ध धर्म अपनाने के बाद खुदवाया था। इस अभिलेख में अशोक ने यह स्वीकार किया

कि उपासक अवस्था में अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए अधिक प्रयत्न नहीं किया। मगर संघ में प्रवेश करने के बाद उसने बौद्ध धर्म का प्रचार आरम्भ किया।[9] अशोक स्तंभों के अवशेषों के साथ इस स्थान पर एक गोलाकार मंदिर और मठ शामिल हैं जिनकी चर्चा विस्तार से हम आगे करेंगे। बाद के बौद्ध स्रोत बताते हैं, स्तूपों के प्रसार अशोक के संरक्षण के कारण हुए जो स्थायी धार्मिक वास्तुकला के निर्माण के लिए सार्वजनिक संसाधनों को प्रसारित करने के माध्यम से राजनीतिक वैधता व्यक्त करने की एक नई शैली को दर्शाता है।[10] थेरवाद परंपरा के अनुसार, तीसरी बौद्ध परिषद मौर्य साम्राज्य की राजधानी पाटलिपुत्र में आयोजित की गई थी और 250 ईसा पूर्व में मौर्य राजा अशोक से जुड़ी हुई थी। यहां हमें संघ और राजनीतिक संरक्षण के बीच स्पष्ट कड़ी नजर आती है। कौशांबी, बैराठ और सांची के अशोक के आदेश संघ के भीतर फूट के खिलाफ चेतावनी देते हैं और अशोक के प्रसिद्ध 'शासन' में असंतुष्ट भिक्षुओं और भिक्षुणिओं को निष्कासित करने की बात कही गई है।[11] बौद्ध परिषद फूट के पश्चात् बहुसंख्यक भिक्षुओं को महासंहिता कहा जाने लगा और अल्पसंख्यक मोटे तौर पर बुजुर्गों को स्थाविरावदा/थेरावदा कहा जाने लगा। चूंकि परिषद का उल्लेख केवल थेरवाद परंपरा से आता है, इसलिए यहां ग्रंथों में थेरवाद शिक्षाओं को दी गई प्राथमिकता और अधिकार को वैध बनाने के संभावित प्रयास के रूप में देखा गया है। थेरवाद परंपरा अशोक काल के दौरान मगध में शक्ति का दावा करती है, जहां से इसने न केवल भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न हिस्सों में बल्कि श्रीलंका और हेलेनिस्टिक दुनिया में बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए मिशनरियों को भेजा था, जैसा कि अशोक काल के शिलालेख रिकॉर्ड से भी स्पष्ट है। बौद्ध स्तूप सामान्य रूप से भारतीय उपमहाद्वीप और विशेष रूप से उत्तर पश्चिम भारतीय उपमहाद्वीप में बौद्ध तीर्थस्थल का प्राथमिक केन्द्र बन गए, उनके आसपास बड़े तीर्थस्थल बने, जैसे चनेती बौद्ध स्तूप, संघोल बौद्ध स्तूप, देवनिमोरी बौद्ध स्तूप, बीजक-की-पहाड़ी बौद्ध मठ, सिंध बौद्ध स्तूप, धरमराजिका बौद्ध स्तूप, चरसदा बौद्ध स्तूप आदि। बौद्ध का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत 'राजनयिक संरक्षण' है और बौद्ध स्थलों के विकास के साथ इसका स्वरूप बदलता है। सबसे पुराने स्तूप मौर्य काल के हैं, जो बताते हैं कि इन स्मारकों का मूल राजनयिक नींव था, जो मौर्य आधिपत्य के विस्तार का हिस्सा था।[12] ऐसा प्रतीत होता है कि राजस्थान बौद्ध धर्म के प्रभाव से अछूता नहीं रहा और इसमें अशोक का राजनयिक संरक्षण महत्वपूर्ण रूप से उत्तरदायी था। बैराठ में उत्तरी काले पॉलिश वेयर मिट्टी के बर्तनों की उपस्थिति मगध साम्राज्य के साथ इसके संबंध का संकेत है।[13] इस मिट्टी के बर्तन का मुख्य स्रोत ऐतिहासिक मगध था जहां से यह बौद्ध भिक्षुओं के माध्यम से बैराठ तक फैल

गया। मगध से आये मिट्टी के बर्तनों को नुकसान से बचाने के लिए बैराठ के भिक्षुओं ने तांबे की रिवेट्स, फिलेट्स और पिन का विशेष प्रयोग किया गया जो प्रयोगों के नवीनीकरण[14] के सबूत हैं। ऐसा लगता है कि भिक्षुओं ने कुम्हारों के क्षतिग्रस्त मिट्टी के बर्तनों को फेंकने के बजाय तांबे के तारों साथ बांध कर संरक्षित किया क्योंकि वह कीमती थे। इस काल में बैराठ में पाए गए मिट्टी के बर्तनों पर 'धर्मचक्र', 'त्रिरत्न' और 'स्वस्तिक' जैसे पवित्र प्रतीक पाए गए हैं।[15] कनिंघम और उनके सहायक कार्लाइल (1864 -65)[16], और डी आर भंडारकर (1909-10) ने बैराठ के अवशेषों का का पुरातत्विक सर्वेक्षण किया। 1935 में दयाराम साहनी[17] ने बैराठ का उत्खनन किया किया। अशोक का भबरू शिलालेख[18] जो बुद्ध के धम्म और संघ में उनके विश्वास की अभिव्यक्ति के साथ प्रारम्भ होता है, उन्होंने यह भी घोषणा की कि संघ या बौद्ध भिक्षु को संबोधित बुद्ध का उपदेश सत्य है। भबरू शिलालेख बैराठ में बौद्ध भिक्षुओं की उपस्थिति का स्पष्ट संकेतक है। बैराठ के बीजक पहाड़ियों पर पुरातात्विक खुदाई[19] अशोक के समय बौद्ध तीर्थ की उपस्थिति का संकेत देती है। कई इतिहासकार बैराठ को राजस्थान में बौद्ध धर्म विकास के रूप में एक उल्लेखनीय केन्द्र के रूप में नहीं मानते हैं क्योंकि बौद्ध धर्म के अपेक्षाकृत कम अवशेष प्राप्त हुए हैं।[20] पुरातात्विक साक्ष्यों की मात्रात्मक कमी राजस्थान में बौद्ध धर्म की उपस्थिति और दृढ़ता को अस्वीकार नहीं करती है क्योंकि राजस्थान बौद्ध धर्म के महान संरक्षक अशोक के मौर्य शासन का हिस्सा था। बौद्ध अवशेषों की अनुपलब्धता के लिए अन्वेषणों की कमी और व्यापक शहरीकरण को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जो पुरातात्विक स्थलों के विनाशको का कारण बने।

कुछ इतिहासकार अशोक के धम्म की घोषणा को उनके राजनीतिक आदर्शों और तर्कों से जोड़ते हैं जो शासक के व्यक्तिगत विश्वास और उनकी सार्वजनिक घोषणा का संकेत देते हैं। यह अशोक के घोषित धम्म में बौद्ध तत्व को कम करता है। रोमिला थापर की राय है कि अशोक ने अपने साम्राज्य को मजबूत करने के लिए धम्म को एक वैचारिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया। अपने शासनकाल के शुरुआती वर्षों में समर्थन की कमी के कारण, उन्होंने गैर रुढ़िवादी तत्त्वों का समर्थन मांगा और धम्म को अपनाने और प्रचार करने का व्यावहारिक लाभ देखा, यह मूल रूप से एक नैतिक अवधारणा थी जो व्यक्ति और समाज के बीच संबंधों पर केंद्रित थी। हालांकि यह एक एकीकृत रणनीति के रूप में विफल रहा।[21] अशोक धम्म में बौद्ध तत्त्व बौद्ध धर्म से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण विचारों के अभाव के बावजूद प्रासंगिक हैं जैसे कि अष्ट मार्ग, निबान, दुख का सिद्धांत आदि। शिलालेख बार-बार अहिंसा के बारे में जोर देते

हैं जो बौद्ध सिद्धांतों का मूल है। मौर्य ग्रंथ अर्थशास्त्र में अहिंसा[22] और जानवरों के कल्याण[23] के बारे में भी बात की गई है। उपमहाद्वीप के एक शासक के रूप में अशोक ने खुद को धम्म के एक शिक्षक, उद्घोषक और प्रचारक के रूप में पेश किया, यह उनके शिलालेखों से स्पष्ट है। रूमेदेई और निगली सागर शिलालेखों में अशोक की लुम्बिनी यात्रा की चर्चा है जो अशोक की धर्म के प्रति व्यक्तिगत आस्था का स्पष्ट प्रमाण है।[24] इतिहासकार अक्सर अशोक को बौद्ध धर्म में परिवर्तित करने का मुद्दा ब्राह्मणवादी धर्म के खिलाफ असहमति के दर्शन के रूप में उठाते हैं जो सच नहीं हो सकता है। अशोक कहते हैं, वह जो अपने स्वयं के प्रति लगाव से अपने ही संप्रदाय के वैभव को बढ़ाने के इरादे से, पूरी तरह से दूसरों के संप्रदायों का तिरस्कार करते हुए अपने स्वयं के संप्रदाय का सम्मान करता है, वास्तव में इस तरह के आचरण से अपने ही संप्रदाय को सबसे गंभीर चोट पहुंचती है। संस्कृत के द्वितीय शताब्दी के साहित्यिक स्रोत दीपवंस और पांचवीं शताब्दी के महावंस[27] जो अशोक के जीवनी ग्रन्थ हैं, और इन ग्रंथों ने भी अशोक के जीवन, उनका बौद्ध धर्म में धर्मान्तरण और उनके बौद्ध धर्म के प्रचार इत्यादि के बारे में समझने में मदद की।

केवल एक बैराठ के अभिलेख में ही, विशेष रूप से संघ को संबोधित किया गया है, यह दर्शाता है कि 'त्रिरत्न' का सूत्र पहले से ही बौद्धों द्वारा विश्वास की स्वीकारोक्ति के रूप में इस्तेमाल किया गया था। दस्तावेज़ से पता चलता है कि किसी प्रकार का कैनन (थेरवाद बौद्ध परंपरा का मानक संग्रह) पहले से ही मौजूद था, हालांकि सूचीबद्ध सात लिपिकीय मार्ग की पहचान निश्चित से बहुत दूर है इसके अलावा, यह स्पष्ट है कि, इस आदेश की घोषणा के समय, बौद्ध आदेश के प्रति अशोक का रवैया पूरी तरह से युगवादी था।[28] भिक्षुओं का अभिवादन करने के बाद और बुद्ध, धम्म और संघ में अपनी आस्था व्यक्त करने के बाद अशोक घोषणा करते हैं: जो कुछ भी, श्रीमान भगवान बुद्ध ने कहा, वह सत्य कहा गया था, लेकिन अब मैं मेरे द्वारा बताए गए मार्ग का पालन करने का प्रस्ताव करता हूँ—ताकि असली धम्म लंबे समय तक चल सके। बौद्ध धर्म में अशोक का योगदान निर्विवाद है।[29] राजस्थान में बौद्ध वास्तुकला के प्राचीनतम प्रमाण बौद्ध स्तूप, चैत्य, विहार के संदर्भ मौर्य राजा–अशोक से जुड़े हैं। अशोक के बौद्ध धर्म में धर्मांतरण के बारे में हम ग्रंथों और अभिलेखों से जानते हैं। उन्होंने बौद्ध धर्म के प्रचार और प्रसार के लिए पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में अस्सी हजार बौद्ध मठों की स्थापना की थी। बैराठ में अशोक के दो शिलालेखों के साथ बौद्ध मठों, और ईंट मंदिरों के अवशेष पाए गए थे। बीजक की पहाड़ी के नाम से प्रसिद्ध पहाड़ी की अलग छतों में की गई खुदाई में लकड़ी के छब्बीस अष्टकोणीय स्तंभों के साथ ईंट के काम

के चूने के पायलदार पैनलों से बने मौर्य गोलाकार स्तूप मंदिर के अवशेष मिले हैं, एक खुले वर्ग आंगन के चारों ओर व्यवस्थित कोशिकाओं की एक दोहरी पंक्ति के साथ मठ के अवशेष मिले हैं।[30] बैराठ से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर भीम पहाड़ी पर कार्लाइल को 1871-72 में एक और अस्पष्ट शिलालेख मिला, जिसे रूपनाथ और सासाराम स्थित शिलालेख का संस्करण माना जाता है।[31] चट्टान की सतह इतनी खराब और खुरदरी थी कि केवल सबसे उत्सुक पर्यवेक्षक ही उस पर एक बेहद विकृत शिलालेख के अस्तित्व को समझ सकता था।[32] यह काफी समय से गलत तरीके से था माना जाता है कि यह शिलालेख बैराठ से 12 मील उत्तर में भबरू में पाया गया था। यह शिलालेख सबसे अद्वितीय शिलालेखों में से एक है क्योंकि यह पत्थर के स्लैब पर अंकित है। आदेश को कलकत्ता में एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल के संग्रहालय में स्थानांतरित कर दिया गया था और अब इसे इस संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया है।

साहनी को इस फरमान के भबरू मूल पर कड़ी आपत्ति थी क्योंकि पहाड़ियों की ढलान पर आधुनिक आवासों को छोड़कर किसी भी प्राचीन अवशेषों की अनुपस्थिति थी। वह आगे तर्क देते हैं कि दूसरी ओर बीजक की पहाड़ी (बैराठ) पर अशोक शिलालेख था और खुदाई में आगे महत्वपूर्ण अशोक काल के अवशेष पाए गए थे जो इस शासन की उत्पत्ति को भबरू नहीं बैराठ को बताते हैं।[33] इस अभिलेख में अशोक ने यह स्वीकार किया कि उपासक अवस्था में अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए अधिक प्रयत्न नहीं किया। मगर संघ में प्रवेश करने के बाद उसने बौद्ध धर्म का प्रचार आरम्भ किया। अशोक का बैराठ आदेश एकमात्र शिलालेख है जो पत्थर के स्लैब पर उत्कीर्ण है और अन्य पत्थर के स्तंभ शिलालेख से असाधारण है। बुद्ध, धम्म और संघ पर अशोक के विश्वास का प्रमाण यहां दर्ज है। इस आदेश में उन्होंने सुझाव दिया कि बौद्ध भिक्षु और लोकधर्मियों को अत्यधिक ध्यान के साथ बौद्ध दर्शन का पालन करना चाहिए और उन्हें बौद्ध पाठ के विशेष मार्ग (सात संख्या में) का अध्ययन करने के लिए भी खुद को समर्पित करना चाहिए।[34] बैराठ आदेश बौद्ध संघ के मामलों में अशोक के सक्रिय हस्तक्षेप को प्रदर्शित करता है। बौद्ध ग्रंथों में राजस्थान में बौद्ध विहार, चैत्य मठ की स्थापना का उल्लेख मिलता है। राजस्थान में पुरातात्विक साक्ष्य बौद्ध धर्म के इस पहलू का बहुत उपयोगी अध्ययन और विश्लेषण है।

यह माना जाता है कि बौद्ध काल से पहले से ही प्राकृतिक गुफाओं में एकान्त ध्यान के अभ्यास से चट्टान-कट आश्रयों की अवधारणा उभरी थी। कई विद्वानों ने माना कि शायद भिक्षु 300 ईसा पूर्व तक प्राकृतिक गुफाओं या

समुदाय द्वारा दान किए गए अरामों में रहते थे। गुफाओं के व्यापक उपयोग के लिए मुख्य दर्शन और प्रेरणा भारतीय धार्मिक विश्वास है जो व्यक्तिगत रूप से स्वयं (आत्मा) को सशक्त बनाता है। आत्मन को भगवान (ब्रह्मा) के रूप में स्वीकार किया जाता है और गुफा को आत्मन के वास्तविक निवास के रूप में माना जाता है। इस चरण में एक तरफ बौद्ध भिक्षु गुफाओं के रहस्यमय आयाम के बारे में तो पता चलता था, दूसरी तरफ हमें भारत के विभिन्न हिस्सों में विहार निर्माण का संकेत मिलता है।[35]

प्रख्यात पुरातत्वविद् एवं विद्वान डॉ. दया राम सहानी, डॉ. एन. आर. बनर्जी के उत्खनन विराठनगर/बैराठ की प्राचीनता को प्रमाणित करते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण बौद्ध तीर्थ था। मौर्य वंश के समय यह स्थान बौद्ध केन्द्र के रूप में फला-फूला था। राजा अशोक को यह स्थान पसंद था, उन्होंने स्तूपों, पत्थरों के शिलालेखों की स्थापना की और चट्टान से कटे हुए गुफा आश्रयों का भी दान दिया। ऐसा माना जाता है कि राजा अशोक ने इन निर्माणों का संरक्षण किया। यह मान्यता है कि चंद्रगुप्त मौर्य का जन्म स्थान था, उसी कारण शायद यह स्थान इतना फला-फूला था। हुआन सांग के अनुसार, बीजक पहाड़ी आठ बौद्ध विहारों में से एक थी। इस मठ परिसर को पहाड़ी की चोटी पर उकेरा गया था और पत्थर को उकेरकर बनाई गई सीढ़ी से पहुंचा गया था, और सीढ़ियों को सीमेंट करने के लिए चूने और ईंटों का इस्तेमाल किया गया था। ढलान के 100 मीटर ऊपर एक टैंक कृष्ण कुंड भी बनाया गया था जो अब एक बांध में बदल गया है।[36] मंदिर संरचना, मठ परिसर और स्तूप के अवशेष यह भी प्रदर्शित करते हैं कि उस समय वास्तुकला की अत्यधिक विशिष्ट तकनीक विकसित की गई थी। खुदाई के समय डॉ. दया राम साहनी ने खंभों के अष्टकोणीय लकड़ी के टुकड़ों के खंडहरों की खोज की जो चूने और अन्य सामग्री के साथ मज़बूती से बनाये गए थे। लेकिन बाद के दिनों में बेहतर पकड़ के लिए लोहे की सलाखों और लकड़ी के ब्लॉकों का इस्तेमाल किया गया।[37] खंभों की सजावट भी सांची से मिलती जुलती थी। स्तूप संरचना चुनार पत्थर से बनी थी और अन्य धार्मिक संरचना लकड़ी से बनी थी और एक अन्य महत्वपूर्ण बात यह है कि यह स्तूप संरचना सिर्फ जुनार स्तंभ से मिलती-जुलती है। बीजक का यह मंदिर राजस्थान में स्थित जूनार मंदिर से काफी पुराना था और माना जाता है कि इस मंदिर को राजा अशोक ने बनवाया था। निष्कर्ष यह है, इस स्थान पर बौद्ध स्तूप और मठ की मौजूदगी साफ तौर पर साबित होती है। बुद्ध का उपदेश स्तूप की दीवार के प्लास्टर पर पाली में लिखा गया था। बीजक पहाड़ी से मिले मठ के सबूतों को पहचाना जा सकता है जहां भिक्षुओं ने

धार्मिक चर्चा के लिए अपनी बैठकें आयोजित कीं। मठ के निचले हिस्से में एक गोलाकार चैता-गृह है। इन मठ परिसरों का उपयोग अध्ययन और ध्यान के लिए किया जाता होगा। यहां मठों की संख्या का निर्धारण करना बहुत कठिन है क्योंकि व्यापक खुदाई ने अवशेषों को विकृत कर दिया। बौद्ध स्मारकों का सर्वेक्षण स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि इन स्मारकों ने कई बार संरक्षण के लिए काम किया था लेकिन यह मूल संरचना अभी भी अपरिवर्तित थी। बीजक पहाड़ी की तलहटी में निवास क्षेत्र की पहचान की जाती है। यहां मकानों के खंडहर मिले हैं जो आम लोगों के बसने का केन्द्र होने का संकेत देते हैं। बर्तनों के ढेर, लोहे और तांबे के पिंडों में कुम्हार, सुनार और काला लोहा समुदाय की उपस्थिति स्पष्ट होती है। यह बस्ती क्षेत्र ऊपरी मंच और निचले मंच में बंटा हुआ है। बस्ती के ऊपरी मंच का निर्माण कई चरणों में किया गया था और समय के अनुसार इसे संशोधित किया गया था। ऊपरी प्लेटफॉर्म पर लगभग मकानों की पहचान की गई है और प्लेटफॉर्म के पूर्वी हिस्से में 12 कमरे की उपस्थिति स्पष्ट हैं। इनमें छह कमरे बड़े और छह आकार के छोटे हैं। मठ में उपयोग की जाने वाली ईंटें सामान आकार में रही हैं। इन अवशेषों के अध्ययन से पता चला कि इन कमरों का उपयोग भिक्षुओं और बौद्ध शिष्यों के ठहरने के लिए किया गया था। इन कमरों में भिक्षुओं ने लोकधर्मियों को आध्यात्मिक शिक्षा दी। ये गुफा आश्रय स्थल हमारी प्राचीन गुफा संस्कृतियों के बारे में याद दिलाते हैं। बैराठ कई शताब्दियों तक बहुत समृद्ध था और निस्संदेह यह मौर्य काल में बौद्ध धर्म का एक बड़ा केन्द्र था। बौद्ध प्रतिष्ठान बीजक-की-पहाड़ी से खंभों के टुकड़े और चुनार बलुआ पत्थर से बना एक छाता पाया गया है और इन खंभों के टुकड़ों में मौर्य पॉलिश की विशेषता है।[38] दिलचस्प बात यह है कि मठ के आंगन के केन्द्र में एक बड़ी चट्टान रखी गई है, जो सर कनिंघम के अनुसार मौर्य काल के ईंट के बने स्तूप का मूल था। प्राचीन राजस्थान में गहरे निहित बौद्ध मूल्यों के बारे में जानने के लिए एक विस्तृत पुरातात्विक अध्ययन की आवश्यकता है। बैराठ में बौद्ध मठ (जिसे आमतौर पर बौद्ध धर्म के प्राथमिक के रूप में देखा जाता है) की उपस्थिति बौद्ध सिद्धांत के रूप में न केवल एक धार्मिक प्रेरक शक्ति थी बल्कि संगठन भी था जो धर्म से ज्यादा यह अशोक के राजनीतिक विस्तार में प्रमुख अंग बन गया और वहां की संस्कृति, कला और समाज में भी परिवर्तन लाया।

सन्दर्भ

1. महाभारत, चार, 1.1; क्रिटिकल एडिशन, भंडारकर ओरिएंटल इंस्टीट्यूट पुणे, 1927-66

2. अंगुत्तर निकाय, संस्. आर मौरिस और इ हार्डी, 2 वोलुमस, कलकत्ता, 1903-4
3. जेम्स लग्गे, ट्रेवल्स ऑफ़ फ़ाहीयान: अ रिकॉर्ड ऑफ़ बुद्धिस्ट किंगडम्स, 1886, पृ. 198
4. थॉमस वॉटर्स, 'ऑन युआन-चान' *ट्रेवल्स इन इंडिया* (629-645) दिल्ली, 1961
5. वाई डी शर्मा, *एक्सप्लोरशंस ऑफ़ हिस्टोरिकल साइट्स,* पृ. 150.
6. एस.पी. गुप्ता, *दी रूट्स ऑफ़ इंडियन आर्ट,* दिल्ली, 1980, पृ. 8.
7. इ. हुलत्ज़, 1925. *इंस्क्रिप्शन्स ऑफ़ अशोक, कार्पस इंस्क्रिप्शनम इंडिकारम* वॉल्यूम 1, दिल्ली : आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया (रीप्रिंट 1991) पृ. 172-73; बी.एम.बरुआ, *अशोकन इंस्क्रिप्शन,* कलकत्ता, 1955.
8. कार्लाइल, सी. एल. 1878. बैराठ और विराठ इन आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया रिपोर्ट वॉल. 6. कलकत्ता : 91 -103.
9. इ. हुलत्ज़, 1925. *इंस्क्रिप्शन्स ऑफ़ अशोक, कार्पस इंस्क्रिप्शनम इंडिकारम* वॉल्यूम 1, दिल्ली : आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया (रीप्रिंट 1991) 172-73, बी.एम.बरुआ, *अशोकन इंस्क्रिप्शन,* कलकत्ता, 1955.
10. जेम्स हैतजमां, द *अर्बन कॉन्टेक्स्ट ऑफ़ अर्ली बुद्धिस्ट मोनुमेंट्स इन साउथ एशिया,* इन जैसन हॉक्स एंड अकीरा शिमदा संस्करण, बुद्धिस्ट स्तुपास इन साउथ एशिया, दिल्ली, 2009, पृ. 200.
11. एच सरकार, *भारत में प्रारंभिक बौद्ध वास्तुकला में अध्ययन,* दिल्ली, 1966. 1966. जे. ब्लोच, *लेस इंस्क्रिप्शन्स* द अशोका पृ. 152, रोमिला थापर, द पास्ट बिफोर अस, 2013 पृ. 140.
12. जे.एच मार्चल, ए. फाउचर और एन.जी मजुमदार, सांची के स्मारक, एएसआई, दिल्ली, 1940
13. इंडियन *अर्कयोलॉजी-ए रिव्यु*-1962-63, अर्कायोलॉजीकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया, दिल्ली, 1965, पृ. 27; और कैलाश चंद जैन, *अन्सिएंट सिटीज एंड टौउन्स ऑफ़ राजस्थान,* दिल्ली, फर्स्ट एडिशन 1972, रीप्रिंट, 1990, पृ. 91
14. दयाराम साहनी, *आर्कियोलॉजिकल रिमेंस एंड एक्सकैवाशंस* एट बैराठ, डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्चयोलोग्य एंड हिस्टोरिकल रिसर्च सेंटर, जयपुर स्टेट, जयपुर, पृ. 12
15. दयाराम साहनी, *आर्कियोलॉजिकल रिमेंस एंड एक्सकैवाशंस एट बैराठ,* डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्चयोलोग्य एंड हिस्टोरिकल रिसर्च सेंटर, जयपुर स्टेट, जयपुर,

पृ. 12 निकी चतुर्वेदी, एवोलुशन ऑफ़ बुद्धिज़्म इन राजस्थान, प्रोसीडिंग्स ऑफ़ इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस, 2012, वॉल 73 पृ. 155-162

16. एलेग्जेंडर कन्निंघम, *आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया रिपोर्ट*, वॉल दो, पृ. 242, वॉल चार (1878), पृ. 91.

17. दयाराम साहनी, *आर्कियोलॉजिकल रिमेंस एंड एक्सकैवाशंस एट बैराठ*, डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्चयोलोग्य एंड हिस्टोरिकल रिसर्च सेंटर, जयपुर स्टेट, जयपुर, पृ. 12.

18. बी.एम.बरुआ, *अशोकन इंस्क्रिप्शन*, कलकत्ता, 1955.

19. दयाराम साहनी, *आर्कियोलॉजिकल रिमेंस एंड एक्सकैवाशंस एट* बैराठ, डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्चयोलोग्य एंड हिस्टोरिकल रिसर्च सेंटर, जयपुर स्टेट, जयपुर, पृ. 12

20. जी.सी. पण्डे, फॉउण्डेशन्स ऑफ़ इंडियन कल्चर : *स्पिरिचुअल विज़न एंड सिंबॉलिक फॉर्म्स इन अन्सिएंट इंडिया*, दिल्ली, 1972, पृ. 31

21. रोमिला थापर, *अशोका एंड द डिक्लाइन ऑफ़ द मौर्यास*, दिल्ली, 1987, पृ. 136-81

22. *अर्थशास्त्र*, 1.3.8 आर पी कंगले, बॉम्बे, 1960-65.

23. *अर्थशास्त्र* 2.26 आर पी कंगले, बॉम्बे, 1960-65.

24. इ. हुलत्ज़, 1925. इंस्क्रिप्शन्स *ऑफ़ अशोक, कार्पस इंस्क्रिप्शनम इंडिकारम* वॉल्यूम 1, दिल्ली : आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया (रीप्रिंट 1991) पृ. 172-73 बी.एम.बरुआ, *अशोकन इंस्क्रिप्शन*, कलकत्ता, 1955.

25. ए एल बाशम, *अशोका एंड बुद्धिज़्म-ए री एक्जामिनेशन* पृ. 131, जर्नल ऑफ़ इंटरनेशनल स्टडीज ऑफ़ बुद्धिस्ट एसोसिएशन, सं. ऐ के नारायण, विस्कॉन्सिन, मैडिसन, यू.स.ए. वॉल. 5, 1982 नो. 1, पृ. 141-42.

26. ह. ओल्डेनबर्ग, सं. द दीपवम्साः एन अन्सिएंट बुद्धिस्ट हिस्टोरिकल रिकॉर्ड., लंदन, 1979

27. डब्लू गैंगर, सं. द महावम्सा, लंदन पाली तेत सोसाइटी, 1908

28. ए एल बाशम, *अशोका एंड बुद्धिज़्म-ए री एक्जामिनेशन* प. 131, जर्नल ऑफ़ इंटरनेशनल स्टडीज ऑफ़ बुद्धिस्ट एसोसिएशन, सं. ऐ के नारायण, विस्कॉन्सिन, मैडिसन, यु.स. ए .वॉल.5, 1982 नो., 1, पृ. 141-42.

29. ए एल बाशम, *अशोका एंड बुद्धिज़्म-ए री एक्जामिनेशन* पृ. 131, जर्नल ऑफ़ इंटरनेशनल स्टडीज ऑफ़ बुद्धिस्ट एसोसिएशन, सं. ऐ के नारायण, विस्कॉन्सिन, मैडिसन, यु.स. ए. वॉल. 5, 1982 नो., 1, पृ. 141-42.

30. दयाराम साहनी, *आर्कियोलॉजिकल रिमेंस एंड एक्सकैवाशंस एट* बैराठ, डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्चयोलोग्य एंड हिस्टोरिकल रिसर्च सेंटर, जयपुर स्टेट, जयपुर, पृ. 13.
31. दयाराम साहनी, *आर्कियोलॉजिकल रिमेंस एंड एक्सकैवाशंस एट* बैराठ, डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्चयोलोग्य एंड हिस्टोरिकल रिसर्च सेंटर, जयपुर स्टेट, जयपुर, पृ. 12, पृ. 13.
32. दयाराम साहनी, *आर्कियोलॉजिकल रिमेंस एंड एक्सकैवाशंस एट* बैराठ, डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्चयोलोग्य एंड हिस्टोरिकल रिसर्च सेंटर, जयपुर स्टेट, जयपुर, पृ. 13.
33. दयाराम साहनी, *आर्कियोलॉजिकल रिमेंस एंड एक्सकैवाशंस एट* बैराठ, डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्चयोलोग्य एंड हिस्टोरिकल रिसर्च सेंटर, जयपुर स्टेट, जयपुर, पृ. 18.
34. इ. हुलत्ज़, 1925. *इंस्क्रिप्शन्स ऑफ़ अशोक, कार्पस इंस्क्रिप्शनम इंडिकारम* वॉल्यूम 1, दिल्ली : आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया (रीप्रिंट 1991) पृ. 172-73 बी.एम.बरुआ, अशोकन इंस्क्रिप्शन, कलकत्ता, 1955.
35. डी.डी. कोसंबी, एन *इंट्रोडक्शन टू द स्टडी ऑफ़ अन्सिएंट इंडियन* हिस्ट्री, बॉम्बे, 1957, 21
36. दयाराम साहनी, *आर्कियोलॉजिकल रिमेंस एंड एक्सकैवाशंस एट* बैराठ, डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्चयोलोग्य एंड हिस्टोरिकल रिसर्च सेंटर, जयपुर स्टेट, जयपुर, पृ. 21
37. दयाराम साहनी, *आर्कियोलॉजिकल रिमेंस एंड एक्सकैवाशंस एट* बैराठ, डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्चयोलोग्य एंड हिस्टोरिकल रिसर्च सेंटर, जयपुर स्टेट, जयपुर, पृ. 21
38. दयाराम साहनी, *आर्कियोलॉजिकल रिमेंस एंड एक्सकैवाशंस एट* बैराठ, डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्चयोलोग्य एंड हिस्टोरिकल रिसर्च सेंटर, जयपुर स्टेट, जयपुर, पृ. 12

विजय लक्ष्मी सिंह

प्रोफेसर

इतिहास विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

❑❑❑

भारतीय चित्रकला का स्वर्णिम इतिहास

• डॉ. राकेश कुमार किराड़ू

मनुष्य की वह रचना जो उसके जीवन को आनंद से सराबोर कर दे वह कला कहलाती हैं। वैसे कला का अर्थ सुंदर, कोमल और आनंद प्रदान करने वाला शिल्प होता हैं। भारतीय पुरातन साहित्य में शिल्प के अंतर्गत ही समस्त कलाएं समाहित मानी गई है। वैसे तो भारतीय कला दर्शन पर आधारित हैं, जो सदैव ही सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् की अभिव्यक्ति करती है। बात अगर भारतीय वेदों में कला की करें तो इस शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग ऋग्वेद में हुआ है।

यथा कला यथा शफ, मध, शृण स नियामति[1]

भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र में कला के बारे में विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न स विद्या न सा कला यानि कि चराचर जगत में ऐसा कोई भी ज्ञान नहीं है जिसमें कला ना हो।[2] कला शब्द की उत्पत्ति संस्कृत में कल् धातु से मानी गई है। कल् का अर्थ होता है प्रेरित करना या किसी भी सृजन के लिए प्रेरणा का कार्य करना। जिसका अवलंबन लेकर कलाकार कलाकृति का सृजन करता है। भारतीय कला जगत में वैसे तो अनेक प्रकार की कलाओं का वर्णन आता है, जिसमें चित्रकला, मूर्तिकला, संगीतकला, काव्यकला, हस्तकला, मृदभांड कला, मुद्रा कला, प्रस्तर कला, धातु कला, मृतिका कला इत्यादि प्रमुख है, परन्तु अन्य कलाओं के साथ-साथ चित्रकला का भी विशिष्ट स्थान है।

भारत में चित्रकला की उत्पत्ति को साहित्यिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो अनेक ग्रंथों में इसके उदाहरण देखने में मिलते हैं। अगर ऐतिहासिक दृष्टिकोण से इसे देखा जाए तो इसके प्रारंभिक उदाहरण प्रागैतिहासिक गुफाओं में प्राप्त होते हैं। जिसमें आदिमानव ने अपने आस-पास के जीवन की झांकियों को अंतर्मन की कल्पना के साथ मिलाकर गुफा की दीवारों पर उनका प्रस्फुटन चित्र रूप में किया, जिसके साक्ष्य आज भी मौजूद है। उसी क्रम में आगे चलकर भारतीय चित्रकला का और सुदृढ़ रूप हमारे सामने आता है। जो भारतीय चित्रकला का स्वर्णिम काल

 ISSN 2278-4632

रहा है। जिसमें भारत ही नहीं विश्व कला जगत की सिरमौर अजंता चित्रकला अपने आप में अद्‌भुत है। इनमें विशेष तौर से भगवान बुद्ध के जन्म से पूर्व की घटनाओं जिनको जातक कथाओं के नाम से जाना जाता है, उनका तो अनूठा चित्रांकन इन गुफाओं में किया गया है। इसके अलावा यहां पर भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़ी हुई अनेकों घटनाओं का चित्रात्मक रूप में बखूबी वर्णन किया गया है। इसके साथ-साथ अनेकों अलंकारिक चित्रों का सृजन इन गुफाओं की आंतरिक दीवारों पर किया गया है।

अजंता की गुफाएं महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले से लगभग 107 किलोमीटर और जलगांव रेलवे स्टेशन से लगभग पचपन किलोमीटर की दूरी पर बाधोरा नदी के तट पर सतपुड़ा की पर्वत शृंखलाओं में अर्धचंद्राकार आकार में स्थित है। इन गुफाओं की कुल संख्या 30 है। प्रारंभ में कुल 29 गुफाओं का पता लगा था लेकिन उसके बाद गुफा संख्या 14 और 15 के बीच में एक और गुफा का पता लगाया गया। जिसे 15(ए) नाम से पहचाना गया। इन गुफाओं की गिनती पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर की गई है। इन गुफाओं को विशेष तौर से दो भागों में विभाजित किया गया है। जिनमें 25 गुफाएं विहार है और 5 चैत्य गुफाएं है। विहार गुफाओं का तात्पर्य बौद्ध भिक्षुओं के निवास स्थान से है और चैत्य गुफाओं का तात्पर्य वहां पर पूजा अर्चना से है। चैत्य गुफाओं में क्रमशः गुफा संख्या 9,10,19,26 व 30, है और शेष 25 गुफाएं विहार गुफाएं है। वर्तमान समय में अब 26 गुफाओं तक ही मार्ग की सुगमता है, जिससे 26 गुफाओं के चित्र हम देख सकते है। इसके बाद गुफा संख्या 27 से लेकर 30 तक की गुफाएं पहाड़ी के संकरे मार्ग होने के कारण उनका मार्ग अवरुद्ध हो गया है। इसलिए अब वहां पर पहुंच पाना अत्यधिक कठिन है।

इन गुफाओं का निर्माण काल लगभग 200 ईसा पूर्व से प्रारंभ होकर लगभग 500 ईसा तक निर्मित होती रही। चित्रण के दृष्टिकोण से उनका सृजन काल 10-200 ई. पूर्व से लगभग 682 ई. पूर्व तक जारी रहा।[3] इन गुफाओं की खोज का श्रेय एक ब्रिटिश रेजीमेंन्ट के अधिकारी को जाता है। जिसने सन् 1819 में इसको पुनः खोज निकाला। इसके पश्चात् अनेकों भारतीय व विदेशी कलाकारों ने इसकी अनुकृतियां बनाने का कार्य किया। साथ ही साथ इस पर अनेक शोध पत्र व रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिससें अजंता का रूप निखर कर विश्व कला जगत पर उजागर हुआ। इस प्रकार अजंता के चित्रों की ख्याति संपूर्ण विश्व में सूर्य की किरणों के समान फैल गई और उसका विस्तृत और विशुद्ध रूप आज भी हम प्रत्यक्ष तौर पर देख सकते हैं।

इन चित्रों को बनाने के लिए विशेष चित्रण विधि का प्रयोग किया गया है। जिसमें गुफा के आंतरिक भागों की खुरदरी दीवारों पर प्लास्टर करने के लिए खड़िया, चूना, गोबर, और स्थानीय मिट्टी को मिला करके उनको कई दिनों तक अलसी के पानी में भिगोकर फूलने के लिए छोड़ दिया जाता था। जब वह फूलकर तैयार हो जाती तब इसे गुफा की खुरदरी सतह पर लगभग एक इंच मोटाई के बराबर प्लास्टर रूप में लगा दिया जाता था। तत्पश्चात् उसको समतल किया जाता था। कभी-कभी छत में लगने वाले इस प्लास्टर के अंदर धान की भूसी भी मिला दी जाती थी। उसको भी समतल करके उस पर चित्रांकन किया जाता था। प्रसिद्ध इतिहासकार **ई.वी हैवल** के अनुसार यह चित्र बनकर तैयार हो जाते थे। तब सूखने के बाद उसमें अत्यधिक प्रकाश को उभारने के लिए टेम्परा पद्धति चित्रण किया जाता था। इसी प्रकार **लेडी हैरिघम** के मतानुसार लाल रंग से सर्वप्रथम रेखांकन किया जाता था, फिर उस पर पतले-पतले रंगों की परतों में कई तानें लगा दी जाती थी। तत्पश्चात् काले व भूरे रंग से सीमा रेखाएं बनाई जाती थी। **ग्रिफिथ** महोदय के मतानुसार लाल रंग से रेखांकन किया जाता था। इस प्रकार अलग-अलग विद्वानों ने अपने शोध कार्य के जरिए अजंता के चित्रों को बनाने की तकनीक का अलग-अलग शोध आलेखों में वर्णन किया है।

शोध आलेखों व व्यक्तिगत भ्रमण के दौरान भी यह बात पाई गई है कि अब कुल 16 गुफाओं में चित्र शेष बचे हुए हैं जिनमें 17वीं गुफा में चित्र सर्वाधिक मिलते हैं, इनमें भी अब सुरक्षित चित्रों में लगभग 9 गुफाएं ही शामिल है, जिसमें गुफा संख्या 1,2,9,10,11,16,17,19, तथा 21 है। ऐसा साक्ष्य प्राप्त हुए है कि गुफा संख्या 9 व 10 का निर्माण सबसे पहले हुआ जबकि जेम्स फर्ग्युसन के अनुसार पहली गुफा में चित्र सबसे बाद में बनाए गये।[4]

अजंता में बने हुए चित्रों को हम तीन श्रेणियों में बांट सकते हैं इसमें प्रथम श्रेणी के चित्रों में जातक कथाओं का विशेष रूप से चित्रण हुआ है। जातक कथाओं का अर्थ बुद्ध के जन्म से उनके पूर्वजन्म की घटनाओं का वर्णन होता है। दूसरे स्तर के चित्रों में बुद्ध के जीवन की अनेकों अलौकिक घटनाओं का चित्र रूप में सृजन हुआ है। इसके अलावा तृतीय स्तर पर अलंकारिक श्रेणी के रूप में हम इनके चित्रों को बांट सकते है, जिसमें पशु, पक्षी, वृक्ष, लताऐ, फूल-पत्तियां, गरुड़, नाग, हाथी गंधर्व और अप्सराएं इत्यादि का भी चित्रण यहां काफी हद तक दृष्टिगोचर होता हैं।

जातक कथाओं में अनेकानेक कथाओं का चित्रण वहां पर हुआ है। जिसमें छदंत जातक, साम जातक, हस्ती जातक, महाउम्मग जातक, महाकपि जातक,

मातृपोषक जातक, शिवि जातक वेस्सांतर जातक, महाहंस जातक, क्षांतिवादी जातक और महाजनक जातक इत्यादि प्रमुखता से चित्रित है। बुद्ध के जीवन से जुड़ी हुई घटनाओं में माया देवी का स्वप्न, बुद्ध का जन्म, बुद्ध उपदेश देते हुए, मरणासन्न राजकुमारी, नंदकुमार को वैराग्य होना, श्रावस्ती का चमत्कार, राहुल समर्पण और मार विजय इत्यादि प्रसिद्ध है। इसके अलावा स्तूप पूजा, नागपुरुष, पशुओं को खदेड़ते हुए चरवाहे, दो अंगूठे वाली रमणी जैसे अनेकानेक अन्य चित्रों का सृजन यहां पर किया गया है। बुद्ध को यहां पर अनेकानेक रूपों में चित्रित किया गया है जिसमें उनका *पद्मपाणि, वज्रपाणि,* बोधिसत्त्व, अवलोकितेश्वर रूप कुशलता के साथ दर्शाया गया है। अब हम यहां पर अजंता के कुछ विशिष्ट चित्रों की विस्तृत चर्चा कर रहे हैं।

बोधि सत्व पद्मपाणि : यह चित्र अजंता की गुफा संख्या एक में बना हुआ हैं। यह चित्र भगवान बुद्ध के पद्मपाणि रूप का सृजन है, जिसमें भगवान बुद्ध को त्रिभंगी मुद्रा में दर्शाया गया हैं। उनको कमर के ऊपर के भाग तक ही दर्शाया गया है व नीचे का भाग अस्पष्ट है। इस चित्र के ऊपर गुप्तकालीन विष्णु की छाप दिखाई देती है। चित्र में भगवान बुद्ध के एक हाथ में कमल का पुष्प लिया हुआ है, इसी कारण से इस चित्र का शीर्षक *पद्मपाणि बोधिसत्व* पड़ा है। बुद्ध के सिर के ऊपर मुकुट, कानों में कुंडल, गले में माला इत्यादि का बड़ा ही सुंदर चित्रण यहां पर किया गया है। उनके चेहरे पर परम शांति के भाव परिलक्षित हो रहे हैं। उनकी आंखों को बड़ा ही सुंदर और कलात्मक बनाया गया है। विशेष बात यह है कि उनकी दोनों भोहों को एक साथ जोड़ करके दिखाया गया है, जो कलाकार की कलात्मक अभिव्यक्ति का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। चित्र की पृष्ठभूमि में अनेक पशु, पक्षी जैसे सिंह, मोर,व कबूतर इत्यादि का अंकन किया गया है।

मार विजय : यह चित्र भी गुफा संख्या एक में बना हुआ है। ऐसी मान्यता है कि जब भगवान बुद्ध को विशिष्ट ध्यान व योगिक क्रियाओं के द्वारा ज्ञान की प्राप्ति होने वाली थी। तब अनेक प्रकार के संकट उनके ऊपर आए या यूं कहें कि ये सारे संकट उनकी परीक्षा लेने के लिए आए थे। यहां पर मार का अर्थ कामदेव की सेना से लगाया गया है। जिन्होंने भगवान बुद्ध को पथभ्रष्ट करने के लिए अनेक प्रकार के प्रयोजन किए, लेकिन बावजूद इसके भगवान बुद्ध ध्यानमग्न रहे और उन्होंने विशिष्ट प्रकार का ज्ञानार्जन किया। इस चित्र के अंदर भगवान बुद्ध को ध्यानस्थ मुद्रा में बैठे हुए दर्शाया गया है। उनके चारों तरफ विशिष्ट प्रकार के बोने और उनकी भयानक आकृतियां जो हाथ में तलवार इत्यादि लिए हुए हैं। वह बुद्ध को डराने का प्रयास कर रही हैं लेकिन भगवान बुद्ध को सांसारिक दुखों व सुखों को त्याग कर बोधि वृक्ष के नीचे वज्रासन की मुद्रा में ध्यान में लीन चित्रित किया गया है।

भगवान बुद्ध के चेहरे पर परम शांति के भाव परिलक्षित हो रहे हैं। वे बिल्कुल भी विचलित ना होकर अपनी ध्यानस्थ मुद्रा में ही तल्लीन है।

मृग जातक : बौद्ध पौराणिक साहित्य के अनुसार इस कथा में एक सुनहरी मृग एक व्यापारी को आत्महत्या करने से बचाता है और उससे प्रार्थना करता है कि आप शहर में जा करके इसकी चर्चा किसी से ना करें। लेकिन जब व्यापारी अपने शहर बनारस में पहुंचता है, तो उसे ज्ञात होता है कि राजा ने एक सुनहरी मृग ढूंढ़ कर लाने वाले को पुरस्कार स्वरूप बहुत-सा धन देने का कहा है। यह बात सुनकर व्यापारी के मन में लालच आ जाता है और तब वह जंगल में राजा को लेकर के चला जाता है लेकिन मृग ने फिर सारी बात राजा को बताई। तब राजा ने व्यापारी को दंड देने का सोचा लेकिन इसके उलट मृग ने राजा से व्यापारी के लिए दया की भीख मांगी क्योंकि यह कोई सामान्य मृग नहीं था बल्कि यह सुनहरी मृग स्वयं बोधिसत्व ही थे। इस वृतांत का यहां पर सुंदर निरूपण किया गया है। जिसमें एक तरफ सुनहरी मृग है तो दूसरी तरफ राजा और व्यापारी को चित्रित किया गया है।

मरणासन्न राजकुमारी : यह चित्र अजंता की गुफा संख्या सोलह में बना हुआ है, जो मरती हुई राजकुमारी के नाम से प्रसिद्ध है। यह राजकुमारी भगवान बुद्ध के भाई नंद की पत्नी सुंदरी है। जिसकी ऐसी दशा नंद के द्वारा भिक्षु बन जाने की सूचना मिलने पर हो गई। इस चित्र में एक महिला को अधलेटी अवस्था में चित्रित किया गया है, जिसके पीछे एक दासी उसे सहारा देकर ऊपर की ओर उठाएं हुए हैं। वहीं दूसरी दासी अपने एक हाथ से उसके हाथ की नाड़ी का परीक्षण कर रही है, एक अन्य दासी पंखा झल रही है। इसी दल में एक स्त्री अपने चेहरे को छिपाए हुए खड़ी है। शायद उसने यह वृतांत देखकर रुदन शुरू कर दिया है। चित्र में एक ओर सफेद टोपी लगाए एक पुरुष दरवाजे पर खड़ा है। दूसरा व्यक्ति स्तंभ के पीछे बैठा है। सफेद टोपी लगाए हुए यह वृद्धजन हाथ में मुकुट लिए हुए द्वार के निकट खड़ा है जो संभव है नंद कुमार के वैरागी हो जाने की सूचना की ओर इशारा कर रहा है।

राहुल समर्पण : यह चित्र अजंता की गुफा संख्या सत्रह में बना हुआ है, जिसमें राहुल के मुख पर एक बालक की तरह अबोधता के भाव परिलक्षित हो रहे हैं। वही यशोधरा के नेत्रों में आत्म त्याग की भावना दिखाई दे रही है। वही दूसरी तरफ बुद्ध के मुख पर आध्यात्मिकता के भाव को बड़ी ही सुंदरता के साथ दर्शाया गया है। कथानक के अनुरूप जब भगवान बुद्ध अपने ही घर अपनी पत्नी यशोधरा से भिक्षा मांगने आते हैं। तब यशोधरा अपने पुत्र राहुल को बुद्ध के समर्पित कर देती है।

माया देवी का स्वप्न : इस शीर्षक के कई चित्र अजंता की गुफाओं में देखे जा सकते हैं। लेकिन गुफा संख्या दो में यह चित्र सुरक्षित अवस्था में है। इस चित्र का निरूपण बुद्ध के जन्म के चित्रों के नीचे किया गया है। इस चित्र में माया देवी के शयनकक्ष को दर्शाया गया है, जहां पर वह सो रही है। एक सफेद हाथी उनके गर्भ में प्रविष्ट होते हुए चित्रित किया गया है। इस चित्र में कलाकार ने सफेद गोल आकार के प्रतीक से स्वप्न की कथा का निरूपण बहुत ही सुंदरता पूर्वक किया गया है।

उक्त चित्रों के अलावा भी अनेकानेक चित्रों का बड़ी ही कुशलतापूर्वक सृजन अजंता कि गुफाओं मे बौद्ध भिक्षुओं ने किया। इस क्रम में यहां अजंता के चित्रों की विशेषताओं का अध्ययन भी आवश्यक है। जिसमें सर्वप्रथम इन चित्रों में रेखाओं का अद्भुत और असाधारण प्रभुत्व देखने में आता है। जिसमें रेखाओं की आवश्यकतानुसार सुंदर भावनात्मक अभिव्यक्ति की गई है। कहीं-कहीं पर एकदम बारीक कोमल रेखाएं तो कहीं पर अपेक्षाकृत कुछ मोटी रेखाओं का भी अंकन देखने में आता है।

रेखांकन के साथ ही रंगांकन में भी अद्भुत क्षमता का परिचय अजंता के चित्रकारों ने दिया हैं। प्रायः चित्रों में सफेद, लाल, भूरे, हल्के व गहरे रंगों का प्रयोग किया गया है। अजंता के चित्रों में प्रायः सीधा सपाट रंग भर दिया गया है और छाया प्रकाश के सिद्धांत का पालन अत्यल्प ही देखने में आता है। कहीं-कहीं पर उभार या गोलाई दर्शाने के लिए कुछ गहरे रंगों के द्वारा उभार दे दिया गया है।

अजंता की एक और विशेषता है, जो उसको विशिष्ट स्थान प्रदान करती है, वह है चित्रों में प्रयुक्त हस्त मुद्राएं, अंग-प्रत्यंग एवं उनकी भाव भंगिमाएं जिसमें भगवान बुद्ध के चित्रण में उनकी हस्त मुद्राएं, धर्मचक्र प्रवर्तन मुद्रा इत्यादि में लोचदार अंगुलियों की बनावट ऐसी है मानो लगता है कि जैसे शास्त्रीय नृत्य के अंदर कोई कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन अपनी भाव भंगिमाओं के द्वारा कर रहा है।

अजंता के चित्रकारों ने नारी चित्रण को भी विशिष्टता के साथ दर्शाया है। नारी के अनेक रूपों को कई बार वात्सल्य, प्रेयसी, विरहनी, राजकुमारी, नर्तकी, अप्सरा और नायिका इत्यादि अनेक रूपों में सृजित किया है।

अजंता के चित्रकारों ने रूपाकारों को मुकुट, आभूषण इत्यादि से भी सुशोभित दर्शाया गया है। जिनके हाथों व गले में बड़ी-बड़ी मालाएं बनाई गई है। उनकी भुजाओं पर बाजूबंद कमर में मोतियों की मालाएं और लड़ियां इत्यादि सुंदर बनाई गई है।

अजंता को यदि आलेखन की खान कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अजंता की गुफाओं में दीवारों और उनकी छतों पर जहां-जहां नजर जाती है वहां-वहां पर बहुत सुंदर अलंकरण आलेखन देखने में आते हैं। जो अपनी विशिष्ट अलंकारिक छटा को बिखेर रहे हैं। इन आलेखनों में प्राय: पशु, पक्षी, पुष्प, लताओं का कुशलता से प्रयोग किया गया है। इसके अलावा वृषभ, बंदर, मछली, मगर, हिरण, हंस व तोता इत्यादि बहुत ही कुशलता के साथ चित्रित है।

इस प्रकार की अनेक विशेषताएं अजंता की चित्रावलियों में दृष्टिगोचर होती है। हालांकि एक शोध आलेख में अजंता के चित्रों के बारे में पूर्णरूपेण व्याख्या करना बेमानी-सी बात होती है लेकिन फिर भी उसको सार रूप में यहां पर लिखाने का प्रयास किया गया है।

हम यह बात कह सकते हैं कि अजंता की चित्रावलियों का भारतीय कला जगत में नहीं वरन् विश्व के कला जगत में अमूल्य स्थान है। जिसका संरक्षण भी करना अति आवश्यक है। हालांकि भारत सरकार के द्वारा समय-समय पर इसको सुरक्षित व संरक्षित किया जाता रहा है और इनके चित्रों की अनुकृतियां भी बनाई जाती रही है। लेकिन मूल तो मूल ही है अत: इन अनुकृतियों की जगह अगर इन चित्रावलियों को ही और सुरक्षित व संरक्षित करने के सामूहिक प्रयास किए जाए तो विश्व कला जगत की यह अमूल्य थाती सदैव सदैव के लिए जिंदा रह पाएगी।

संदर्भ :

1. वैश्य रीता प्रताप, भारतीय चित्रकला एवम् मूर्तिकला का इतिहास, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, ग्यारहवा संस्करण, 2011, पृ. सं., 3
2. वहीं पृ. सं., 3
3. वहीं पृ. सं., 62
4. जेम्स फर्ग्युसन, ऑन दी रॉक टैम्पल्स ऑफ इंडिया, जर्नल ऑफ दी रॉयल ऐशियाटिक सोसायटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एवड आयरलैण्ड, आठ (1846), पृ. सं., 87

डॉ. राकेश कुमार किराड़ू

सहायक आचार्य (ड्राईंग एण्ड पेंटिग)

सिस्टर निवेदिता कन्या महाविद्यालय, बीकानेर (राजस्थान)

मो. : 7976216294

❑❑❑

शरभपुरीय तथा पाण्डुवंशीय विविध कलात्मक शैव प्रतिमायें

डॉ. मोना जैन • नमन जैन

दक्षिण कोसल के स्थानीय राजवंश शरभपुरीय एवं पाण्डुवंशीय शासकों के शासन काल में ताला, सिसदेवरी, मल्हार, राजिम, खरौद, सिरपुर तथा पलारी कला केन्द्र के रूप में पल्लवित हुए। ये सभी क्षेत्र वनों से आच्छादित, सुरक्षित स्थल तथा जलमार्ग नदियों के पास होने तथा भरपूर संसाधनों के उपलब्ध होने के कारण सांस्कृतिक कला-सम्पदा की दृष्टि से समृद्धशाली होते चले गये। इसका एक मुख्य कारण यह भी रहा कि यहाँ मूर्ति एवं प्रतिमाओं का सृजन कोमल प्रस्तरों से हुआ, ताला के मूर्तिशिल्प में यह विशेषकर हुआ। विख्यात पुरातत्वविद् डॉ. श्यामकुमार पाण्डेय का कहना है कि ''ये चट्टानें इतनी मुलायम हैं कि इन्हें नाई की नहनी से भी छीला जा सकता है।''[1]

शरभपुरीय तथा पाण्डुवंश की अधिकतर प्रतिमायें धर्म तथा सम्प्रदाय से संबंधित होने के साथ कुछ प्रतिमायें[2] तत्कालीन समाज एवं दैनिक पारिवारिक जीवन से भी संबंधित हैं। इनमें धार्मिक तथा धर्मेत्तर दोनों ही प्रकार की प्रतिमायें दिखायी देती हैं।

पौराणिक साहित्य में शिव का महिमा का वर्णन मिलता है—

वन्दे महानन्दमनन्तलीलं महेश्वरं सर्वविभुं महान्तम्।
गौरीप्रियं कार्तिकविघ्नराजसमुद्भव शंकरमादिदेवं।।

(शिवपुराण, अध्याय-1)

शिव के अवतारों की कल्पना को मूर्तरूप देने के लिए शिल्पकारों ने तत्कालीन युग में जीवंत प्रतिमाओं का सृजन किया।[3] गंधेश्वर मंदिर अभिलेख[4] से ज्ञात होता है कि गुप्तोत्तर काल में शैव धर्म को मानने वाले थे। शिव का शांत रूप सौम्य भाव को अभिव्यक्त करता है। शरभपुरीय और पाण्डुवंशीय प्रतिमाओं में शिव के विभिन्न मानव रूपों का वर्णन मिलता है।

ताला स्थित देवरानी मंदिर की रूद्र शिव की प्रतिमा[5] लाल रंग प्रस्तर से निर्मित है यद्यपि इस प्रतिमा के संबंध में पुरातत्वविद्‌ व कलाविदों में मतभेद मिलता है। यह मानवाकृति में निर्मित है। समपाद स्थानक मुद्रा में है, दायें हाथ में दण्ड खंडितावस्था में है। बायाँ हाथ कमर पर अवस्थित है। संपूर्ण देह पर पशु, पक्षी, मानव एवं अन्य जीव धारियों का शिल्पांकन दिखाई देता है। शिव प्रतिमा का मध्य भाग[6] लाल चूना पत्थर पर निर्मित है। शिव का धड़ से पैर तक हिस्सा दृश्यमान है। पैर का भाग खण्डित है। यह द्विभंग मुद्रा में है। बाघम्बर धारण किए शिव का बायाँ हाथ जंघा के पास है। शिव मस्तक[7] लाल पीले रंग के प्रस्तर से निर्मित है, प्रतिमा में शिव का जटाजूट विशिष्ट प्रकार का है। नयन मूंदे हुए है। यह प्रतिमा जिला पुरातत्व संग्रहालय बिलासपुर में है।

सिरपुर से प्राप्त शिव की प्रतिमा[8] धूसर काले प्रस्तर से निर्मित है। यह प्रतिमा षठ भुजी है। दायाँ हाथ खण्डित है तथा बायें हाथ में क्रमशः सर्प, त्रिशूल एवं डमरू धारण किये हैं। वाहन नंदी लघु आकार में शिल्पांकित है। यह प्रतिमा पाण्डुवंशीय छठवीं-सातवीं ईस्वी की है।

शिवलिंग में शिव के एक मुखी से लेकर पंच मुखी तक का अंकन किया जाता था।[9] गुप्तकाल में एक मुखी अथवा चतुर्मुखी शिवलिंग प्रतिमाओं की परम्परा लोकप्रिय थी।[10] चतुर्मुखी शिवलिंग सिरपुर की मूर्तिशाला में संग्रहित है।[11] यह काले प्रस्तर से निर्मित है। शिव की मुखमुद्रा शांत, सौम्य, जटाकेश चन्द्रमा तथा सर्प से युक्त मानवरूप में दर्शित है। यह प्रतिमा पाण्डुवंशीय छठवीं शताब्दी ईस्वी की है।

ताला के देवरानी मंदिर से प्राप्त पाँचवी छठवीं शताब्दी ईस्वी की उमा महेश्वर[12] की शरभपुरीय शासकों के शासनकाल में निर्मित प्रतिमा लाल रंग के चूना प्रस्तर की है। आलिंगनरत शिव-पार्वती दोनों का मुखमण्डल खण्डित है। शिव का एक हाथ जमीन पर है। पार्वती शिव की गोदी में बैठी हैं। देवी शिव के गले में बाँहे डाले हुए हैं, शिव पार्वती के वक्ष को स्पर्श करते हुए प्रदर्शित है।

मल्हार के देउर मंदिर से प्राप्त उमा महेश्वर[13] की प्रतिमा पीले प्रस्तर पर निर्मित है। शिव की बायी जंघा पर उमा विराजमान है। उमाने अपने दायें हाथ को शिव की बायी जंघा पर और बायें हाथ को दायी जंघा पर रखा है। चतुर्भुजी शिव के पीछे के दोनों हाथों में क्रमशः सर्प और त्रिशूल है। सामने का दायाँ हाथ जनेऊ को दबाये अभय मुद्रा में है तथा बायाँ हाथ उमा के बायें कंधे पर है। यह प्रतिमा पांडुवंशीय छठवीं शताब्दी ईस्वी की है।

गंधेश्वर मंदिर, सिरपुर से प्राप्त उमा महेश्वर[14] की प्रतिमा धूसर काले

प्रस्तर से निर्मित है। महेश्वर की बायी जंघा पर उमा विराजमान है। महेश्वर का नंदी ऊपर बैठा है। महेश्वर का बायाँ हाथ उमा के बाये कंधे पर है तथा दायें हाथ की हथेली क्षरितावस्था में है, महेश्वर का मुख भी क्षरितावस्था में है। प्रतिमा पाण्डुवंशीय छठवी-सातवीं शताब्दी ईस्वी की है।

तीन प्रतिमायें[15] उमा महेश्वर की गंधेश्वर मंदिर परिसर से सिरपुर से छठवीं सातवीं शताब्दी ईस्वी पाण्डुवंशीय प्राप्त हुई हैं। प्रतिमायें धूसर काले प्रस्तर से निर्मित हैं।

मठपुरैना (तालाब के मेड) रायपुर से प्राप्त उमा महेश्वर की प्रतिमा[16] कृष्णलोहित प्रस्तर फलक पर अच्छी स्थिति में हैं। महाकवि कालिदास द्वारा रचित कुमारसम्भवम् में शिव-पार्वती द्वारा कुमार कार्तिकेय को तारकासुर का वध करने के लिए भेजते हैं, उसका वर्णन मिलता है।

देवताओं द्वारा शिव से कुमार को देवताओं के शत्रु तारकासुर से युद्ध करने और इन्द्र व देवताओं की रक्षा करने के लिए विनती करने पर शिव कुमार को युद्ध कौशल में निपुण करते हैं और फिर कुमार को तारकासुर के वध हेतु भेजते हैं। यह पूरा कथानक शिल्प में दृष्टव्य होता है।

समस्त देवताओं के आगे यात्रा योग्य सुंदर वेष धारण कर उपस्थित होकर कुमार ने तीनों लोक के स्वामी भगवान शिव के चरणों में अपना शीश झुकाकर प्रणाम किया।

प्रस्थानकालोचितचारूवेषः स स्वर्गिवर्गैरनुगम्यमानः।
ततः कुमारः शिरसा नतेन त्रैलोक्यमुतः प्रणनाम पावौ।।

(कुमारसम्भवम्, अध्याय 13/श्लोक 1)

तब शिव ने प्रणाम स्वीकार करते हुए पुत्र का सिर सूंधकर अत्यंत प्रसन्नता से आशीष दिया कि हे वीर पुत्र! युद्ध में तुम इन्द्र के शत्रु तारकासुर का वध करो और इंद्र के पद को पुनः स्थिर कर दो। इसके पश्चात कुमार ने अत्यंत विनम्रता से अपनी माता पार्वती को प्रणाम किया। उस समय माता पार्वती की आँखों से जो अश्रुविन्द गिरा मानो उसी से श्रेष्ठ वीर का सेनापति के पद पर अभिषेक हो गया।

उमा की बायीं तरफ कार्तिकेय पंख फैलाये मोर पर आरूढ़ है और युद्ध के लिए देवलोक से प्रस्थान करते हुए प्रदर्शित है। प्रतिमा के नेत्रों से अश्रु बहते हुए दिखाया गया कि उमा पुत्र को युद्ध के लिए भेजते हुए विचलित हो रही है। शिव उमा को अंक में लेकर ढांढस बंधा रहे हैं, पर शिव भी पुत्र को भेजते हुए विचलित हो रहे हैं दिखाई देते हैं। पुत्र वियोग का दृश्य पाण्डुवंशीय इस प्रतिमा में दिखाई देता है।

शृंगारपरक उमा-महेश्वर की पाण्डुवंशीय छठवीं-सातवीं शताब्दी ईस्वी की प्रतिमा कृष्ण प्रस्तर फलक पर अच्छी स्थिति में है। उमा महेश्वर अपने परिवार के साथ हैं। शिव उमा के साथ वृषभ पर ललितासन मुद्रा में आसनस्थ हैं। नंदी सिर उठाकर शिव को देख रहा हैं। चतुर्भुजी शिव उमा को अंक में लिए हैं। पीछे के दोनों हाथ खण्डित हैं। शिव उमा को देख रहे है। आभामंडल शोभायमान है। शिव का दायाँ पैर खण्डित, अधोवस्त्र धारण किए हैं। शिव का बायाँ पैर मुड़ा हुआ हैं, जिसके तलुवे पर पदम् की आकृति बनी है। कलाकार ने उमा की देह को कोमल, सुंदर एवं समानुपातिक बनाया है। द्विभुजी उमा का दायाँ हाथ शिव के कंधे पर है, महीन वस्त्र धारण की है। उमा के बायें तरफ मोर पर आसीन कार्तिकेय हैं, इसकी सतह घिस जाने के कारण स्पष्ट दृष्टिगोचर नहीं होती। नीचे की तरफ चतुर्भुजी गणेश स्थानक त्रिभंग मुद्रा में अपने वाहन मूषक पर द्रष्टव्य हैं। उमा के पैर के नीचे उपासिका है जो हाथ में शंख लिए है, खंडित हो जाने के कारण स्पष्ट नहीं है।

पार्वती को शिव की शक्ति माना गया है। इस अवधारणा ने जनमानस में एक नयी कल्पना को साकार किया। यही विचार अर्धनारीश्वर के रूप में परिणीत हुआ।[17] राजिम से प्राप्त अर्धनारीश्वर की प्रतिमा[18] सफेद बलुआ से निर्मित शरभपुरीय पाँचवी छठवीं शताब्दी ईस्वी की है। शिव एक हाथ में डमरू धारण किए हैं तथा एक हाथ अभय मुद्रा में है। पार्वती पीछे के हाथ में दर्पण (वामतो दर्पणं मत्स्यपुराण, 123/30) और सामने के हाथ में वस्त्रखण्ड धारण की है।

सिसदेवरी से प्राप्त अर्धनारीश्वर की प्रतिमा लाल बलुआ प्रस्तर से निर्मित है। कमर के दायें भाग पर लहरियादार परिधान है। कमर की बायी ओर घुटने तक लहरियादार अधोवस्त्र धारण किये है। घंटियों से गुंथा हुआ साड़ी की छोर शोभायमान है। कटि के मध्य भाग में सिंह की पूँछ दायी तरफ लटक रही है। पूंछ साड़ी की सलवटों के साथ सामंजस्य बनाये हुए है। अर्धनारीश्वर का सिर, भुजायें तथा पैर खंडित है। जी.एल.रायकवार ने इस प्रतिमा को शरभपुरीय छठवीं-सातवीं शताब्दी ईस्वी का माना है[19] सिसदेवरी से छठवीं शताब्दी ईस्वी का अर्धनारीश्वर का शीर्ष प्राप्त होता है, जो लाल बलुआ प्रस्तर से निर्मित है। गोलाकार मुख पर दायी ओर मूँछ है। सिर के ऊपर जटाजूट एवं अर्धचन्द्र है, बायी और फूलों का गुच्छा है, जो केशों से लिपटा हुआ है।[20]

देउर मंदिर, मल्हार से पाण्डुवंशीय छठवीं शताब्दी ईस्वी कल्याण सुंदर[21] (शिव पार्वती विवाह) प्रतिमा में शिव पार्वती स्थानक मुद्रा में है। प्रतिमा लाल रंग के बलुआ प्रस्तर से निर्मित है। शिव पार्वती का बायाँ हाथ तथा पार्वती शिव

 ISSN 2278-4632

का दायाँ हाथ पकड़े हुए हैं। शिव का एक हाथ अभय मुद्रा में है। शिव पार्वती का सिर खण्डित है। शिव के पार्श्व में चतुर्भुजी बह्मा आसन मुद्रा में है। शिव के पार्श्व में विष्णु घट लेकर खड़े हैं। अनुचारिका एक हाथ में मोदक तथा दूसरे हाथ को ऊपर कर पार्वती के हाथ को पकड़ी है।

कल्याण सुंदर[22] की एक अन्य प्रतिमा पांडुवंशीय आठवी शताब्दी ईस्वी की सिद्देश्वर मंदिर, पलारी से प्राप्त होती है। यह प्रतिमा पीले रंग के बलुआ प्रस्तर से निर्मित है। शिव पार्वती दोनों पूर्ण विकसित पदम् पर स्थानक है। शिव पार्वती के दाये हाथ को पकड़े हैं तथा बायें हाथ से पार्वती की बायी भुजा को पकड़े हैं। पार्वती का बायाँ हाथ नीचे की ओर है, जो खंडित है। शिव और पार्वती एक दूसरे को देखते हुए प्रदर्शित हैं। पार्वती के पार्श्व में सूक्ष्मकाय नारी शिल्पांकित है तथा बड़े आकार में चतुर्भुजी देवी स्थानक है। किनारे की तरफ स्त्री खंजनी एवं पुरुष मृदंग बजा रहा है। ब्रह्मा और विष्णु अपने-अपने वाहन हंस और गरूड़ पर आसीन है। ब्रह्मा और विष्णु के पार्श्व में दो योगी प्रतिमायें आसन मुद्रा में है। ब्रह्मा त्रिमुखी व चतुर्मुखी हैं। एक हाथ में वेद धारण किए है तथा एक हाथ को दायें घुटने पर रखे हैं, अन्य दो हाथ खंडित हैं। विष्णु चतुर्भुजी हैं, ऊपर के दोनों हाथ में शंख और चक्र धारण किए हैं तथा अन्य दो हाथ अभय तथा वरद मुद्रा में हैं।

राजिम से प्राप्त नटराज शिव की प्रतिमा शरभपुरीय छठवीं शताब्दी ईस्वी की है। पिण्डीबन्ध देवी-देवताओं के चिन्हों से चिन्हित होते हैं। शिव ने रेचक, अंगधर और पिण्डीबन्धों के सृजन कार्य को पूरा करने के उपरान्त उन्हें तण्डु मुनि को दिया। तब तण्डुमुनि ने गीत और वाद्य को संयुक्त कर नृत्य की रचना की, वही ताण्डव नाम से विख्यात हुआ।[23] नृत्य के दो प्राचीन रूप तांडव व लास्य है। तांडव कठोरता को झलक लिए होता है और इसे पुरुष नृत्य के रूप में स्वीकार किया गया है।[24] नटराज शिव की शरभपुरीय प्रतिमा अष्टभुजी है, हाथ में आयुध धारण दिए हुए हैं।[25]

सिरपुर से प्राप्त नटराज की प्रतिमा छठवीं शताब्दी ईस्वी की धूसर काले प्रस्तर से निर्मित है।[26] नटराज अष्टभुजी हैं, हाथों में आयुध धारण किए हैं। नटेश के बायीं ओर कार्तिक तथा दायीं और गणेश शिल्पांकित हैं। पार्श्व में संभवतः पार्वती और अनुचर है, प्रतिमा क्षरितावस्था में होने के कारण अस्पष्ट हैं।

कार्तिकेय की प्रतिमा[27] लाल पीले रंग के प्रस्तर से निर्मित है। मयूर पर आसीन कार्तिक दोनों पैर को फैला कर बैठे हैं। प्रतिमा चतुर्भुजी रही होगी, ऐसा प्रतीत होता है। कार्तिकेय बायें हाथ से मयूर पंख पकड़े हैं। यह प्रतिमा जिला

पुरातत्व संग्रहालय बिलासपुर में है। ताला से प्राप्त कार्तिकेय की यह प्रतिमा शरभपुरीय पांचवी छठवीं शताब्दी ईस्वी की है।

राजिम के कुलेश्वर मंदिर की कार्तिकेय की प्रतिमा[28] कत्थे, पीले, चमकदार पत्थर से निर्मित है। कार्तिकेय अपने वाहन मयूर पर ललितासन मुद्रा में हैं। द्विभुजी कार्तिकेय दायें हाथ को ऊपर किए और कुछ भी धारण किए हैं, जो खण्डित है। बायाँ हाथ नीचे की ओर घुटने के पास हैं। कार्तिकेय बखनरवा घर धारण किए हैं। मयूर के सिर का भाग खण्डित हो गया है। कार्तिकेय के नीचे साधु की मूर्ति है, जो पालथी मारे हुए है, दोनों हाथ खण्डितावस्था में हैं। बीच में उपासक की मूर्ति है, जिसके एक सिर तथा दो धड़ हैं। पास में उपासक की मूर्ति है, जो ललितासन मुद्रा में है और वह बटुक (छोटा) है। यह प्रतिमा राजिम के कुलेश्वर मंदिर से प्राप्त पाण्डुवंशीय है।

शरभपुरीय एवं पाण्डुवंशीय शासकों के काल को स्वर्णयुग कहा जा सकता है। शरभपुरीय एवं पाण्डुवंशीय शासक कलाप्रेमी थे जिसका प्रमाण उनके द्वारा निर्मित मूर्तियाँ तथा मंदिर-स्थापत्य हैं। इन शासकों के शासन काल में मंदिर-स्थापत्य में विभिन्न धार्मिक प्रतिमाओं एवं धर्मेन्तर मूर्तियों का कलात्मक शिल्पांकन देखने को मिलता है। इन नरेशों के शासन काल में ताला, सिसदेवरी, मल्लार, राजिम, सिरपुर तथा पलारी कला के प्रमुख केंद्र रहे। अंत में यह कहा जा सकता है कि प्राचीन काल में यह संपूर्ण क्षेत्र वनप्रांतर तथा सुरक्षित स्थल और जलमार्ग नदियों के निकट होने के कारण उपलब्ध संसाधनों से भरपूर सांस्कृतिक कला के वैभवपूर्ण होने तथा तत्कालीन समाज में प्रचलित उपासना परम्परा, विभिन्न धर्म सम्प्रदायों की महत्वपूर्ण जानकारी हमें मूर्ति-शिल्पों से प्राप्त होती है।

संदर्भ :

1. पाण्डेय श्याम कुमार, *दक्षिण कोसल का इतिहास तथा वास्तु शिल्प*, पृष्ठ 73
2. ठाकुर विष्णुसिंह, राजिम, पृ.106-07
3. गुप्त शिव कुमार, *प्राचीन भारतीय मूर्तिकला*, पृ. 133
4. जैन बालचन्द्र, *उत्कीर्ण* लेख, पृ. 194
5. रायकवार जी.एल, *ताला का पुरावैभव* पृ. 29
6. वही, पृ. 29
7. वही, पृ. 29
8. रायकवार जी.एल, *'सिरपुर की शिल्पकला', कोसल,* अंक 4 (2011) संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर, पृ. 49

9. श्रीवास्तव डॉ. बृजभूषण, *प्राचीन भारतीय प्रतिमा विज्ञान एवं मूर्तिकला*, पृ. 60
10. गुप्त शिव कुमार, *प्राचीन भारतीय मूर्तिकला*, पृ. 133
11. लक्ष्मण मंदिर परिसर में स्थित मूर्तिशाला, अधीक्षण पुरातत्वविद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, रायपुर मण्डल, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर, रायकवार, जी.एल., *सिरपुर की शिल्पकला*, कोसल अंक 4, (2011), संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर, पृ. 48
12. रायकवार, जी.एल, *ताला का पुरा वैभव*, पृ. 24
13. पांडेय रघुनंदन प्रसाद, *मल्हार दर्शन*, पृ. 11
14. श्रीवास्तव महेशचन्द्र, *सिरपुर*, पृ. 47
15. वही, पृ. 47
16. यदु हेमु, *दक्षिण कोसल की कला*, पृ. 71
17. गुप्त शिव कुमार, *प्राचीन भारतीय मूर्तिकला*, पृ. 137
18. ठाकुर विष्णुसिंह, *राजिम*, पृ. 115
19. रायकवार जी.एल, *सिसदेवरी उत्खनन*, पृ. 25
20. वही, पृ. 25
21. पाण्डेय रघुनंदन प्रसाद, मलहार दर्शन, पृ. 11
22. वर्मा कामता प्रसाद, *छत्तीसगढ़ की स्थापत्यकला*, पृ. 82
23. *नाट्यशास्त्र*, 4/261-263
24. श्रीराम परिहार, ''नृत्य की ताल पर'', रंग संवाद-10 (वनमाली सृजनपीठ संवाद पत्रिका) वनमाली सृजनपीठ अरेरा कॉलोनी, भोपाल, मार्च 2014, पृ. 17
25. ठाकुर विष्णुसिंह, *राजिम*, पृ. 115
26. रायकवार जी.एल., 'सिरपुर की शिल्पकला', *कोसल* अंक 4 (2011) संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर, पृ. 49
27. निगम एल.एस. रिडिल ऑफ इण्डियन आइकलोग्राफी, चित्रफलक 19, रायकवार जी.एल., अद्भुत कला परम्परा की धरोहर-ताला, *बिहनिया*, अंक-7 (2009), संस्कृति विभाग, रायपुर, पृ. 33, रायकवार जी.एल., ताला का पुरा वैभव, पृ. 18
28. ठाकुर विष्णु सिंह, *राजिम*, पृ. 117

डॉ. मोना जैन

शास. जे. योगानन्दम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय

रायपुर (छ.ग.)

❑❑❑

प्रताप की राजधानी चावंड की जनसंख्या का अनुमान

• डॉ. बी.एल. भादानी

प्रस्तावना

सामान्यतः महाराणा प्रताप के इतिहास को इतिहासकारों द्वारा हल्दीघाटी युद्ध तक ही सीमित कर दिया गया है। इस युद्ध में जय-पराजय के प्रश्न पर विद्वानों के मध्य बह-मुबाहसे ने महाराणा के पश्चात्वर्ती इतिहास को पृष्ठभूमि में धकेल कर गौण बना दिया है। इन बहसों से हल्दीघाटी युद्ध में सिसोदिया शासक की पराजय को विजय में परिवर्तित नहीं किया जा सकता या फिर कोरी 'घोषणाओं' से इस युद्ध के परिणाम को बदला भी नहीं जा सकता।

इस आलेख को लिखने का उद्देश्य 1585 ई. में प्रताप द्वारा स्थापित राजधानी चावंड के विस्तार एवं जनसंख्या का अध्ययन करना है। इसमें पूर्व में स्थापित राजधानी उदयपुर एवं उसके उजड़ने एवं चावंड के बसने एवं फैलाव के मध्य सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयास भी किया गया है।

प्रताप द्वारा स्थापित चावंड : मेवाड़ की पांचवी राजधानी

मुग़ल सेना के विरुद्ध दिवेर विजय के पश्चात महाराणा प्रताप ने ऐसे स्थान की तलाश प्रारंभ कर दी जो सुरक्षात्मक दृष्टि से निरापद एवं पूर्णतः रक्षित हो। कुम्भलगढ़ एवं गोगूंदा अब सुरक्षित नहीं रहे थे क्योंकि मुग़ल यहाँ तक पहुँच चुके थे इसलिए वह पहाड़ों के मध्य किसी ऐसे स्थान की खोज में था जहां मुग़ल सेना का पहुँचना आसान न हो। तब उसे छपनियां राठौड़ों की राजधानी चावंड का स्मरण हो आया जहां के लूणा चावंडिया नामक भोमिया को दबाने में उसके पिता राणा उदयसिंह असफल रहे और उसे भी काफी बल प्रयोग करने के पश्चात् सफलता प्राप्त हुई लेकिन इसके उपरांत भी संगठित विद्रोहियों का पूर्णतः दमन नहीं किया

जा सका था। प्रताप के मस्तिक में नई राजधानी के लिए चावंड का विचार आने पर उसने अपने परामर्शदाताओं, सैन्य एवं क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञों से विचार-विमर्श के पश्चात अन्तिम निर्णय ले लिया। इस निर्णय से चावंड को मेवाड़ की पांचवीं राजधानी का दर्जा प्राप्त हो गया।

गोहिल/गुहिल एवं बप्पा रावल द्वारा स्थापित मेवाड़ राज्य की कई राजधानियां रहीं। गुहिल से सिसोदिया शाखा के शासकों के काल तक राजधानियां परिवर्तित होती रहीं—वे थीं नागदा (आयड़), चित्तौड़, उदयपुर, गोगूंदा एवं चावंड। इस प्रकार लगभग एक हजार वर्ष में पांच राजधानियां स्थापित की गईं, जो राज्यसत्ता का केन्द्र हुआ करती थीं। शासक अपने सम्पूर्ण लवाजमे के साथ यहां निवास करता था जिनमें मुख्य थे—राजवंश के सदस्य, भाई बिरादरी एवं गैर-बिरादरी के सामंत, दरबारी, मंत्री, सैनिक-प्रशासनिक अधिकारी, चारण-भाट, पुरोहित, साहित्यकार, शासक एवं रनिवास में कार्यरत सेवक आदि। इसके अतिरिक्त राज्य द्वारा पोषित सेना एवं उससे सम्बद्ध विभागों के कर्मचारी मुख्यालय पर ही निवास करते थे। राज्यसत्ता का केन्द्र होने के कारण शासकीय अमले के अतिरिक्त विभिन्न व्यवसायों एवं जातियों के लोगों का राजधानी में बड़ी संख्या में जमावड़ा होना भी स्वाभाविक था। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की बसावट से राजधानी में व्यापार का विस्तार होना भी स्वाभाविक था। इस प्रकार राजधानी का शहर के रूप में विकास होना भी निश्चित था।

मेवाड़ की उपरोक्त राजधानियों के विस्तार एवं उसमें निवास करने वाले जनसमुदाय का संख्यात्मक आकलन करना अत्यंत रुचिकर अध्ययन है लेकिन अधिकांश स्थानों से सम्बन्धित प्रत्यक्ष साक्ष्यों का अभाव इस प्रयास में सबसे बड़ी बाधा है। महाराणा उदयसिंह द्वारा स्थापित उदयपुर एकमात्र ऐसी राजधानी थी जिसमें घर-गिनती (house-count) के आंकड़े उपलब्ध होते हैं। इसके अतिरिक्त चित्तौड़ के बारे में अप्रत्यक्ष साक्ष्य मिलते हैं जो अलाउद्दीन ख़िलजी एवं मुग़ल बादशाह अकबर द्वारा आक्रमण के दौरान जनसामान्य के कत्लेआम के आंकड़े हैं जिनके आधार पर कुछ मोटा-मोटा अनुमान लगाया जा सकता है।

लूणा चावंडिया (भोमिया) का सत्ता केन्द्र : चावंड

मेवाड़ रियासत में एक ऐसा भोमिया क्षेत्र था जो स्वायत्तशासी था जिसके स्वामी स्वयंभू शासक थे। दूसरे शब्दों में यह राज्य के भीतर राज्य (State within state) था। ये राठौड़ बिरादरी के थे जो किसी की संप्रभुता को मान्यता नहीं देते थे। उनके द्वारा शासित क्षेत्र 'छप्पन' कहलाता था जो छप्पन गाँवों के चार समूहों में विभाजित था जिसके चार पृथक सत्ता केन्द्र थे : झाड़ोल,

सलूम्बर, सेमारी एवं चावंड। छप्पन की ईकाइयों के समूह में विभाजित क्षेत्र पर आधिपत्य होने के कारण ये भोमिये[1] 'छपनिया राठौड़' कहलाते थे। उनके अधीन क्षेत्र में कुल 224 गाँव थे जो उनके **उतन** (फारसी वतन) कहलाते थे अर्थात् जिन पर इनका पैतृक अधिकार था। किसी की भी सत्ता को मान्यता प्रदान न करने के कारण इनका क्षेत्र विद्रोही अर्थात **मेवासी** (फारसी-**ज़ोरतलब**)[2] कहलाता था। ये सोनिंग राठौड़ के वंशधर थे लेकिन इनके यहां आकर बसने एवं इस क्षेत्र पर आधिपत्य स्थापित करने का समय ज्ञात नहीं है। यहां यह जानना अत्यन्त दिलचस्प है कि राणा उदयसिंह से पूर्व मेवाड़ के किसी भी शासक ने इनके क्षेत्र की ओर ध्यान क्यों नहीं दिया? उदयसिंह के काल में इस क्षेत्र पर आधिपत्य करने के प्रयास किए गए लेकिन पूर्णतः सफलता नहीं मिली। अन्त में महाराणा प्रताप को इसमें कुछ सीमा तक सफलता प्राप्त हुई। इनके विद्रोह के सम्पूर्ण केन्द्र समाप्त करके सीधा राज्य द्वारा शासित क्षेत्र **खालिसा** (सीधे राज्य प्रशासन का अंग) में सम्मिलित कर लिए गए।

छपनियां राठौड़ भूमिया चूंकि स्वायत्तशासी थे इसलिए शासकों के समान इन्होंने अपनी जीवनशैली अपनाई हुई थी जिसके कारण बड़ी संख्या में दस्तकारों का इन केन्द्रों की ओर आकर्षित होना स्वाभाविक था। इनकी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए व्यापारी भी यहां आकर बसने लगे परिणामत: व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होने लगी। इनकी आर्थिक सम्पन्नता का आधार इनके अधीन उपजाऊ क्षेत्र का होना था।

महाराणा प्रताप द्वारा कड़े संघर्ष के पश्चात लूणा चावंडिया को परास्त किया जा सका तथा इसके साथ ही चावंड के अतिरिक्त छप्पन के अन्य सभी सत्ता केन्द्रों को भी ध्वस्त कर दिया गया। नैणसी लिखता है कि इनके विद्रोही केन्द्र (**मेवास**) बर्बाद कर दिए गए लेकिन छपनियें राठौड़ प्रताप के समय भी गाँवों में निवास करते रहे थे।[3] सिसोदिया एवं छपनियां राठौड़ों के मध्य कड़े संघर्ष का श्रेय पश्चातवर्ती समूह की खांप (अर्थात् छपनियां राठौड़ों की खांप) आधारित सैन्य शक्ति को दिया जा सकता है।

ऐसा प्रतीत होता है कि प्रताप ने जिस समय लूणा चावंडिया से चावंड जीता था उस समय भी वह निश्चित ही एक विकसित शहर रहा होगा। पहाड़ों के मध्य प्राकृतिक किलेबंदी से सुरक्षित यह एक ऐसा शहर था जो मध्यकालीन मापदण्डों के अनुकूल एक आदर्श स्थल था। सिसोदिया शासक ने छापामार युद्ध के द्वारा मुग़ल थानों पर अपना आधिपत्य स्थापित करने के पश्चात नवीन राजधानी की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान की खोज प्रारम्भ की तब उसको

 ISSN 2278-4632

अपने द्वारा विजित चावंड का स्मरण हो आया जिस पर कड़े संघर्ष के पश्चात उसने आधिपत्य स्थापित किया गया था जो युद्धकालीन राजधानी हेतु एक आदर्श स्थल था जिसको भोमिया द्वारा विकसित भी किया गया था। इसलिए अन्त में 1585 ई. में यहीं नवीन राजधानी स्थापित की गई। दुर्ग की नींव भी वहीं रखी गई जहां पूर्व में लूणा चावंडिया की गढ़ी थी।[4]

प्रताप की सेना के अनुमान का आधार :

1585 ई. में सिसोदिया शासक द्वारा राजधानी की स्थापना के पश्चात चावंड की जनसंख्या का अनुमान लगाना अत्यंत दिलचस्प होगा। इसके लिए सर्वप्रथम हमें प्रताप की सेना की संख्या ज्ञात करनी होगी जिसमें एक जैन मुनि हमारी सहायता करता है। महाराणा प्रताप द्वारा 1585 ई. में चावंड में राजधानी स्थापना के तीन वर्ष पश्चात् 1588 ई. में जैन मुनि हेमरतन ने सिसोदिया शासक के अधिकारी ताराचंद (भामाशाह का भाई) के अनुनय विनय पर 'गोरा बादल पदमिणी चउपई' नामक ग्रन्थ की रचना की जो प्रत्यक्ष रूप से तो अलाउद्दीन-पद्मिणी कथा पर केन्द्रित है लेकिन मेरा मानना है कि चूंकि ग्रन्थ की रचना प्रताप के काल में की गई इसलिए स्वभावतः वर्णन भी प्रतापकालीन है न कि अलाउद्दीन के समय का। इस ग्रन्थ में चित्तौड़ के शासक की सेना की संख्या का अप्रत्यक्ष संकेत मिलता है जो प्रकारान्तर से प्रताप की सेना का आकलन होना चाहिए। कवि के अनुसार सिसोदिया सेना की संख्या लगभग बारह हजार थी।[5] इस अनुमान का आधार हेमरतन द्वारा रचित दो पद्य हैं। इन दो पद्यों के अनुसार चौहान सैन्य योजनाकर्ता बादल के अनुसार दो हजार पालकियों में शस्त्रों से सुसजित दो सैनिक बैठेंगे जिसका तात्पर्य यह हुआ कि चार हजार सैनिक उनमें होंगे। लेकिन कवि उन पालकियों को उठाने वाले कहारों का जिक्र नहीं करता है। इसलिए एक पालकी को उठाने हेतु चार कहारों की आवश्यकता होती है जिस अनुमान के आधार सैनिकों की कुल संख्या बारह हजार हो जाती है। इतने सैनिकों के साथ चौहान बादल अलाउद्दीन से भेंट करने गया था। अलाउद्दीन से यह कहा कि इन पालकियों में पद्मिनी एवं उनकी सहेलियां हैं। इतनी बड़ी संख्या में सैनिकों के उपरोक्त अनुमान की पुष्टि जहाँगीर के समय में आए एक अंग्रेज यात्री के कथन से भी होती है। विलियम हॉकिन्स (1609-11 ई.) ने महाराणा अमरसिंह की सेना की कुल संख्या सत्तर हजार अंकित की है जिसमें 20,000 घुड़सवार एवं 50,000 पैदल सैनिक थे।[6] इसी प्रकार विलियम फिंच, जो 1608-11 ई. के मध्य भारत आया था, वह राणा अमरसिंह की सैन्य शक्ति के बारे में लिखता है कि He is able to make

twelve thousand horse upon any occassion अर्थात् किसी भी अवसर पर वह बारह हजार उम्दा घोड़े तैयार कर सकता है।[7] उसके द्वारा आगे लिखा गया कथन भी बहुत महत्त्वपूर्ण है कि उसके राज्य में 'अच्छे एवं बहुत अच्छे (अर्थात) बड़े शहर हैं' (and holds many faire towns and goodly cities)[8] जब फिंच अच्छे अर्थात बड़े शहरों की बात करता है तो इसमें एक चावंड निश्चित ही सम्मिलित रहा होगा जो उस समय महाराणा अमरसिंह की राजधानी था। दो अंग्रेज यात्रियों द्वारा प्रदत्त साक्ष्य का महत्त्व इसलिए और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि उनका वर्णन 1615 ई. की मेवाड़-मुग़ल सन्धि से पूर्व का है। इस सन्धि से पूर्व फिंच के अनुसार महाराणा का बहुत सम्मान था। उसके शब्दों का भावार्थ यह है : इसके विपरीत बांई ओर मारवा (मारवाड़) के पहाड़ जिनका विस्तार अमदावेर (अहमदाबाद) हैं। इन पहाड़ों पर अपराजेय दुर्ग स्थित है जो गढ़ चितू (चित्तौड़) कहलाता है जो राणा की मुख्य गद्दी है जो एक शक्तिशाली राजा है जिसको न तो पठान और न ही अकबर अपने अधीन कर पाया। इसी कारण से समस्त भारत के राजा एवं अमीर सम्मान करते हैं जैसा कि रोम के पोप के अनुयायी करते हैं। इसलिए जो भी राजा इनके विरुद्ध भेजे गए उन्होंने इनकी सीमाओं में कोई हानि नहीं पहुँचाई। इनकी 200 कोस की सीमा पहाड़ों एवं अन्य निर्माणों से किलेबंदी के कारण पहुँच के बाहर है।[9]

इस नवस्थापित राजधानी-शहर में आवासित विभिन्न जातियों एवं व्यावसायिक वर्गों की संख्या के अनुमान हेतु इससे पूर्व 1553 एवं 1559 ई. के मध्य स्थापित उदयपुर[10] एवं 1660 ई. के दशक में नैणसी द्वारा संकलित किए गए विभिन्न जातियों एवं व्यावसायिक समूहों के घरों की गिनती को आधार बनाया जा सकता है।[11] राणा उदयसिंह ने चित्तौड़ पतन से पूर्व अपने नाम पर पिछोला झील के तट पर इस शहर को बसाया था। इस बात की सम्भावना व्यक्त की जा सकती है कि चित्तौड़ आक्रमण से पूर्व इस शहर की आबादी का बड़ा हिस्सा नवस्थापित राजधानी उदयपुर आकर बस गया होगा। लेकिन चित्तौड़ आक्रमण के समय अकबर ने एक सैन्य टुकड़ी राणा उदयसिंह को पकड़ने एवं वहां के लोगों को दण्डित करने के लिए भेजी थी तब उस समय वह शहर निश्चित ही उजड़ गया होगा।[12] लेकिन बाद में 1615 ई. में मेवाड़-मुग़ल सन्धि के पश्चात यह शहर फिर से आबाद हुवा तब चावंड की अधिकांश शहरी आबादी सम्भवत: महाराणा के लवाजमे के साथ उदयपुर आकर बस गई होगी। इस प्रकार एक राजधानी के उजड़ने एवं दूसरे के आबाद होने में अन्तर्निहित सम्बन्ध होने के कारण ही हमने उदयपुर शहर के जाति समूहों को

चावंड के लिए भी सही मानते हुए जनसंख्या का अनुमान लगाने का प्रयास किया है जो तथ्यों के अधिक समीप प्रतीत होता है। उदयपुर के इन जाति-समूहों में सैनिकों को सम्मिलित नहीं किया गया था। इसका कारण सम्भवतः जानबूझकर इनको शहरी आबादी से पृथक करना रहा होगा लेकिन चावंड के मामले में हमने ऐसा नहीं किया है क्योंकि यह युद्धकालीन राजधानी थी इसलिए इसकी सुरक्षा के लिए सेना का दुर्ग के आसपास ही निवास करना आवश्यक रहा होगा। इनके साथ घोड़ों की देखभाल हेतु साईसों को भी साथ में ही रखा गया होगा।

महाराणा प्रताप की सैन्यशक्ति का ऊपर किए गए आकलन के अनुसार यह संख्या बारह हजार के लगभग थी। यह सेना चावंड में नियुक्त थी। चूंकि ये सैनिक राजधानी की सुरक्षा हेतु थे इसलिए इस शहर के निवासी भी थे। इन सैनिकों पर निर्भर परिवार के सदस्यों की संख्या ज्ञात करने के लिए जनसंख्याविदों द्वारा सुझाए गए प्रति व्यक्ति के परिवार के सदस्यों की संख्या 4.5 से गुणा करके प्राप्त की जा सकती है। इसका तात्पर्य है 12,000 × 4.5 = 54,000 अर्थात् सैनिकों पर निर्भर पारिवारिक लोगों की संख्या 54,000 थी।

इसी प्रकार कम से कम पांच हजार घोड़ों की देखभाल हेतु कम से कम पाँच सौ साइसों (घोड़ों की रखवाली करने वाले सेवक) की आवश्यकता होती थी जिनका कार्य उनको दाना-चारा देना, मालिश करना एवं नहलाना आदि था। इन पर आधारित परिवार के सदस्यों की संख्या 500× 4.5=2,250 होती है।

अब इसके पश्चात चावंड की जनसंख्या में उन्हीं वर्गों एवं जातीय समूहों को सम्मिलित किया जा सकता है जो नैणसी द्वारा उदयपुर शहर के वर्णन में अंकित किए गये हैं। सर्वप्रथम महाजनों की श्रेणी अंकित है जिसमें ओसवाल, माहेश्वरी, हूबा, चित्तौड़ा, नागदा, नरसिंहापुरा एवं पोरवाड़ आदि सम्मिलित हैं। उदयपुर में महाजन व्यापारी वर्ग के घरों की संख्या 2000 दर्ज की गई है इसलिए चावंड के लिए हम इसके आधे का अनुमान लगा सकते हैं अर्थात एक हजार। घरों की इस संख्या को एक परिवार मानकर 4.5 से गुणा करके उन पर निर्भर संख्या का अनुमान लगा सकते हैं अर्थात् 1000 × 4.5 =4,500 महाजन प्रताप के समय चावंड में निवास करते थे।

इसके पश्चात ख्यात द्वारा ब्राह्मणों के 1500 एवं इनके साथ 60 भोजकों (मन्दिर के पुजारी) के कुल घर 1560 दर्शाए गए हैं। महाराणा ने अनेक

ब्राह्मणों को भूमिदान प्रदान किये थे। सिसोदिया राजवंश में पूजा-अर्चना हेतु बड़ी संख्या में ब्राह्मण राजपरिवार के आस-पास बसने की परम्परा रही है। प्रताप के समय में चामुंडा देवी के मन्दिर की स्थापना की गई थी जिसकी पूजा अर्चना की जिम्मेदारी ब्राह्मण वर्ग की थी। इसके अतिरिक्त मेवाड़ राजवंश के ईष्टदेव एकलिंग जी की नियमित पूजा-अर्चना भी मेवाड़ी ब्राह्मणों द्वारा ही की जाती थी। अगर चावंड में भी उदयपुर के बराबर ब्राह्मणों, जिसमें भोजकों के 60 परिवार सम्मिलित हैं, के घरों की संख्या मान लिया जावे तो इस वर्ग की जनसंख्या 1500 × 4.5=6,750 के लगभग आती है।

पंचोली एवं भटनागर कायस्थ जाति के थे जिनका मुख्य कार्य राजस्व विभाग से सम्बन्धित था। कृषकों से लगान वसूली का पूरा हिसाब-किताब एवं दरबार की कार्यवाही का विवरण रखना भी उनका ही दायित्व था। उदयपुर में इनके घरों की संख्या 500 थी इसलिए यही अनुमान चावंड के लिए भी मान लिया जावे तो इस वर्ग की जनसंख्या 500 × 4.5=2,250 होती है।

खांट भीलों के घरों की संख्या उदयपुर में 500 अंकित की गई है। भीलों एवं सिसोदिया राजवंश के मध्य घनिष्ठ सम्बन्ध रहे हैं जिसकी पुष्टि मेवाड़ के राजचिन्ह से होती है। चावंड भील बाहुल्य क्षेत्र था इसलिए इनके घरों की संख्या निश्चित ही उदयपुर की तुलना में अधिक रही होगी। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण इनकी सेवाएं भी बहुत अधिक ली गई होंगी इसलिए इनके घरों की संख्या 600 का अनुमान लगाया जा सकता है। इस आधार पर इन पर निर्भर परिवार के सदस्यों की संख्या 600×4.5=2,700 होनी चाहिए।

महिलवाड़ियों की संख्या उदयपुर शहर में 5000 दर्शाई गई है। ये लोग मुख्यत: बागवान या माली होते थे जो बागों में विभिन्न प्रकार के फल-फूल उगाते थे एवं खुले बाजार में बेचने का कार्य करते थे। राजवंश के सदस्यों, सरदारों एवं उच्च वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के फल-फूल की आपूर्ति भी करते थे एवं बागों की देखभाल करना भी इनका ही काम था। इस बात का अनुमान लगाया जा सकता है कि चावंड में भी इनकी संख्या उदयपुर से कम नहीं रही होगी। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि पूर्व में भी स्वायत्तशाषी भूमिया का क्षेत्र होने के कारण यहां बड़े-बड़े बाग पूर्व में भी रहे होंगे जो उनकी मांग की आपूर्ति करते थे। इस आधार पर इनकी जनसंख्या 5000 × 4.5=22,500 थी या फिर इससे भी अधिक रही होगी।

उदयपुर में राजपूत सरदारों की संख्या 1500 थी। इसमें सभी राजपूत खांपों को सम्मिलित कर लिया गया है। दिवेर युद्ध एवं मुग़लों के पश्चिमी क्षेत्रों

से सभी थानों को उठाने में राठौड़, भाटी, सोनगरा एवं अन्य राजपूतों के अतिरिक्त अफगान सैनिकों का भी सहयोग रहा था इसलिए चावंड में एक मिश्रित सरदारों की श्रेणी उत्पन्न हो गई होगी। इसलिए यहां राजपूतों के स्थान पर सरदारों की श्रेणी के घरों की संख्या माना जाना चाहिए। जहां तक उनके घरों की संख्या का प्रश्न है अगर उनके उदयपुर के समान ही मान लिया जावे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी जिसके आधार पर उनकी जनसंख्या 1500×4.5= 6,750 होनी चाहिए।

उदयपुर शहर में एक श्रेणी पूण जाति अंकित की गई है जिसका मोटे तौर पर अर्थ मिश्रित जातियों से लगाया जाता है। यह एक जाति समूह है जिसको किसी स्थान पर **पवन जात** भी लिखा जाता है जिसका अर्थ है ऐसी जातियां जो समाज के दूसरे वर्गों को अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं एवं उसके बदले में किसी भी जिन्स (kind) के रूप में भुगतान पाते हैं।[13] इनको सामान्यतः इनकी सेवा के बदले में नकद में भुगतान नहीं किया जाता था। इस शब्द की उत्पत्ति **पावना** शब्द से हुई है जिसका अर्थ है प्राप्त करना। समाज के सभी लोगों को सेवाएं प्रदान करने वालों में विभिन्न प्रकार के दस्तकार, विभिन्न व्यवसायों से सम्बद्ध लोग एवं निम्न जाति (menial castes) के लोग सम्मिलित होते थे उदाहरणार्थ जुलाहे, दर्जी, खुदाई करने वाले मिस्त्री, कलाल, कुम्भार, गांधी, हथियार बनाने वाले कारीगर, लोहार, बढ़ई, चमार, सफाईकर्मी एवं ढेढ़ आदि। इस वर्ग के लोग भोमियों के समय से ही चावंड में निवास कर रहे होंगे। उदयपुर में इनकी संख्या 9000 दर्शाई गई है। अगर हम इतने ही घरों की संख्या प्रताप की राजधानी शहर के लिए मान ली जाए तो इन पर निर्भर लोगों की संख्या 9000 × 4.5 = 40,500 होती है।

चावंड स्वायत्तशाषी भोमियों का सत्ता केन्द्र शहर था इसलिए वहीं अपनी गढ़ी (fortress) बनाकर लघु रूप में वे सार्वभौम शासक के समान जीवनयापन करते थे। उनकी जीवन शैली ऐशो-आराम युक्त थी। इसलिए इनकी आवश्यकताओं एवं सुविधाभोगी जीवन पद्धति की वस्तुओं को उपलब्ध करवाने के लिए उस स्थान पर दस्तकारों का समूह आबाद हो गया था। जो वस्तुएं बड़े शहरों या व्यापारिक केन्द्रों पर मिलती थीं उन्हें व्यापारी वर्ग उपलब्ध करवाता था। इसके अतिरिक्त भोमियों की अपनी बिरादरी की सेना होती थी जिनके लिए घोड़ों की आपूर्ति बाहर से व्यापारियों द्वारा की जाती थी। चावंड का भोमिया लूणा चावंडिया था जिसके अधीन छप्पन गाँव थे जो उपजाऊ क्षेत्र में स्थित थे इसलिए कृषि उत्पादन का अधिशेष उसे प्राप्त होता था। नैणसी के साक्ष्य से

ऐसा प्रतीत होता है कि जावर की खान भी महाराणा प्रताप की विजय से पूर्व लूणा चावंडिया के अधीन क्षेत्र में थी। जहां चांदी एवं जस्ता निकाला जाता था जिससे महाराणा को 400 एवं 500 रु. की प्रतिदिन आय होती थी। सम्भवत: यही स्थिति लूणा के समय में भी रही होगी जिससे उसकी आर्थिक सम्पन्नता का अनुमान लगाया जा सकता है।[14] यह आर्थिक सम्पन्नता उसकी सैन्य शक्ति की परिचायक है। उनके समय में जो दस्तकार वर्ग एवं अन्य व्यवसायों के लोग निवास कर रहे थे वे सब ही प्रताप के समय में चावंड में ही रहे जिनकी संख्या के अनुमान को हमने उसी में मान लिया है।

चूंकि ऊपर हम उदयपुर शहर के घरों की गणना को आधार बनाकर चावंड की विभिन्न जाति-समूहों के घरों की संख्या एवं उन पर निर्भर लोगों की संख्या प्राप्त कर चुके हैं इसलिए अब सर्वप्रथम उदयपुर शहर की जनसंख्या के बारे में जानना आवश्यक है। नैणसी इस शहर के आबाद घरों (households) की निश्चित कुल संख्या (absolute) अंकित करता है। हालांकि उसके द्वारा प्रदत्त साक्ष्य से यह नहीं ज्ञात होता है कि यह किस समय से सम्बन्धित है। उसके अनुसार राणा उदयसिंह चित्तौड़ त्यागने के पश्चात् सर्वप्रथम वह कुम्भलमेर गया एवं उसके पश्चात उसने उदयपुर बसाया। यह बात 1553 एवं 1559 ई. के मध्य की होनी चाहिए। मारवाड़ का इतिहासकार नैणसी उदयपुर के आस-पास की भौगोलिक स्थिति एवं राणा द्वारा उदयसागर निर्माण करवाने के साथ ही शहर के आबाद घरों की संख्या अंकित करता है। इस आधार पर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि ये आंकड़े या तो 1567 ई. अर्थात चित्तौड़ आक्रमण के पूर्व के हैं या फिर नैणसी के अपने समय अर्थात् 1650 ई. के दशक के हैं। अगर ये आंकड़े चित्तौड़ आक्रमण से पूर्व के हैं तो फिर इसी आक्रमण के समय अकबर ने एक सैन्य टुकड़ी को राणा की खोज में एवं उदयपुर पर आक्रमण करने तथा साथ ही वहां के निवासियों, राणा की सेना एवं साथियों का कत्ल एवं कैद करने हेतु भेजा था। तब उस स्थिति में तत्कालीन उदयपुर की आबादी निश्चित ही उजड़ गई होगी। इसलिए यह सम्भव है कि 1615 ई. में मेवाड़-मुग़ल सन्धि के पश्चात चावंड की आबादी का अधिकांश भाग सम्भवत: शासकीय लवाजमे के साथ उदयपुर चला गया होगा। बाद में जब नैणसी मेवाड़ के सिसोदियों के बारे में ऐतिहासिक जानकारी किसी आधिकारिक व्यक्ति से संग्रहीत कर रहा था तब उसे तत्कालीन समय के उदयपुर शहर के घरों की गिनती भी प्राप्त हुई होगी।[15] उसके द्वारा संकलित उदयपुर शहर की जाति एवं व्यवसायिक वर्ग के घरों की गणना निम्न सारणी में प्रस्तुत की जा रही है :

उदयपुर शहर की जनसंख्या का अनुमान (1650 ई. के लगभग)

क्र. सं.	जाति/समूह	घरों की संख्या	प्रति घर आबादी (×4.5)	कुल जनसंख्या
1.	महाजन (ओसवाल, माहेश्वरी, हुबा, चितोड़ा, नागदहा, नरसिंहपुरा, पोरवाड़)	2,000	4.5	9,000
2.	ब्राह्मण	1,500	4.5	6,750
3.	पंचोली, भटनागर	500	4.5	2,250
4.	भोजग	60	4.5	270
5.	खांट भील (भील नायक)	500	4.5	2,250
6.	महिलवाड़िया	5,000	4.5	22,500
7.	राजपूत	1,500	4.5	6,750
8.	पूणजात (दस्तकार वर्ग)	9,000	4.5	40,500
	कुल	20,060		90,270

उदयपुर शहर के विभिन्न जातीय एवं व्यावसायिक समूहों के कुल घरों की संख्या बीस हजार से थोड़ी अधिक है। इनमें सर्वाधिक लगभग 45 प्रतिशत (44.86%) पवन जात अर्थात दस्तकार एवं सेवा प्रदाता वर्ग की है। इसके पश्चात महिलवाड़ियों अर्थात फल-फूल उत्पादकों एवं बाग़वानों के घरों की है जो कुल घरों का 25 प्रतिशत (24.92%) है। महाजन पद व्यापारी वर्ग से सम्बन्धित है जिसमें विभिन्न शाखाएं यथा-ओसवाल, माहेश्वरी, हूबा, चित्तौड़ा, नागदहा, नरसिंहपुरा एवं पोरवाड़ समाहित हैं जो 9.97 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। इससे व्यापार एवं वाणिज्य की स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है। राजपूत एवं ब्राह्मणों की संख्या समान है जो चौथे स्थान पर हैं जिनका प्रतिशत 7.47 है। राजपूत श्रेणी में सरदार, मंत्री एवं राज्य अधिकारी सम्मिलित थे जबकि ब्राह्मणों में धार्मिक अनुदान प्राप्तकर्त्ता, पुरोहित,

पुजारी एवं विद्वान समाहित थे। इनके अतिरिक्त, पंचोली, भटनागर एवं भील हैं जिनके घरों का प्रतिशत 2.49 प्रतिशत है। जैन मन्दिरों के पुजारी सामान्यत: भोजक अर्थात शाकद्विपीय ब्राह्मणों होते हैं जिनके घर 0.90 प्रतिशत अर्थात कुल साठ घर हैं।

चूंकि ऊपर हमने उदयपुर के आधार पर ही चावंड के घरों एवं जनसंख्या का अनुमान लगाया है जिसे यहां निम्न सारणी में प्रस्तुत किया जा सकता है :

चावंड शहर की जनसंख्या का अनुमान

(उदयपुर शहर को आधार मानकर 1585-1615 ई. के मध्य)

क्र. सं.	मद	अनुमानित घरों की संख्या	प्रति घर 4.5 व्यक्ति घरों की संख्या
1.	सैनिक	12,000	54,000
2.	साईस (सैन्य घोड़ों की देखभाल करने वाले)	500	2,250
3.	महाजन	1,000	4,500
4.	ब्राह्मण एवं भोजग	1,500	6,750
5.	पंचोली एवं भटनागर	500	2,250
6.	भील	600	2,700
7.	महलवाड़ियां (बागवान)	5,000	22,500
8.	राजपूत	1,500	6,750
9.	पवनजात (दस्तकार एवं सेवा प्रदाता वर्ग)	9,000	40,500
	कुल	29,600	1,33,200

चावंड की जनसंख्या उदयपुर की 147.55 प्रतिशत आती है जिसका तात्पर्य है कि 47.55 प्रतिशत अधिक है। इसका मुख्य कारण चावंड में सैनिकों की उपस्थिति है। बड़ी संख्या में बाग़वान वर्ग की उपस्थिति शासक वर्ग के लिए फलों के उत्पादन को दर्शाती है। इसी प्रकार दस्तकार एवं सेवा प्रदाता वर्ग की अधिक संख्या में उपस्थिति जजमानी (Patron-Client) सम्बन्धों को उजागर करती है। चावंड के लिए प्राप्त किए गए जनसंख्या के आंकड़ों को नकारने का कोई पर्याप्त एवं ठोस कारण दृष्टिगोचर नहीं होता। इसके आधार पर कहा जा सकता है कि 1585 ई. में राजधानी की स्थापना से लेकर 1615 ई. में राजधानी के उदयपुर चले जाने के पूर्व तक चावंड एक विकसित शहर का दर्जा प्राप्त कर चुका था जो शासक वर्ग के स्थायित्व का द्योतक है।

उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि महाराणा प्रताप द्वारा स्थापित नवीन राजधानी चावंड मध्यकालीन राजस्थान का एक विस्तृत एवं विशाल शहर था। इस बिन्दु पर गहन शोध के द्वारा इसे आगे बढाया जा सकता है।

संदर्भ

1. नैणसी, ख्यात, सं. बद्रीप्रसाद साकरिया, प्रथम राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, 1960, पृ. 36
2. वही।
3. वही।
4. इसकी पुष्टि मेरे द्वारा किए गए स्थल सर्वेक्षण से होती है।
5. हेमरतन, **गोरा बादल पद्मिणी चउपई,** सं. मुनि श्री जिनविजय, राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, तृतीय संस्करण, 2000, पद्य संख्या 512-513, पृ. 50
6. विलियम हॉकिन्स, **अली ट्रेवल्स इन इण्डिया**, संपा. विलियम फोस्टर, दिल्ली, 2012, पृ. 114
7. विलियम फिंच, **अली ट्रेवल्स इन इण्डिया**, संपा. विलियम फोस्टर, लो प्राईस पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 2012, पृ. 170
8. वही।
9. वही; इस कथन में सत्यता नहीं है क्योंकि चित्तौड़ पर अलाउद्दीन खिलजी एवं अकबर ने अपना आधिपत्य स्थापित किया था।
10. मनोहर सिंह राणावत, चित्तौड़-उदयपुर पाटनामा के आधार पर उदयपुर की स्थापना 15 अप्रेल 1553 ई. के दिन की थी, दृष्टव्य, **शोध पत्रिका,** पूर्णांक 220-

21, पृ. 16; जबकि कविराजा संग्रह के अनुसार शहर की स्थापना वि.सं. 1616/ई. 1559 में हुई थी।

11. नैणसी, **ख्यात**, प्रथम, पृ. 33-34

12. दृष्टव्य **फतहनामा**, दृष्टव्य, डॉ. श्रीकृष्ण 'जुगनू' **महाराणा प्रताप का युग** आर्यावर्त संस्कृति संस्थान, दिल्ली, द्वितीय संशोधित संस्करण, 2016, पृ. 265-75।

13. पवन जात की व्याख्या के लिए दृष्टव्य, बी.एल. भादानी, **पिजेन्ट्स आर्टिजन्स एण्ड एन्त्रप्रन्योर्स-इकॉनोमी ऑफ मारवाड़,** रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, 1999, पृ. 137-50

14. नैणसी, ख्यात, प्रथम, पृ. 35

15. वही, पृ. 33-34; नैणसी की अपने ग्रन्थ **ख्यात** लेखन की योजना बहुत विस्तृत थी। उसका मुख्य उद्देश्य उत्तर भारत के लगभग सभी राजपूत राज्यों की उत्पत्ति से लेकर उसके अपने समय तक के इतिहास का क्रमबद्ध इतिहास संकलन था। इसके लिए उसने उसी राज्य के अधिकारी या किसी आधिकारिक व्यक्ति से सम्पर्क करके सामग्री संकलित की थी। प्रथम स्तर पर उसे जैसी सामग्री प्राप्त हुई उसकी प्रतिलिपि करवाता रहा एवं जहां तक सम्भव था जिस स्रोत से जानकारी उपलब्ध होती थी उस स्रोत का नाम अंकित कर देता था। उसकी योजना बाद में उसे पुनर्लेखन द्वारा संयोजित करने की थी जो उसकी आत्महत्या के कारण से नहीं हो पाया। मेवाड़ के इतिहास, भूगोल एवं आर्थिक संसाधनों के बारे में जो सामग्री संकलित की है वह मूल्यवान ही नहीं बल्कि अद्वितीय भी है। उसने मेवाड़ के पहाड़ों, घाटियों, जल स्रोतों, नदियों, शहरों, कस्बों, सिसोदिया राज्य के उत्थान की कहानी, विभिन्न शक्तियों से युद्धों एवं राजपरिवार आदि के बारे में जो सामग्री संकलित की है वह किसी भी मेवाड़ी स्रोत से अधिक महत्त्वपूर्ण है, **नैणसी ख्यात**, प्रथम, पृ. 55-43; डॉ. मनोहर सिंह राणावत, **मुंहणोत नैणसी एवं उसके इतिहास-ग्रन्थ,** राजस्थान साहित्य मंदिर, जोधपुर, 1981; विक्रम सिंह अमरावत, **ख्यात साहित्य और इतिहास लेखन**, इतिहास अनुसंधान संस्थान, चौपासनी, जोधपुर, 2017, पृ. 81-83

प्रोफेसर (डॉ.) बी.एल. भादानी
रांगड़ी चौक, बीकानेर 334001 (राज.)

❑❑❑

भारतीय इतिहास में 18वीं शताब्दी

• सूरजभान भारद्वाज

भारतीय इतिहास में 18वीं सदी का मूल्यांकन दो बिन्दुओं से किया जा सकता है, पहला, मुगल साम्राज्य के पतन के दृष्टिकोण से और दूसरा भारत में ब्रिटिश राजसत्ता की शुरुआत से। इन घटनाओं का भारतीय राजनीति, समाज और अर्थव्यवस्था पर काफी प्रभाव पड़ा। 18वीं सदी के शुरुआत में मुगल साम्राज्य की Political Economy का क्षेत्रीय शक्तियों में विभाजन होना। दूसरा 18वीं सदी के दूसरे भाग में प्लासी की लड़ाई (1757 ई.) और बक्सर की लड़ाई (1764 ई.) के बाद ब्रिटिश सत्ता की शुरुआत के साथ-साथ भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था पर काफी प्रभाव पड़ा। इतिहासकारों ने इन दोनों पहलुओं को अध्ययन का विषय बनाया है और अलग-अलग ढंग से इनकी व्याख्या की है मुगल साम्राज्य के पतन के बाद सामाजिक और आर्थिक बदलाओं की प्रकृति क्या थी? अलीगढ़ स्कूल के इतिहासकारों का मानना है कि मुगल साम्राज्य के पतन से जिस प्रकार सामाजिक व आर्थिक हालात बने, उनके परिणाम स्वरूप क्षेत्रीय शक्तियों का उदय हुआ था। दूसरी तरफ कैम्ब्रीज स्कूल के इतिहासकारों ने ठीक इसके विपरीत अपनी दलील पेश की। उनके अनुसार भारत में क्षेत्रीय शक्तियों के उदय के कारण ही मुगल साम्राज्य धराशायी हुआ था। दोनों तरह की धारणाओं ने 18वीं सदी को बहुत ही महत्त्वपूर्ण और रोमांचकारी बना दिया। इसी तरह से 18वीं सदी को आर्थिक दृष्टिकोण से भी अलग-अलग धाराओं में समझा गया है। इरफान हबीब का मानना है कि मुगल साम्राज्य भारतीय उपमहाद्वीप में एक बड़े भू-भाग में फैला हुआ था। मुगल साम्राज्य के केन्द्रीय प्रशासनिक ढांचे में कुछ ऐसी विशेषताएं थीं जैसे राजनैतिक एकता, केन्द्रीय प्रशासन व भूराजस्व व्यवस्था आदि। भूराजस्व प्रणाली के अन्तर्गत अधिकांश इलाकों से किसानों द्वारा पैदा किया गया कृषि उत्पाद से भूराजस्व को इकट्ठा किया जाता था, जिसके कारण आर्थिक विकास की गति

को काफी बढ़ावा मिला। अर्थात् कृषि उत्पाद से ही प्राप्त भूराजस्व ही मुगल साम्राज्य की अर्थ व्यवस्था की रीड की हड्डी की तरह काम करती थी। इसी कृषि आमदनी पर ही मुगलों की सैन्य व्यवस्था टिकी हुई थी। इरफान हबीब का कहना है कि पूर्व-उपनिवेशिक भारत में शहरी अर्थ व्यवस्था काफी हद तक गैर-कृषि अर्थात् दस्तकारी उत्पादन पर आधारित व्यापार व व्यापारिक पूंजी पर निर्भर करती थी। यह मुख्य रूप से कृषि आधिक्य (surplus) जिसे इकट्ठा करके भू राजस्व के रूप में मुगल अमीर वर्ग शहरों में खपत करता था। अर्थात् मुगल शहरी अर्थव्यवस्था का विकास काफी हद तक मुगल अमीर वर्ग की गतिविधियों पर केन्द्रीत केन्द्रित होता था। जब अठारहवीं सदी के प्रारंभ में कृषि संकट के कारण मुगल साम्राज्य का पतन हो गया, तब इसके साथ-साथ मुगल अमीर वर्ग का भी पतन हो गया। इससे उस पूरे प्रक्रम को धक्का लगा जिससे शहरी अर्थ व्यवस्था का विकास हो रहा था। चूंकि मुगल अर्थ व्यवस्था काफी हद तक कृषि उत्पादन पर आधारित थी, कृषि संकट के कारण मुगल साम्राज्य भी धराशायी हो गया। कृषि संकट ने मुगल साम्राज्य की अर्थ व्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित किया। इरफान हबीब का मानना है कि भू राजस्व की ऊंची मांग ने किसानों का बुरी तरह से शोषण किया। जिसके कारण किसानों में बड़े पैमाने पर असन्तोष हुआ। किसानों ने मुगल साम्राज्य के खिलाफ अनेक विद्रोह किये। किसान गाँव छोड़कर भाग गये, जिससे कृषि लायक भूमि बगैर जोते पड़ी रही। इससे मुगल साम्राज्य के लिए कृषि संकट पैदा हो गया। इससे अमीर वर्ग के लिए अपने सैन्य बल को बरकरार रखना मुश्किल हो गया। मुगल साम्राज्य के पतन के साथ-साथ अमीर वर्ग भी बिखर गया। इससे आर्थिक विकास रुक गया और व्यापार व व्यापारिक पूंजी बुरी तरह से प्रभावित हुई। इसलिए इरफान हबीब ने 18वीं सदी के पुवार्ध का काल 'अन्धकारमय' काल माना है, यह पूरी तरह से राजनैतिक अराजकता का काल मानता है जिसमें व्यापार व व्यापारिक रास्ते असुरक्षित हो गये थे। मुगल साम्राज्य के आर्थिक पतनशील और राजनैतिक अराजकता के वातावरण में क्षेत्रीय शक्तियां अवध बंगाल और हैदराबाद नबाबों का उदय हुआ।

इस तरह से इरफान हबीब 18वीं सदी को आर्थिक पतन और अराजकता से भरी हुई मानते हैं। वे आगे लिखते हैं कि मुगल साम्राज्य के पतन के बाद जिस प्रकार की क्षेत्रीय शक्तियों का उदय हुआ था, उन्होंने कोई नई व्यवस्था या प्रशासनिक ढांचा तैयार नहीं किया था। बल्कि उनके द्वारा पैदा की गई अराजकता व उदासीनीकरण ने विदेशी ताकतों के लिए द्वार खोल दिये।

हालांकि 18वीं सदी को पतनशील व अन्धकारमय युग की संज्ञा देने वाले ब्रिटिश इतिहासकार जेम्स मिल पहले व्यक्ति थे। इसके पीछे उनके अपने उपनिवेशिक हित जुड़े हुए थे। वे 18वीं सदी की छवि को इस प्रकार से पेश करके अपने ब्रिटिश प्रशासन की छवि को कानून एवं व्यवस्था के नाम से उचित सिद्ध करना चाहते थे। सतीशचन्द्रा के अनुसार 18वीं सदी आर्थिक पतन का काल नहीं मान सकते। उनके अनुसार मुगल साम्राज्य के पतन के बाद जो इलाका नवाबों व मराठों के अन्तर्गत आया, वहां पर उन्होंने मुगल प्रशासनिक ढांचे की तरह ही ढांचा बनाया और उन्होंने अपने अपने इलाकों में कृषि व व्यापारिक ढांचे को काफी बढ़ावा दिया। इसलिए सतीश चन्द्रा 18वीं सदी को आर्थिक गिरावट व अराजकता के रूप में नहीं देखते उनका मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था व सामाजिक ढांचे में बदलाव 19वीं सदी के प्रारम्भ के दौर से शुरू हुआ। सतीशचन्द्रा मुगल साम्राज्य के पतन से सम्बन्धित भी वे इरफान हबीब से सहमत नहीं है। उनके अनुसार मुगल साम्राज्य का पतन जागीरदारी संकट के कारण हुआ। उनके अनुसार मनसबदारों की संख्या में लगातार बढ़ रही थी, दूसरी तरफ उनको तनखाह के बदले जागीरें मिलनी थीं उनमें बढ़ोतरी नहीं हो रही थी। इससे मनसबदारों में जागीर पाने की होड़ लग गई। खाफी खां के अनुसार जागीरों की हालत ऐसे बन गई जैसे 'एक अनार सौ बीमार'। इससे मुगल दरबार में मनसबदारो में गुटबाजी को जन्म दिया। स्थिति यह बन गई कि हर कोई मनसबदार किसी न किसी गुट का सदस्य होता था।

इससे मुगल बादशाह की ताकत कमजोर होती चली गई। दूसरी तरफ जागीरों की कमी के कारण मनसबदारो में असन्तोष बढ़ने लगा। इससे मुगल साम्राज्य के आर्थिक व प्रशासनिक ढांचे पर बुरा प्रभाव पड़ा। मुगल बादशाह जागीरदारी संकट को हल करने में पूरी तरह से विफल रहे। परिणामस्वरूप बंगाल, अवध व हैदराबाद के अमीरों (नबाब) ने अपने आपको स्वतन्त्र घोषित कर अलग-अलग राज्य बना लिए। इसके साथ-साथ जमींदारों के विद्रोहों के परिणाम स्वरूप मराठा, सिक्ख व जाट राज्यों की स्थापना हुई और इस तरह से मुगल साम्राज्य बिखर गया। अतहर अली ने इस बदलते हुए परिवेश को इस प्रकार से परिभाषित किया है। बंगाल, अवध व हैदराबाद के नवाब पहले मुगल मनसबदार ही होते थे, जिन्होंने मुगल बादशाह की राजनैतिक कमजोरी का फायदा उठाकर अपने-अपने स्वतन्त्र राज्य बना लिए थे। जिन्होंने अपने प्रशासनिक ढांचे को मुगल साम्राज्य के प्रशासनिक ढांचे की नकल करके बनाया था। दूसरी तरह के राज्य जाट, मराठा व सिक्ख ज़मीदारों ने बनाये थे जो पहले

मुगल साम्राज्य में ज़मीदार थे। सिलिए मुगल साम्राज्य के विघटन के बाद जिन शक्तियों ने नये-नये राज्यों का निर्माण किया था, वे सभी मुगल साम्राज्य के जागीरदार व ज़मींदार थे, इसलिए उन्होंने कोई नई व्यवस्था या ढांचा तैयार नहीं किया था।

अतहर अली मुगल साम्राज्य के पतन की प्रक्रिया को ग्लोबल ढांचे से जोड़ कर देखते हैं। उनका मानना है कि 18वीं सदी में तीन बड़े साम्राज्यों का बिखराव हुआ। मुगल साम्राज्य, सफाविद साम्राज्य (इरान) और आटोमन साम्राज्य (टर्की) इन तीनों साम्राज्यों का पतन लगभग एक ही साथ हुआ था।

इन तीनों साम्राज्यों का पतन इसलिए हुआ कि 18वीं सदी में इन साम्राज्यों ने अपने विकास के लिए या उत्पादन बढ़ाने के लिए न तो नई तकनीकी का विकास किया और न ही अपनाया। उनका कहना है कि 18वीं सदी में पश्चिमी यूरोप में जिस प्रकार अलग-अलग क्षेत्रों में विकास हो रहा था, उनकी नकल करने या अपनाने में इन साम्राज्यों का नकारात्मक रवैया रहा है। अतहर अली का मानना है कि 17वीं सदी तक मुगल साम्राज्य यूरोपीयन साम्राज्यों से ज्यादा सक्षम, शक्तिशाली और आर्थिक दृष्टि से उन्नतशील था। मगर 18वीं सदी में मुगल साम्राज्य कमजोर होता चला गया। दूसरी तरफ पश्चिमी साम्राज्यों में तेजी से विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में बदलाव हो रहे थे, जिसके कारण यूरोपीयन व्यापारिक शक्तियों के मुकाबले कमजोर होता चला गया। अर्थात् मुगल साम्राज्य ने नई तकनीकी को अपनाने व नकल करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। मुगल साम्राज्य की व उसके अमीर वर्ग की बढ़ती हुई मांग आर्थिक संकट से पूरी नहीं हो रही थी। इस तरह का संकट आटोमन और सफाविद साम्राज्यों का भी रहा। इसलिए 18वीं सदी में मुगल साम्राज्य द्वारा नई तकनीकी न अपनाने से उत्पादन क्षमता घटती चली गई। अतहर अली इसे 'सांस्कृतिक असफलता' और 'ज्ञान' की सूक्ष्मता मानते हैं। इसलिए 18वीं सदी को अतहर अली पतनशील और सांस्कृतिक असफलता मानते हैं।

कैम्ब्रीज स्कूल के इतिहासकार सी.ए. बेली की समझ 18वीं सदी पर अलीगढ़ स्कूल के इतिहासकारों से ठीक विपरीत है। इसी सन्दर्भ में मुज्जफर आलम की राय भी बेली से मिलती जुलती है। दोनों का मानना है कि मुगल शासक वर्ग के पतन के बाद क्षेत्रीय राज्यों में एक नये शासक वर्ग का उदय हुआ, जिसने बड़ी पूंजी और सम्पन्नता अर्जित कर ली थी। दोनों ने 18वीं सदी में मुगल साम्राज्य के पतन के बाद सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक बदलाओं को नये सम्पन्न वर्गों के उदय से जोड़ा है।

बेली और मुज्जफर आलम द्वारा उठाये गये सवालों का तर्कसंत कुछ ठीक वैसा ही है जैसा कि फिलिप काल्फिन ने 1970 में जरनल ऑफ एशियन स्टडीज में 18वीं सदी पर अपने लेख में लिखा था कि मुगल साम्राज्य के पतन के बाद क्षेत्रीय राजनीति के कारण नये-नये स्थानीय अमीर और समूह उभरकर आये जिन्होंने अपने-अपने इलाकों का प्रतिनिधित्व किया। बेली का शोध का मुख्य क्षेत्र उत्तरी भारत अठारहवीं सदी उत्तरार्द्ध एवं प्रारम्भिक उन्नीसवीं सदी रहा है जो मुख्य रूप से ब्रिटिश सत्ता के प्रारम्भिक विस्तार का काल रहा है। जबकि मुज्जफर आलम के शोध का समयकाल 18वीं सदी का प्रारम्भिक (पूर्वार्द्ध) काल रहा है। उनके क्षेत्र पंजाब और अवध दो महत्त्वपूर्ण मुगल साम्राज्य के सूबे रहे हैं। बेली मुगल साम्राज्य को केन्द्रीकृत राज्य न मानकर एक बुल्डोजर स्टेट के रूप में देखते हैं। उनके अनुसार भारत में औपनिवेशिक सत्ता की स्थापना व्यापारिक समुदाय व ज़मींदार वर्ग के ईस्ट इंडिया कम्पनी के साथ समझौते के परिणाम स्वरूप हुआ। बेली के अनुसार मुगल साम्राज्य हिन्दू ज़मींदार, किसान, व्यापारी, राजे रजवाड़े और स्थानीय वर्गों को अपने साथ पूरी तरह से आत्मसात नहीं कर पाया था। इसलिए मुगल साम्राज्य के पतन के बाद में सभी समूह खुलकर अपनी पहचान के साथ उभरे और उन्होंने भारत में नई ब्रिटिश सत्ता के साथ समझौता किया और सहयोगी बन कर नई राजसत्ता की स्थापना की। बेली के अनुसार भारत में औपनिवेशिक सत्ता की स्थापना अंग्रेजों द्वारा हिंसा करके जोर-जबरदस्ती का परिणाम नहीं था। बल्कि इसकी स्थापना समझौते के परिणाम स्वरूप हुई। इसलिए 18वीं सदी भारत में कोई त्रासदी या अन्धकारमय नहीं थी, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास की सदी थी। बेली और मुज्जफर आलम का मानना है कि मुगल साम्राज्य के पतन के बाद एक नये सम्पन्न सामाजिक वर्ग का विकास हुआ, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में कृषि और व्यापार को बढ़ावा दिया। सतीश चन्द्रा भी 18वीं सदी के पूर्वार्द्ध को आर्थिक और सामाजिक पतन का कारण नहीं मानते। उनका मानना है कि इस समय में नये सामाजिक वर्ग और भिन्न-भिन्न भूस्वामी वर्ग और भी ज्यादा मजबूती से उभरकर आये। इसलिए 18वीं सदी देहाती विशेषाधिकार वर्ग (ज़मींदार) के लिए उत्थान की सदी थी, जो अपनी पहचान को और भी मजबूती से बना पाये। दूसरी तरफ असीम दास गुप्ता भी 18वीं सदी को आर्थिक गिरावट के रूप में देखते हैं। उनके अनुसार इस आर्थिक गिरावट के कारण ही सूरत बन्दरगाह का पतन हुआ था। जादुनाथ सरकार ने 18वीं सदी को ठहराव, पतनशील और अस्तव्यस्तता की सदी के रूप में चित्रित किया है।

इतिहासकार में 18वीं सदी की निरन्तरता व परिवर्तन से सम्बन्धित विषय पर भी बहस जारी है। प्रश्न यह है कि क्या 18वीं सदी को एक ही यूनिट या ईकाई मानकर अध्ययन करना चाहिए या फिर पूर्वार्द्ध को उत्तरार्द्ध से अलग करके 18वीं सदी का अध्ययन होना चाहिए। इरफान हबीब और अतहरअली का मानना है कि 18वीं सदी को दो भागों में बांटकर इसका ऐतिहासिक विश्लेषण करना चाहिए। 18वीं सदी का पूर्वार्द्ध मुगल साम्राज्य के पतन से जुड़ा हुआ है, जिसमें कृषि विद्रोह हुए और मुगल साम्राज्य को घोर कृषि संकट का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन, व्यापार और वाणिज्य पर बुरा प्रभाव पड़ा। इसके साथ-साथ मुगल संस्थाओं (भू लगान व्यवस्था, मनसबदारी/जागीरदारी और मुगल अमीर वर्ग जैसी संस्थायें) का भी पतन हो गया था। इसलिए 18वीं सदी का पूर्वार्द्ध एक अन्धकारमय और अराजकतावादी युग था। यह काल प्लासी की लड़ाई (1757 ई.) और बक्सर की लड़ाई (1764 ई.) तक माना जाता है। इसके बाद ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी ने एक नई सत्ता की शुरुआत की अर्थात भारत में औपनिवेशिक प्रशासन की शुरुआत होती है, जिसने मुगलकालीन अर्थव्यवस्था व राजनीति को पूरी तरह से तहस-नहस करके एक नई सत्ता की शुरुआत की। इसलिए 18वीं सदी का दूसरा भाग (उत्तरार्द्ध) राजनैतिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से पहले वाले भाग से पूर्णतया भिन्न था। इससे औपनिवेशिक इतिहास की शुरुआत होती है। इसलिए इरफान हबीब और अतहर अली की समझ साफ है कि 18वीं सदी को एक इकाई के रूप में नहीं समझा जा सकता। दूसरी तरफ सी.ए. बेली, मुज्जफर आलम, तपनराम चौधरी और सतीशचन्द्रा 18वीं सदी को एक इकाई के रूप में समझने की बात करते हैं। इनका मानना है कि 18वीं सदी का विभाजन करके अध्ययन नहीं करना चाहिए, इसे निरन्तरता के रूप में समझना चाहिए। इनका कहना है कि कृषि उत्पादन, व्यापार और वाणिज्य में गिरावट नहीं आई, क्योंकि मुगल साम्राज्य के पतन के बाद भी अवध, बंगाल और हैदराबाद के नबाबों ने अपने-अपने क्षेत्रों में मुगलकालीन प्रशासनिक ढांचे को बरकरार रखा। इनका मानना है कि ब्रिटिश राजसत्ता की स्थापना के बाद भी क्षेत्रीय परिस्थितियों और आर्थिक व सामाजिक परिस्थितियों में कोई खास बदलाव नजर नहीं आते। सतीशचन्द्रा का कहना है कि भारत में आर्थिक व सामाजिक बदलाव 19वीं सदी के पूर्वार्द्ध से माने जाते हैं। इसलिए 18वीं सदी का अध्ययन निरन्तरता के रूप में समझना चाहिए न कि अलग-अलग हिस्सों में बांटकर करना चाहिए।

ISSN 2278-4632

18वीं सदी के दौरान भारतीय संस्कृति के विषय में भी इतिहासकारों में अलग-अलग समझ बनी हुई है। अलीगढ़ स्कूल के इतिहासकारों का मानना है कि मुगल साम्राज्य के पतन के साथ सांस्कृतिक क्षेत्र में गिरावट आई। जैसे भवन निर्माण, संगीत, वादन व चित्रकला आदि कलाओं को राजनैतिक संरक्षण न मिलने से गिरावट आई। क्योंकि इन कलाओं को संरक्षण और उनका विकास मुगल शासक (अमीर वर्ग) से जुड़ा था। मुगल शासकों ने बाहर से आने वाले कलाकारों व चित्रकारों को खूब राजनैतिक संरक्षण दिया। ऐसे लोग मुगल दरबार में लगातार आते रहते थे। जैसे मुगल साम्राज्य का पतन हुआ, वैसे ही कलाकारों व कलाओं को राजनैतिक संरक्षण मिलना बन्द हो गया था। इस तरह से 18वीं सदी में संस्कृति के क्षेत्र में काफी गिरावट आई। 18वीं 19वीं सदियों में आने वाले यूरोपीयन यात्रियों ने भी भारत में धर्म व संस्कृति में गिरावट की बात भी की है। जैसे डेबाईस, फोर्बस एवं बुकानिन आदि ने भारतीय सांस्कृतिक जीवन व धर्म में गिरावट को रेखांकित कर ब्रिटिश सभ्यता की सर्वोच्चता को स्थापित करने का प्रयास किया। हाल ही में कुछ इतिहासकारों ने 18वीं सदी के सांस्कृतिक गिरावट के सिद्धान्त को चुनौती दी है। उनका कहना है कि मुगल साम्राज्य के पतन के बाद भी कलाकारों, संगीतज्ञों एवं विद्वानों को संरक्षण मिलता रहा है। 18वीं सदी में अवध अनेक कलाकारों, संगीतकारों व कवियों का केन्द्र बन गया था जिसके परिणामस्वरूप अनेक शहरों व कस्बों में हिन्दू मुस्लिम सांझा संस्कृति का विकास हुआ। सांस्कृतिक और कला के क्षेत्र में लखनऊ, हैदराबाद और राजपूत राज्यों की राजधानियों में कला व संस्कृति खूब पनप रही थी। लघुचित्र कला राजस्थान में किशनगढ़ और बून्दी, पंजाब के पहाड़ी राज्यों, अवध और दक्कन में काफी विकसित थी।

इसी तरह की लघु चित्रकला 18वीं सदी के उतरार्द्ध में लखनऊ, हैदराबाद और मुर्शिदाबाद में काफी फलफूल रही थी। मुगल बादशाह मोहम्मदशाह के (1719-1748 ई.) शासनकाल में अनेक प्रकार के संगीत के प्रकारों की शुरुआत हुई। खगोल विद्या में महाराजा सवाई जयसिंह का बहुत महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। इससे यह मालूम पड़ता है कि 18वीं सदी में भारतीय परम्परागत संस्कृति फलती-फूलती रही, मगर यौरूपियन तकनीकी व विज्ञान के क्षेत्र में पतनशील रही।

राजस्थान

मुगल साम्राज्य के पतन के बाद राजस्थान के राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन में भी महत्त्वपूर्ण परिवर्तन आये। इसलिए 18वीं सदी के संदर्भ में

राजस्थान के इतिहास के कुछ महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करना आवश्यक है। राजपूत शासक मुगल अमीर वर्ग का महत्त्वपूर्ण हिस्सा होते थे। मुगल सेवा में रहते हुए राजपूत शासकों ने अनेक मुगल संस्थाओं के अनुभव को साझा करते हुए अपने वतन राज्यों के प्रशासनिक ढांचे में बदलाव किये। अर्थात् मुगल प्रशासनिक ढांचे की नकल के आधार पर राजपूत प्रशासनिक ढांचे को भी विकसित किया। जैसे राजपूत जागीरदारी व्यवस्था, अमीर वर्ग और भूराजस्व प्रणाली आदि। राजपूत राजाओं ने जनानी ड्योडी को भी मुगल हरम संस्कृति के अनुसार बनाया। राजपूत शासक मुगलों के मनसबदार होने के कारण उनको मुगल बादशाहों से बड़ी-बड़ी जागीरें मिलती थीं। इन्हें तनख्वाह जागीर कहा जाता था। कई बार तनखाह जागीर उनके अपने वतन जागीर (घरेलू राज्य) से भी बड़ी होती थी। राजपूत शासक अपने परिवार व कुल के राजपूतों को बड़ी संख्या में अपनी तनख्वाह जागीर में रोजगार देते थे। इसके अलावा भी मुगल बादशाह राजपूत राजाओं के परिवार के सदस्यों को भी अलग से मनसब देते थे। इससे राजपूत शासकों को उनके कुल के राजपूत सरदारों से कभी चुनौती नहीं मिलती थी।

राजपूत शासकों ने जब मुगल बादशाहों की अधीनता स्वीकार करली, उसके बाद राजपूत शासकों में आपसी सीमा विवाद, लड़ाई-झगड़े सब खत्म हो गये। क्योंकि मुगल राजपूत सन्धि के अनुसार कोई दूसरे राज्य पर आक्रमण नहीं कर सकता था। इससे राजपूत राज्यों में शान्ति बनी रही और संगठित रूप से राज्यों को प्रशासन चलाने के अवसर मिलें।

मुगल साम्राज्य के पतन के बाद राजपूत शासक अपने-अपने राज्यों में स्वतन्त्र होकर शासन करने लगे और सीमा विस्तार करने लगे। परिणामस्वरूप राजपूत शासकों में फिर से लड़ाई-झगड़े होने लगे। इससे राजपूत राजाओं में एक-दूसरे से ईर्ष्या एवं परिस्पर्धा बढ़ने लगी। राजपूत शासकों ने अपने परिवार व कुल वंश के सरदारों को चाकरी (राज्य सेवा) के बदले पट्टा जागीर देनी शुरू कर दी। यह राजपूतों का परम्परागत तरीका होता था अर्थात् वेतन के बदले पट्टा जागीर दी जाती थी जिसमें गांव आवंटित किये जाते थे। बड़े-बड़े सरदारों को दी जाने वाली पट्टा जागीर ठिकाने कहलाते थे, और इनके पाने वालों को ठिकानेदार कहते थे। इस तरह राजपूत राज्यों को ठिकानों में विभाजित कर दिया गया। ठिकानेदारों को अपने महाराजा को सैनिक दायित्त्व और पेशकश देनी होती थी। इस तरह से राजपूत राजाओं और ठिकानेदारों के बीच सामन्तीय सम्बन्धों का विकास हुआ। इस तरह से राजस्थान में 18वीं सदी में एक नये रूप में

सामन्तवाद को समझा जा सकता है। हालांकि ठिकानेदारों की कृषि से होने वाली आय सीमित होती थी। इनके पास पूंजी का संचय इतना नहीं होता था कि वे स्वतन्त्र रूप से व्यापार व वाणिज्य कर सकें। ज्यादातर ठिकानेदार महाजनों से पैसा उधार लेकर अपना काम चलाते थे।

राजपूत शासकों को अपने राज्यों की भौगोलिक सीमाओं के विस्तार एवं बाह्य आक्रमणों से सुरक्षा के लिए बड़ी सेना की आवश्यकता थी, मगर आर्थिक संकट के कारण वे अपनी सैनिक शक्ति का विस्तार ज्यादा नहीं कर सकते थे। कृषि से होने वाली आय के स्रोत भी सीमित होते थे। व्यापार से भी ज्यादा आमदनी नहीं होती थी, क्योंकि राजस्थान के ज्यादातर इलाके शुष्क व रेतीली भूमि होने के कारण कृषि पैदावार व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत ही कम पूंजी अर्जित की जाती थी। राजपूत राजाओं को ज्यादातर व्यापार से होने वाली आय सीमा शुल्क से होती थी।

एक आकलन के अनुसार बीकानेर और जोधपुर राजाओं को कृषि और व्यापार से होने वाली आय राज्य के खर्च के 60-65 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होती थी। इसलिए राज्य का खर्च चलाने के लिए उन्हें सेठ साहूकारों के कर्ज पर निर्भर होना पड़ता था—इस तरह से राजपूत राज्यों ने अपनी राज्य व्यवस्था चलाने के लिए बहुत-सा धन सेठ साहूकारों से लेना शुरू कर दिया। कर्ज के बदले राजाओं ने सेठ साहूकारों को राज्य की प्रशासनिक जिम्मेदारी भी देनी भी शुरू कर दी तथा साथ-साथ गांवों को भी इजारे पर देना शुरू कर दिया। राज्य की आय को बढ़ाने के लिए किसानों पर अनेक प्रकार के गैर कृषि कर लगा दिये गये जिससे किसानों को आर्थिक हालात और भी दयनीय होती गई। इससे किसानों में राज्य के खिलाफ असन्तोष बढ़ता गया। इस स्थिति के बावजूद भी सेठ साहूकारों (बनिया वर्ग) की आर्थिक स्थिति मजबूत होती गई और राज्य में उनका हस्तक्षेप बढ़ता गया। मारवाड़ राज्यों में बनी हुई विशाल हवेलियां इनकी आर्थिक और सामाजिक हैसियत की साक्षी हैं। बीकानेर और जैसलमेर में बनी हवेलियों की प्रशासनिक और व्यापारिक महता बहुत अधिक होती थी। इनके अलावा बागड़ के इलाके में जैसे झुंझनूं, मंडावा, रतनगढ़, रामगढ़, नवलगढ़, चूरू, रतनगढ़, डूंडलोद, बिसाऊ और मुकन्दगढ़ की हवेलियों की महता वहां के स्थानीय दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता है, ये हवेलियां व्यापारिक गतिविधियों का केन्द्र होती थीं और इनकी भूमिका एक व्यापारिक कस्बे की भांति होती थी। इन हवेलियों का सम्बन्ध स्थानीय मण्डियों और प्रशासन से जुड़ा रहता था। 18वीं सदी में अनेक स्थानीय मण्डियों का विकास हुआ।

19वीं सदी में ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के सहयोग से ठेके सेठ साहूकारों (वैश्य समुदाय) ने अनेक लाभकारी ठेके प्राप्त किये, जिसके परिणामस्वरूप एक सशक्त व्यापारिक समुदाय का विकास हुआ।

18वीं सदी में राजपूत शासकों को सबसे बड़ी चुनौती मराठाओं से मिली। सन् 1750 के बाद मराठों के बढ़ते हुवे राजनैतिक और सैनिक प्रभाव ने राजस्थान के महाराजाओं को सरदेशमुखी और चौथ करों को पेशकश के नाम से चुकाने को बाध्य किया। आर्थिक रूप से इन करों का भार राजपूत शासकों के लिए असहनीय था। फिर भी मराठों की ताकत के सामने राजपूत शासक इन करों को चुकाने के लिए मजबूर थे। सन् 1750 के एक पत्र में जयपुर के कच्छवाह शासक का दीवान शिकायत कर रहा है कि कुछ महीने पहले पेशकश की बड़ी रकम होल्कर (मराठा) को चुकाई थी। अब फिर से उनका मांग पत्र आया है। यदि हम इसकी उगाई रैय्यत (किसानों) से करते हैं, तब रैयति का विश्वास हमसे उठ जायेगा। रैयति कैसे इन करों को चुकायेंगी आखिर। रैयति ही राज्य का आधार होती हैं, राजपूत शासकों के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से मराठाओं की मांग को पूरा करना एक बड़ी चुनौती थी। इसलिए 18वीं सदी राजपूत शासकों के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से संकटमय सदी थी।

सांस्कृतिक दृष्टिकोण से 18वीं सदी राजस्थान के इतिहास में बहुत महत्त्वपूर्ण थी। राजपूत शासकों ने जन साधारण में अपनी राजशाही की छवि को चमकाने के लिए कल्याणकारी कार्य किये जैसे मन्दिर, धर्मशालायें, बावड़ी, तालाब व कुएं बनवाये। धार्मिक कार्यों में विशेष रुचि लेने लगे। बड़े-बड़े वैष्णव मन्दिरों का निर्माण किया गया, साथ-साथ ब्राह्मणों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान व समारोह भी आयोजित करवाए गये। ताकि जनता में उनकी छवि प्रतापी व बड़े-बड़े महाराजाओं की बने। इसी तरह चारण व भाटों के लेखन परम्परा में भी बदलाव देखे जा सकते हैं। चारण व भाटों द्वारा ख्यातों की रचना अपने महाराजा को केन्द्रित करके, घटनाओं को बढ़ा चढ़ाकर की जाने लगे। प्रशासनिक दस्तावेज भी सुचारू रूप से लिखे जाने लगे। इस तरह से एक नये तरह के साहित्य व प्रशासनिक दस्तावेज ने राज्य की अवधारणा बदलने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सन्दर्भ

1. इरफान हबीब 'ऐटिन्थ सेन्च्युरी इन इण्डियन इकनोमिक हिस्ट्री' *प्रोसेडिंग्स ऑफ द इण्डियन हिस्ट्री कांग्रेस,* 1995, पृ. 358-78; द *एग्रेरियन सिस्टम ऑफ*

मुग़ल इण्डिया, दिल्ली 1963; *'स्टडीज कोलोनियल इकानामी विदाउट कोलोनियसिज्म'*, माडर्न एशियन स्टडीज, वाल्यूम 19, भाग 3 जुलाई, 1985, पृ. 355-81

2. एम. अतहर अली, 'द एटीन्थ सेन्च्युरी : एन इन्टरप्रिटेशन' *इण्डियन हिस्टोरिकल रिव्यू,* 5 (1-2), 1978-79 पृ. 175-86; 'द पासिंग ऑफ अम्पायरः द मुगल केस' *माडर्न एशियन स्टडीज* 9(13) 1975, पृ. 385-96
3. सतीश चन्द्र, *पार्टीज एण्ड पालिटिक्स एट द मुग़ल कोर्ट* 1707-40, अलीगढ़ 1959; 'रिव्यू ऑफ द क्रासिस ऑफ द जागीरदारी सिस्टम' *मेडिवल इण्डिया, सोसायटी,* द *जागीरदारी क्रासिस एण्ड* द *विलेज,* दिल्ली 1982, पृ. 61-75
4. सी.ए. बेली, *रूलर्स, टाउन्समेन एण्ड बाजार्स : नार्थ इण्डियन सोसायटी इन द एज ऑफ ब्रिटिश एक्सपेन्शन* 1770-1870, कैम्ब्रीज, 1983ः सी.ए. बेली एवं संजय सुब्रमन्यम, 'पोर्टफोलियो केपिटलिस्ट एण्ड द पॉलिटिकल इकानामी ऑफ अर्ली माडर्न इण्डिया' *आई.ई.एम. एच.आर,* वाल्यूम 25 नं. 4, 1988 पृ. 401-24
5. मुज़फ्फर आलम, द *क्रासिस ऑफ अम्पायर इन मुग़ल नार्थ इण्डिया; अवध एण्ड पंजाब* 1707-1748. दिल्ली 1986; मुजफ़्फर आलम एण्ड संजय सुब्रमण्यम, द *मुग़ल स्टेट* 1526-1750, दिल्ली 1998
6. अशिन दास गुप्ता, *इण्डियन मर्चेन्ट्स एण्ड* द *डिकलाईन ऑफ सूरत* सी 1700-1750 वेसबेडेन, 1979
7. करेन लियोनार्ड, 'द *ग्रेट फर्म थ्योरी ऑफ* द *डिकलाईन ऑफ मुग़ल एम्पायर', कम्परेटिव स्टडीज इन हिस्ट्री एण्ड सोसायटी* में प्रकाशित, वाल्यूम 21, नं. 2, 1979, पृ. 161-67
8. डेविड लुडेन 'कास्ट सोसायटी एण्ड यूनिट्स ऑफ प्रोडक्शन इन अर्ली माडर्न साउथ इण्डिया' *इन्स्टिट्यूशन एण्ड इकनोमिक चेंज इन साउथ एशिया* में प्रकाशित सं. बर्टन स्टाईन एण्ड संजय सुब्रमण्यम, दिल्ली 1996, पृ. 105-33.
9. जादुनाथ सरकार, *फॉल ऑफ* द *मुग़ल एम्पायर* 4 भाग, कलकत्ता 1932, पुनर्मुद्रण बम्बई 1971-75
10. फिलिप कलिकन्स, 'द फारमेशन ऑफ ए रीजनल ओरियन्टल रूलिंग ग्रुप इन बंगाल 1700-1740' *जरनल ऑफ एशियन स्टडीज* में प्रकाशित, भाग 29 (4), 1970, पृ. 799-806
11. बारनेट *बी. रिचर्ड, नार्थ इण्डिया विचविन एम्पायर्स : अवध* द *मुगल्स एण्ड* द *ब्रिटिश* 1720-1801, बर्कले 1980

12. पी.जे. माशर्ल, बंगाल : द *ब्रिटिश ब्रिजहैड इस्टर्न इण्डिया* 1740-1828, केम्ब्रीज 1787
13. सुशील चौधरी, *फ्राम प्रोस्परिटी टू डिकलाईन : एटिन्थ सैन्च्यूरी बंगाल*, दिल्ली 1995
14. आन्द्रेविंक, *लैण्ड एण्ड सोविरेन्टी इन इण्डियाः एग्रेरियन सोसायटी एण्ड पोलिटिक्स अंडर द एटिन्थ सैन्चुरी मराठा स्वराज्य*, केम्ब्रीज, 1986
15. फ्रेन्क पर्लिन, 'ऑफ वाईट व्हेल्स एण्ड कन्ट्रीमेन इन द एटीन्थ सैन्च्युरी मराठा डक्कन' *जरनल ऑफ एशियन स्टडीज* में प्रकाशित, 5, 1979, पृ. 239-72
16. घनश्याम लाल देवड़ा, *राजस्थान इतिहास के अभिज्ञान रूप*, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर 2010
17. *एटीन्थ सैन्च्युरी* सं. सीमा अल्वी, आक्सफॉर्ड, दिल्ली 2003

सूरजभान भारद्वाज

हाऊस नं. 948

सैक्टर नं. 31

गुरूग्राम हरियाणा

❑❑❑

प्रासाद वास्तु-उद्भव, विकास, चर्मोत्कर्ष तथा शैलियों का आंकलन

• डॉ. रीतेश व्यास

भारतीय स्थापत्य के स्वरूप और प्रकृति की बात की जाए तो एक विस्तृत व्याख्या भी सूक्ष्म लगेगी। स्थापत्य के निर्माण और वास्तु को केन्द्रित कर अध्ययन किया जा सकता है। प्राचीन भारतीय वांगमय में वास्तु को निर्माण का आधार माना गया है। यदि वास्तु की अनुपालना ना करके निर्माण किया गया या हुआ है तो उसके दुष्परिणाम होने की संभावना व्यक्त की गई है। भारतीय वास्तु में भवन निर्माण प्रारम्भिक सीढ़ी है, जिसके कई पायदान हैं, जैसे तालाब, कुएं, बावड़ियां, छतरियां, छोटे-छोटे स्वरूप हैं तो किले, महल और मन्दिर (प्रासाद) इसके बड़े स्वरूप हैं। इसका अध्ययन करना ही भारतीय वास्तु शास्त्र का अध्ययन माना गया है।

हिन्दू मन्दिर भारतीय वास्तु शास्त्र और वास्तुकला का सर्वस्व है। मन्दिर यज्ञ वेदी से प्रारम्भ होकर शिखर-शिखा पर समाप्त होता है। प्रासाद शब्द में **प्रकर्षेण सादनम्** की परम्परा है, जो सबसे पहले वैदिक चित्ति के कलेवर-निर्माण में काम में की गई थी और वही बाद में हिन्दू मन्दिरों के निर्माण की पृष्ठभूमि बनी।[1] वास्तुकला के प्रमाण पत्थर आदि चिरस्थाई द्रव्यों से निर्मित होने के कारण सदियों तक हमारे सांस्कृतिक विकास को निर्देश देने के साथ-साथ सांस्कृतिक वैभव का प्रत्यक्ष इतिहास भी उपस्थित करते है। प्रत्येक क्षेत्र की वास्तु कृतियों में तत्कालीन जाति एवं देश की विशेषताओं की छाप भी रहती है और हमारे भारतीय वास्तु कला की सर्वप्रमुख विशेषता उसकी आध्यात्म निष्ठा है। भारत की वास्तु कला विशेषकर मन्दिर-निर्माण में पनपी, आगे बही और उनके शिखर की तरह ऊंची उठी।

मन्दिर स्थापत्य सिर्फ हमारी धार्मिक चेतना और विश्वास को मूर्त रूप प्रदान करने, प्रतीकों की कल्पना करना ही नहीं बल्कि देश के दर्शन एवं पुराण में

प्रतिष्ठापित तत्त्वों के रहस्यों को खोलना भी है। कहा जाता है कि मन्दिरों के निर्माण में जन सामान्य की धार्मिक चेतना की निष्ठा में देव मिलन की भावना ही प्रमुख है।[2] मन्दिर की पीठ उसका कलेवर एवं उसका आकार एवं विस्तार सभी इस भावना के प्रतीक हैं। सम्भव है इस अध्ययन के दौरान हम यह भी महसूस करें कि जिस पूजा भावना से हमारे पूर्वजों ने पत्थरों और अन्य सामग्रियों से पूजागृहों का निर्माण किया था वही भावना हमेशा जागरूक रही या उसमें बढ़ोतरी होती गई।

इसमें कोई दो राय नहीं कि मन्दिर ऊंचे शिखर की भांति मनुष्य ने हमेशा श्रेष्ठ को ही चुना, इसलिए मन्दिर का शिखर, बिन्दु में अवसान प्राप्त करता है और वहीं मनुष्य और देवता का मिलन होता है। इसके पीछे एक धार्मिक-व्यावसायिक दृष्टिकोण भी है, जो जन धर्म की आस्था का परिचायक है।

मन्दिर वास्तु को समझने के लिए उसकी पृष्ठभूमि के उन तथ्यों को भी उजागर करना हैं, जिनके सुदृढ़ कन्धों पर मन्दिर की विशाल शृंखलाओं का निर्माण हुआ है। मन्दिर स्वयं लौकिक ही नहीं, बल्कि अलौकिक व आध्यात्मिक की मूर्त व्याख्या है। **शताब्दियों की सांस्कृतिक प्रगति के संघर्ष से जो अन्त में निष्कर्ष निकला वही हिन्दू-मन्दिर है।**[3]

इसी प्रकार प्रासाद वास्तु की पृष्ठभूमि के उन प्राचीन गर्तों व आवर्तों को खोजना है, जिनके सुदृढ़ एवं सनातनी, ओजस्वी और शान्त स्कन्धों पर हिन्दू प्रासाद की विशाल शिलाओं का निर्माण हुआ है। हिन्दू प्रासाद, हिन्दू संस्कृति, धर्म एवं दर्शन, प्रार्थना, मन्त्र एवं तन्त्र, यज्ञ एवं चिन्तन, पुराण एवं काव्य, आगम एवं निगम का पूंजीभूत मूर्तरूप है। भारतीय मन्दिर निर्माण लौकिक कला पर आधारित नहीं है। सत्य तो यही है कि मन्दिर स्वयं लौकिक नहीं, वह अलौकिक व आध्यात्मिक तत्व की मूर्तिमती व्याख्या है।

भारतीय जीवन सदैव आध्यात्म से प्रेरित रहा है। जीवन की सफलता में लौकिक अभ्युदय की अपेक्षा परलौकिक विश्वास ही सर्वप्रधान रहा। प्रार्थना, मंत्रोचार, यज्ञ, चिन्तन-ध्यान, योग, वैराग्य, जप-तप, पूजा-पाठ, तीर्थ-यात्रा, देव-दर्शन, मन्दिर-निर्माण और परम्पराओं ने सनातन काल से साधना-पथ पर पाथेय का काम किया है। यह सही है मनुष्य ने स्वयं को पशुता से बचाने के लिए धर्म के प्रति अपनी जिज्ञासा को बनाए रखा। प्रत्येक मनुष्य का बौद्धिक स्तर, मानसिक क्षितिज एक जैसा नहीं होता, इसी कारण उसका आध्यात्मिक स्तर भी समान नहीं होता। इसीलिए उसके बौद्धिक स्तर के आधार पर साधना

के विभिन्न साधना मार्गों का निर्माण हुआ। मार्ग अनेक अवश्य थे लेकिन लक्ष्य एक ही है और वो है देव प्राप्ति। देश काल परिस्थितियों ने यद्यपि देव प्राप्ति के अनेक मार्ग प्रशस्त कर दिए हैं, लेकिन वर्तमान दौर में देव-पूजा, देव-प्रतिष्ठा एवं देवालय निर्माण भारत की सर्वाधिक प्रशस्त, व्यापक एवं सर्व लोकोपकारी संस्था मानी गई।

मन्दिर निर्माण को तीन दृष्टिकोण से देख सकते हैं—**कलात्मक, दार्शनिक** और **धार्मिक**।[4]

धार्मिक दृष्टिकोण में कुएं, तालाब, मन्दिर आदि की परोपकार्य परम्परा, दूसरी इसका जनमानस, राजाओं एवं सम्पन्न व्यक्तियों पर प्रभाव तथा उसके आशय से इस संस्था का उद्धार भी हो जाता है। राजाओं के संरक्षण से विस्तार होना भी शामिल है। जिससे विशाल और भव्य मन्दिरों का निर्माण हो सका तथा तीर्थ यात्रा के उद्देश्य को पूरा किया जा सका और नए स्थलों को प्रतिष्ठा मिली।

मन्दिर निर्माण वास्तुकला (स्थापत्य) का महत्त्वपूर्ण अंग है। **प्रासाद** शब्द वैसे तो जन साधारण में राजाओं, राजवंशों के सदस्यों एवं श्रेष्ठि वर्ग के महलों के लिए प्रयुक्त होता है, लेकिन वास्तु शास्त्रीय परिभाषा में राज शब्द जोड़ने से वह राजमहल का द्योतक हो जाता है, इसलिए संक्षेप में प्रासाद शब्द परम्परा से देवमन्दिरों एवं राजमहलों—दोनों के लिए प्रयुक्त हुआ है।[5]

प्रासाद शब्द विशाल (देव मन्दिरों), देवालयों एवं क्षुद्रमण्डपों जहां किसी भी देव या शिवलिंग की स्थापना होती है, दोनों के लिए प्रयुक्त होता है। इस शब्द के अर्थ में उत्तुंग राजभवन एवं साधारण भवन दोनों सम्मिलित है। पुराणों, आगमों, रामायण तथा महाभारत आदि विभिन्न साहित्यिक ग्रंथों के साथ-साथ अभिलेखों एवं बौद्ध धार्मिक साहित्य आदि के विभिन्न संदर्भों में प्रासाद शब्द का अनेक स्थानों पर प्रयोग हुआ है। प्रासाद शब्द का विशुद्ध एवं एकांगी प्रयोग देवमन्दिर के लिए ही पुराणों में हुआ है। दक्षिण भारत में मन्दिर के लिए **विमान शब्द** का प्रयोग हुआ है। **समरांगणसूत्रधार** में तो प्रासाद शब्द का एक मात्र अर्थ देवमन्दिर ही है। **ईशानशिवगुरुदेव पद्धति** के 12वें अध्याय के 16वें श्लोक में प्रासाद की व्याख्या करते हुए लिखा है कि 'देवमन्दिर प्रासाद का स्वरूप शिव तथा शक्ति की उभयात्मक सत्ता का द्योतक है। अथवा इसके स्वरूप में प्रारम्भिक तत्व जैसे वसुधा आदि से लेकर शक्ति तक सभी तत्त्वों का समावेश है। इस प्रकार प्रासाद रूपी यह देव मन्दिर शैवी मूर्ति के नाम से चरितार्थ होता है। अतः यह प्रासाद ध्यान एवं पूजा दोनों के लिए योग्य है।[6]

प्रासाद सम्बन्धी विवरण जैसा सूत्रग्रंथों में मिलता है उनका सम्बन्ध वेदी वातावरण से है। शखायन श्रौतसूत्र में जिस प्रासाद का उल्लेख मिलता है उसका अर्थ प्रोन्नत पीठ (Raised Platform) है। बाद में यही पीठ (जगती के रूप में) विशालकाय प्रासाद का आधार बनी—

संस्थिते मध्यमें हन्याहवनीयमभितो विक्षु प्रासाद्न वितन्वन्ति।[7]

यही पीठ सजधज कर विभिन्न पुरुषाकृति वास्तु अवयवों से अलंकृत एवं निर्मित होकर देव आवास के रूप में परिणत हो गया।

विमान और प्रासाद

विमान और प्रासाद देव मन्दिर के ही प्रतीक के रूप में प्रयोग लिए गए शब्द हैं। प्रासाद शब्द की उत्पत्ति की दृष्टि से दो अर्थ निकलते हैं—

प्रकर्षेण सादनम् स्थापनम् आच्छादन वा (Piling up of vedic altar) **तथा प्रसाद एवं प्रासाद** (Pleasing)।[8]

प्रासाद-प्रसन्नता—वह भवन विशेष जो अपने सौन्दर्य एवं अपनी ओजस्विता तथा आकर्षण के कारण मनुष्य जगत एवं देवों दोनों के लिए **सत्य-शिव-सुन्दर** की धार्मिक भावना का प्रतीक बना।[9]

देवादीनां नराणां च येषु रम्यतया चिरम्।
मनांसि च प्रसीदन्ति प्रासादास्तेन कीर्तिता।।[10] शिल्परत्न

अर्थात् जिन भवन विशेषों में प्रस्तर-शिलाओं, इष्टकाओं तथा सुधा एवं वज्र लेप आदि दृढ़ वास्तु-संभारों से स्थायित्व प्रदान करने वाले वास्तु-सौन्दर्य की चिर प्रतिष्ठा संस्थापित हो चुकी है और इसी सौन्दर्य के कारण ये भवन देवादिक एवं मनुष्य दोनों के मन को प्रसन्न करते हैं। अतः भवन प्रसाद कहलाते हैं।[11]

साहित्यिक साक्ष्यों के अलावा पुरातात्त्विक स्रोतों से भी प्रासाद का उल्लेख मिलता है। दूसरी शताब्दी ईसापूर्व के शिलालेख[12] में भागवत शब्द का उल्लेख उत्तम प्रासाद की ओर संकेत करता है। इसी प्रकार भरहुत[13] के साक्ष्य में वैजयन्त प्रासाद का वर्णन है। वह भी प्रासाद के इतिहास पर प्रकाश डालता है।

समरांगणसूत्रधार में प्रासादों की उत्पत्ति-प्रस्तुति के सम्बन्ध में लिखा है कि देवों, राजाओं तथा ब्राह्मणों आदि वर्णों के जो प्रासाद है, उनकी उत्पत्ति के सम्बन्ध में लिखा है—**अत्यंत प्राचीन परम्परा की बात है, ब्रह्मा ने देवों के लिए**

पांच विमानों की रचना की। ये बड़े ही सुन्दर विशालकाय और आकाशगामी थे। इनके नाम वैराज, कैलाश पुष्पक, मणिक तथा त्रिविष्टक थे। ये सभी सोने के बने थे, मणियों से जड़ित थे। इनके प्रयोग नियोग से वैराज अपने लिए रखा तथा कैलाश शूलपाणि शंकर के लिए, पुष्पक कुबेर या यम के लिए, मणिक पाशी वरूण के लिए तथा त्रिविष्टम सुरराज इन्द्र के लिए प्रकल्पित किया।[14]

विमान शब्द की उत्पत्ति वि उपसर्ग मा धातु के निष्पन्न मान पर आधारित है। मान का तात्पर्य सामान्य रूप से नापना से है, लेकिन वास्तु शास्त्रीय परम्परा में मान या मेय का तात्पर्य एक रचना विशेष से भी है—

यच्च येन भवेद् द्रव्यं मेयं तदपि कीर्त्यते।[15]

विमान उस भवन का नाम दिया गया है जिसको विशिष्ट प्रक्रिया से प्रतिष्ठित किया गया हो और वही भवन विमान के नाम से पुकारा जाता है। शिल्प रत्न में लिखा है—

नानामानविधानत्वाद् विमानं शास्त्रत: कृतम।[16]

मानसार में एक तल से बारह तल के भवनों या देवालयों या राजालयों को विमान कहा गया है। रामायण, महाभारत में भी विमान का तात्पर्य उत्तुंग भवन से है। वास्तुशास्त्रीय परम्परा में विमान को देवभवन के रूप में प्रतिष्ठित करने के पीछे आध्यात्मिक व दार्शनिक पक्ष भी है। वायु पुराण के अनुसार मा मान का तात्पर्य वास्तु-विशेष की सत्ता और स्वरूप प्रदान करना है। यही तथ्य माया शब्द में भी उद्घाटित होता है। माया अव्यक्त की व्यक्त का साधन है और इसका कर्ता स्वयं पुरुष है। पुरुष जो परब्रह्म का प्रथम अविर्भाव है वही मापदण्ड का वाहक भी है। अत: वह विश्व का स्थपति अर्थात् विश्वकर्मा है। इस उन्मेष से विमान अपने सभी अंगों का निर्मिति से निष्पन्न साक्षात् जगत्सृष्टा की आकृति है। अत: वह विश्व है, उसी विश्व की प्रतिकृति अर्थात प्रासाद माना गया है।[17]

संक्षेप में प्रासाद शब्द के अर्थ में यही कहा जा सकता है कि प्रासाद-बहुभूमिक भवन था। वह अन्य भवन रचनाओं से विलक्षण था। इसकी परम्परा बुद्ध से भी प्राचीन है। प्रासाद भवनों में भूमियो तथा शिखरों की रचना अनिवार्य थी और वे उत्तुंग पर्वतों के सादृश्य में प्रशस्ति पाते थे। प्रासाद के शिखर पर आमलक की न्यास परम्परा भी कम प्राचीन नहीं। कई वास्तु ग्रंथों में देवमन्दिर के अर्थ में इस शब्द का प्रयोग मिलता है।

इस प्रकार के उद्धरण के बाद यह भी तय किया जाए कि विमान वास्तु और प्रासाद-वास्तु में क्या अन्तर है। मुख्य रूप से भारतीय स्थापत्य की दो प्रमुख शैलियां हैं—उत्तरी परम्परा और दक्षिणी परम्परा। मन्दिर निर्माण की भी दो शैलियां विकसित हुई—**उत्तर के मन्दिरों का अर्थ—प्रासाद से है और दक्षिण के मन्दिरों का तात्पर्य विमान है।** प्रासादों के शीर्ष को **आमलक** के नाम से पुकारते हैं जबकि विमान के शीर्ष को **स्तूपिका** कहा जाता है। विमानों में गोपुरों एवं मण्डपों का भी निवेश अनिवार्य माना गया है। विमानों की रचना का आधार रथाकृति है और दक्षिण भारत के अधिकांश मन्दिरों में ये ही देखने में आता है। प्रासादों का निर्माण वैदिक चित्ति है।

प्रासाद वास्तु—जन्म, विकास व चर्मोत्कर्ष

मानव के विकास में कई पक्षों ने भूमिका अदा की। सांस्कृतिक विकास के साथ-साथ मानव के रहन-सहन, खान-पान, वेशभूषा उसके आचार विचार तथा ईश्वर की उपासना जैसे कार्य कलापों में भी विकास हुआ। मावन सभ्यता में उसके अदृश्य शक्ति के प्रति समर्पण की भावना प्राचीन काल से चली आ रही है। उसने कभी वृक्षों की पूजा की तथा कभी प्रकृति के सूर्य, चन्द्रमा, आकाश, अग्नि, पहाड़, समुद्र, नदियों आदि के प्रति समर्पण भाव रखा। कभी ऊंचे उठकर मंत्रों-तन्त्रों या अन्य तरीकों से उनका पोषण किया। प्रारम्भ में मनुष्य जंगलों, पहाड़ों, गुफाओं में रहा तो उसका ईष्ट भी वहीं आसपास ही था या वहीं प्रतिष्ठित था। जब उसने अपने-अपने निवास स्थान बना लिए तो अपने इष्ट के आवास भवन भी बनाए।

इस निष्कर्ष पर पहुंचना कि प्रासाद कब बनने शुरू हुए तथा सबसे पहले किसने बनवाया कहना मुश्किल है। विद्वानों के अनुसार वैदिक कालीन आर्य योगकर्म के रूप में भी पूजा करते थे, वह व्यक्तिगत भी था और सामूहिक भी। आर्यों-अनार्यों के संघर्ष के बाद एक निश्चित पूजा कर्म होने लगा। विशुद्ध आर्यों के समाज में प्रायः प्रधान रूप से शिक्षित, मेधावी, चिन्तक तथा शूरवीर एवं व्यापारियों का प्राधान्य था। ये वर्ग या समाज मूर्तिपूजा में न तो विश्वास रखता था और न ही इस परम्परा को अपनाने में उसने जल्दबाजी ही की। आगे चलकर जब उन्होंने अपना समाज संघटित किया— वर्णाश्रम धर्म की प्रक्रिया को प्रतिष्ठित किया तो मूर्ति पूजा की आवश्यकता को भी उन्होंने स्वीकार किया। प्रारम्भ में देवताओं की प्रतिष्ठा साधारण तरीके से अपने आवास गृहों में की और उसे देवागार, देवतायतन, देवकुण्ड देवगृह, कहा गया। बाद में इसमें भी

बदलाव हुआ। देवपूजा, प्रतिमा-प्रतिष्ठा, मन्दिर-निर्माण, तीर्थ व्यवस्था की स्थापना हुई। पुराणों और आगमों की रचना के साथ ही अनेक देवों की प्रतिमा पूजा तथा प्रतिष्ठा के लिए विशेषकर—विष्णु एवं शिव—के देवालयों तथा प्रतिमाओं की स्थापना एवं निर्माण की परम्परा शुरू हुई।

यह एक धार्मिक क्रांति का युग था। **स्वर्गकामो यजते** के स्थान पर **स्वर्गार्थी देवालयं कारयते** की नई चेतना का विकास हुआ। इष्ट के स्थान पर मूर्त की प्रतिष्ठा को विशेष स्थान मिला। ब्राह्मण धर्म के इस नए रूप का प्रचार व्यास-पीठों एवं पुराण-प्रवचनों से देश के एक कोने से दूसरे कोने तक होने लगा। उसके साथ ही मन्दिर निर्माण, देव-प्रतिमा-प्रतिष्ठा, तीर्थ-स्थापना आदि कार्य होने लगे। यह भी कहा गया कि आर्यों ने जिन देवभवनों का निर्माण किया वह भी असुरों के भवनों का ही प्रभाव था।

कृत्वा प्रभूतं सलिलमारामारन्विनिवेश्य च
देवतायतनं कुर्याद्यशोधर्माभिवृद्धये
अश्टापूतेनं लभ्यन्ते ये लोकस्तान् वुभूषता
देवानामालयः कार्यो द्वयमप्यत्र दृश्यते।।[18]

समरांगणसूत्रधार के अनुसार प्रासादों की उत्पत्ति एवं उनका विकास विमानों से हुआ। विमानों के लिए—**वियद्वर्त्म-विचारीणी, श्रीमन्ति, महान्ति** विशेषणों का प्रयोग किया है। इन विमानों का निर्माता ब्रह्मा को बताया गया। श्रीमन्ति का अर्थ शोभा सम्पन्न तथा महान्ति का तात्पर्य–विशाल है। तारापद भट्टाचार्य के अनुसार वास्तु विद्या और वास्तु कला की शैलियों (दक्षिण पथीय व उत्तरा पथीय) में दक्षिण की वास्तु विद्या तथा वास्तु परम्परा या शैली का प्रथम उद्भावक, प्रतिष्ठापक शैली पहले विकसित हुई (द्रविड़) और उसी को आधार बनाकर उत्तरापथ शैली (नागर) का विकास हुआ।[19]

हम जानते हैं कि विमान ऊंचे शिखर और रथाकृति के थे। रथ एक प्रकार का यान विशेष है। वहीं देवयान-देवों के रथ अर्थ में आकाशीय विमानों-पुष्पक विमानों की तरह प्रचलित होने लगा। देवों का विमान भ्रमण परम्परा से प्रचलित था। अतः उसी परम्परा के प्रतीक स्वरूप देवों की प्रतिष्ठा के अनुरूप भवन विशेषों के नामकरण में विमान शब्द का प्रयोग हुआ। वहीं विमान शब्द समय के साथ एक विशेष प्रकार के भवन के लिए प्रचलित हो गया। उन्ही विमानाकृति भव्य भवनों का जब एक नवीन वास्तु शैली में निर्माण हुआ तो वे प्रासाद

कहलाए। प्रासाद और विमान में सिर्फ (रचना) निर्माण शैली का ही अन्तर है न कि प्रकृति का। अलग-अलग क्षेत्रों में पनपने के कारण ये आकार-प्रकार में एक दूसरे से भिन्न होते गए।

प्रासाद जन्म एवं विकास अर्थात् मन्दिरों की उत्पत्ति एवं विकास के सम्बन्ध में विद्वानों ने बहुत कुछ लिखा है। सभी का सार यही है कि प्रासाद वास्तु की परम्परा में भारत की प्राचीनतम् पूजा-वास्तु एवं पूजा परम्परा के घटक विद्यमान है, जिनका पुंजीभूत स्वरूप हिन्दू-प्रासाद है। सिंधु काल व वैदिक कालीन पूजा परम्परा से भी हमें प्रमाण मिलते हैं। बौद्धों के विहार, चैत्य, स्तूप बौद्धों की ही उपज थे। इस प्रकार 200 ई.पू. जितनी भी पूजा-वास्तु एवं पूजा परिपाटियां प्रचलित थी उन सभी ने प्रासाद वास्तु के जन्म एवं विकास में सहायता दी।

प्रासाद वास्तु के जन्म एवं विकास में कुछ प्राचीन परम्पराओं ने सहयोग दिया—

1. चित्ति-वैदिक वेदी
2. डोलमेन
3. वैदिक सद्म एवं दीक्षाशालाएं तथा अवैदिक देवगृह
4. गिरि-प्रतिमाएं
5. हिन्दू दार्शनिक दृष्टि।

हिन्दू प्रासाद का जन्म व विकास इन्हीं प्राचीन स्रोतों के उद्गमों पर आगे बढ़ा, जिनके सहारे न केवल उसके भव्य रूप का ही निर्माण हुआ बल्कि उसकी मौलिक प्रतिष्ठा भी प्रतिष्ठित हुई।[20]

प्रासाद/मन्दिर के तीन प्रधान अंग है—

अधिष्ठान (जिसे पीठ, मसरक, आद्यग, कुहिन, वास्त्वाधार भी कहते हैं।), **गर्भगृह** तथा **गर्भोपरि छाद्यरचना**।[21]

वैदिक चित्ति—वेदी पूजा-वास्तु का प्रारम्भ है। वेदी की पीठ मन्दिर या प्रासाद की जगति/पीठ के रूप में परिणत हुई। इस प्रकार प्रासाद का आधार वैदिक कालीन वेदी से विकसित हुआ। जिस प्रकार वेदी की जगती का निर्माण किया जाता था उसी प्रकार प्रासाद की जगती पर, उसके अधिष्ठान वेदिका-उपपीठ तथा पीठ पर भव्य संरचना (Super sturcture) का विस्तार किया जाता है।

 ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2023

श्रीमती स्टैला के अनुसार—मन्दिर की शरीर-रचना में नीचे से ऊपर तक वैदिक चित्ति विद्यमान है। रचना तथा संज्ञा की दृष्टि से प्रासाद या हिन्दू मन्दिर वेदी तथा चित्ति दोनों की संज्ञाओं को परिभाषित करती है। इसके अतिरिक्त इसकी पूर्ण रचना को जब हम बाहर से देखते हैं तो यह विशाल पुंज जैसा दिखाई देता है। इस प्रकार यह भवन ही नहीं एक स्मारक भी है। गर्भगृह की दीवारों की मोटाई वहां की संयुक्त-रचना इन दोनों तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि प्रासाद एक चित्ति है।[22]

समरांगणसूत्रधार में शिखर रहित प्रासादों की चर्चा है। इन्हें छाद्यप्रासाद की संज्ञा दी गई है। यह भी दो वर्गों में विभाजित है—एक वे जो पत्थर की पट्टिकाओं की रचना मात्र है तथा दूसरी स्तम्भशाला है (Pillerd Halls)।[23]

उत्पत्ति—प्रासाद की जगती (पीठ, अधिष्ठान) की वैदिक चित्तियों पर पत्थर की पट्टिकाओं की जो ऊंची रचना होती है, वही छाद्य प्रासादों (Flat-oofed Temples) के निर्माण की प्रकृति बनती है। पाषाण ने ही गर्भगृह को स्वरूप प्रदान किया। लेकिन इन पाषाण शिलाओं की प्रकृति के रचना विशेष एवं सौन्दर्य शून्यता होने के कारण इस प्रासाद उत्पत्ति के सम्बन्ध में कुछ भी कहना मुश्किल है।

वैदिक और अवैदिक गर्भगृह

प्रासाद-वास्तु से पहले भारत में प्रासाद वास्तु की दो परम्पराएं प्रचलित थी—एक आर्य व एक अनार्य (द्रविड़)। हमें कदली मण्डप, वन्दनवार, अशोकादि वृक्षों का विविध पत्रावलियों, पुष्पमालाओं आदि का उल्लेख मिलता है। समरांगणसूत्रधार में गर्भगृह को भवन का आन्तरिक भाग माना है—

यच्छालालिन्दयोः शेषं भवेद् गर्भगृहितत्।।[24]

रचना तथा विस्तार एवं प्रसार की दृष्टि से हिन्दू-मन्दिर के गर्भगृह का प्रारंम्भ है। यह शाला लकड़ी तथा भूसे से बनती थी तथा छत बालू तथा इसकी सिरा भी वैसी ही होती थी। अन्य किसी प्रकार की ऊपरी रचना का यहां अभाव था।

श्रीमती स्टेला के अनुसार—जिस प्रकार दीक्षाशाला आदि वैदिक संस्थाओं ने प्रासाद के गर्भगृह के रूप निर्माण में जितनी महत्त्वपूर्ण भूमिका नहीं रखी हो, लेकिन उनकी देन निर्विवाद है। वहां प्राचीन मन्दिरों की परम्परा ने प्रासाद की छाद्य भूषाओं, शिखरों आदि में जो वृक्ष, कदलीपत्र तथा अनेक

विभिन्न शाखा संयोजनों से विष्पन्न होते हैं, वे अपने प्राचीनतम आकार में आज भी स्थापित किये जाते हैं तथा जिनमें पूजा उपकरणों से युक्त इस प्रकार के छोटे से स्थान को घेरकर निराकार देव की कल्पना की जाती है। उन्ही में विकसित हिन्दू-मन्दिर के शिखर वास्तुकला की उत्पत्ति हुई। **वास्तव में जो चार बांसों या शाखाओं को चारों दिशाओं में खड़ाकर मण्डप बनाया जाता था वही मन्दिर का आकार है। जो वन्दन माल सजायी जाती थी, उन्होंने ही आगे चलकर शिखर भूषाओं को पल्लवित करने में महत्ती भूमिका निभाई।**[25]

अजंता की गुफाएं भी मन्दिरों की श्रेणी में ही आती हैं। पहाड़ों ने ही प्रासादों के आकार के निर्माण में सहायता प्रदान की। समरांगणसूत्रधार में **मेरू** को प्रासाद राज माना गया है और वही पर्वत राज है। पहाड़ी गुफाओं ने भी प्रासादों की आकृति रचना में सहयोग किया। समरांगण में ऐसे प्रासादों को **लयन गुहाघर, गुहराज** कहा गया है। बौद्ध, जैन एवं ब्राह्मण सभी धर्मों के अनुयायियों में गिरि कन्दराओं का वास साधना के लिए सर्वोत्तम माना गया है।[26]

प्रासाद वास्तु का चर्मोत्कर्ष

भारतीय वास्तु कला में पिछले करीब 100 वर्षों के पहले 50 वर्षों को समीक्षात्मक दृष्टिकोण से देखा जाए तो केन्द्र में हमेशा प्रासाद ही रहा है। भारतीयों ने वास्तु की उन्नति में विशेषकर पूजा-वास्तु की ओर विशेष रूझान रखा। उत्तर और दक्षिण में अनेक प्रासाद बने, जिन्होंने हमारे आध्यात्मिक होने का प्रमाण दिया। इन सभी कृतियों के उदय में धार्मिक आस्था ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। बौद्धों के विहार एवं चैत्य तथा जैनों के मन्दिर भी इसी आस्था के परिणाम थे। ब्राह्मण, बौद्धों तथा जैन सभी ने पूजा वास्तु या प्रासाद निर्माण की ओर ऐसा उत्साह दिखाया मानो सारा समाज, सारे व्यक्ति प्रासादकर्मा स्थपति के अनुगामी बन गए हो अथवा उनकी कार्यशाला के सहकारी हो।

प्रासादों के विकास में दो प्रमुख परम्पराएं पल्लवित होती दिखती हैं—जो भारतीय उत्तरापथ तथा दक्षिणा पथ की विशेषताओं की सूचक है—

1. पिरामिडल आकार और उसका कलेवर
2. शिखराकार और उसका कलेवर।[27]

पिरामिडल

इस परम्परा का विकास दक्षिण भारत में हुआ, इसके प्रमाण शास्त्र और

 ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2023

कला दोनों में ही मिलते हैं। समरांगणसूत्रधार में इकहरे, दुहरे, तिहरे छाद्यों का वर्णन है।[28] इस प्रकार के प्रासादों का विकास हुआ उसमें—

1. **पोलीछत**—यह बौद्धों के चैत्यों के आकार पर आश्रित है।
2. **तोरण**—ऐसी आकृति वाली छतों के प्रासाद जो मामल्लपुर के रथ विमानों में है।
3. **भौमिक**—इन आकारों का स्थापत्य प्रदर्शन दक्षिणी विमान प्रासादों के गोपुरों के शिखर भाग जैसा है।
4. **वैतानिक**—इनकी प्राचीन प्रतिकृति तपस्वियों की कुटियों से प्राप्त होती है, उन्हीं की प्राचीन प्रकृति पर कई मन्दिरों का विकास हुआ, जिनकी छतें डोम के आकार की है।

प्राचीन काल में इन कुटियों को पर्णकुटी या पर्णशाला के नाम से भी जाना जाता था। वहीं आगे चलकर बड़े-बड़े प्रासादों की छाद्य प्रतिकृति का आदर्श उपस्थित करने में सहायक हुई।

इस प्रकार हम देखते हैं कि कई आकृतियों से विकसित प्रासाद अपनी पूर्ण सजधज के साथ जब स्थापत्य के कौशल का सुन्दर प्रदर्शन हुआ तो वह एक अद्भुत छटा का कारण बना। पिरामिडल आकार की छतों वाले प्रासादों का विकास भूमिकाओं (स्टोरीज) के रूप में भी हुआ—

1. विभिन्न भूमिकाओं (एक भूमिका से 12 भूमिका तक) से स्कन्ध प्रदेश का विन्यास।
2. क्षुद्र या विमान
3. विमानों पर विमान।

शिखरोत्तम आकार

हिन्दू मन्दिरों के निर्माण की जो शैली सबसे ज्यादा प्रस्फुटित हुई उसमें शिखर वाले मन्दिरों का विशेष विकास हुआ। भारत में तीन-चौथाई से ज्यादा भू-भाग पर ऐसे ही मन्दिर बने हैं। भारतीय स्थापत्य में हिन्दू प्रासादों की छटा इन्हीं शिखरों में दिखाई देती है। समरांगणसूत्रधार में करीब छः अध्यायों में शिखराकार मन्दिरों का विशद वर्णन हुआ है।[29] सूत्र के लिखने के समय ही नागर शैली के समकक्षता लिए कई शैलियां पनप रही थी। जैसे **लाट, ललित, लतिन, वावट या वैराट, भूमिज** आदि। इसी तरह प्रासाद जातियों का उदय

हुआ तथा वे प्रतिष्ठित भी हुई। 11वीं शताब्दी में अब केवल देवता ही पूज्य नहीं रहे बल्कि प्रासाद भी पूज्य बन गए।

शिखर प्रासादों में भी तीन भेद मिलते हैं—

1. **स्तवक शिखर**
2. **गवाक्ष शिखर**
3. **पूर्ण शिखर**।[30]

चूंकि शिखर के अभाव में प्रासाद को अधूरा समझा गया है। प्रासादों के कलेवर निर्माण में शिखराकार यदि विशेष ऊंचाई को प्राप्त हुआ है तो यह स्वाभाविक ही था। शिखर की रचना कैसे होती है और वास्तु की दृष्टि से उसके क्या-क्या नियामक सिद्धांत थे, इस सम्बन्ध में प्राचीन विद्वानों ने विशद व्याख्या की है। रेखाशास्त्र, ज्यामिति शास्त्र के आधार पर त्रिगुण, चतुर्भुज, पंचगुण या षड्गुण सूत्रों के आधार पर शिखरों का विन्यास बनाया गया है और शिखरों के इस प्रकार के विन्यास पर ही इनकी वास्तु शास्त्रीय विभिन्न संज्ञाएं, जैसे पद्मकोष, वेणुकोष प्रचलित हुई।

प्रासाद शैलियां (नागर, द्राविड और बेसर)

भारतीय वास्तु के प्राप्त स्मारकों में मन्दिर प्रमुख हैं। इसलिए जो भी वास्तु कला विषयक शैलियों के सम्बन्ध में विवेचन किया है या हुआ है उसमें प्रासाद शैलियों के सम्बन्ध में रहस्योद्घाटन हुआ है। वर्तमान दौर में तीन शैलियां दृष्टिगोचर होती हैं—**नागर, द्राविड** और **बेसर**। इसके अलावा समरांगण में मन्दिर की तीन और शैलियों का विवेचन मिलता है। **ववाट, भूमिज व ललित**।[31]

जैसा हम जानते हैं कि देश में प्रारम्भ दो शैलियों का प्रसार हुआ—**आर्य परम्परा जिसे विश्वकर्मा परम्परा**, विश्वकर्मा स्कूल या उत्तरीय परम्परा, नार्दन स्कूल या नागर शैली किसी भी नाम से जाना जा सकता है। इसी प्रकार दूसरी परम्परा अनार्य परम्परा या मय परम्परा, मय स्कूल है। इसे दक्षिणीय परम्परा, साउदर्न स्कूल या द्राविड़ परम्परा या द्राविड़ शैली कहा गया। यह स्पष्ट है कि किसी भी शैली या परम्परा को विकसित होने में समय लगता है। इसे भी पल्लवित होने में शताब्दियां लगी।

नागर शैली में नागर शब्द की उत्पत्ति के सम्बन्ध में व्याख्या हुई है। नागर शब्द का लोकप्रिय एवं सार्वजनिक अर्थ है नगर का या नगर से सम्बन्धित,

इस प्रकार वास्तुशास्त्र की नागर शैली से हमारा तात्पर्य उस शैली से है जिसके विकास के निर्देशन स्वरूप भव्य-भवन विमान या मन्दिर, प्रासाद बड़े-बड़े नगरों में बने, वे सभी नागर नाम से विख्यात हुए। उत्तर भारत में उस समय श्रावस्ती, कोशाम्बी, साकेत, कपिलवस्तु, राजगृह, पाटलीपुत्र, वैशाली, तक्षशिला महानगर बसे और ये बड़े नगर विशेषकर उस समय मध्य देश में थे, बाद में उत्तरापथ की वास्तु शैली का नाम नागर शैली पड़ा होगा।[32]

एक अनुमान यह भी लगाया गया है कि इस शैली का विकास नागों (असुरों) का हाथ था। सत्य तो यह है कि नागर-वास्तु जिसमें हमने विश्वकर्मा-परम्परा माना है, उसके विकास में नाग-राजा **शेष** का बड़ा योगदान था। डॉ. जयसवाल ने भारशिव नागों को नागर कला का जन्म दाता माना है। इसके अलावा नागर-वास्तु-विद्या एवं नागर चित्रकला की प्राचीन पारम्परिक घनिष्ठता का प्रमाण विष्णुधर्मेत्तेर पुराण से प्राप्त होता है तथा नग्नजाति के चित्र लक्षण से स्पष्ट होता है। यह नग्न जाति नाग राजा था। अतः नागर कला के जन्म व विकास में नागों का हाथ अवश्य था।[33]

इसी प्रकार **द्राविड़ शैली** का तात्पर्य उस शैली से हैं जो दक्षिणापथ या दक्षिण भारत के विशाल भू भाग में बने भवनों या विमानों की रचना में फली-फूली। **बेसर** शब्द भौगोलिक नहीं है। समरांगण तथा उत्तरापथीय किसी भी वास्तुशास्त्रीय ग्रंथ में बेसर का कहीं भी उल्लेख नहीं है। तारापद भट्टाचार्य ने बेसर के सम्बन्ध में लिखा है कि यह एक प्रकार का आभूषण विशेष (नासिका आभूषण) है तथा उसकी आकृति **वर्तुल** होती है। अतः बेसर से उन भवनों का बोध होना चाहिए जो बर्तुलाकार है। इसका प्रयोग विंध्य और कृष्णा नदी के मध्य के भूभाग में किया गया। इस भाग में चालुक्य वंश का राज्य फैला था अतः कई विद्वानों ने इसे चालुक्य शैली भी कहा है। 10वीं शताब्दी के बाद नागर व द्राविड शैली में ही मन्दिर बने।

इनके अलावा कई शैलियों की चर्चा है उनमें हैं **वावाट** और **भूमिज** भी है। समरांगणसूधार में **वावाट** की 12 शैलियों का उल्लेख है। ये पिरामिड आकार के बनाए गए हैं। वावाट प्रासाद प्लान में नागर के ही समान है। फर्क इतना है कि वावाट का छाद्य शिखराकार न होकर पिरामिड के आकार का है। इसी तरह **भूमिज** शब्द में एक स्थानीय शैली का आभास होता है। यह शैली आसाम, बंगाल की ओर शासन करने वाले भोम राजाओं से सम्बन्ध रखती है। बिहार में भूमिहारों के बाहुल्य के कारण भी यह भूमिज हुई। समरांगण के अनुसार (अध्याय 64) इस शैली के तीन प्रकार बताए हैं, जिनमें निशद आदि

चार चौकोर प्रासाद, कुमुद आदि सात वृक्षजाति प्रासाद तथा स्वस्तिक आदि पांच अष्टशाल प्रासादों का वर्णन हुआ है।

भारत के विभिन्न भागों में विकसित शैलियों में भेद मिलना स्वाभाविक है, क्योंकि साहित्यिक ज्ञान, कला साधना में शास्त्रीय ज्ञान के अलावा व्यक्तिगत प्रेरणा और व्यक्तिगत समझ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निश्चित रूप से विभिन्न वास्तु-कृतियों में स्थापत्य कलाकारों में जब किसी अत्यंत मेधावी स्थपति का जन्म हुआ होगा तो अपनी वैयक्तिक विलक्षण समझ से उस क्षेत्र की प्रचलित शैली में एक विशेष प्रेरणा प्रदान की होगी।[34]

इनके अलावा यह भी स्वीकार्य है कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में विकसित शैलियों के कई भेद हो सकते है। साहित्य और कला की साधना में शास्त्रीय ज्ञान के अतिरिक्त व्यक्तिगत प्रेरणा तथा व्यक्तिगत समझ भी सनातन की प्रत्येक कृति में देखी गई है।

संदर्भ :

1. डॉ. द्विजेन्द्रनाथ शुक्ल—भारतीय स्थापत्य, हिन्दी समिति, उत्तर प्रदेश, 1965, पृ. 209।
2. वही, पृ. 210
3. वही, पृ. 210
4. वही, पृ. 211-212
5. वही, 213
6. समरांगणसूत्रधार, वास्तुवांगमय प्रकाशन शाला, 1965, व भारतीय स्थापत्य, पृ. 214
7. इशानगुरुदेव पद्धति, अध्याय 12, श्लोक 16।
8. शखसयन श्रौतसूत्र, अ. 16वां, 16 13।
9. भारतीय स्थापत्य, पृ. 220।
10. वही, 220
11. वही, 221।
12. गरूड स्तम्भ भिलसा।
13. प्रथम शताब्दी ईसापुर्व का रिलिफ पैनल।
14. समरांगणसूत्रधार अध्याय, 49।
15. भारतीय स्थापत्य, पृ. 227।
16. शिल्परत्न

17. वायुपुराण, 4,30-31।
18. वृहत्संहिता, 56, 1-2।
19. Canons of Indian Architecture Page 270-271।
20. भारतीय स्थापत्य, 238।
21. वही, 239।
22. द हिन्दू टेम्पल्स, भारतीय स्थापत्य, 239।
23. समरांगणसूत्रधार, अ. 49 व 52
24. वही, अ. 19
25. द हिन्दू टेम्पल्स, पृ. 159।
26. समरांगणसूत्रधार, अ. 61
27. भारतीय स्थापत्य, 248।
28. समरांगणसूत्रधार, अ. 49।
29. वही, अ. 56-60 व 63।
30. भारतीय स्थापत्य, 252।
31. वही, 258।
32. कामिकागम, 49, 1-2।
33. भारतीय स्थापत्य, 352।
34. समरांगणसूत्रधार, अ. 49, 55-60, 62, 63, 64, 65।

डॉ. रीतेश व्यास
सीनियर फैलो
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
drrkvyas1977@gmail.com
9828777455

❑❑❑

पुष्टिमार्गी परम्परा में वसन्तोत्सव सेवा : वसन्त के दस दिन

• शिव कुमार व्यास

शीत ऋतु के अन्तिम चरण हेमन्त ऋतु की समाप्ति पर वसंत का आगमन होता है। वसन्त ऋतु को ऋतुओं का राजा माना जाता है। भारतीय संवत्सर के चैत्र एवं बैशाख दो मास वसंत ऋतु के माने गए हैं। वसंत का अर्थ होता है 'बहार का मौसम'। मूर्त या मानवीकृत वसंत को कामदेव का साथी माना जाता है। वसंतोत्सव का आनंदमंगल फाल्गुन की पूर्णिमा को होली उत्सव के अवसर पर मनाया जाता है।[1]

माघ शुक्ल पंचमी को वसन्त पंचमी, मदन पंचमी, श्री पंचमी आदि नामों से अभिहीत किया जाता है। भारतीय पंचागानुसार यदि किसी वर्ष दो पंचमी तिथि का प्रावधान हो, तो पहली पंचमी तिथि को ही उत्सव मनाया जाता है। कदाचित् तिथि क्षय होने पर (विद्धा पंचमी को) ही उत्सव मनाया जाता है।[2] वसंत पंचमी के दिन कामदेव का प्रादुर्भाव माना जाता है। पुष्टिमार्गी भक्ति परम्परा में वर्षभर की षड् ऋतुओं को, प्रतिदिन की पृथक-पृथक पद्धतियों से, श्री ठाकुर जी के सुखार्थ विशिष्ट प्रकार से मनाने की परम्परा रही है। अतः वसंत पंचमी से सभी पुष्टिमार्गी मन्दिरों में प्रभुजी, चालीस दिन डोलोत्सव[3] तक क्रमशः वसंत, धमार, फाग एवं होली खेलते हैं।

वसन्तोत्सव के चालीस दिवसीय उत्सव का प्रारम्भ मंदिर के कीर्तनकारों द्वारा, मन्दिरों में, कृष्णदास द्वारा रचित पदों के गायन किया जाता है। इस कीर्तन में प्रकृति में दृश्यमान सुन्दरता का बखान किया गया है।

नवल वसंत नवल वृंदावन खेलत नवल गोवर्धनधारी।
हलधर नवल ब्रजबालक नवल नवल बनी गोकुल नारी।।1।।

नवल जमुनातट नवल विमलजल नौतन मंद सुगंध समीर।
नवल कुसुम नव पल्लव साखा कुंजत नवल मधुप पिक कीर।।2।।

ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2023

नव मृगमद नव अरगजा वंदन नौतन अगर सुनवल अबीर।
नवचंदन नव हरद कुंकुमा छिरकत नवल परस्पर नीर।।3।।
नवलधेनु महुवरि बाजे, अनुपम भूषण नौतन चीर।
नवलरूप नव कृष्णदास प्रभुको, नौतन जस गावत मुनि धीर।।4।।

वसन्तोत्सव का प्रारम्भ :

पुष्टि प्रभु की सेवा का क्रम स्वयं प्रभुजी की आज्ञा से माना जाता है। श्रीप्रभु को कल्याण भट्ट नामक वैष्णव ने सर्वप्रथम वसंत का श्रृंगार धराया (रखा) गया। कालान्तर में गोस्वामी विट्ठलनाथ जी ने सेवा प्रणालिका में नियमित रूप से वसंत श्रृंगार की व्यवस्था की।[4] माघ बदी एकम् से चैत्र शुक्ला पूर्णिमा प्रभृति तीन मास की सेवा चन्द्रावलीजी[5] के भाव से की जाती है। माघ कृष्णा प्रतिपदा से माघ शुक्ल चतुर्थी प्रभृति बीस दिन सेवा का क्रम शीतकालीन सेवा के अनुसार होता है।[6]



वसन्त पंचमी के दिवस से सभी पुष्टिमार्गीय मंदिरों की सेवा प्रणाली में शीत ऋतु के अवसान की ओर होने के कारण कई महत्त्वपूर्ण परिवर्तन होते है। वसन्तोत्सव के दौरान श्री ठाकुर जी को धराये (रखे) जाने वाले शीतकालीन साज को बड़ा[7] कर इनकी जगह पर सम्पूर्ण लाल किनारी के सफेद साज धराये (रखे) जाते है, साथ ही इस दिन से डोलोत्सव तक खंडपाट, चौकी, पडघा (रखने की चौकी) आदि सभी साज चांदी के ही आते है। वसन्तोत्सव के चालीस दिन पर्यन्त अर्थात् डोलोत्सव के प्रारम्भ तक जरी के वस्त्र धराये (रखे) जाने वर्जित होते है।

शीतकाल में प्रतिदिन राजभोग सरे (हटाने) पश्चात् उत्थापन तक प्रभु सुखार्थ चरण-चौकी से शैया मन्दिर में शैयाजी तक बिछाई जाने वाली लाल रंग की रुईवाली पतली गद्दी (तेह) को बिछाना बंद कर दिया जाता है।

मदन उत्सव के प्रारम्भ से श्रीजी को शीतकाल का विशेष खाद्य सौभाग्य-सूंठ[8] शयन भोग में धराया (रखा) जाता है तथा गेंद, छड़ी एवं दोहरी गुँजामाला

(रंग बिरंगे घने पुष्पों से निर्मित घुटनों से नीचे तक की बड़ी माला) भी धरायी जाती है।

वसन्तोत्सव की भाव-भावना :

यद्यपि श्रीजी की सेवा भावना में माघ, फाल्गुन एवं चैत्र मास को अष्ट सखियों में प्रथम श्री चन्द्रावलीजी के सेवा मास माने जाते हैं। जिनमें माघ मास में प्रणयलीला की महारास, फाल्गुन में होली की धूमधाम के फागण नृत्य एवं चैत्र मास में महारास की समाप्ति मानते हुए शृंगार एवं लीला के पद गाये जाते है।[9] बसन्तोत्सव के चालीस दिनों की सेवा में, वसन्त क्रीड़ा में दस दिवस सात्विक भक्तों एवं श्री यमुना जी[10] के भाव से होती है। अन्य तीस दिनों की लीला भी राजस, तामस एवं निर्गुण लीला के होते है। जिनमें वसन्त के दस दिनों के बाद धमार, फाग एवं होली के दस-दस दिनों की गणना होती है।[11]

पुष्टिमार्गी भक्ति भावना में वसंत का खेल के लिए, गुलाल; स्वामीनी जी के हास्य भाव तथा ललीता जी के सखी भाव से, अबीर को स्वामीनी जी के मुख चन्द्र की छटा एवं श्री चन्द्रावलीजी के भाव से, चोवा को यमुनाजी के भाव से और केशरयुक्त चन्दन कंचनवर्णी राधिका जी (श्री स्वामिनीजी[12]) के भाव से उपयोग में लिया जाता है।[13]

इस प्रकार श्रीजी आगामी चालीस दिनों तक इन चार वस्तुओं से बसन्त खेलते है। अनामिका उंगली से टिपकियां (छोटी-छोटी बिन्दियाँ) कर सूक्ष्म खेल होता है।

यद्यपि श्रीजी की सेवा भावना में माघ, फाल्गुन एवं चैत्र मास को अष्ट सखियों में प्रथम श्री चन्द्रावली जी के सेवा मास माने जाते हैं। परन्तु वसन्तोत्सव के प्रथम दस दिवस की सेवा श्री यमुना जी के भाव से होती है। बसंत खेल के ये प्रथम दस दिन सात्विक भक्तों के खेल के दिन माने जाते है।

श्रीजी को वसंत का खेल गुलाल, अबीर, चोवा और चन्दन इन चार वस्तुओं से खेलाया जाता है। पुष्टिमार्गी भक्ति भावना में गुलाल को ललीता जी के भाव से, अबीर को श्री चन्द्रावलीजी के भाव से, चोवा को यमुनाजी के भाव से और केशरयुक्त चन्दन कंचनवर्णी राधिका जी (श्री स्वामिनीजी) के भाव से उपयोग में लिया जाता है।

इस प्रकार श्रीजी आगामी दस दिनों तक इन चार वस्तुओं से वसन्त खेलते है। अनामिका उंगली से टिपकियां कर के सूक्ष्म खेल होता है।

सप्तगृह सेवा प्रणालिका में विशिष्टता :

प्रधान गृह में श्रीजी राजभोग के पश्चात् ही वसन्त खेलाया जाता है।[14] परन्तु अन्य सप्त गृहों की सेवा प्रणालिका में कुछ अन्तर है। वसन्त पंचमी के उत्सव में सभी सप्तगृह सेवा प्रणालिका में श्रीमस्तक पर पाग का शृंगार एवं उत्सव भोग आवश्यक रूप से धराया (रखा) जाता है। श्रीमथुरेश जी, श्रीगोकुलनाथ जी, श्री गोकुलचन्द्रमा जी एवं श्रीमदन मोहन जी में कुल्हे (सिर का मुकुट जिसके आगे पीछे के दो सिरे ऊपर उठे होते है।) का शृंगार भी धराया (रखा) जाता है। सप्तगृहों के मन्दिरों में राजभोग के पश्चात् वसन्त खेल होता है तब उत्सव भोग आता है।

विट्ठलनाथ जी एवं श्री गोकुलनाथ जी के गृह में माघ शुक्ल षष्ठी से होरी डांडा अर्थात् माघ शुक्ला पूर्णिमा तक शृंगार में एवं श्री मदनमोहन जी में सदैव ही शृंगार के बाद वसन्त का खेल होता है। विट्ठलनाथ जी में होरी डांडा के बाद वसन्त का खेल राजभोग के बाद होता है।[15]

श्रीजी का सेवाक्रम :

श्रीजी मंदिर में वसन्त के दस दिवसों में तीन उत्सव सेवा; वसन्तोत्सव, सेहरा का उत्सव, बड़ा मनोरथ एवं होरी-डांडा रोपणी उत्सव सेवा होती है। इस अवसर पर परम्परानुसार सभी मुख्य द्वारों की देहरी (देहलीज) का पूजन कर हल्दी से लीप कर आशापाल की सूत की डोरी से वंदनमाल बाँधी जाती है।

पंचमी को नित्योत्सव की मंगला, राजभोग, संध्या एवं शयन सेवा में, बड़ा मनोरथ; माघ शुक्ल अष्टमी, को दो समय की आरती थाली में आती है। झारीजी में यमुनाजल भरा जाता है। गेंद, चौगान व दिलवा सभी चांदी के आते है।

उत्सव प्रारम्भ में मंगला दर्शन पश्चात् श्रीप्रभु को चन्दन, आंवला, एवं फुलेल (सुगन्धित तेल) से अभ्यंग[16] (विशिष्ट स्नान) कराया जाता है तथा सेवाप्रणालीका के अनुसार नियत वस्त्र एवं शृंगार धराये (रखे) जाते है।

माध शुक्ल सप्तमी को द्वितीय गृह प्रभु श्री विट्ठलनाथ जी के घर से गुड़कल (आटा एवं गुड़ से मिल कर बना खाद्यान्न) और घी की कटोरी भी सिद्ध (बन) हो कर आती है। जिसे प्रभुजी को मंगलभोग में आरोगने (भोग लगने) के पश्चात् वैष्णव भक्तों को सखड़ी भोग के रूप में वितरित कर दिया जाता है। वसंतोत्सव के प्रथम दस दिन की कीर्तन (राग) सेवा, शृंगार के भाव में, वसंत राग में, ऋतु के पदानुसार होती है।

वस्त्र एवं शृंगार :

प्रथम तिलकायत[17] विट्ठलेशराय के भ्राता एवं गोवर्धन लाल के पुत्र गो. दामोदर लाल महाराज ने सन् 1913-14 ई. में वर्तमान वसंत पंचमी के शृंगार में घेरदार वागा, श्वेत अड़तु की सूथन, सफेद ठाड़े वस्त्र, श्रीमस्तक पर श्याम खिड़की की श्वेत पाग के ऊपर सादी लाल मोर चंद्रिका तथा श्वेत खण्ड पाट के साथ प्रतिदिन छोगा व श्रीहस्त में पुष्पों की छड़ी का विधान किया गया। वसन्त का खेल श्वेत साटन वस्त्र पर चोवा, चन्दन, गुलाल एवं अबीर पर टिपकियों (छोटी-छोटी बिन्दियों) से खेलाया जाता है।[18]

- माघ शुक्ला षष्ठी के दिन श्रीजी को सुन्दर गुलाबी झाई के (आभायुक्त) रूपहली जरी की तुईलैस की किनारी से सुसज्जित श्वेत सूथन, चोली, चाकदार वागा धराए जाते हैं।
- वसंत पंचमी के दो दिन बाद सप्तमी के दिन श्रीजी को नियम से श्वेत लट्ठा के घेरदार वागा के ऊपर हल्की गुलाबी झाँई की फतवी[19] धरायी जाती है। फतवी द्वितीय गृह प्रभु श्री विट्ठलनाथ जी के घर से बन कर (सिद्ध (बना) हो कर) आती है। जबकि घेरदार वागा श्रीजी में ही सिद्ध (बना) होता है। फतवी संग श्रीजी के लिए मंगल भोग भी आता है।
- नवमी का कटि (कमर) पर एक विशेषत: चपड़ास[20] का शृंगार धराया (रखा) जाता है जो आरती दर्शन पश्चात् भी नहीं हटाया जाता।
- माघ शुक्ल त्रयोदशी को श्रीजी में सेहरा का शृंगार होता है। सेहरा के शृंगार पर श्रीजी को लाल लट्ठा की सूथन, चोली, चाकदार वागा का शृंगार धराया (रखा) जाएगा। श्रीमस्तक पर लाल रंग के दुमाला के ऊपर मीना का सेहरा धराया (रखा) जाता है। श्रीमस्तक पर लाल रंग के दुमाला के ऊपर मीना का सेहरा धराया (रखा) जाता है। इस दिन कपोल पर कमल पत्र नहीं बनाए जाते अपितु रोपणी से बनाए (मांडे) जाते है। राजभोग में दुमाला को सब से खिलाया जाता है। त्रवल (कंठी या गलपटिया) की जगह स्वर्ण की चंपाकली (पंचलड़ी) धरायी जाती है। श्रीकंठ में कस्तुरी, कली एवं कमल माला धरायी जाती है।

राजभोग एवं बड़ा मनोरथ :

वसंतोत्सव उत्सव में धरायी जाने वाली उत्सव भोग की चारों सामग्री[21] में से वासंती राजभोग संख्या में दो-दो नग सेवा में धराये (रखे) जाते हैं। राजभोग की अनसखड़ी में दाख[22] का रायता एवं सखड़ी में मीठी सेव,

केसरयुक्त पेठा व पाँच-भात[23] आरोगाये जाते है। छप्पनभोग दर्शन में प्रभु के सम्मुख पच्चीस बीड़ा (पान) सिकोरी (स्वर्ण निर्मित जालीदार पात्र) में रखे जाते हैं।

- श्रीनाथ जी में मार्गशीर्ष अष्टमी के दिन मनोरथी वैष्णव द्वारा आयोजित छप्पन भोग का मनोरथ करवाया जा सकता है। जिसे बड़ा मनोरथ[24] कहा जाता है। यद्यपि श्रीजी के घर का छप्पन भोग नियम से वर्ष में केवल एक बार मार्गशीर्ष शुक्ल पूर्णिमा को ही होता हैं। छप्पनभोग की भोग सामग्री मन्दिर के मणिकोठा, डोल-तिबारी, रतनचौक आदि में रखे जाते है। बड़ा मनोरथ के कारण ही श्रीजी में मंगला के पश्चात सीधे राजभोग अथवा छप्पनभोग भोग हटाने के पश्चात ही वैष्णवों हेतु दर्शन खुलते है। राजभोग के पश्चात वसन्ताधिवासन होता है।[25]

श्रीजी को गोपीवल्लभ (ग्वाल) भोग में मेवाबाटी व दूध घर में सिद्ध (बनी) हुई केसर युक्त बासोंदी[26] (रबड़ी) की हांडी का भोग अरोगाया (लगाया) जाता है।

वसंतोत्सव के राग एवं कीर्तनकार :

वसंतोत्सव को सभी उत्सवों में नवीन एवं अनूठे रस से पूर्ण माना जाता है। चैत्र एवं बैशाख मास को मधु-माधव[27] का मास माना जाता है। अर्थात् ऋतु एवं कामदेव को आपस में परम मित्र माना जाता है।[28] अतः अष्टसखा कवियों में कुंभनदास द्वारा रचित राग वसंत की अष्टपदी, राग आसावरी, राग सारंग के साथ सूरदास, कृष्णदास के पदों का गायन किया जाता है।

ब्रज भक्तों के संग वसन्तोत्सव :

वसन्त पंचमी से चालीस दिनों तक रसमय वसंत, धमार, फाग एवं होली उत्सव की शुरुआत के तहत प्रथम दस दिवस का वसंत खेल माघ शुक्ल पंचमी (वसंत पंचमी) को प्रारम्भ हो माघ शुक्ल पूर्णिमा तक चलता है। श्रीप्रभु गुलाल, अबीर, चोवा, चन्दन एवं केसर से ब्रजभक्तों के साथ नन्द भवन में ही वसंत का खेल होता है। वसंत के कीर्तन में भक्त एवं कीर्तनकार शान्त भाव से श्रीजी एवं स्वामीनीजी (राधाजी) को सुक्ष्म प्रकृति दर्शन करवाते है। सेवा का यह क्रम माघ शुक्ल पूर्णिमा तक चलता है।[29] इसी दिन गाँव, नगर में भद्रा[30], ग्रहण एवं ग्रस्तोदय ग्रह रहित काल में कन्दर्प (डंडा) रोपण किया जाता है।[31] डांडा-रोपण के उत्सव को श्रीयमुना जी की सेवा के दस दिनों की पूर्णता का उत्सव भी माना जाता है।

सार संक्षेप :

पुष्टीमार्गी परम्परा के मन्दिरों में शीत ऋतु के अन्तिम चरण में नियम से वसन्त-उत्सव मनाया जाता है। पुष्टि परम्परा के वैशिष्ट्यानुसार यह उत्सव भी राग-भोग-शृंगार से ही ब्रज भक्तों द्वारा भाव भावना से मनाया जाता है। उत्सव के दौरान श्री प्रभु जी को विशिष्ट वस्त्र-शृंगार, उत्तम भोग एवं अष्टछाप कीर्तनकारों के निर्धारित कीर्तनों का गायन किया जाता है।

सन्दर्भ

1. आप्टे, वामन शिवराम, संस्कृत-हिन्दी शब्दकोश, कमल प्रकाशन, 2005, पृ. 932
2. श्री रघुनाथजी शिवजी, मुखियाजी, खेमराज श्री कृष्णदास बंबई, 1905, पृ. 213
3. फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा या चैत्र कृष्णा प्रतिपदा में से जिस दिन उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र हो उस दिन से सप्तगृह सेवा प्रणालिका में डोलोत्सव मनाया जाता है। श्री रघुनाथ जी शिवजी, वल्लभ पुष्टि प्रकाश, पृ. 152,153
4. शर्मा, बलदेव बागरोदी श्रीनाथ-सेवा-रसोदधि, श्रीमती रुक्मिणी बेन काराणी, 1981, पृ. 493
5. प्रभु के नित्य धाम में अभिन्न रूप से सेवारत रहने वाली नित्य सिद्धा गोपी के रूप में प्रसिद्ध चन्द्रावली का प्राकट्य यमुना जी से माना जाता है तथा सांसारिक जन्म के सम्बन्ध में कृष्णदास द्वारा रचित पदानुसार भाद्रपद शुक्ला पंचमी के दिन मीरीमोठा गाँव में चन्द्रभान गोप के घर माता सुखमा के गर्भ से जन्म माना जाता है तथा इनका श्रीविग्रह सदैव 14 वर्ष 4 मास एवं बीस दिन का माना गया है। कृष्णदास द्वारा रचित अन्य पद-चन्द्रभान के नव रिधि आईं, सुखमा कूख अवतरी कन्या घर घर बजत बधाई। नाम धर्यो चन्द्रावली सुखनिधि कोटिक चन्द्र लजाने। भादों सुद पाँचे शुभ वासर अरुन हृदय रस माने। शर्मा, बलदेव बागरोदी वही, पृ.490 से 492
6. शर्मा, बलदेव बागरोदी वही, पृ.492
7. पुष्टिमार्गी भक्ति परम्परा में सेवा में प्रयुक्त वस्त्र, शृंगार आदि में परिवर्तन होना।
8. यह एक गुजराती व्यंजन है जिसका सेवन शीत ऋतु के अवसान में किया जाता है। इसके निर्माण में सूँठ एक पाव, वसंतलोचन एक तोला, पीपलामूळ एक तोला, त्रिकुटा (सूंठ, मिरच एवं पीपल) तीन तोला, मूसली दो तोला, लोंग एक तोला, विदारी कन्द एक तोला आदि को मिश्रित कर बनाया जाता है। व्यंजन पाक प्रदीप, पृ. 58, 59

9. शर्मा, बलदेव बागरोदी वही, पृ. 492

10. वर्षोत्सव में केवल वसंत पंचमी की सेवा ही चन्द्रावली जी के साथ यमुना जी के सम्मिलित अधिकार की नवधा भक्ति के है। शर्मा, बलदेव बागरोदी वही, पृ. 502

11. शर्मा, बलदेव बागरोदी वही, पृ. 507

12. चन्द्रावलीजी, विशाखाजी, आदि सखियों की प्रधान राधाजी हैं इसी कारण उन्हें स्वामीनीजी के नाम से सम्बोधित किया जाता है। पुष्टिमार्गीय सार संग्रह, पृ. 32

13. शर्मा, बलदेव बागरोदी वही, पृ. 501

14. श्री रघुनाथ जी शिवजी मुखियाजी, वही, पृ. 143

15. श्री रघुनाथ जी शिवजी, वल्लभ पुष्टि प्रकाश, पृ. 08,09

16. श्रीजी ठाकुर जी को विशिष्ट सुगन्धित तेल से करवाया गया स्नान

17. श्रीनाथजी के प्रधान सेवक आचार्य को तिलकायत कहा जाता है। महाप्रभु वल्लभाचार्य के पुत्र गो. विठ्ठलनाथ के प्रपौत्र, गो. गिरधर लाल के पौत्र एवं गो. गोवर्धन लाल के पुत्र विठ्ठलेशराय द्वारा श्रीनाथ जी को अपना प्रिय शृंगार 'टिपारा' धराये (रखे) जाने के कारण 'टिपारा वाले तिलकायत' के रूप में प्रसिद्ध हो गये। श्रीजी की वर्षोत्सव सेवा में तिलकायत को साठ दिन सेवा का अधिकार प्राप्त होता है। शर्मा, बलदेव बागरोदी वही, पृ. XX

18. शर्मा, बलदेव बागरोदी वही, पृ. 493

19. फतवी आधी बांहों वाली एक बंडी या जैकेट जैसी पोशाक होती है। जो कि शीतकाल के दौरान चोली एवं घेरदार वागा के ऊपर अलग रंग की होती है। शीतकाल में फतवी के चार शृंगार धराये (रखे) जाते है।

20. स्वर्ण निर्मित घुंडी-नाका का शृंगार

21. श्रीजी में प्रत्येक उत्सव के लिए पृथक्-पृथक् उत्सव भोग का प्रावधान है। वसन्त पंचमी के उत्सव में उत्सव भोग हेतु कसार का गुंजा, मठड़ी (नरम ठौर), सेव के लकू एवं शक्कर पारा नियत होता है। श्री रघुनाथ जी शिवजी मुखियाजी, वही, पृ. 142

22. किशमिश या छुआरा

23. चावलों को मेवा, दही, राई, श्रीखंड, व वड़ी के साथ श्री ठाकुर के राजभोग में आरोगण के रूप में धराये (रखे) जाते है।

24. वैष्णवों के अनुरोध पर श्री तिलकायत जी की आज्ञानुसार बड़ा मनोरथ आयोजित होते है। यदि किन्हीं वैष्णव द्वारा श्रीजी में छप्पन भोग का मनोरथ आयोजित करना हो तो यह मनोरथी घर के अतिरिक्त विभिन्न खाली दिनों में जिन्हें सामान्यतया बड़ा

मनोरथ कहा जाता है। यह छप्पनभोग का बड़ा मनोरथ सभी वैष्णव मंदिरों एवं हवेलियों में सुविधानुसार आयोजित होत है।

25. वसन्ताधिवासन में पंचसर अर्थात पाँच बाणों के मुख-शोषण, दीपन सम्मोहन, तापन, उन्माद; श्रीमद् भागवत प्रमाण-संदधेस्त्रं स्वधनुषि कामः पंचमुखं तदा।। घट में जल भर कर उसमें पंचबाण के प्रतीक पाँच फल के साथ आम्र, मौर, खजूर की डाली एवं हरी जौ (यव) तथा बेर एवं पुष्पों को मिलाकर लाल किनारी के पट से ढ़क कर स्थापना की जाती है तथा उसका पूजन किया जाता है। रघुनाथ जी शिवजी मुखिया जी, वही, पृ. 288

26. दुग्ध एवं चावल से निर्मित मिष्टान्न रबड़ी

27. मधुमाधवौ वसंतः सुश्रु सर्वप्रिये चारुतरं वसन्ते-ॠतु, आप्टे, वामन शिवराम, वही, पृ. 932

28. देखत वन व्रजनाथ आज सखी उपजत है अनुराग। मानो मदन वसन्त मिले दोऊ खेलत डोलत फाग।। शर्मा, बलदेव बागरोदी श्रीनाथ-सेवा-रसोदधि, श्रीमती रुक्मिणी बेन काराणी, 1981, पृ. 501

29. शर्मा, बलदेव बागरोदी वही, पृ. 502

30. भारतीय पंचांगानुसार प्रति मास दशमी तिथि के अवसान एवं द्वादशी तिथि के आरम्भ तक सम्पूर्ण एकादशी को भद्रा रहती है। सम्पूर्ण तिथि को दो भागों में विभाजित कर प्रथम विभाग को स्वच्छ तिथि मानते हुए कंदर्प या होरी डांडा उत्सव मनाया जाता है। श्री रघुनाथजी शिवजी, वही, पृ.212

31. डांडोरोपन चले नन्द अरु गिरवरधारी। वाजे बहुति बजावत नान परवा बजे थारी। रघुनाथ जी शिवजी मुखियाजी, वही, पृ. 213 शर्मा, बलदेव बागरोदी वही, पृ. 509, 510

शिव कुमार व्यास

शोधार्थी, इतिहास विभाग

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय

जोधपुर

❑❑❑

 ISSN 2278-4632

अंग्रेजी सरकार की मारवाड़ रियासत के साथ नमक संधियां एवं उनका प्रभाव

• डॉ. सुखाराम

राजपूताना में नमक उत्पादन के अनेक केन्द्र थे। यहाँ कीरियासतों में स्थानीय स्तर पर नमक का उत्पादन होता था। यह नमक अधिकांशतः कर मुक्त होने तथा उत्पादन लागत पर बिकने के कारण अंग्रेजी कम्पनी के नमक से बहुत सस्ता था। अंग्रेजी सरकार स्थानीय नमक को महंगा करके इंग्लैण्ड से आयातित नमक को सस्ता करना चाहती थी। 1818 ई. की संधियों के बाद अंग्रेजी सरकार को अपना नमक लगान सुरक्षित रखने का अवसर भी मिल गया। बंगाल के नमक की राजस्थान के नमक से प्रतिस्पर्धा रोकने के लिए कम्पनी ने एक नमक बोर्ड का गठन किया और 1843 ई. से एक सीमा रेखा (नमक रेखा) बनानी शुरू की जो अटक से मद्रास की सीमा तक 4000 किमी. लम्बी थी।[1] अंग्रेजी सरकार की साम्राज्यवादी नजरें यहाँ के नमक पर थीं। अतः आम उपभोग की वस्तु नमक को अपनी आय का साधन बनाना चाहती थी। इसी समय भरतपुर के तत्कालीन अंग्रेजी एजेन्ट वाल्टर ने नमक उत्पादन को आय का साधन बनाने तथा नमक उत्पादन केन्द्रों को रेल लाइन से जोड़ने का परामर्श अंग्रेजी सरकार को दिया।[2]

1856 ई. में तत्कालीन चुंगी कमीश्नर बेनिस्टार्ट ने कम्पनी सरकार को सुझाव दिया कि यदि राजस्थान के सभी राज्यों के साथ समझौता करके उनके नमक उत्पादन क्षेत्रों का नियंत्रण अपने हाथों में लेकर नमक पर एक नियमित चुंगी पद्धति लागू की जाए तो काफी लाभप्रद रहेगा।[3] इसी सुझाव पर अमल करते हुए अंग्रेजी सरकार ने नमक पर अधिकार करने के लिए सबसे पहले जयपुर व जोधपुर राज्यों के साथ नमक संधियाँ की।

अंग्रेजी सरकार ने नमक के स्रोतों पर अधिकार करने की योजना बनाई। सांभर झील पर जयपुर व जोधपुर दोनों का संयुक्त अधिकार था। ब्रिटिश

सरकार ने भारत के नमक स्रोतों पर अधिकार करने की नीति के अंतर्गत अंग्रेजों ने 1869-70 ई. में दोनों रियासतों पर दबाव डालकर अलग-अलग समझौते कर लिए।[4] जयपुर महाराजा रामसिंह अंग्रेजों का पक्षधर था जो अंग्रेजों को मना नहीं कर सकता था और जयपुर का प्रधानमंत्री फैज अली भी अंग्रेज भक्त था। जोधपुर महाराजा तख्तसिंह की स्थिति अपने राज्य के आंतरिक कारणों से अत्यन्त दुर्बल थी। महाराजा ने 7 अगस्त, 1869 ई. में शिमला में संधि को इसलिए स्वीकार कर लिया ताकि अंग्रेजी सरकार जोधपुर राज्य में कुशासन पर सवाल न खड़े करे। सांभर की नमक संधि 27 जनवरी, 1870 ई. तथा नावां व गुढ़ा की नमक संधि 18 अप्रेल, 1870 ई. में की गई थीं।

सांभर, नावां एवं गुढ़ा की नमक संधियां

1. जोधपुर द्वारा अंग्रेजों के साथ संधि करने के बाद सांभर झील से नमक निकालने तथा बेचने का अधिकार अंग्रेजी सरकार को दे दिए गए।
2. ब्रिटिश सरकार ने सांभर के आधे भाग को 1.25 लाख रुपये तथा 7000 मन नमक राजघराने के निजी उपयोग के लिए देने के बदले जोधपुर से पट्टे पर ले लिया।
3. सांभर की संधि के तीन महीने बाद 18 अप्रेल, 1870 ई. को एक अन्य संधि द्वारा नावां व गुढ़ा के नमक स्रोतों को भी राज्य द्वारा अंग्रेजों को पट्टे पर दे दिए गए।
4. इन स्थानों पर प्रति वर्ष 6 से 9 लाख मन नमक का उत्पादन होता था और इसके बदले जोधपुर राज्य को अंग्रेजों की ओर से 3 लाख रुपये वार्षिक देना स्वीकार किया गया।
5. राज्य की ओर से अंग्रेजों को जो पट्टे दिये गए वह स्थाई थे, उन्हें वापस लेने के अधिकार राज्य के पास नहीं थे। यदि अंग्रेज चाहे तो दो वर्ष का नोटिस देकर ये पट्टे वापस कर सकते थे।
6. इस संधि के बाद अंग्रेजों को सांभर झील के आस-पास रहने वाले लोगों के घरों की तलाशी लेने व अनधिकृत रूप से नमक बनाने पर उन्हें बंदी बनाने के अधिकार भी प्राप्त हो गए।[5]
7. सांभर में एक 'साल्ट न्यायालय' की स्थापना की गई तथा अपराधियों को दण्डित करने का अधिकार भी अंग्रेजों को मिल गया।
8. संधियों के बाद नमक के भाव निर्धारित करने का अधिकार ब्रिटिश सरकार के पास चला गया।

 ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2023

जोधपुर राज्य ने इन नमक संधियों द्वारा अपने असीमित नमक भण्डारों को मामूली कीमत में ही बेच दिया। ये नमक संधियाँ 1 मई, 1871 ई. को प्रभावी हुई। यह नमक संधियाँ अंग्रेजी नमक एकाधिकार की दिशा में एक बड़ा कदम थी। सांभर से नमक को जोधपुर राज्य व देश के अन्य भागों तक पहुँचाने का कार्य बंजारों द्वारा किया जाता था। बंजारे व्यापारी, मालवाहक व वितरक का कार्य एक साथ करते थे। भरतपुर के अंग्रेजी एजेन्ट वाल्टर ने ब्रिटिश सरकार को नमक को आय का प्रमुख साधन बनाने के लिए सरकार को नमक उत्पादक क्षेत्रों को रेल लाइन से जोड़ने का सुझाव दिया। इसी के तहत राजपूताना-मालवा रेलवे के अधीन दिल्ली-अहमदाबाद रेलवे लाइन का निर्माण कार्य शुरू किया गया। सन् 1885 में सांभर को भी रेलवे लाइन से जोड़ दिया।[6] सांभर, नावां व गूढ़ा के नमक पर नियंत्रण के बाद अंग्रेजों की महत्त्वाकांक्षा और बढ़ गई। 1870 ई. की संधियों के बाद भी जोधपुर राज्य के पास डीडवाना, पचपदरा, फलोदी व लूनी क्षेत्र का प्रचुर नमक उपलब्ध था।

डीडवाना, फलोदी, पचपदरा व लूनी क्षेत्र का नमक उत्पादन क्षेत्रों का नियंत्रण-1879 ई.

अंग्रेज राजस्थान के सम्पूर्ण नमक पर अपना एकाधिकार करना चाहते थे इसी कारण ए. ओ. ह्यूम को अन्य कार्यों से मुक्त कर इन राज्यों के साथ केवल नमक-संधियाँ करने का कार्य सौंपा गया। जोधपुर महाराजा जसवंतसिंह द्वितीय ने 18 जनवरी, 1879 ई. को अंग्रेजों के साथ किए एक समझौते द्वारा डीडवाना, फलोदी, पचपदरा व लूनी क्षेत्र का नमक उत्पादन क्षेत्रों का नियंत्रण अंग्रेजों को दे दिया।[7] फलोदी से 1.5 लाख मन तथा डीडवाना में नमक की झील से 4 लाख मन नमक का उत्पादन होता था। पचपदरा का नमक अंग्रेजी सरकार को 1.7 लाख रुपये वार्षिक के बदले पट्टे पर दे दिया था। इस प्रकार जोधपुर राज्य ने अपने नमक उत्पादन के स्रोतों को केवल 9,61,395 रुपये वार्षिक के बदले अंग्रेजों को सौंप दिया।

अंग्रेजों द्वारा जोधपुर राज्य के साथ किए गए इन समझौतों की कुछ शर्तें इस प्रकार से थीं—

1. इन नमक संधियों के बाद नमक का उत्पादन केवल भारत सरकार ही करेगी।[8]
2. भारत सरकार द्वारा नमक उत्पादन न करने एवं राज्य को इससे हानि होने की स्थिति में भी जोधपुर राज्य अपनी सीमा में नमक उत्पादन नहीं करेगा।[9]

3. भारत सरकार की इच्छा होने पर दो वर्ष का नोटिस देकर इन नमक संधियों से हट सकती थीं किंतु राज्य सरकार चाहकर भी इन संधियों से अलग नहीं हो सकती थीं।[10]

4. राज्य को अब उस नमक पर किसी भी प्रकार का कर, चुंगी कर, पारगमन शुल्क लगाने की अनुमति नहीं, जिस पर अंग्रेजी सरकार ने कर चुकाया गया हो।[11]

5. राज्य ऐसे नमक का आयात नहीं कर सकता जिस पर अंग्रेजी नमक कर न दिया गया हो।

6. यदि राज्य में किसी व्यापारी के पास नमक का भण्डार हो तो राज्य उसे अपने नियंत्रण में लेकर व्यापारी से नमक कर वसूलेगा या एक निश्चित दर से अंग्रेजों को बेच देगा।[12]

7. भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए नमक लेखा को राज्य द्वारा केवल स्वीकृत करना होता था, उसमें किसी भी प्रकार के परिवर्तन करने या सुझाव देने का अधिकार राज्य सरकार को नहीं था।[13]

राज्य में अब नमक उत्पादन बंद कर दिया गया और इसके बदले राज्य व उन ठिकानेदारों को जिनके क्षेत्र में नमक उत्पादन के क्षेत्र थे, क्षतिपूर्ति के रूप में अत्यन्त कम राशि दी गई। यह राशि नमक से होने वाली आगामी आय, नमक उत्पादन को रोकने, नमक पर लगने वाले आयात-निर्यात व पारगमन शुल्कों के घाटे को पूरा करने के लिए दी गई थी। जोधपुर महाराजा के पारिवारिक उपयोग के लिए वार्षिक 10,000 मन नमक देना तय किया गया। राज्य की जनता के उपभोग के लिए कम कीमत पर 2,25,000 मन नमक 50 पैसे प्रति मन के हिसाब से देना तय किया गया ताकि इन समझौतों के कारण उत्पन्न जन असंतोष को कुछ सीमा तक कम किया जा सके।

अंग्रेजी सरकार ने सांभर, डीडवाना व पचपदरा के अलावा सभी केन्द्रों पर नमक का उत्पादन बंद कर दिया। सरकार ने प्रारम्भ में 1.5 रुपया तथा बाद में इसे बढ़ाकर 2.78 रुपये चुंगी कर लगा दिया। इससे राज्य का नमक जो कभी जनता को बहुत सस्ता मिलता था, अब तीन से चार गुना तक महँगा हो गया। इस प्रकार जोधपुर राज्य ने अपने नमक उत्पादन के स्रोतों को केवल 9,61,395 रुपये वार्षिक के बदले अंग्रेजों को सौंप दिया।

अंग्रेजी सरकार ने राजस्थान की विभिन्न रियासतों को 22 लाख रुपये वार्षिक से अधिक धन देकर 57 से 65 लाख मन नमक के स्रोतों पर अधिकार कर लिया जिससे लगभग 2 करोड़ रुपये वार्षिक नमक कर की आय होने लगी।

1878 से पूर्व में सांभर नमक कर व सामान्य नमक कर की तुलनाः-

क्रम संख्या	वर्ष	सांभर के नमक पर कर (रुपये में)	वर्ष	सामान्य नमक पर कर (रुपये में)
1.	1843-1846	1.30 प्रति मण	1837 अक्टूबर 1888	3.25 प्रति मण
2.	1846-1859	2.00 प्रति मण	अप्रेल 1849 से	2.50 प्रति मण
3.	1.1.1860-31.1.1861	2.50 प्रति मण	दिसम्बर 1859 से	3.00 प्रति मण
4.	31.1.1861-31.12.1877	3.00 प्रति मण	मार्च 1861 से	3.25 प्रति मण
5.	31.12.1877-1.1.1878	2.75 प्रति मण	अगस्त 1878 से	2.87 प्रति मण

जोधपुर राज्य द्वारा अंग्रेजों के साथ की गई नमक संधियों से न केवल राज्य प्रभावित हुआ बल्कि यहां की आम जनता, व्यापारी, मजदूर एवं बंजारे भी प्रभावित हुए बिना नहीं रहे—

1. राज्य के नमक समझौतों से नमक पर अंग्रेजों का एकाधिकार हो गया और नमक जैसी आम उपभोग की वस्तु जनता के लिए तीन से चार गुना तक महँगी हो गई।
2. नमक संधियों से राज्य की जनता का आर्थिक शोषण के साथ-साथ कुपोषण को भी बढ़ावा मिला।
3. नमक संधियों से नमक व्यापार से जुड़े हुए व्यापारियों का व्यवसाय छिन गया। कपड़े की छपाई व रंगाई तथा चमड़ा उद्योग पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा तथा नमक उद्योग में लगे सैकड़ों मजदूर बेरोजगार हो गए।
4. भरतपुर के अंग्रेजी एजेन्ट वाल्टर ने ब्रिटिश सरकार को नमक उत्पादन को आय का प्रमुख साधन बनाने के सुझाव के बाद सरकार ने नमक उत्पादक क्षेत्रों को रेल लाइन से जोड़ने की योजना बनाई। इसी योजना के तहत राजपूताना-मालवा रेलवे के अधीन दिल्ली-अहमदाबाद रेलवे लाइन का निर्माण कार्य शुरू किया गया। रेलमार्ग की एक शाखा अजमेर

से फुलेरा व कुचामन रोड तक बनाई गई जिस पर सांभर झील स्थित थी। सन् 1874-75 ई. में सांभर तक इस लाइन का विस्तार कर दिया गया।

5. अंग्रेजों द्वारा नमक परिवहन के लिए रेलवे लाइनों के विकास से सांभर, नावां, गुढ़ा जैसे नमक केन्द्रों के रेल से जुड़ जाने से परम्परागत परिवहन के साधनों विशेषकर बंजारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। अधिकांश बंजारों की आजीविका का मुख्य साधन नमक परिवहन ही था। सांभर से नमक को जोधपुर राज्य व देश के अन्य भागों तक पहुँचाने का कार्य बंजारों द्वारा किया जाता था। बंजारे नमक परिवहन व वितरण का कार्य करते थे। अब बंजारों का स्थान रेलवे ने ले लिया।
6. नमक उत्पादन में कोई कमी न आए इसलिए अंग्रेजों ने 1900 ई. में किशनगढ़ राज्य को सांभर झील में आने वाले पानी को रोकने के लिए रूपनगर वाले क्षेत्र में बांध बनाने या कुएं नहीं खोदने के लिए बाध्य किया। इस कारण यहां सिंचाई के साधनों पर बुरा प्रभाव पड़ा।

नमक संधियों के माध्यम से अंग्रेजी सरकार ने मारवाड़ रियासत के सभी नमक केन्द्रों तथा नमक उत्पादन पर अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया। शासक अपनी आंतरिक प्रशासनिक दुर्बलताओं के कारण अंग्रेजों के साथ मोलभाव करने की स्थिति में नहीं होने के कारण बहुत ही कम कीमत पर राज्य का सारा नमक साम्राज्यवादी सत्ता को सौंप दिया। जिसका परिणाम राज्य की जनता को आर्थिक शोषण के रूप में चुकाना पड़ा।

संदर्भः

1. एफ. एशटनः डिप्टी कमीशनर, नॉर्थ इंडिया साल्ट रेवेन्यु, दी साल्ट इण्डस्ट्री ऑफ राजपूताना, द जर्नल ऑफ इंडियन आर्ट एंड इंडस्ट्री, पृ. 26
2. एम.एस. जैन, आधुनिक राजस्थान का इतिहास, पृ. 118-19
3. कालूराम शर्मा, उन्नीसवीं सदी के राजस्थान का सामाजिक एवं आर्थिक जीवन, पृ. 175
4. इन्सट्रु मेंट ऑफ एक्सेसन ऑफ कर्नल एच. एच. राजराजेश्वर महाराजाधिराज सर उम्मेदसिंहजी, सेड्यूल्स 1, 2, 3, 4, 5, 1893. एण्ड नोट्स ऑन साल्ट एण्ड फिनान्सियल स्टेटमेंट्स, थर्ड एग्रीमेंट ऑफ 1879, पृ. 26-27
5. एम. एस. जैन, आधुनिक राजस्थान का इतिहास, पृ. 119-20

6. इम्पीरियल गजेटियर ऑफ इण्डिया, भाग-21, पृ. 133
7. एचिसन, ट्रीटीज एंगेजमेंट्स एण्ड सनद्स, भाग-3, पृ. 189
8. एचिसन, ट्रीटीज एंगेजमेंट्स एण्ड सनद्स, भाग-3, नमक संधियां (1870) आर्टिकल-1, पृ. 184
9. एचिसन, उपर्युक्त, आर्टिकल-1, पृ. 184
10. एचिसन, उपर्युक्त, आर्टिकल-2, पृ. 184
11. एचिसन, उपर्युक्त, आर्टिकल-9, पृ. 186
12. एचिसन, उपर्युक्त, आर्टिकल-3, पृ. 185
13. एचिसन, उपर्युक्त,आर्टिकल-12, पृ. 187
14. जॉर्ज वाट, डिक्शनरी ऑफ ए इकॉनोमिक प्रोडक्ट्स ऑफ इण्डिया, खण्ड-4, पृ. 421.
15. एम.एस. जैन, उपर्युक्त, पृ. 124.
16. एम.एस. जैन, उपर्युक्त, पृ. 118.
17. एम.एस. जैन, राजस्थान थ्रू दी ऐजेज, भाग-3; पृ. 201, इम्पीरियल गजेटियर ऑफ इण्डिया, भाग-21, पृ. 133.
18. बसंत जोशी, उन्नीसवीं सदी का राजस्थान, जयपुर पब्लिशिंग हाउस, पृ. 53
19. रघुबीर सिंह, पूर्व आधुनिक राजस्थान, सर्वोदय साहित्य मंदिर, हैदराबाद, पृ. 296

डॉ. सुखाराम
सहायक आचार्य इतिहास
राजकीय डूँगर महाविद्यालय, बीकानेर, राजस्थान

❑❑❑

पण्डित काशीराज की कलम से—तृतीय पानीपत युद्ध के अनछुए प्रसंग

सदाशिवभाऊ की पत्नी पार्वती बाई तथा नाना फड़नवीस की दुर्दशा युद्ध के दौरान

अंतिमा कनेरिया • दिनेश महाजन

सारांश– *18वीं सदी के उत्तरार्ध उत्तर भारत में सत्ता के शून्यता को भरने के लिए मराठा सर्वशक्तिमान थे। मराठा के साथ अन्य शक्ति अफगान निरंतर रूप से शक्तिशाली होते जा रहे थे। इसी बीच जब मराठा सरदार ने पंजाब से अफगान सरदार को पलायन के लिए मजबूर कर दिया। तब मराठा और अफगानों के बीच एक विध्वंसकारी युद्ध हुआ जिसे पानीपत तृतीय युद्ध के नाम से जाना जाता है यह युद्ध 14 जनवरी 1761 को मराठा और अफगानों के बीच हुआ। मराठों के लिए विनाशकारी सिद्ध हुआ और मराठा अपनी शक्ति से पंगु होकर महाराष्ट्र तक ही सीमित रह गए। इस युद्ध का काशीनाथ पंडित ने की स्थिति का वर्णन किया है, जो काफी दुखदायक था। जिसमें सदाशिव भाव की पत्नी और नाना फडणवीस के परिवार की दर्दनाक स्थिति का वर्णन किया है। छत्रपति शिवाजी महाराज के समय मराठा शिविरों में महिलाओं और नृत्यकियो का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित था। किंतु लंबे समय अंतराल बाद मराठा पेशवा एवं सामंतों ने इस स्थिति में परिवर्तन कर मराठा शिविरों में महिला और नृत्यकियो के प्रवेश की अनुमति दे दी। यही कारण रहा कि मराठा पूर्ण रूप से युद्ध नहीं कर पाते थे और सेना का कुछ भाग शिविरों की सुरक्षा में लगाया जाता था पानीपत के तृतीय युद्ध में महाराजाओं की हार हुई जिससे शिविर और महिलाओं की स्थिति दर्दनाक दिखाई देती है इसी स्थिति का वर्णन काशीनाथ पंडित ने अपने शब्दों से किया है।*

Key Words–पानीपथ का युद्ध, मराठा, सदाशिवभाऊ, पार्वतीबाई, नाना फड़नवीस, पं. काशीराज पेशवा।

प्रस्तावना—मुगल सम्राटों के सैनिक अभियानों के समय सामान्यतः उनका हरम उनके साथ रहता था, किंतु इस विषय में स्वयं शिवाजी एक कठोर अनुशासन प्रिय व्यक्ति थे। मराठा शिविर में महिलाओं की उपस्थिति के विषय में उनका अनुशासन बेहद कड़ा था। शिवाजी के सैन्य शिविरों में महिलाओं का प्रवेश प्रतिबंधित था। ईस्ट इण्डिया कम्पनी के चिकित्सक जॉन फ्रेयर ने लिखा है कि— ''शिवाजी के सैन्य शिविर में नृत्यांगनाओं, व्याभिचारी महिलाओं अथवा वेश्याओं का प्रवेश वर्जित था।[1] किंतु शाहू के सामन्त, पेशवाओं और पेशवाओं के सामन्तों के काल में उनके सैन्य शिविर सदैव महिलाओं से भरे रहते थे। पेशवा बाजीराव (प्रथम—1720-1740 ई.) अक्सर अत्यधिक कष्टसाध्य और श्रमसाध्य सैनिक अभियानों में व्यस्त रहते थे। ये श्रमसाध्य सैनिक अभियान उसे थकावट से क्लान्त कर देते थे। अतः वह थकावट से चूर होने पर अवकाश के क्षणों में अपनी प्रयसी मस्तानी के आगोश में डूब जाते।[2] पेशवा बाजीराव का पुत्र बालाजी बाजीराव उर्फ नाना साहेब (1740-1761 ई.) सम्भवतः अपने पिता की अपेक्षा एक बेहतर ब्राह्मण था और वह अपने ब्राह्मत्व का पूर्ण पालन करते थे।[3]

शिवाजी के पश्चात्वर्षीय मराठा शासकों में सादगी, कर्मठता और कठोर अनुशासन के गुण नष्ट हो गए थे, और सैनिक अभियानों के समय मराठा सेनाओं के साथ उनका हरम भी साथ जाने लगा था। इस विषय में ईस्ट इंडिया कंपनी के फ्रॉप्स, ब्राउटन तथा मूर जैसे लेखक हैं कि—''मराठा पेश्वा राघोबा, दौलतराव सिंधिया तथा भाऊ परसरामपटवर्धन के शिविरों में रखेलों, नृत्यांगनाओं, तरूणियों तथा संदिग्ध आचरण की महिलाओं की भरमार रहा करती थी।[4] पेशवा विश्वासराव की माता गोपीकाबाई पानीपत के तृतीय युद्ध में अपने पुत्र के साथ एक सहकर्मी तथा सहयोध्या का दायित्व निभाने के लिए गई थी और उसने अपने दायित्व का भी भली-भांती पालन किया था।[5] किंतु सदाशिव भाऊ की सेना के साथ एक बड़ी संख्या में मराठा स्त्रियां और उनके अनुचर भी रहते थे। सदाशिवभाऊ जैसे प्रमुख सेनापति की पत्नी पार्वतीबाई भी इस मराठा हरम में सम्मिलित थी, जिसकी युद्ध उपरांत बड़ी दुर्दशा हुई और उसकी जान और अस्मिता पर भारी संकट उत्पन्न हो गया था। पानीपत के तृतीय युद्ध में मराठा हरम में जो स्त्रियां थी पराजय के पश्चात् उनकी भयानक दुर्दशा हुई थी।[6]

काशीराज पंडित पानीपत के तृतीय युद्ध में संस्मरण लेखक बतौर सम्मिलित थे और वह शुजा के शिविर में निवासरत थे। काशीराज पंडित मराठी और फारसी भाषा का ज्ञान रखते थे जो युद्ध के दौरान दुभाषिये का कार्य भी करते थे। उनकी आँखों देखा युद्ध संस्मरण इतिहास की अमूल्य धरोहर माने जाते हैं।

काशीराज पंडित मूलतः एक ब्राह्मण था। उन्होंने युद्ध के महत्वपूर्ण संस्मरणों को सहेजा था और पानीपत युद्ध के 20 वर्षों के बीत जाने के पश्चात् उन्होंने अपने संस्मरण तिथि वार लिखे थे किंतु काशीराज पंडित अपने संस्मरणों का प्रकाशन न कर सके और दुनिया से चल बसे।[7] सौभाग्यवश डॉ. उदय एस कुलकर्णी जो पेशे से एक फिजिशियंस और सर्जन रहे हैं, उन्होंने अथक परिश्रम से अपने स्वलिखित ग्रंथ— Solstice At Panipat 14 jan में पंडित काशीराज के युद्ध संबंधित संस्मरणों का प्रकाशन किया है, जो अपने आप में बेहद रोचक और प्रमाणित है।

पंडित काशीराज सदाशिवभाऊ की पत्नी की दुर्दशा के विषय में लिखते हैं कि पानीपत युद्ध आरंभ होने के पूर्व ही सेनापति सदाशिवभाऊ ने अपनी पत्नी पार्वती बाई को पूर्ण सुरक्षा में रखा था। भाऊ ने उसे अपने एक विश्वस्त सेनानायक बीसाजी कृष्णा जोगदंड की सुरक्षा में 500 घुड़सवारों की अभिरक्षा में रखा था। साथ ही भाऊ ने जोगदंड को इस बात की सख्त हिदायत दी थी कि वह उसकी पत्नी की पूर्ण मुस्तैदी के साथ रक्षा करें किंतु यदि वह पत्नी (पार्वतीबाई) की रक्षा न कर सके और वह शत्रु पक्ष के हाथ लग जाये तो उसे स्वतः ही मौत के घाट उतार देना।[8] किंतु युद्ध की भयावहता के कारण जोगदंड पार्वतीबाई की सुरक्षा करने में असमर्थ रहा और वह पार्वतीबाई को अपने हाल पर छोड़कर पलायन कर गया। ऐसी नाजुक और विकट स्थिति में जानू भिनटंडा नायक एक खिदमतगार ने पार्वतीबाई को अपनी पीठ पर लादकर युद्ध क्षेत्र से बाहर निकाला। तदुपरांत वीर सिंह वारावकर नामक एक सैनिक ने पार्वती बाई को घोड़े की पीठ पर लादकर लंबा सफर किया जहां से दिल्ली केवल 30 मील की दूरी पर रह गई थी। सौभाग्यवश उसी मध्य सूबेदार मल्हारराव होलकर (प्रथम) भी पेशवा कुल की महिलाओं की सुरक्षा में लगे हुए थे, उन्होंने भाऊ की पत्नी पार्वती बाई को सुरक्षित ग्वालियर पहुंचा दिया।[9]

पानीपत के तृतीय युद्ध में मराठों की हार से उन पर तो जैसे विपति के घनघोर बादल टूट पड़े थे। बलुचियों ने पराजित मराठा सैनिकों को मार कर उनके ढेर के ढेर लगा दिए थे। सैकड़ों मराठा सैनिकों के पास केवल लंगोटिया ही बची थी। नानासाहब पेशवा का पुत्र विश्वासराव गोली से मारा गया और सदाशिवभाऊ पर भाले का प्रहार होने से साथ ही उनकी जांघ में गोली लगने से वह भी मारे गए अफगान सिपाही उनका सिर काट कर ले गए।[10] जो मारे गए वे तो दुनिया से कूच कर गए किंतु युद्ध के दौरान बड़े नेता जो बच गए थे वह भी भारी विपति के शिकार हुए। ऐसी भारी विपत्ति ग्रस्त मराठा स्तंभ में नाना फड़नवीस के नाम उल्लेखनीय है। नाना फड़नवीस (1742-1800 ई.) का मूल नाम बालाजी जनार्दन भानु था और वह सतारा के मूल निवासी थे।'' नाना

पेशवा के वित्तीय प्रबंधक एवं कलम के वह धनी व्यक्ति थे, किंतु तलवार से उनका कभी पाला ही नहीं पड़ा था। सुरेन्द्रनाथ सेन नाना के विषय में लिखते हैं कि—'He was neither a swort man, nor a Moralist'[11]

पानीपत के युद्ध में नाना फड़नवीस दो कारणों से शामिल हुआ था प्रथम अकाउंट के जानकार, लेखा अधिकारी, बतौर और दूसरा यह कारण था कि नाना अपनी युवा पत्नी और वृद्ध माता को उत्तर भारत के तीर्थ स्थलों की यात्रा कराना चाहता था।[12] पंडित काशीराज नाना फड़नवीस के विषय में लिखते हैं, कि युद्ध के दौरान भयानक अफरा-तफरी मची हुई थी और उसी दौरान उनकी वृद्ध माता और पत्नी कहीं खो गए थे नाना को बदहवासी और घोर परेशानी में देखकर अनायास ही सिंधिया का मैनेजर रामाजी अनंत नाना को मिला। उसने नाना की जान बचाने के लिए यह सलाह दी कि आप अपने कीमती वस्त्र और अलंकार तथा घोड़े को तत्काल त्याग दें और केवल अपनी धोती को ही अपनी लंगोटी बनाकर यहां से पैदल ही छुपते-छुपाते दबे पैर निकल जाए। पठानों के झुंड के झुंड यहाँ वहाँ घूम रहे हैं यदि उनकी नजर आप पर पड़ गई तो आप खतरे में पड़ जाओगे। तब नाना अपना बचाव करते हुए लगभग 12 कोस तक पैदल चले। पठानों से बचने के लिए वह अक्सर ऊंची घास में छिप जाया करते थे। नाना घनी झाड़ियों और वृक्षों की और बिना रुके निरंतर 16 कोस (32 मील) तक निराहार रहकर जल और अन्य के अभाव में निरंतर चलते रहे। भूख लगने पर वह वृक्षों के पते खाकर अपनी भूख को मिटाते रहे।[13] नाना फड़नवीस निरंतर चलते रहे और दूसरे दिन उन्हें एक झोपड़ी दिखाई दी, वह झोपड़ी एक हिंदू कीर्तनकर गोसाकी की थी। गोसाकी ने उन्हें रात्रि विश्राम कराया और पेट भर भोजन करवाया पो-फटने पर उसने नाना को रवाना कर दिया।[14]

तीसरी रात एक व्यवसायी जो कि अपनी बैलगाड़ी से जयपुर जा रहा था, उस व्यापारी ने नाना को अपनी बैलगाड़ी में शरण दी और उसने नाना का अतिथि सत्कार किया। चौथे दिन नाना रायबीरी नामक ग्राम पहुंचे, ग्राम के धनपति रामाजीदास ने नाना का एक सप्ताह तक भरपूर सत्कार किया तत्पश्चात् उस धनी व्यक्ति ने नाना को पूर्ण सुरक्षा के साथ डीग पहुंचा दिया। उसी मध्य बीसोजी बुरहानपुरकर से नाना को यह पता चला कि उनकी पत्नी पूर्ण सुरक्षित है और वह नाना के एक रिश्तेदार नारोपंत गोखले के आश्रय में जिन्जी नामक नगर में है, नाना को यह जानकर बड़ा सुखद लगा। रास्ते में नाना को यह भी पता चला कि भगदड़ के दौरान नाना की वृद्ध माता मर चुकी है।[15] कुछ दिनों के पश्चात् नाना शोकाकुल होकर अपने गृह नगर पुणे पहुँचे। यह थी नाना की दर्दभरी दास्तां।

सन्दर्भ ग्रंथ सूचि

1. जॉन फ्रेयर–ए न्यू एकाउण्ट ऑफ दि ईस्ट इण्डिया एण्ड पर्शिया, हॉकलुयट सोसायटी लंदन वोल्यूम– 1, 1909 पृ. 174
2. सुरेन्द्रनाथ सेन–दि मिलिट्री सिस्टम ऑफ दि मराठाज, एल.जी.पब्लिशर, नई दिल्ली 2021, पृ. 132
3. सुरेन्द्रनाथ सेन–दि मिलिट्री सिस्टम ऑफ दि मराठाज, एल.जी.पब्लिशर, नई दिल्ली 2021, पृ. 59
4. एडवर्ड मूर–ए नेरोटिव्ह ऑफ दि ऑपरेशन्स ऑफ दि केप्टन लिटिल्स डिटेचमेन्ट, क्रियेटिव मिडिया पार्टनर, 2012 पृ. 78
5. सुरेन्द्रनाथ सेन–दि मिलिट्री सिस्टम ऑफ दि मराठाज, एल.जी.पब्लिशर, नई दिल्ली 2021, पृ. 132
6. यदुनाथ सरकार–फॉल ऑफ दि मुगलएम्पायर, अनुवादक डॉ. मथुरालाल शर्मा, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कं. (प्रा.) लि. जयपुर, 1961 पृ. 342
7. डॉ. उदय एस. कुलकर्णी– (Solstice At Panipat) 14 जनवरी 1761, मूलामूथा पब्लिशर, पूणे संस्करण 2011, पृ. 177
8. डॉ. उदय एस. कुलकर्णी– (Solstice At Panipat) 14 जनवरी 1761, मूलामूथा पब्लिशर, पूणे, संस्करण 2011, पृ. 212
9. एन.आर. पाठक एंड एस. पगड़ी—पानीपत संग्राम, मुम्बई मराठी ग्रथ संग्रहालय बाम्बे, 1961 पेज 13. 1961
10. यदुनाथ सरकार—फॉल ऑफ दि मुगलएम्पायर, अनुवादक डॉ. मथुरालाल शर्मा, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कं.(प्रा.) लि. जयपुर, 1961 पृ. 240
11. सुरेन्द्रनाथ सेन—मिलिट्री सिस्टम ऑफ दि मराठाज, एल.जी.पब्लिशर, नई दिल्ली 2021, पृ. 148
12. डॉ. उदय एस. कुलकर्णी—(Solstice At Panipat) 14 जनवरी 1761, मूलामूथा पब्लिशर, पूणे, पृ. 179
13. डॉ. उदय एस. कुलकर्णी— (Solstice At Panipat) 14 जनवरी, 1761, मूलामूथा पब्लिशर, पूणे, पृ. 214
14. डॉ. उदय एस. कुलकर्णी—(Solstice At Panipat) 14 जनवरी, 1761, मूलामूथा पब्लिशर, पूणे, पृ. 214
15. एन.आर.पाठक तथा एस. पगड़ी—पानीपत संग्राम तथा काशीराज पण्डित-एन एकाउण्ड ऑफ दि लास्ट बैटल ऑफ पानीपत, मुम्बई मराठी ग्रंथ संग्रहालय बाम्बे, 1961, P-1726

अंतिमा कनेरिया
सहायक प्राध्यापक (इतिहास)

दिनेश महाजन
देवी अहिल्या विश्व विद्यालय (इन्दौर)

स्त्री विमर्श का स्वरूप : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

• अरूण कुमार

शोध सारांश—*किसी सभ्य समाज एवं संस्कृति की अवस्था का सही आंकलन उस समाज में स्त्रियों की स्थिति के माध्यम से ज्ञात किया जा सकता है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था का साम्राज्य होने के कारण समाज में स्त्रियों की स्थिति हमेशा एक सी नहीं और इनके प्रति सामाजिक दृष्टिकोण कालानुसार परिवर्तित होता रहा है। जब से महिलाओं ने अपनी सामाजिक भूमिका को लेकर सोचना और विचार करना प्रारम्भ किया, तभी से स्त्री-विमर्श जैसे सन्दर्भों पर बहस आरम्भ हुयी। स्त्री विमर्श रूढ़ हो चुकी मान्यताओं व परम्पराओं के प्रति असन्तोष व इनसे मुक्ति का स्वर है। स्त्री विमर्श उस सत्य की परिचर्चा है, जो समय व परिस्थितियों में आये परिवर्तनों के माध्यम से स्त्री की सोच, प्रस्थिति, स्वाभाव व उसके व्यक्तित्व में बदलाव लाती है। इसका सरोकार जीवन व दर्शन में स्त्री मुक्ति के प्रयासों से है। स्त्री विमर्श का मुख्य उद्देश्य पित्तसत्तात्मक व्यवस्था का पुर्नमूल्यांकन करने के साथ ही, इस व्यवस्था द्वारा हासिए में फेंकी गयी स्त्री के सपनों को शब्द देना व यह स्पष्ट करना है कि अपनी आधारभूत संरचना में स्त्री भी उतनी ही मानवीय, संवेदनशील, विवेकशील है, जितना कि पुरुष/ स्त्री-विमर्श की अवधारणा स्त्रियों के प्रति विकृत सोच का प्रतिवाद करते हुये स्त्रियों के अधिकारों एवं उनके स्वतंत्र अस्तित्व की माँग करती है।*

मुख्य शब्द—स्त्री-विमर्श, अस्मिता, स्वतन्त्र अस्तित्व, लिंग-भेद, उत्पीड़न, पित्तसत्तात्मक व्यवस्था, स्त्री मुक्ति, आत्मगौरव।

प्रस्तावना—किसी व्यक्ति एवं समुदाय की समाज में पहचान एवं

अस्मिता का आधार उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा होती है। समाज में सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए अनुकूल परिस्थितियों का होना आवश्यक है, लेकिन वास्तविकता तो यह है कि वैश्विक समाज में कालान्तर से ही स्त्री-पुरुष के मध्य भेद किया गया एवं दोनों को अलग-अलग नजरिए से देखा गया। स्त्री को हमेशा कमजोर मानते हुये उसे अबला, दीन-हीन, जैसे विश्लेषणों से सम्बोधित किया गया है। वर्तमान परिदृश्य में स्त्री-पुरुष सम्बन्धी विश्लेषण विचारकों के अध्ययन एवं विचारों के केन्द्र बिन्दु बन चुका है। इन वैचारिक विश्लेषणों में मनुष्य की जिजीविषा और अस्तित्व के संघर्ष की बात की गयी थी। मानव का यह संघर्ष ही विमर्श है और विमर्श के सन्दर्भ में अस्तित्व एवं अस्मिता को सुरक्षित रखने की तनावपूर्ण स्थिति, शोषण के प्रति अक्रोश और संघर्ष के परिणामस्वरूप स्त्री, दलित, आदिवासी, उभयलिंगी, अल्पसंख्यक, पर्यावरण जैसे मुद्दे सामने आये।

विद्वानों के वैचारिक विश्लेषण सम्बन्धी मुद्दों में स्त्री-विमर्श एक मुख्य अवधारणा है जो रूढ़ हो चुकी मान्यताओं, परम्पराओं के प्रति असन्तोष व उससे मुक्ति का स्वर है। यह पितृसत्तात्मक समाज के दोहरे नियमों, समाज में व्याप्त मूल्यों व अन्तर्विरोधों को पहचानने व समझने की गहरी अन्तर्दृष्टि है। ''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता'' जैसे उद्बोधन के माध्यम से पुरुष समाज एक ओर स्त्री को दैवीय गुणों से युक्त शक्ति स्वरूपा सिद्ध करता है, लेकिन दूसरी ओर इस दैवत्व के बोझ के नीचे यही समाज निरन्तर उनके मनुष्यत्व को क्षीण करता है और उन्हें घुट-घुटकर दम तोड़ने पर मजबूर करता है तथा स्त्री इस बात का आभास भी नहीं कर पाती। स्त्री विमर्श कालान्तर से ही समाज में मौन संस्कृति को अभिव्यक्ति देता है और तथाकथित नैतिकता, पैतृक व्यवस्थाओं को छिन्न-भिन्न करता है जो स्त्री अस्तित्व की चेतना को प्रभावित करते है। यद्यपि यह सत्य है कि स्त्री शारीरिक रूप से भले ही कमजोर हो लेकिन मानसिक रूप से वह पुरुष से किसी भी स्तर पर कमजोर नहीं है। महादेवी वर्मा कहती है– ''नारी का मानसिक विकास पुरुषों के मानसिक विकास से भिन्न परन्तु अधिक तीव्र, स्वभाव अधिक कोमल और प्रेम घृणदिभाव अधिक तीव्र तथा स्थायी होते हैं। इन्हीं विशेषताओं के अनुसार उसका व्यक्तित्व विकास पाकर समाज में उन अभावों की पूर्ति करता रहता है जिनकी पूर्ति पुरुष स्वभाव द्वारा सम्भव नहीं। इन दोनों प्रकृतियों में उतना ही अन्तर है जितना बिजली और झड़ी में एक से शक्ति उत्पन्न की जा सकती है। विशाल कार्य किये जा सकते हैं, परन्तु प्यास नहीं बुझाई जा सकती। दूसरी से शान्ति मिलती है, परन्तु पशुबल की उत्पत्ति सम्भव नहीं। दोनों के व्यक्तित्व अपनी पूर्णता में

समाज के एक ऐसे रिक्त स्थान को भर देते हैं जिससे विभिन्न सामाजिक सम्बन्धों में सामंजस्य उत्पन्न होकर उन्हें पूर्ण कर देता है।''

स्त्री विमर्श वैश्विक चिन्तन में एक नई बहस को जन्म देता है, पैतृक प्रतिमानों व उनके सोचने की दृष्टि पर सवालिया निशान लगाता है कि आखिर क्यों महिलायें, अपने मुद्‌दों, अवस्थाओं, एवं समस्याओं के बारे में सोच नहीं सकती? क्यों वे साँचे में ढली निर्जीव मूर्तियाँ है? वास्तव में स्त्री का स्वयं के बारे में सोचना कभी भी पितृसत्ता को भाया नहीं। इसी सन्दर्भ में सीमोन द बुआ कहती है— ''स्त्री-पुरुष प्रधान समाज की कृति है। वह अपनी सत्ता को बनाये रखने के लिए स्त्री को जन्म से ही अनेक नियमों के ढाँचे में ढालता चला गया।'' जहाँ उसका व्यक्तित्व दबता चला गया।'' वास्तव में स्त्री-विमर्श अपनी अस्मिता एवं अस्तित्व की रक्षा के लिए, युगों की दासता, पीड़ा और अपमान के विरुद्ध स्त्री की सकारात्मक प्रतिक्रिया है। स्त्री-विमर्श की अवधारणा का स्वरूप भारतीय एवं पाश्चात्य सन्दर्भ में बिल्कुल अलग-अलग है। भारतीय सन्दर्भ में स्त्री 'मूल्य' है जबकि पाश्चात्य दृष्टिकोण में वह मात्र 'वस्तु' है। 1949 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'द सेकेण्ड सेक्स' में 'सीमोन द बोउआर' ने स्त्री को वस्तु के रूप में प्रस्तुत करने की स्थिति पर प्रहार किया। डेरोथी पार्कर का मानना है कि स्त्री को स्त्री के रूप में ही देखना होगा क्योंकि पुरुष और स्त्री दोनों ही मानव प्राणी है। 1960 में केट मिलेट ने पुरुष की रूढ़िवादी मानसिकता पर प्रहार किया और बाद में वर्जीनिया बुल्फ, जर्मन ग्रिवर आदि ने भी स्त्री के अधिकारों की बात की।

महिलाओं की समस्याओं एवं उनके प्रश्नों की जाँच करे तो इसकी जड़ें हमें 18वीं सदी के मानवतावादी दृष्टिकोण और औद्योगिक क्रान्ति में दिखाई देती है अर्थात् इस सदी की औद्योगिक क्रान्ति के समय अनेक प्रकार के संघर्षों में स्त्री-विमर्श भी एक था। धर्मशास्त्र और कानून के माध्यम से स्वयं को पुरुषों के मुकाबले शारीरिक एवं बौद्धिक धरातल पर कमजोर मानने से इन्कार करना, इसका केन्द्रीय स्वरूप था। पाश्चात्य चिन्तन में स्त्री-विमर्श की एक लम्बी परम्परा रही है और 18वीं सदी से पूर्व ही स्त्रियों के लिए व्यापक अवसर एवं अधिकार प्रदान किये जाने का स्वर उठ चुका था जिसमें पहला स्वर 'मैरी वोल्स्टोनक्राफ्ट' की पुस्तक 'The Vendication of Rights of Women' का था। तत्पश्चात् 1848 में एलिजाबेथ कैण्डी, स्टैण्टन, लुक्रसिया काफिनमोर आदि महिलाओं ने एक सम्मेलन आयोजित करके यह प्रस्ताव लिया कि स्त्री को सम्पूर्ण तौर पर समानता का अधिकार दिया जाये जिसमें शिक्षा का अवसर,

समान मजदूरी और मतदान का अधिकार शामिल था। उक्त प्रस्ताव एवं 1845 में आयी माग्रेट फुलर की पुस्तक 'Women in Nineteenth Century' ने समस्त यूरोपीय देशों में स्त्री समानता के आन्दोलन को प्रसारित किया, जिसके परिणामस्वरूप 1893 में न्यूजीलैण्ड तथा 1895 में दक्षिण आस्ट्रेलिया में महिलाओं को मतदान का अधिकार मिला। इसके बाद 1920 में अमरीका व 1928 में ग्रेट ब्रिटेन में भी महिलाओं को मताधिकार प्राप्त होता है।

इस प्रकार 19वीं सदी से प्रारम्भ मताधिकार आन्दोलन आदि के सिलसिलेवार संघर्षों से स्त्री अधिकार की चेतना निचले स्तर तक आयी। 1792 के फ्रांसीसी क्रान्ति के महिला मुक्ति आन्दोलनों से प्रभावित होकर अमरीका में महिलाओं ने 1857 में पुरुषों के समान वेतन को लेकर हड़ताले की थी। इसी घटना को कालान्तर में 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस घटनाक्रम को स्त्री मुक्ति आन्दोलन की शुरूआत और पृष्ठभूमि कहा जा सकता है। 1936 में विश्वपटल पर एक अद्‌भुत वक्त का आगाज हुआ, जब मैडम क्यूरी (नोबेल पुरस्कार विजेता) सहित तीन महिलायें फ्रांस में पहली बार मंत्री बनी। 1946 में नारी दशा पर संयुक्त राष्ट्र ने एक आयोग गठित किया, जिसका दायित्व सम्पूर्ण विश्व की महिलाओं के लिए समान राजनीतिक, आर्थिक और शैक्षणिक अधिकार दिलाना था। इसके तहत 1948 में वैश्विक स्तर पर स्त्री-पुरुष समान अधिकार कानून पारित हुआ और 1951 में संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने भारी बहुमत से महिलाओं के राजनीतिक अधिकारों का नियम पारित किया। यह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्त्री अस्मिता की स्वीकृति का आरम्भिक बिन्दु था।

1972 में लिंग-भेद पर रोक लगाने की माँग को लेकर शर्ली किसोम, वेट्टी फ्राइमेन, ग्लोरिया स्टेनम आदि ने आन्दोलन किया, जिसके परिणामस्वरूप 1972 में ही समान अधिकार संशोधन विधेयक पास हुआ और राष्ट्रीय स्तर पर लिंग आधारित भेदभाव को प्रतिबन्धित किया गया। 1975 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक स्तर पर महिलाओं को एकत्रित करने एवं उनकी समस्याओं से रूबरू होने के लिए विश्वस्तरीय सम्मेलन की शुरूआत की गयी, जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर उन्हें समान अधिकार प्रदान करता था। इसी आधार भूमि से 1975 में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महिला वर्ष मनाया गया और 1985 में दूसरा व 1995 में तीसरा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन क्रमशः नैरोबी एवं संघाई में सम्पन्न हुआ।

1990 के आस-पास भी पाश्चात्य जगत में स्त्रियों को घर एवं बाहर

दोयम दर्जे का माना जाता रहा है। उन्हें कभी भी अपने जुल्मों के बारे में बोलने का और अपने बजूद की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का अवसर नहीं दिया गया। इसी वजह से इस समय स्त्रियों द्वारा एक प्रचलित संस्कृति के समक्ष एक उपसंस्कृति को विकसित किया गया, जहाँ स्त्रियाँ अपनी बातें, समस्यायें, शोषण, पितृसत्ता द्वारा उत्पीड़न, बलात्कार, भेदभाव और स्त्री सशक्तीकरण आदि पर अपनी बात रख सकती है।

अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के जज के खिलाफ लगे यौन शोषण के आरोप के कारण स्त्री अस्तित्ववादी आन्दोलन को नई धार मिली। इस घटना के विरोध में 'रेबेका वॉकर' ने लिखते हुये अपने शीर्षक 'बीकमिंग द थर्ड वेब' में कहा "I am not Post Feminism, I am the third web"

वास्तव में यह दौर शोषण युक्त सामाजिक गतिविधियों की प्रतिक्रिया मात्र नहीं था बल्कि यह अपने आप में एक आन्दोलन था जिसमें सीधे तौर पर यह महसूस किया गया कि अभी भी समाज में संस्थागत पितृसत्ता है और आने वाले समय के लिए नारीवादी मूल्यों और लक्ष्यों को संयोजित किया जाना आवश्यक है।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में स्त्री मुक्ति का संघर्ष वर्षों पुराना रहा है। भारतीय समाज मूलतः पितृसत्तात्मक समाज है, जहाँ केवल पुरुष के अस्तित्व को ही महत्व दिया जाता है। स्त्री स्वतन्त्रता व अस्तित्व के लिए भारतीय समाज व संस्कृति में कोई स्थान नहीं है। भारतीय स्त्री को बचपन से ही घर और समाज की मर्यादाओं की पट्टी पढ़ाई जाती है। प्राचीन समय में बालिकाओं को एक स्तर तक ही शिक्षित किया जाता था। उसे घरेलू कामकाज में प्रशिक्षण दिया जाता था। उसके लिए अनेक प्रकार की पाबंदियाँ होती थी। हमारे शास्त्रों में उद्धृत है कि ''स्त्री न स्वातंत्रयम अर्हती।'' प्रायः यह स्वीकार किया गया कि स्त्री, पिता, पति व पुत्र के संरक्षण में ही सुरक्षित है। लेकिन हम यह अक्सर विस्मृत कर देते हैं कि वह भी मनुष्य है। उसके अन्दर भी भावनायें है। एक ओर पुरुष सत्तात्मक समाज उसे देवी कहकर सम्बोधित करता है। वहीं दूसरी ओर उसकी अवहेलना की जाती है। महादेवी वर्मा का मानना है कि ''यह नारी के देवत्व की कैसी बिडम्बना है।'' पुरुष के समान स्त्री भी इस समुदाय का भाग है तो फिर सारे बन्धन उसी के लिए क्यों?

वास्तव में भारतीय सांस्कृतिक वर्चस्व के मूल में स्त्री शोषण की धारणा निहित है। स्त्री को पराश्रित एवं पराधीन बनाकर रखने के लिए समाज में उसे

शिक्षा, कला, संस्कृति एवं ज्ञान विज्ञान से दूर रखा गया ताकि वह चेतनाहीन बनी रहे तथा पुरुष की सत्ता कायम रहे। इसी कारण पुरुषों ने स्त्रियों को प्रारम्भ से ही अपने ऊपर आश्रित रखा है। आर्थिक क्षेत्र हो या सामाजिक प्रत्येक क्षेत्र में पुरुष के बिना स्त्री का कोई अस्तित्व ही नहीं है। लेकिन स्त्री हो या पुरुष दोनों को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए स्वतन्त्र होना आवश्यक है। जब कभी भी कोई व्यक्ति किसी के शोषण या अत्याचार का शिकार होता है तो वह उससे मुक्ति चाहता है और इसके लिए वह आन्दोलन करता है। स्त्री मुक्ति आन्दोलन पुरुष विरोधी आन्दोलन नहीं बल्कि उस व्यवस्था के प्रति प्रतिक्रिया है जिसमें स्त्री को दोयम दर्जा दिया जाता है और उसका शोषण व दमन होता है।

यद्यपि भारतीय संस्कृति के गौरवशाली दौर वैदिक काल में स्त्रियों को गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त था और इस काल में सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में स्त्री सहभागिता थी। इस समय स्त्री को गृहस्थ का गुरूतर भार वहन करने की प्रेरणा के साथ-साथ यह भी आदेश दिया जाता था कि समय आने पर वीरता दिखानी होगी। निःसन्देह यह युग स्त्री की अस्मिता एवं अस्तित्व का स्वर्णिम युग था लेकिन पितृसत्तात्मक व्यवस्था के कारण वह शनैः शनैः बन्धनों में जकड़ती गई। विदेशी आक्रमणों के परिणामस्वरूप मध्यकाल में स्त्री शोषण एवं दमन के चक्रव्यूह में फंस गयी। पुनर्जागरण काल में राजाराम मोहन राय, स्वामी दयानन्द सरस्वती, गोविन्द रानाडे आदि चिन्तकों ने स्त्री को सचेत करने का प्रयास किया।

1818 में राजाराम मोहन राय ने सती प्रथा का विरोध किया, परिणामस्वरूप 1829 में सती प्रथा को गैर कानूनी घोषित किया गया। इसके साथ ही बाल विवाह बहुपत्नी प्रथा के विरुद्ध एवं विधवा विवाह के समर्थन में भी पक्षधारिता को समर्थन मिला। स्वामी दयानन्द सरस्वती व स्वामी विवेकानन्द ने स्त्री शिक्षा का पुरजोर समर्थन किया। स्त्री मुक्ति आन्दोलन की यात्रा में ज्योतिराव फुले व उनकी भार्या सावित्री बाई फुले का नाम बड़े आदर के साथ लिया जाता है। इन्होंने स्त्रियों के लिए अनेक सुधारात्मक कदम उठाये। सावित्री बाई फुले ने 'महिला सेवा मण्डल' की स्थापना की और दोनों ने लगभग 18 शिक्षण संस्थान खोले एवं उनको संचालित किया। इनका मानना था कि स्त्री-पुरुष जन्म से स्वतन्त्र है, इसलिए दोनों को समान अधिकार समान रूप से उपभोग करने का अवसर प्राप्त होना चाहिए। स्वावलम्बन एवं स्वतन्त्रता के साथ स्त्री शिक्षा एवं समान अवसर व समान वेतन आदि मुद्दों पर पण्डित रमाबाई संघर्षरत रही। 1882 में उन्होंने 'स्त्री धर्म नीति' नामक आलेख स्त्री

जाग्रति के लिए लिखा। 1883 में उन्होंने पितृसत्ता के खिलाफ 'द हाई कास्ट हिन्दू वोमेन' पुस्तक लिखी। विधवाओं एवं परिव्यक्ताओं के लिए 'शारदा सदन' की स्थापना की। 1882 में तारा बाई शिंदे ने 'स्त्री-पुरुष तुलना' नामक कृति द्वारा तत्कालीन समाज में स्त्री की वास्तविक स्थिति का चित्रण किया। इन्होंने लिंग के आधार पर स्त्री-पुरुष के अधिकारों में असमानता का तीव्र विरोध किया तथा विधवा पुर्नविवाह को मजबूती से स्वर दिया।

इन सुधारात्मक प्रयासों के कारण स्त्री-संघर्ष का दायरा न सिर्फ अपनी मुक्ति तक सीमित रहा बल्कि उसने पुरुष वर्चस्व की लक्ष्मण रेखा लांघते हुये भारी संख्या में स्वतन्त्रता संघर्ष में सहभागिता भी निभाई। वास्तव में 20वीं सदी के प्रारम्भ के साथ ही भारतीय स्त्रियों की राजनीतिक गतिविधियों में सक्रियता आरम्भ हो जाती है। 1920 में अखिल भारतीय महिला समिति जैसी संस्थाओं के माध्यम से बाल विवाह, पर्दा प्रथा व सती प्रथा का विरोध करना आदि। 1927 में गठित अखिल भारतीय महिला कॉन्फ्रेंस ने भारतीय महिलाओं को यह एहसास कराया कि संगठन में ही शक्ति है और यहीं से भारत में एक भारतीय नारीवादी सोच पनपनी शुरू हुयी। भारत के सन्दर्भ में एक बात अवलोकित है कि यहाँ स्त्री-मुक्ति के लिए कोई आन्दोलन नहीं हुआ और 20वीं सदी में प्रतिनिधि के रूप में भारतीय स्त्री ने राजनीति और सत्ता में दखल भी दी। इसका कारण यह था कि वैश्विक स्तर पर जिस समय स्त्री अधिकार अस्मिता, अस्तित्व आदि के लिए संघर्ष हो रहे थे। उस समय भारत स्वतन्त्रता के लिए आन्दोलनरत था। वैश्विक वातावरण का प्रभाव तो भारत पर पड़ ही रहा था, स्वतन्त्रता संघर्ष में स्त्री की सहभागिता भी समय की आवश्यकता थी। इस कारण हमारे देश में स्त्री-मुक्ति के लिए अलग से कोई विशेष संघर्ष न देते हुये भी स्त्री-संघर्ष स्वतन्त्रता के संघर्ष में समाहित था।

अपनी सांस्कृतिक विरासत को लिए भारतीय स्त्री, पुरुष से अपने अधिकारों को प्राप्त करने का प्रयास तो कर रही है, लेकिन वह पुरुषों में अच्छा व बुरा दोनों पाती है। बुराई या उत्पीड़न को परम्परा का हिस्सा स्वीकार करते हुये वह अपनी इस हीन दासत्व अवस्था के लिए पुरुष को दोषी नहीं मानती है। परिवार का एक अंग होने को महत्व देते हुये वह परिवार में रहकर स्वतन्त्रता को पाने का प्रयास कर रही है। आज भारतीय स्त्री निर्णय लेने की शक्ति और आर्थिक शक्ति प्राप्त करने में संलग्न है क्योंकि यही वह मन्त्र है जिससे वह स्वयं को पुरुष के समकक्ष ला सकती है। प्रभा खेतान लिखती है—''भारतीय स्त्री खुशी-खुशी समझौता कर लेती है,

इसे वह जीवन जीने का तरीका मानती है। उसकी इसी क्षमता के कारण भारत में स्त्री की हैसियत में जो परिवर्तन आया उसमें वह पुरुषों से सहयोग ले सकी है। समस्याओं को केवल स्त्री का मुद्‌दा न मानकर उन्हें अन्य व्यापक मुद्‌दों के साथ जोड़ना सम्भव हुआ।'' भारतीय स्त्री मिलकर साथ रहकर अपनी पहचान को प्राप्त कर रही है। भारत में पुरुष ने सदैव स्त्री पक्ष का विरोध नहीं किया है बल्कि वह स्त्री की प्रगति में सहायक रहा है।

निष्कर्ष—स्त्री समाज को अपने व्यक्तिगत अनुभवों से जोड़कर देखती है। वह जब से यह महसूस करने लगी कि वह पुरुष से किसी भी स्तर पर कम नहीं है तब से ही वह अपने अस्तित्व एवं अस्मिता के लिए स्वर बुलन्द करने लगी। स्त्री मुख्यतः लिंग केन्द्रित जड़ता को तोड़ना चाहती है। वस्तुतः स्त्री विमर्श के लिए कुछ समीक्षा आधार निर्धारित करना आवश्यक है। यद्यपि स्त्री विमर्श को प्रारम्भ में उजागर करने का प्रयास अवश्य ही पुरुषों ने किया था लेकिन उसकी दुर्दशा को व्यक्त करने में उसके मानवीय अधिकारों की माँगों को उठाने में असमर्थ रहे है। आज भी पुरुष सत्ता द्वारा मानसिक रूप से स्त्री को गुलाम बनाने की प्रक्रिया जारी है। कुल मिलाकर स्त्री-विमर्श स्त्री के मानवीय अधिकारों की संघर्षपूर्ण माँग करने वाला चिन्तन है जो आक्रामक होने के साथ-साथ पितृसत्तात्मक समाज की कड़ी आलोचना करता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ

1. वर्मा, महादेवी (1999), 'शृंखंला की कड़ियाँ', लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
2. कस्तवार, रेखा (2013), 'स्त्री चिंतन की चुनौतियाँ', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. वर्मा, कल्पना (2011), 'स्त्री विमर्श : विविध पहलू, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
4. कुमार, राकेश (2004), 'नारीवादी विमर्श', आधार प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. चतुर्वेदी, जगदीश्वर (2011), 'स्त्रीवादी साहित्य विमर्श', अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली।
6. अग्रवाल, रोहिणी (2012), 'स्त्री लेखन स्वरन और संकल्प' राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
7. यादव, डॉ. वीरेन्द्र सिंह (2010), 'नई सहस्रास्दी का स्त्री विमर्श : साहित्यिक अवधारणा एवं यथार्थ', राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।

8. प्रमीत्ता, के.पी. (2015), 'स्त्री अध्ययन की बुनियाद', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
9. पाण्डे, मृणाल (1998), 'परिधि पर स्त्री', राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली।
10. सीमोन द बोडवार (2015), 'स्त्री उपेक्षिता', हिन्द पॉकेट बुक्स प्रकाशन, नई दिल्ली।
11. खेतान, प्रभा (2008), 'प्रगतिशील वसुधा', जुलाई-सितम्बर।
12. यादव, राजेन्द्र (2013), 'औरत : उत्तर कथा', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
13. कालिया, ममता (2015), 'स्त्री विमर्श का यथार्थ', किताब वाले, नई दिल्ली।
14. प्रीतम, अमृता (2020), 'औरत एक दृष्टिकोण', पेंग्बिन रेंडम हाउस इण्डिया, गुडगांव।
15. आशा रानी (2005), 'नारी शोषण : आईने व आयाम', नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
16. जैन, डॉ. अरविन्द (2016), 'औरत होने की सजा', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
17. मासीवाल, भावना (2016), 'स्त्री विमर्श का स्वरूप', www.apnimali.com
18. www.streekal.com

www.sagrika.blogspot.com

www.edumate.online

www.divyahimachal.com

www.apnimati.com

www.hindikunj.com

अरुण कुमार

असिस्टेंट प्रोफेसर

(राजनीति विज्ञान)

राजकीय महिला महाविद्यालय, झांसी

❑ ❑ ❑

हरिभाऊ उपाध्याय का साहित्यिक योगदान

• डॉ. वीरेन्द्र शर्मा

हरिभाऊ उपाध्याय का जन्म मध्य प्रदेश में उज्जैन जिले के भौंरोसा नामक गाँव में हुआ था। विद्यार्थी जीवन से ही इनके मन में साहित्य के प्रति चेतना जाग्रत हो गई थी। संस्कृत के नाटकों तथा अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासों के अध्ययन के बाद वे उपन्यास लेखन की अग्रसर हुए। 'राष्ट्र' के शीर्षस्थ नेताओं की प्रथम पंक्ति में रहने वाले हरिभाऊजी अपने मित्रो, कार्यकर्ताओं आदि में सदैव आदरणीय 'दा' साहब ही बने रहे।

जब जमनालाल बजाज ने उन्हें राजस्थान में कार्य करने के लिए भेजा, तो उन्होंने केवल राजस्थान की राजनीति को ही नहीं, बापू के रचनात्मक कार्यक्रमों को भी पूरी तरह प्रभावित किया। खादी का कार्य हो या महिला जागरण का राष्ट्रभाषा हिंदी की प्रतिष्ठा का प्रश्न हो या शराब बन्दी का, अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करना हो या देशी राजाओं से 'दा' साहब इन सभी कार्यों में आगे रहे करते थे। गांधीजी के सिद्धान्तों के तो वे प्रामाणिक भाष्यकार ही बन गये थे।

हरिभाऊ उपाध्याय के व्यक्तित्व पर प्रभाव

हरिभाऊ उपाध्याय के जीवन पर तीन महापुरुषों के कृतित्व और व्यक्तित्व का गहरा प्रभाव पड़ा था। वे थे श्री महावीर प्रसाद द्विवेदी, अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी और महात्मा गांधी। 'सरस्वती', 'प्रताप', 'मालव मयूर' और खासकर गांधीजी के 'नवजीवन' आदि पत्रों में काम करने से उन्हें जो प्रेरणा मिली, उसी का प्रतिफलन उनके हाथों प्रकाशित और संपादित 'त्यागभूमि' नामक पत्रिका में हुआ था।

भाषा और साहित्य की समृद्धि और उसकी आमजन तक सहज पहुँच के उद्देश्य से 'दा' साहब ने अजमेर में 'सस्ता साहित्य मंडल' की स्थापना की। इसमें राष्ट्रीय नेताओं और साहित्यकारों की कृतियाँ सस्ते मूल्य पर मुद्रित कर वितरित की जाती थीं। कालांतर में यह संस्थान नई दिल्ली चला गया।

औदुम्बर का प्रकाशन

सन् 1911 में हरिभाऊ उपाध्याय अध्ययन के लिए काशी गये। वहाँ हरिरामचन्द्र दिवेकर की संगति में आकर हरिभाऊ जी के मानस को बल मिला और देश-सेवा के लिए जीवन अर्पित करने के इरादे पक्के होने लगे। हरिभाऊजी के काका अपनी औदुम्बर जाति की उस समय की गिरी हुई हालत से बड़े दुःखी रहते थे। अपनी जाति में जागृति फैलाने के उद्देश्य से उन्होंने काशी से एक मासिक पत्र 'औदुम्बर' का प्रकाशन शुरू किया। 'औदुम्बर' द्वारा हरिभाऊजी ने साहित्य और समाज की उल्लेखनीय सेवा की। श्री श्रीप्रकाशजी जैसे साहित्यकार 'औदुम्बर' द्वारा ही सर्वप्रथम प्रकाश में आये। काशी में ही हरिभाऊ उपाध्याय अनेक विद्वानों एवं राष्ट्रभक्तों जैसे पं. बालकृष्ण भट्ट, रामचन्द्र शुक्ल, डॉ. भगवानदास, जयशंकरप्रसाद, रामनारायण मिश्र, डॉ. श्यामसुन्दरदास, रामनारायण शुक्ल, स्वामी सत्यदेव तथा रामकृष्णदास आदि के सम्पर्क में आये।

हरिभाऊ उपाध्याय ने दिवेकरजी के परामर्श से पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी के नजदीक रहकर हिन्दी पत्रकारिता एवं अखबार नवीसी की तालीम लेने का निश्चय किया। उन दिनों द्विवेदीजी को 'सरस्वती' के लिए एक अच्छे सहायक की जरूरत थी जिसके लिए हरिभाऊ जी स्वयं प्रस्तुत हुए।[1]

'सरस्वती' से जुड़ाव

हरिभाऊ उपाध्याय को 'सरस्वती' पत्रिका में सहायक सम्पादक के रूप में नियुक्ति मिली। पहले एक मास तक वे प्रयाग में इण्डियन प्रेस में रह कर वहाँ के कार्य में दक्षता प्राप्त की। इसी दौरान डॉ. जगदीश चन्द्र बसु का एक विज्ञान संबंधी तथा महामहोपाध्याय हर प्रसाद शास्त्री का इतिहास सम्बन्धी व्याख्यान पर 'सरस्वती' के लिए टिप्पणी लिखी जिससे द्विवेदीजी हरिभाऊ जी अत्यंत संतुष्ट हुए।

महात्मा गांधी जी के सभापतित्व में होने वाले सन् 1918 के इन्दौर के हिन्दी साहित्य सम्मेलन अधिवेशन में बिना द्विवेदी जी की अनुमति के लंबी अवधि के लिए सम्मिलित होने तथा इससे सरस्वती का कार्य प्रभावित होने के कारण द्विवेदी जी से मनमुटाव हुआ और हरिभाऊजी ने इसके उपरांत नई राह पकड़ी। 'सरस्वती' छोड़ने के बाद वे इन्दौर चले गये।

नया संकल्प

हरिभाऊ उपाध्याय इन्दौर में रहकर साहित्य की सेवा और उसका प्रसार करना चाहते थे। पहले उन्होंने मध्य भारत हिन्दी साहित्य समिति के जरिये यह काम शुरू

करना चाहा, मगर राष्ट्रीय विचारधारा होने के कारण समिति के श्री सरजू प्रसाद से उनका मतैक्य न हो सका। तत्पश्चात श्री जीतमल लूणिया के सहयोग से उसी साल उन्होंने 'मध्य भारत हिन्दी पुस्तक एजेंसी' संस्था खोली। संस्था साझे में खोली गई थी, मगर घरेलू दिक्कतों के कारण हरिभाऊजी अपने हिस्से का पैसा न दे सके। इसलिए हरिभाऊजी के आग्रह पर लूणियाजी इस संस्था को चलाने लगे।

समिति से साझा टूटने पर हरिभाऊ उपाध्याय ने 'हिन्दी फाइनल स्कूल' में उप प्रधानाध्यापक का पद स्वीकार कर लिया और कुछ महीने वहीं काम किया। इसके बाद गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपना निजी सहायक बनाकर हरिभाऊजी को कानपुर बुला लिया। यहाँ वे दैनिक 'प्रताप' और मासिक 'प्रभा' के सम्पादन में योगदान देने लगे। विद्यार्थी की श्रमशीलता, कर्त्तव्यनिष्ठा और मंझी हुई राष्ट्रीय विचारधारा का हरिभाऊजी पर बड़ा असर पड़ा। कुछ समय के उपरांत आंतरिक मतभेद के चलते हरिभाऊ उपाध्याय पुनः इन्दौर चले गये।

'मालव-मयूर' प्रसंग

इन्दौर में आकर हरिभाऊ जी ने मालवा में जागृति पैदा करने के लिए राष्ट्रीय विचारधारा का एक निडर हिन्दी मासिक 'मालव मयूर' निकालने की योजना बनाई। हरिभाऊ जी 'मालव मयूर' के पहले अंक का मजमून लेकर छपाने के लिए बनारस गये थे कि इन्दौर के उस समय के मुख्यमंत्री का हुक्म मिला कि बिना इजाजत लिए 'मालव मयूर' इन्दौर से न निकाला जाय। हालांकि उस समय इन्दौर में ऐसा कोई कानून नहीं था और यह हुक्म जानबूझकर 'मालव मयूर' को न निकलने देने और मालवा में जागृति न फैलने देने की नीयत से दिया गया था। फिर भी हरिभाऊ उपाध्याय ने इजाजत के लिए दरख्वास्त दे दी, मगर वे जानते थे कि इजाजत तो मिलने से रही।

तब उन्होंने इरादा किया कि एक साप्ताहिक अखबार खण्डवा से निकालकर मालवा में जागृति का कार्य किया जाय। उन दिनों महात्मा गांधी ने साबरमती अहमदाबाद से अंग्रेजी 'यंग इण्डिया' और गुजराती का 'नवजीवन' निकालना शुरू करके देश में जागरण का कार्य तेजी से शुरू कर दिया था। हरिभाऊजी ने सोचा कि खण्डवा से एक ऐसा साप्ताहिक हिन्दी में निकाला जाय, जिसमें 'यंग इण्डिया' और 'नवजीवन' से अनुवादित लेख व टिप्पणियाँ रहें और खबरें वगैरह अपनी रहें।[2] गांधीजी के दिव्य संदेशों से मालवा में जागृति फैलाने में बड़ी मदद मिलेगी। खण्डवा से अखबार निकालने के लिए आर्थिक सहयोग की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने गांधीजी को खत लिखा तो उनका जवाब आया कि यदि साबरमती या वर्धा से पत्र निकालना चाहते हो तो श्री जमनालाल जी से लिखा-पढ़ी करो। उनसे मेरी

बातचीत हो गई है। उन्होंने खुद बम्बई जाकर गांधीजी के दर्शन और जमनालालजी से मुलाकात करने का इरादा उन्होंने कर लिया। गांधीजी और जमनालालजी के नजदीक रहकर देश सेवा करने के विचार और दृढ़ संकल्प ने हरिभाऊजी में उत्साह भर दिया। इस मौके से उनके साहित्य, समाज और देश की सेवा करने के इरादों को ताकत मिली।

इस सम्बन्ध में श्री हरिभाऊ उपाध्याय ने लिखा है जब मैं मणि भवन में पहुँचा तो देवदास भाई (देवदास गांधी) मिले। उन्होंने कहा आपका खत खुद बापू ने पढ़ा है। उत्तरी हिन्दुस्तान वालों की लिखावट बड़ी खराब होती है, बापू से पढ़ी नहीं जाती। लेकिन आपका खत बड़ा अच्छा था, बापू पर अच्छा असर पड़ा है।[3] हरिभाऊ उपाध्याय ने जमना लाल जी के सुझाव पर वर्धा या खण्डवा की बजाय साबरमती में रहकर पत्र निकालना मंजूर किया। जमनालाल जी का झुकाव यों वर्धा की तरफ था, परन्तु 'यंग इण्डिया' व 'नवजीवन' के साथ ही 'हिन्दी नवजीवन' का अहमदाबाद से निकालना ही उन्हें सुविधाजनक प्रतीत हुआ।

'हिन्दी नवजीवन' का प्रकाशन

'हिन्दी नवजीवन' के शुरू के अंकों को निकालने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रथम अंक निकलते ही उसकी धूम मच गई। नतीजा यह हुआ कि गुजराती 'नवजीवन' की मांग कम हो गई।

'हिन्दी नवजीवन' का पहला अंक 19 अगस्त, 1921 को निकला था। गांधीजी के जेल चले जाने बाद 18 जून, 1922 से सम्पादक के रूप में गांधीजी की जगह हरिभाऊ जी का नाम आने लगा।[4]

इधर हरिभाऊ जी साबरमती आश्रम आ गये, उधर श्री जीतमल लूणिया बनारस में जाकर 'हिन्दी साहित्य मन्दिर' नाम से एक प्रकाशन संस्था चलाने लगे। उन्होंने वहाँ से मासिक 'मालव मयूर' निकालने का इरादा किया। उन्होंने इसका सम्पादन भार ग्रहण करने के लिए हरिभाऊजी को लिखा। हरिभाऊजी का तो एक पुराना संकल्प ही पूरा होने जा रहा था, इसलिए उन्होंने तुरंत मंजूरी दे दी। हरिभाऊ जी ने एक खोजपूर्ण लेख-माला 'प्राचीन मालव' निकाली, जो बड़े चाव और आदर से पढ़ी गई। यह लेख-माला उन्होंने गुजरात विद्यापीठ अहमदाबाद के विशाल पुस्तकालय में रात-दिन मेहनत करके तैयार की थी। हिन्दी में यह प्रामाणिक सामग्री पाठकों को पहली दफा ही मिली थी।[5]

'हिन्दी नवजीवन' से बापू, जमनालालजी, अन्य मित्रों व पाठकों को काफी सन्तोष रहा। हरिभाऊ जी ने गांधीजी की शैली को इतना आत्मसात् कर लिया था

कि वह गांधीजी को ही मालूम पड़ती थी जबकि हरिभाऊजी ही सम्पादकीय टिप्पणियाँ आदि लिखते थे। एक अखबार ने 'हिन्दी नवजीवन' की समालोचना करते हुए लिखा था मालूम पड़ता है कि बापू ही जेल से लिखकर लेख भेज देते हैं।[6]

'हिन्दी नवजीवन' द्वारा राजनीतिक व सामाजिक जागृति और 'मालव मयूर' द्वारा साहित्य की समृद्धि में हरिभाऊजी ने यथाशक्ति योगदान दिया। सम्पादन के साथ-साथ वे साहित्यिक और विचार प्रेरक रचनाएँ भी लिखते रहे। साबरमती में आकर उन्होंने कई मौलिक किताबें लिखी व कई महत्त्वपूर्ण किताबों के अनुवाद किये।

राजस्थान से जुड़ाव

सन् 1925 में बाबाजी नृसिंहदास अग्रवाल मद्रास से अपने भारी व्यवसाय को छोड़कर देश सेवा के उद्देश्य से राजस्थान में आ गये। वे हरिभाऊजी से भी राजस्थान में आकर काम करने के लिए आग्रह कर रहे थे। काका कालेलकर, श्री मगनलाल गांधी व श्री महादेव देसाई ने भी हरिभाऊजी को राजस्थान में सेवा करने की मंजूरी दे दी।

सन् 1924 के आखिर में फतहपुर में अग्रवाल महासभा का अधिवेशन हुआ। हरिभाऊजी भी जमनालाल जी के साथ वहाँ गये। अखिल भारतीय चरखा संघ के मंत्री श्री शंकरलाल बैंकर, जीतमल लूणिया, राजस्थानी नेता श्री जयनारायण व्यास और श्री मगनलाल गांधी भी उस समय वहाँ आये हुए थे।[7] एक अप्रेल, 1925 को सेठ जमनालालजी बजाज की प्रेरणा और श्री घनश्यामदास बिड़ला तथा महावीर प्रसाद पोद्दार आदि के सहयोग से हरिभाऊजी ने लूणियाजी के साथ अजमेर में 'सस्ता साहित्य मण्डल' की स्थापना की। 'मण्डल' द्वारा साहित्य प्रकाशन का काम शुरू हुआ।[8]

सस्ता साहित्य मण्डल

सेठ जमनालालजी बजाज की प्रेरणा ने हरिभाऊ उपाध्याय की रचनात्मक वृत्ति को जन्म दिया। गुजराती में 'सस्तु साहित्य वर्धक कार्यालय' नामक संस्था ने सस्ते तथा उदात्त साहित्य के प्रचार में बड़ा काम किया है। हरिभाऊजी को लगा कि हिन्दी में भी इस प्रकार की संस्था की आवश्यकता है। जमनालालजी ने इस विचार का समर्थन किया और उनके सहयोग और सहायता से हरिभाऊ उपाध्याय ने सन् 1925 में 'सस्ता साहित्य मण्डल' की स्थापना की।[9]

हरिभाऊजी के अलावा सेठ जमनालाल बजाज, घनश्याम दास बिड़ला,

महावीर प्रसाद पोद्दार, रामकुमार भुवालका, डॉ. अम्बालाल शर्मा व जीतमल लूणिया इसके संस्थापकों में थे। उस समय बिड़लाजी 'मण्डल' के सभापति व लूणियाजी मंत्री बनाये गये। ग्रंथों के सम्पादन व व्यवस्था का भार हरिभाऊ उपाध्याय को सौंपा गया। 'तिलक स्वराज्य फण्ड' से 'मण्डल' को दान स्वरूप 25000 रुपये दिलाये गये। इसी राशि से 'मण्डल' का काम शुरू हुआ। जल्दी ही 'मण्डल' लोकप्रिय हो गया। 'मण्डल' ने काफी तादाद में उच्च कोटि के साहित्य का प्रकाशन किया। 1927 में हरिभाऊजी के सम्पादन में हिन्दी मासिक पत्रिका 'त्यागभूमि' का प्रकाशन 'मण्डल' ने शुरू किया, जो 1930 में साप्ताहिक रूप में निकली।

'मण्डल' की बढ़ोतरी के साथ ही अंग्रेज सरकार की नजर भी टेढ़ी हुई। 'मण्डल' को 'बगावत की जगह' समझा जाने लगा। आखिर में सरकार ने 'मण्डल' के आठ प्रकाशन जब्त कर लिये। हरिभाऊजी की पुस्तक 'युगधर्म' भी इनमें से एक थी। 1932 में सरकार ने 'मण्डल' के दफ्तर व 'सस्ता साहित्य प्रेस' में भी ताला डाल दिया। संचालकों के जेल में रहने व महीनों तक काम बन्द रहने से 'मण्डल' को बड़ा नुकसान हुआ। 'मण्डल' के ज्यादातर संचालक व अन्य सहयोगी राष्ट्रीय कार्यकर्ता थे, इसलिए समय-समय पर उनको जेल जाना पड़ता था, यह एक गंभीर समस्या 'मण्डल' के सामने थी। इससे काम ठीक तरह से नहीं हो पाता था। दिल्ली में छपाई, प्रकाशन व व्यावसायिक सहूलियतें होने के कारण 'मण्डल' का प्रधान कार्यालय दिल्ली ले जाया गया। 1940 में 'मण्डल' द्वारा मासिक 'जीवन साहित्य' का प्रकाशन शुरू किया गया। देश के आजाद होने पर 'मण्डल' का काम तेजी से आगे बढ़ा। 'मण्डल' ने गांधी साहित्य के अतिरिक्त विनोबा भावे, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, जवाहर लाल नेहरू आदि का भी साहित्य प्रकाशित किया।

गांधी आश्रम

सन् 1922-23 में जब बापू ने खादी, ग्रामोद्योग, छुआछूत-निवारण आदि रचनात्मक कार्यक्रम पेश किया तो जमनालाल जी का विचार हुआ कि इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने के लिए राजस्थान में एक आश्रम की स्थापना होनी चाहिए। जब हरिभाऊ उपाध्याय रचनात्मक कार्य के लिए राजस्थान आ गये तो उन्होंने भी आश्रम की योजना में हाथ बँटाया। अजमेर से 7 मील दूर हटूंड़ी गाँव के नजदीक बाबा नृसिंहदास अग्रवाल की मदद से आश्रम के लिए उपयुक्त जगह चुनी गई। एक अगस्त, 1927 को गांधी आश्रम की स्थापना हुई। इसमें जमनालालजी की मूल प्रेरणा व हरिभाऊजी का प्रमुख हाथ रहा। स्थापना होते ही 'सस्ता साहित्य मण्डल' के ज्यादातर कार्यकर्ता आश्रम में आ गये। यहीं से 'त्याग-भूमि' निकली और हरिभाऊजी के बहुत से

साहित्यिक व राजनीतिक साथी सहयोगी जैसे—बाबा नृसिंहदास, बैजनाथ महोदय, बाबा सेवादास, लादूराम जोशी, रामनाथ सुमन, चन्द्रभान शर्मा तथा हरिकृष्ण प्रेमी वगैरह सहित और भी बहुत से कार्यकर्ता आश्रम में रहने लगे। इस प्रकार आश्रम का अपना एक बड़ा परिवार बन गया। राजस्थान व मध्यभारत में इसी आश्रम के कार्यकर्ताओं द्वारा रचनात्मक तथा अन्य प्रवृत्तियाँ चलाई जाने लगीं। जल्दी ही आश्रम स्वतन्त्रता संग्राम का एक सुदृढ़ गढ़ बन गया। नमक सत्याग्रह तथा भारत छोड़ो आन्दोलन में हरिभाऊजी व आश्रम के सभी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और अधिकांश जेल गये।

गीता का अनुवाद

पहली बार (1930) की जेल यात्रा में हरिभाऊ जी ने हिन्दी गीता तैयार की थी। समश्लोकी अनुवाद गीता का किया था। जेल से बाहर जाने पर वह खो गया तो फिर भारत छोड़ो आन्दोलन में दुबारा वह अनुवाद किया जो बाद में प्रकाशित भी हुआ। हिन्दी में सम्भवत: यह पहला ही समश्लोकी अनुवाद था।

जेल जीवन में ही उन्होंने हिन्दी में भागवत धर्म या कृतार्थ जीवन नामक महत्त्वपूर्ण पुस्तक के 23 अध्याय लिखे थे जिसमें से 18 अध्याय का पहला भाग प्रकाशित भी हो चुका था। दूसरा भाग (पूरे 31 अध्याय) जेल से छूट जाने पर धीरे-धीरे तैयार हुआ।

1930 की जेल यात्रा में हरिभाऊजी ने एक और पुस्तक लिखने की शुरूआत की थी, जो बाद में पूरी होकर 'स्वतन्त्रता की ओर' के नाम से सस्ता साहित्य मण्डल से प्रकाशित हुई।

राजस्थान सेवक संघ का मुख पत्र 'तरुण राजस्थान' जब श्री माणिकलाल कोठारी के सुपुर्द हुआ तब कुछ वर्षों तक हरिभाऊजी इसके सम्पादक रहे थे। उन्होंने सन् 1962 में पुन: चुनाव लड़ा तथा राजस्थान के शिक्षा मन्त्री बने। 4 मार्च 1965 को आपने मन्त्री पद से स्वेच्छा से त्यागपत्र दे दिया। वर्ष 1965-72 तक वे अपने आश्रम में ही रहे तथा अहिंसा पंचायत की स्थापना की व काव्य सृजन करते रहे। मन्त्री पद से त्याग पत्र के बाद उनकी निम्न रचनाएँ प्रकाशित हुईं, मेरे हृदय देव 1965, गांधी युग के संस्मरण, 1966, भागवत् धर्म (द्वितीय भाग), 1969, बापू कथा, 1969, बदलते संदर्भ और साहित्यकार, 1976 (मरणोपरांत)। उन्होंने जवाहर लाल नेहरू की 'मेरी कहानी' और पट्टाभिसीतारमैया द्वारा लिखित 'कांग्रेस का इतिहास' का भी हिन्दी

में अनुवाद किया। हरिभाऊ उपाध्याय की अनेक पुस्तकें आज हिन्दी साहित्य जगत को प्राप्त हो चुकी हैं। उनके नाम इस प्रकार हैं 'बापू के आश्रम में', 'स्वतंत्रता की ओर', 'सर्वोदय की बुनियाद', 'श्रेयार्थी जमनालाल जी', 'साधना के पथ पर', 'भागवत धर्म', 'मनन', 'विश्व की विभूतियाँ', 'पुण्य स्मरण', 'प्रियदर्शी अशोक', 'हिंसा का मुकाबला कैसे करें', 'दूर्वादल' (कविता संग्रह), 'स्वामी जी का बलिदान', 'हमारा कर्त्तव्य और युगधर्म'।

हरिभाऊ जी की रचनाएँ भाव, भाषा और शैली की दृष्टि से बड़ी आकर्षक हैं। इनमें रस है, मधुरता और उज्ज्वलता है। इनमें सत्य और अहिंसा की शुभ्रता है, धर्म की समवयबुद्धि है और लेखनी की सतत साधना और प्रेरणा है।

संदर्भ

1. हिन्दी साहित्य कोश, भाग-2, संपादनः डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी, भारतकोश पुस्तकालय, 1986, पृ. 673
2. हिन्दी साहित्य का इतिहास, भाग 1, डॉ. संजय गुप्ता, ओम साई टेक्स्ट बुक्स, दिल्ली, 2019, पृ. 92
3. कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी, अंक 60, प्रकाशन विभाग, भारत सरकार, 1974, पृ. 527-28,
4. सम्पूर्ण गांधी वांगमय, अंक 43, 1958, पृ. 432
5. मध्यप्रदेश जिला गजेट : इंदौर, 1971, पृ. 690
6. राजशिखा उपाध्याय (शोधार्थी) स्थान जिला गजेट, झुंझुनूं, 1962, राजस्थान सरकार पृ. 27
7. फ्रीडम मूवमेंट इन राजस्थान, विद स्पेशल रेफरेंस टू अजमेर-मेरवाड़ा, इंदिरा व्यास, यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन, 2004, पृ. 176
8. इंडियन आर्काइव रिपोर्ट, वॉल्यूम 24, 1975 पृ. 76
9. जमना लाल बजाज : ए ब्रीफ स्टडी ऑफ हिज लाइफ एण्ड करेक्टर-टी वी परवाते 1962, नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, बंबई, पृ. 148

डॉ. वीरेन्द्र शर्मा

सहायक आचार्य इतिहास

राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर

❑❑❑

गवरी बाई : मीरा की परंपरा और सगुण निर्गुण समन्वय

• डॉ आशाराम भार्गव

मीरा भक्तिकाल की ऐसी रचनाकार हैं जिनकी आत्माभिव्यक्ति, सामाजिक भूमिका, कृष्ण के प्रति समर्पण और विरह इतना प्रभावी रहा कि उनके बाद जिस स्त्री भक्त या कवयित्री में समर्पण, विरह, वेदना या कृष्ण प्रेम का कुछ हिस्सा ही रहा तो भी उन्हें मीरा कहा गया। वागड़ की मीरा, मारवाड़ की मीरा, मत्स्य की मीरा और आधुनिक काल तक आते-आते महादेवी वर्मा को भी आधुनिक काल की मीरा कहा गया।

मैनेजर पांडेय लिखते हैं—जो आलोचक कविता को इतिहास के संदर्भ और सामाजिक जीवन के अनुभवों से स्वतंत्र मानते हैं वे महादेवी वर्मा की कविता में तरह-तरह के रहस्यवाद खोजते हैं। इस प्रक्रिया में कविता और कवि दोनों का मिथकीकरण हुआ है। कविता अध्यात्म साधन की अभिव्यक्ति बन गई है और महादेवी वर्मा मीरा बना दी गई है। ...विद्रोह करने वाली मीरा नहीं निरीह भाव से भगवान का भजन करने वाली मीरा।[1] कमोबेश रूप से यह विचार इन सब कवयित्रियों के संदर्भ में लागू होता है। विचारणीय है कि इन सब में मीरा के सारे गुण नहीं मिलते, फिर भी मीरा का प्रभाव इतना गहरा था कि इन्हें भी क्षेत्र और समय की विशिष्टता के साथ मीरा ही कहा गया।

गवरी बाई को वागड़ की मीरा कहा जाता है। गवरी बाई पर मीरा की माधुर्य भक्ति के साथ निर्गुण काव्यधारा का प्रभाव भी स्पष्ट दिखाई देता है। कहा जा सकता है कि गवरी बाई का काव्य निर्गुण-सगुण का समन्वय है। इनके काव्य में जहां एक तरफ सगुण भक्तों की तरह राम, कृष्ण और शिव की भक्ति, अवतार व लीला के पद मिलते हैं वहीं दूसरी ओर निर्गुण के परिचायक इड़ा-पिंगला, सुषुम्ना, अनहद नाद, भंवर गुफा आदि शब्द भी मिलते हैं। साथ ही सगुण-निर्गुण दोनों काव्यों में समान रूप से पाए जाने वाले गुरु महिमा, संसार

असार, माया प्रभाव, ईश्वर की सर्वव्यापकता, पाखंड विरोध, हरिनाम स्मरण आदि का भी वर्णन मिलता है।

संवत 1815 (1759 ई.) में वागड़ क्षेत्र में जन्मी गवरी बाई में मीरा की परंपरा के तत्त्व या भाव साम्य परमेश्वर को पति मानने और माधुर्य भक्ति के स्तर पर दिखाई देते हैं। 'कल्याण' के नारी अंक में भी इनका वर्णन मिलता है। वहां इन्हें गुजरात की संत बताया गया है गुजरात की सती देवियों में गौरीबाई बहुत प्रख्यात हैं।[2] वहां भी इन्हें चमत्कारी, साधिका, वचनसिद्ध बताया गया है और विवाह, वैराग्य, साधना आदि के साथ विविध जीवन प्रसंगों का वर्णन मिलता है।

मीरा की तरह गवरी बाई को भी पति वियोग सहना पड़ा। कहा जाता है कि इनका विवाह 5-6 वर्ष की अवस्था में हुआ और विवाह के सप्ताह भर में पति की अज्ञात रोग से मृत्यु हो गई। इन्होंने भी मीरा की तरह कृष्ण को अपना पति मान लिया।

पति वियोग या वैधव्य के बारे में प्रश्न पूछे जाने पर इनके उत्तर का उल्लेख करते हुए मथुरादास अग्रवाल और ज्योतिपुंज लिखते हैं—जदी कोई के'ता के थारो सुवामी हमेसा रे वास्ते नीं रियो तो सरल भाव उं जवाब मिलतो—मा'रो सुवामी पति तो परमेसर, अजर अमर मूं किस्तर विधवा। कुण के म'ने विधवा?[3] 'मेरा स्वामी पति तो अजर अमर परमेश्वर है, मैं कैसे विधवा?' कहकर गवरी बाई ने परमेश्वर को पति माना। जैसे मीरा ने कहा मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई।

मीरा और कृष्ण उपासकों के साथ अन्य भक्ति धारा के भक्तों-संतों ने भी परमात्मा के प्रति प्रणय निवेदन किया है, माधुर्य भक्ति के पद रचे हैं। भक्तिकाल के बाद तो अनेक संप्रदाय चल पड़े थे जिनमें साधकों द्वारा स्वयं को कृष्ण प्रिया और सखी मानते हुए भक्ति की गई।

गवरी बाई कृष्ण की माधुर्य भक्ति करती हैं। गवरी बाई को भी मीरा की तरह गिरधर से प्रेम है। गिरधर से लौ लगने और चांद-चकोर के प्रतीकों के माध्यम से उन्होंने प्रेम-माधुर्य को अभिव्यक्त किया है। मीठा लागो छो रे गिरधारी/मोर मुकुट कटि पीताम्बर बनी चंदन की खोर.......दिन दिन प्रेम अधीक लग्यो री बांध्यो नेह को पुर/गवरी गिरधर लाल सु लौ लागी जैसे चंद चकोर।[4]

मीरा कहती हैं—मैं तो सांवरे के रंग राची/साजि सिंगार बांध पग घुंघरू

लोकलाज तज नाची...उण बिन जग खारो लागत और बात सब काची/मीरा गिरधर लाल सु भगती रसीली जांची।[5] मीरा रसीली भक्ति अर्थात् माधुर्य भक्ति की घोषणा करती है तो गवरी बाई भी कृष्ण प्रेम को अभिव्यक्त करती हैं।

मीरा की तरह गवरी बाई भी कृष्ण के दर्शन की आकांक्षा करती है। हालांकि दर्शन की अभिलाषा तो हर भक्त-संत ने की है पर मीरा, गवरी और ऐसी ही अनेक स्त्री भक्त स्वयं को बावरी, कृष्ण की दासी और दीवानी कहते हुए दर्शन-मिलन की आकांक्षा करती हैं। मीरा कहती हैं—ए री मैं तो दरद दीवानी मेरो दरद न जाने कोय......गगन मंडल में सेज पिया की किस विध मिलना होय।[6] इसी तरह 'दासी मीरा लाल गिरधर' कहकर स्वयं को कृष्ण की दासी भी कहती है। गवरी बाई कृष्ण की दिवानी होकर जगत का उपहास सहते हुए दर्शन की प्रार्थना करते हुए कहती है—प्रभु मौकूं एक बेर दरसन दइये/तुम कारण मैं भई रे दीवानी/ उपहास जगत की सहियै।[7]

मीरा, रसखान और अनेक भक्तों की तरह गवरी बाई को भी कृष्ण के बदले हीरे, माणिक्य, मोती के भंडार नहीं चाहिए। रसखान कृष्ण सामीप्य के लिए अष्ट सिद्धि और नव निधि बिसारने और लकुटि और कामरिया पर तीन लोक का राज त्यागने को तैयार हैं। गवरी बाई कृष्ण को हृदय में बसाए रखना चाहती हैं—हाथ लकुटिया कांधे कमलिया मुख पर मुरली बजैये/हीरा मानिक गरथ भंडारा माल नहीं चाहियै/गवरी के ठाकर सुख के सागर मेरे उर अंतर रहियै।[8]

भक्ति और प्रेम मार्ग में बाधक तत्त्वों और व्यक्तियों की चर्चा लगभग सभी संतो-भक्तों ने की है। मीरा को इस मार्ग में परिजन और सामाजिक मान्यताएं बाधक लगती हैं इसलिए मीरा ने परिजनों के बारे में कहा–'सास लड़े म्हारी ननद खिजावै' तो सामाजिक भूमिका को स्पष्ट करते हुए वे कहती हैं–'लोग कहे मीरा भई बावरी/न्यात कहे कुलनासी रे।' इसी तरह 'लोग कहे बिगड़ी'। फिर भी मीरा भयभीत नहीं हुई। भगवान कृष्ण के प्रति सर्वात्म भाव से समर्पित मीरा को लोगों ने बिगड़ी कहा, सगे संबंधियों ने रोका-टोका पर मीरा निर्भीक भाव से कृष्ण भक्ति में लीन रही। तत्कालीन सामंतशाही शासन व्यवस्था और राज प्रतिष्ठा की अहमन्यता को चुनौती दी व साधु-संतों के बीच बैठ भगवद् चर्चा करती थी। इस तरह लोकलाज को तिलांजलि दी।[9]

भक्ति में बाधक परिजन और समाज को त्यागने हेतु भी संतों भक्तों ने कहा है। सूर ने कहा—तजौ मन हरि विमुखन को संग/जिनके संग कुबत उपजत है

 ISSN 2278-4632

परत भजन में भंग। तुलसी कहते हैं—जाके प्रिय न राम वैदेही तजिए तिन्हे कोटि बैरी सम जदपि परम सनेही। गवरी बाई इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए कहती हैं–समझ रे मन भाई इस जग में जुठी सगाइ/सगु समंधी कलत्र कुटंब सब स्वारथ को मल्यो आइ।....जुठी रे काया जुठी रे माया जुठे ब्हेन और भाई, अंत काल कोई संगी न साथी हंस अकेले जाई।[10]

इसी तरह गवरी गिरधर कु तजि करे जगत से हेत/तीन लोक में ठोर नहीं अंते होय फजेत। '.....' गवरी गिरधर कु तजी प्रीत करै परिवार/उनकी मत कु कहा कहुं वारंवार धिक्कार।[11] यहां विचारणीय यह है कि मीरा का विरोध और त्याग प्रत्यक्ष और व्यावहारिक था जबकि गवरी बाई का भावजगत पर और परंपरा का निर्वहन था।

मीरा बंधन के खंडन पर विश्वास करती है। मीरा के बारे में प्रभाकर श्रोत्रिय लिखते हैं–कविता के ही नहीं अक्षरशः जीव बंध के सारे छंद तोड़ दिए हैं। उसने समाज वर्जित प्रेम किया है कृष्ण से। कृष्ण की भागवत आवृत्ति मीरा की देह और देहोत्तर वाक् में हुई है।[12]

प्रेम के संदर्भ में यह भी महत्त्वपूर्ण है कि गवरी बाई के प्रेम में निर्गुण धारा की तरह ध्यान साधना से प्रेम प्रकट होने का वर्णन भी है। गवरी गुफा समार के धरे एकंतर ध्यान/ प्रेम अंतर प्रगटिया बिना सब ही फीको जान[13] वे नाम स्मरण में प्रेम की प्रतीति जरूरी बताते हुए कहती हैं–प्रेम प्रतीत हिरदे नहीं आवत/रात दिवस कहा गावे रे नाम।[14]

गवरी बाई मानती हैं कि प्रेम के बिना प्रभु नहीं रीझते। प्रेम से ही परमात्मा की प्राप्ति संभव है। प्रेम से मन को नियंत्रित करने और भक्त के भगवान में लीन होने का वर्णन करते हुए कहती हैं—प्रेम बिना रीझे नहीं पूरण परी ब्रह्म राय/प्रेमे प्रभुजी पाइए मन मतंग गल जाय/मन मतंग गल जाय जद प्रेमे प्रभु जी पाइ/प्रेमे गोपी गल गई ज्यूं उदकै लूण समाइ।[15] यहां प्रेम की सामान्य प्रतीति है। संतों ने भी प्रेम को अभिव्यक्त किया पर मीरा का संपूर्ण काव्य कृष्ण प्रेम के इर्द-गिर्द ही है। मीरा ने जो कुछ कहा उनकी आंतरिक अनुभूति की तीव्रता के कारण रागमय होकर गीत रूप में निकला।[16] मीरा का प्रेम कृष्ण को अपने समीप मानते हुए था।' मीरा गिरधर हाथ बिकानी' कहकर वे सर्वस्व समर्पण कर प्रेम करती हैं। वहां ज्ञानावेग नहीं भावावेग है, सांसारिक बोध से परे। वहां प्रेम इस पराकाष्ठा में है कि दुनियावी बोध अतार्किक हो उठता है।[17]

गवरी बाई के काव्य में मीरा से साम्यता के साथ सगुण भक्त सूर,

रसखान, तुलसीदास आदि का भी प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। वे केवल मीरा तक ही सीमित नहीं रही। उन्होंने तुलसीदास की तरह राम और सूरदास, रसखान की तरह कृष्ण के लीला पद भी रचे हैं।

राम जन्मोत्सव पर गवरी बाई 'आज अजोध्यापुर में आनंद'[18] और 'राजा दशरथ ने घेर आनंद भयो री आज प्रकट्या पूरण ब्रह्म'[19] लिखती हैं तो सूरदास, रसखान आदि कृष्ण भक्तों की तरह कृष्ण जन्म पर 'आज तो नंदजु के द्वार भाइ हरख बधाई'[20] लिखती हैं। बाल लीला के अंतर्गत कौशल्या द्वारा राम को गोद खिलाने का वर्णन करते हुए गवरी बाई कहती हैं 'कौसल्या हरि कूं गोद खिलावै'[21] तो यशोदा द्वारा कृष्ण का दुलार करने पर 'जसोदा रानी अपने लाल कुं लड़ावै प्रेम के गोद पर प्रभु कुं खेलावे'[22] और पालने में झुलाने पर 'पारणे झुले श्री गोपाल'[23] लिखती हैं।

लीलागान में भक्तों ने होली या फाग खेलने का भी वर्णन मिलता है। फाग के संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि भक्ति काल के परवर्ती रचनाकारों ने राम के फाग खेलने का भी वर्णन किया। गवरी बाई कृष्ण लीला में होली के पद 'नीको लागै सामरो होरी खेलीए हो'[24], और 'होरी खेले मदन गोपाल'[25] रचती हैं तो राम के भी फाग खेलने के पद रचती हैं—'हेरी जल कैसे जाऊं रघुनाथ खेलै फाग'[26] इसी प्रकार 'हेरी रघुनंदन मेरी होरी खेले सरज्यू के तीर'।[27]

सगुण भक्ति से साम्य के संबंध में यह भी उल्लेखनीय है कि सगुण भक्तिधारा अवतार पर विश्वास करती है और इसी क्रम में मीरा के साथ सभी सगुण भक्तों ने विभिन्न अवतारों की लीलाओं का गान भी किया। मीरा ने कहा—मन रे परस हरि के चरण .....जिन चरण प्रहलाद भेट्यो इंद्र पदवी धरण/ जिन चरण ध्रुव अटल कीनै राखि अपनी शरण/जिन चरण ब्रह्मांड भेंट्यो नख शिख श्री भरण/जिन चरण प्रभु परसि लीनै तरि गौतम घरण।[28]

विभिन्न अवतारों की लीलाओं का गान सूर तुलसी ने भी किया। सगुण भक्तों की तरह गवरी बाई ने भी विभिन्न अवतारों के साथ भगवान के भक्तवत्सल, कृपा निधान और मुक्तिदाता रूप का वर्णन किया है। अहिल्या, द्रोपदी और पांडवों की सहायता के प्रसंगों का वर्णन करते हुए गवरी बाई कहती हैं हरी भज हरि भज हरि भज भाई....नाम प्रताप सल्या तर जाई/गौतम नारी श्राप से मिटाई/ द्रुपद सुता समर्या यदुराई द्वारका से धाए चीर बढ़ाई/पांच पांडव की कीनी सहाय/ लाखा ग्रहथी लिना बचाई।[29]

इसी तरह गवरी बाई ने विभिन्न अवतारों में भक्तों की संकट से मुक्ति का

दृष्टांत देते हुए अपनी मुक्ति कामना भी की है। कुण मेरो जनम सुधारे प्रभु बिना/ अजामिल सुत हेते तार्यो गज ग्राह थीं छोडायो रे/द्रुपद सुता की लज्जा रख्वी द्वारका से वेगे धायो रे/भारत में प्रण भीष्म का रख्वा अमरीष श्राप न लाग्यो रे/ भगत कारन सुदरसन भेजा दुरवासा जाये भाग्यो रे/गवरी कहे भवसागर तारो केसव तुंही खेवैयो रे।[30]

गवरी बाई के पदों पर कबीर आदि निर्गुण संतों का प्रभाव भी स्पष्ट दिखाई देता है। इन्होंने अनहद नाद, ब्रह्म रंध्र, भंवर गुफा, सुरत-निरत, इड़ा पिंगला, षट् चक्र आदि यौगिक शब्दों का प्रयोग किया है। सुन वे संत ग्यानी को अनहद धुनी, गगन मंडल में बाजा बाजै/मुरली सुनी प्राण कुं बंधकर पवन बंध में लाया /चंद्र सूरज एकी घरु मिलाया, गंगा यमुना उलटी बही/ झलक मोती घट में उजाला भया झलहल/ज्योति पांचु सखी अमीरस पीवै झिलमिल/मधुकर विलंब्यो है जहां कमल की कली/गवरी सतगुरु चरन ध्यान उनमनी घरी/घट घट सचराचर में निरखत हरी।[31]

हठयोग की तरह पवन बंध लगाने, चंद्र सूर्य (स्वर या नाड़ी) को मिलाने, गंगा जमुना को उल्टे बहाने, ज्योति, अमृतरस पान करने आदि प्रतीकों का प्रयोग निर्गुण भक्ति का स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित करता है। हां निर्गुण से जो अंतर दिखाई देता है वह यह है कि इन्हें जो ध्वनि सुनाई देती है वह मुरली की है।

मीरा लोकलाज और पर्दे का त्याग करती है जबकि गवरी बाई के पदों में साधना के स्तर पर लोकलाज के पर्दे का त्याग है। मीरा का विरोध और त्याग प्रत्यक्ष था। गवरी बाई ने कल्पना की है। सप्त भूमी का अजब झरोखे हरी का दरसन पाउं रे/लोक लाज का पड़दा में तोहे तो अलग फगाऊं रै/नाभ कमल से ल्हर चढ़ाऊं उलटा पवन बहाऊं रे/हद छांड़ी बेहद में रहणा अनहद नाद सुनाऊं रे/इंगला पिंगला सुषुम्ना साधी त्रिवेणी के तट न्हाऊं रे।/भमर गुफा में आप बिराजे जहां से सुरत लगाऊं रे।[32]

यहां लोकलाज के पर्दे को फैंकने का वर्णन तो है पर वह साधना के स्तर पर है। लोकलाज त्याग कर नाभि चक्र से लहर चढ़ा कर, उलटी पवन बहाकर, अनहद नाद सुनते हुए, इड़ा पिंगला सुषुम्ना को साधकर त्रिवेणी तट पर स्नान कर, भंवर गुफा में विराजने वाले प्रभु में सुरत लगाने की बात है। जैसे निर्गुण संत परमात्मा से आध्यात्मिक मिलन के समय, पूरी तरह समर्पण की भावना से तन मन रत करने को कहते हैं। कबीर कहते हैं 'रामदेव मोरे पाहुने आए मैं जोबन में माती..... कहे कबीर हम ब्याहि चले हैं पुरुष एक अविनाशी।[33]

भक्ति काव्य में स्त्री भक्तों-संतों के साथ पुरुष भक्तों-संतों में भी भाव जगत में प्रेम और समर्पण दिखाई देता है। मैनेजर पांडेय भक्तों के भाव जगत और भौतिक जगत के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहते हैं–कबीर जायसी व सूर के सामने चुनौतियां व कठिनाइयां भाव जगत की थी। मीरा के सामने भाव जगत से अधिक भौतिक जगत की, सीधे पारिवारिक और सामाजिक जीवन की चुनौतियां व कठिनाइयां थी।[34]

मीरा कहती है 'अपने घर का पर्दा कर ले/ मैं अबला बौरानी' तो गवरी बाई यूटोपिया रचती है। शरीर में ही स्थित ऐसा लोक जहां आत्म का लीला विस्तार है, भ्रमर का गुंजार है, अनहद नाद है गोप गोपी होली गाते हैं, माया नहीं है, हर ओर हरि है। जहां गोपी कान्हा में लीन हो जाती है वहां न केवल पर्दे का त्याग है बल्कि वर्ण अवर्ण भेद मिटने का भी जिक्र है। –अष्ट कमलदल फुले सार आतम निज करे क्रीड़ा अपार/सुरत निरत धरी देखो मुजार भ्रमर करे शब्द गुंजार/अनहद शब्द बाजे जहां तुर कोई प्होंचे विरला शुर/गोप गोपी मिली होरी गाये जहां मनसा मेरी रही लुभाए /दिन दिन बढ़ी है अधिक प्रीत वहां नहीं रहीवे कुछ भी रीत/वरणावर्ण का रल गया भान एक लीन भई गोपी कान/माया मोह दीसे नहीं काय/जीत देखुं तित हरी हरी होय/गवरी दिया परदा कुं त्याग ग्यान गुलाले खेलत है फाग।[35]

कबीर, रैदास, मीरा आदि की तरह गवरी बाई एक आध्यात्मिक लोक की कल्पना करती हैं। जहां जन्म और जरा नहीं है, जहां एक ही जाति और वर्ण है, जहां गोपी और गोपाल वसंत रमण करते हैं। गवरी बाई वहां बसना चाहती है चलो हंसा जइये वसो विदेश/जहां जनम जरा नहीं उन देश जहां रवि शशी को नहीं परवेस .....नहीं वरणा वरण जहां आश्रम/एक वरण एक जात सोहाये...गवरी जहां नहीं जीव जंत रे /गोपी गोपाल रमे वसंत रे।[36]

ये पद सगुण निर्गुण भक्ति धारा के समन्वय के उदाहरण है। निर्गुण परिचायक शब्द अनहद नाद, सुरत निरत, अष्ट कमलदल, ज्ञान गुलाल से फाग खेलने जैसे शब्दों के साथ अनहद नाद में मुरली की धुन, गोपी का कान्हा में लीन होने और 'उस देश' में गोपी गोपाल का रमण निर्गुण सगुण समन्वय का उदाहरण है।

कबीर ने गगन घटा घहरानी, संतो आई ज्ञान की आंधी के माध्यम से ज्ञान का महत्त्व बताया था। गवरी बाई ने भी ज्ञान घटा का जिक्र किया है और इस घटा से ध्रुव, प्रहलाद, कबीर, रैदास आदि सगुण निर्गुण दोनों के रस पीने का उल्लेख किया है। ज्ञान घटा घेरानी अब देखो/सतगुरु की किरपा भई मुझ पर

शब्द ब्रह्म पहचानी ....../ध्रुव, प्रहलाद, कबीर, रोहीदास रस पीये शंकर ग्यानी/गवरी अनुभव स्वयं प्रकासा आप में आप समानी।[37]

गवरी बाई के पदों में निर्गुण सगुण भक्तों से साम्यता या प्रभाव ग्रहण के साथ मौलिकता के संदर्भ में मथुरा प्रसाद अग्रवाल और ज्योतिपुंज कहते हैं–गवरी बाई रचित पदों पे संत कबीर, सूर, मीरा आद भक्त कवियां रो प्रभाव स्पष्ट पर मौलिकता री कमी नीं। सहज, सरलता, तन्मयता अर लय भरपूर। लय रे बिना तो कोई भी उद्गार काव्यमय कदी नीं वे'ई सके।[38]

गवरी बाई के काव्य में राम, कृष्ण, शिव आदि के संदर्भ में विचारणीय है कि भक्ति काल में अनेक संतों ने ऐसा किया है। स्वयं कबीर ने भी राम, हरि, विट्ठल, गोपाल आदि विभिन्न नामों से निर्गुण ब्रह्म को संबोधित किया है। संत मावजी, दुर्लभ रामजी और गवरी बाई का उल्लेख करते हुए डॉ. एल.डी. जोशी लिखते हैं—ये संत भक्त कृष्ण के उपासक हैं परंतु ब्रह्मा विष्णु महेश या किसी अन्य देवी-देवता का कहीं विरोध नहीं है। राम और श्याम को एक ही मूलतत्त्व का विभिन्न रूप माना है।[39]

गवरी बाई के काव्य में निर्गुण कवियों की तरह चित चेतन को अंग, हिरदा शुद्धि को अंग, सतगुरु कृपा को अंग, मिथ्या आचरण को अंग, गोविन्द प्राप्ति को अंग शीर्षक से पद है। सतगुरु महिमा, संसार की असारता, माया से दूरी, प्रेमरस पान, चित् चेतन, ध्यान, हृदय शुद्धि, ज्ञान का महत्त्व, पाखंड विरोध, शिव भक्ति आदि विषयों पर भी गवरी बाई ने पद रचना की है।

संदर्भ

1. मैनेजर पांडेय संकलित निबंध, पृ. 227, नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया ('शृंखला की कड़ियां-मुक्ति की राहें' निबंध)
2. कल्याण, नारी अंक, पृ. 843, गीता प्रेस गोरखपुर, सं. 2072
3. गवरी बाई (भारतीय साहित्य रा निरमाता)—मथुरा प्रसाद अग्रवाल एवं ज्योतिपुंज, साहित्य अकादमी, 1996, पृष्ठ 10
4. वही पृ. 16 (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे, पद 68)
5. मीरा पदावली, शंभुसिंह मनोहर, पृ. 106, रिसर्च पब्लिकेशंस, जयपुर 1969
6. वही पृ. 142
7. गवरी बाई (भारतीय साहित्य रा निरमाता)—मथुरा प्रसाद अग्रवाल एवं ज्योतिपुंज, साहित्य अकादमी, 1996, पृ. 20 (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे, पद 557)

8. वही
9. मीरा का काव्य, भगवान दास तिवारी, पृ. 72, साहित्य भवन, इलाहाबाद
10. गवरी बाई (भारतीय साहित्य रा निरमाता)—मथुरा प्रसाद अग्रवाल एवं ज्योतिपुंज, साहित्य अकादमी, 1996, पृ. 56, संकलित पद (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे पद 287)
11. वही पृ. 69, संकलित पद (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे 396 में साखियां गोविन्द प्राप्ति को अंग)
12. कवि परंपरा तुलसी से त्रिलोचन, प्रभाकर श्रोत्रिय, भारतीय ज्ञानपीठ दिल्ली 2009 पृ. 47 (मीरा पांच सौ बरस की युवती)
13. गवरी बाई (भारतीय साहित्य रा निरमाता)—मथुरा प्रसाद अग्रवाल एवं ज्योतिपुंज, साहित्य अकादमी, 1996, पृ. 63, संकलित पद (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे 395/5)
14. वही पृ. 65, संकलित पद (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे पद 313)
15. वही पृ. 63, संकलित पद (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे 395/4)
16. मीरा पदावली, परशुराम चतुर्वेदी, पृ. 86, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, 2002
17. कवि परंपरा तुलसी से त्रिलोचन, प्रभाकर श्रोत्रिय, भारतीय ज्ञानपीठ दिल्ली 2009 पृ. 49 (मीरा पांच सौ बरस की युवती)
18. गवरी बाई (भारतीय साहित्य रा निरमाता)—मथुरा प्रसाद अग्रवाल एवं ज्योतिपुंज, साहित्य अकादमी, 1996, परिशिष्ट गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे पद 17
19. वही, पद 19
20. वही, पद 133
21. वही, पद 21
22. वही, पद 135
23. वही, पद 140
24. वही, पद 89
25. वही, पद 117
26. वही, पद 27
27. वही, पद 28
28. मीरा पदावली, शंभुसिंह मनोहर, पृ. 97, रिसर्च पब्लिकेशंस, जयपुर 1969

29. गवरी बाई (भारतीय साहित्य रा निरमाता)—मथुरा प्रसाद अग्रवाल एवं ज्योतिपुंज, साहित्य अकादमी, 1996, पृ. 59, संकलित पद (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे पद 373)
30. वही, भूमिका में (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे, पद 534)
31. वही, पृ. 21 (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे पद 487)
32. वही, पृ. 66, संकलित पद (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे पद 462)
33. कबीर ग्रंथावली, डॉ. श्यामसुंदर दास, पृ. 68, नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी सं. 2057
34. भक्ति आंदोलन और सूर का काव्य, मैनेजर पांडेय, पृ. 41
35. गवरी बाई (भारतीय साहित्य रा निरमाता)—मथुरा प्रसाद अग्रवाल एवं ज्योतिपुंज, साहित्य अकादमी, 1996, पृ. 17
36. वही, पृ. 79, संकलित पद(गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे पद 421)
37. वही, पृ. 14 (गुजरात वर्नाक्यूलर सोसायटी संग्रे पद 531)
38. वही, पृ. 22
39. राजस्थान का संत साहित्य, संपा. डॉ. वसुमती शर्मा, कमल किशोर सांखला, पृ. 340, राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर, 2002 (डॉ. एल. डी. जोशी का लेख बागड़ में संत परंपरा निष्कलंक संप्रदाय और उसके उत्तराधिकारी गादिपति आचार्य)

डॉ आशाराम भार्गव

सहायक आचार्य हिंदी

चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीगंगानगर

❑❑❑

राजस्थान की कृषि संस्कृति का आधार स्तम्भ : ला प्रथा

• देवेन्द्र कुल्हार

सारांश :

राजस्थान की कृषि संस्कृति का आधार स्तम्भ *'ला प्रथा'* है। यह अद्वितीय परम्परा है जो राजस्थान की गौरवपूर्ण इतिहास का शिखर बिन्दू है। इस प्रथा को राजस्थान के अलग-अलग भागों में ल्हास, लाह या ला नाम से पुकारा जाता है। *'ला'* के अनेक प्रकार जैसे *संगाला ला, सिरोली ला, रावली ला, फाटी ला, हेला ला, आधी ला और पिड़ बड़ी ला* प्रमुख है। *ला प्रथा* के समय किसानों के उत्साह बना रहे इसलिए जोशीले गीत गाये जाते थे, जिनको *'भणत'* कहा जाता था। भणत लोकगीत आपसी भाई-चारे और समरस्ता के प्रतीक होते थे। 20वीं शताब्दी तक सम्पूर्ण राजस्थान में *'ला'* की आवाज गुंजती थी। वर्तमान समय में यह प्रथा केवल पश्चिमी राजस्थान के कुछ जिलों तक सिमट के रह गयी है।

कूट शब्द : *कृषि संस्कृति, ला, भणत, लहासिये, सगाला और सिरोली ला*

हमारा इतिहास पत्थर के महलों में नहीं वरन् खेत की मिट्टी में दफन है। ऋषि और कृषि भारतीय इतिहास की धुरी रही है। जहाँ ऋषियों ने संस्कृति को जीवित रखा, वहीं कृषि ने सभ्यता को जीवित रखा। सम्पूर्ण भारतीय इतिहास में राज्य की आय का प्रमुख स्त्रोत् कृषि भू-राजस्व रहा है। यही भू-राजस्व कृषि इतिहास का मील का पत्थर है। जब तक शासक की कृषि व्यवस्था अच्छी रही है, राज्य का शासन अच्छा रहा है। जब कृषि व्यवस्था का स्वरूप बिगड़ा है तो राज्य का स्वरूप ही बिखर गया है। खेत में कृषि करते किसान के बदन से टपकती पसीने की बूँद, खून से लथपथ तलवार से गिरती बूँद से कम नहीं थी।

 ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2023

जहाँ लहराती तलवारों ने राज्य का विस्तार किया तो वहीं खेत में लहराती फसल ने राज्य की नींव को मजबूत रखा।[1]

राजस्थान का इतिहास त्याग, बलिदान एवं शौर्य की एक अनुपम प्रस्तुति रही है। राजस्थान की मिट्टी का कण-कण इस यशोगाथा का गुणगान करता है। राजस्थान की रंग बिरंगी संस्कृति इस धरा को रंगीलो राजस्थान के नाम से सुशोभित करती है।[2] यह धरा धन्य है जो साम्प्रदायिकता सौहार्द की मिसाल, ऋषियों की तपोभूमि व कृषकों की कर्मभूमि रहीं है।[3] कृषकों की स्नेह, समता और सहयोग की भावनाओं का उत्कृष्टतम रूप आज भी देखने को मिलती है। राजस्थान में आज भी सृजन और सहकारिता के ताने-बाने से बुनी एक प्रथा है– *ला प्रथा*। यह प्रथा सामाजिक सहयोग की एक अप्रितम मिसाल है।

इस शोध पत्र में राजस्थानी कृषि संस्कृति की अद्वितीय परम्परा 'ला' का विवेचन किया जायेगा। ला प्रथा का सम्पूर्ण विवेचन हम तीन भागों में बाँट कर अध्ययन करेंगे। प्रथम :–*ला प्रथा* की प्रक्रिया, द्वितीय :–*ला प्रथा* के प्रकार व तृतीय :– *ला प्रथा* में गाये जाने वाले गीत–भणत।

राजस्थान में *'ला प्रथा'* को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है। पश्चिमी राजस्थान में इसे ला कहा जाता है। शेखावाटी क्षेत्र में इसे *'ल्हास'* कहा जाता है।[4] इतिहासकार जहूर खाँ मेहर के अनुसार ''शुष्क मरूस्थल के वासियों की गले की कम्पन्न विस्तार की झिल्ली मोटी होने के कारण उनकी जिह्वा शब्दों का जल्दी-जल्दी उच्चारण नहीं कर पाती है। अत: कई शब्द के कुछ अक्षर कम हो जाते है। लाभ से *'लाह'* शब्द बना है और धीरे-धीरे 'ह' शब्द का लोप हो गया और केवल *'ला'* शेष रह गया।''[5] शेखावाटी क्षेत्र में *'ल्हास'* शब्द *'लापसी'* से बना है। ल्हास करते समय उस समय किसान के घर का स्वादिष्ट भोजन केवल *'लापसी'* को माना जाता था। लापसी का अपभ्रंस ल्हास हो गया।[6] *'ला'* की जरूरत या आवश्यकता क्यों रही होगी? इसका भौगोलिक एवं सामाजिक दोनों कारण प्रतीत होते है। भौगोलिक कारणों में जहाँ मरुस्थल होने के कारण मजदूर उपलब्ध नहीं होते थे व सामाजिक कारणों में उस समय सभी लोग कृषि कार्यों से जुड़े हुए थे और कृषि परिश्रम योग्य परिवार के कम सदस्य होते थे इसलिए आपसी भाईचारे और सहकारिता की भावना ने जन्म लिया।

'ला' का आयोजन से पूर्व जिस कृषक के खेत में *'ला'* होती थी, वह गाँव के प्रत्येक घर में सूचना देता था कि अमुख दिन मेरे खेत में *'ला'* है। कृषक *'ला'* का प्रकार भी बताता था या कहे कार्य की प्रकृति बताता था कि जैसे अनाज की बालियाँ काटनी है, निनाण करता है, सूड़ करना है, लाटा निकालना

है, खारीया काटना आदि। निश्चित दिन सुबह की पौ फटते ही गाँव के समस्त परिश्रम योग्य पुरुष *'ला'* के निर्धारित स्थान पर पहुँच जाते थे। कार्य की प्रकृति की पूर्व जानकारी होने पर प्रत्येक व्यक्ति अपने साथ कृषि उपकरण ले जाता था। *'ला'* में शामिल होने वाले कृषक को पश्चिमी राजस्थान में *'लाया'* और शेष राजस्थान में *'ल्हनसिया'* कहा जाता था।[7]

युद्ध में हरावल के सूरमां जैसे शत्रुओं पर टुट पड़ता है वैसे ही 'लाये' खेत में पहुँचते ही धावा बोल देते है। *'लाये'* कभी भी आलस्य नहीं करते है। इस संदर्भ में एक कहावत है *''ल्हासिया बड़िये सू बिवणो कारज साजै''* अर्थात् ल्हासिया मजदूर से ज्यादा काम करता है। *'लायो'* के बीच काम का वितरण कर दिया जाता है जिससे *'लायो'* आलस्य नहीं कर पाता है। जो *'लायो'* सबसे ज्यादा काम करता है उनके पैरों या हंसिया पर घुंघरू बाँध दिया जाता था। घुंघरू और *'लाये'* द्वारा गाया जाने वाला लोक गीत *'भणत'* के बीच एक खास लय निकलती है जिससे शरीर में स्फूर्ति बन रहती है। सभी *'लाये'* दोपहर तक तेज धूप निकलने तक काम में जुटे रहते है। मेजबान के द्वारा दोपहर का भोजन की व्यवस्था करी जाती थी जिसे सीरावन/दोपहरी[8] कहा जाता था। इस भोजन के अन्दर खाटा[9], सोगरा[10], लापसी[11] या गुड़ का हलवा होता था। भोजन के बहाने लहासियों को विश्राम करने का अवसर मिला जाता था। भोजन करने के समय कुछ कामचोर लोग भी आ जाते थे जो *'ला'* का निमन्त्रण की तो हाँ भर लेते थे परन्तु फिर न आने के बहाने तैयार रखते थे। इन्हें जन साधारण भाषा में *'पलाय'* कहा जाता था। *'पलाय'* के संदर्भ में राजस्थान में एक कहावत प्रचलित है *''काम सरै लाया रै पाण पेट पलै पलायां रो''*[12]

दोपहर का भोजन करने के बाद *'ल्हासियों'* में थकान आना स्वाभाविक होता था। इस समय ल्हासियों द्वारा एक लोकगीत गाया जाता था जिसे *'भणत'* कहा जाता था। जिस कृषक को भणत याद होती थी उसे भणतिया कहा जाता था। भणतिया काम करते हुए भणत बोलना शुरू कर देता था तो पीछे-पीछे 'लाये' भी विशेष लय के रूप में साथ में *'भणत'* बोली जाती थी।[13] भणत से ल्हासियों में जोश का संचार होता था जिससे वे तेजी से खेत में काम करते थे। यहाँ कुछ 'भणत' का जिक्र करना आवश्यक है जैसे—

''करै बोळाळो रै बोळे ओ भाई
ठंडी रै वेळा रे बोळे ओ भाई
थोड़ोक मीठो बोळे रै भाई.....''[14]

''सामळे धैरे-हाळ भाई
चढ़ी रे पिरौसों बोळ भाई
पौडिड़ो पिळासौ बोळ भाई
काँवड़ो (पुत्र) जगमाळ भाई....''[15]

''भळौ जो मिळियो मेळ ओ भाई
सळियों रे करणो काम ओ भाई
ओ अपणै सेंणा रो है खेत भाई
सावण बूढ़ा ळैवे है जो भाई....''[16]

भणत बहुत लंबी-लंबी होती थी, हम यहाँ केवल शोध पत्र अनुसार उल्लेख किया है, बाकी पूर्ण *भणत* शोध पत्र के अंत में है।

भणत किसी भी साधारण से साधारण स्तर के व्यक्ति के समझ में आने वाली लोकगीत है। इन *भणतों* में कृषक समाज के भोलेपन व निष्कपट आत्मा का प्रतिबिम्ब दिखाई पड़ता है। भाइयों एकता रखो, मृदभाषी बनो, सत्य बोलो आदि प्रकार की बातें *भणत* में होती थी। उत्साह और स्पर्धा में *ल्हासिये* सायंकाल तक सारा कार्य सम्पन्न कर देते थे और रात्री का भोजन अपने घर पर करते थे।

लाह के अनेक प्रकार प्रचलित थे। इसमें *उठाऊ लाह सगला लाह, सिरोली लाह, रावली लाह, फाटी लाह, हेला लाह, आधी लाह और पिड़ बड़ी* आदि प्रमुख थी। *उठाऊ लाह* के अन्तर्गत दूरदराज के किसी परिचित को लाह का जिम्मा देना और उसके माध्यम से *लाह* करवाना *उठाऊ लाह* कहा जाता था।[17] *सगाला लाह* के अन्तर्गत अपने समधी के कार्य को निपटाने के लिए गाँव के लोगों को *सगोजी* (समधी) बुलाता है। इस लाह में भोजन की विशेष खातिर होता है।[18] इस *लाह* को सामान्यत: सगा *लाह* भी कहा जाता है।[19] *सिरोली लाह* जिसे *साझे की लाह* भी कहते है। इसमें वर्षा पूर्व गाँव के सूखे तालाब को खोदने का काम किया जाता था। इस लाह में स्त्रियाँ और बच्चे भी शामिल होते थे। इस लाह का आयोजन गाँव के चौधरी कामदार या कोठारी करवाते थे।[20] *रावली लाह,* लोकप्रिय जमींदार बेगार की अपेक्षा *'लाह'* को करवाते थे। रावली *लाह* में गाँव का नाई और ढोली विशेष उत्साह से काम करते थे। इस *लाह* में काम सम्पन्न होने के बाद शराब की महफिल होती थी।[21]

हेला लाह में खेत का मालिक आस-पास के किसानों के *हेला* (ऊँची

आवाज में बोलकर पुकारना) करता था।[22] इस *लाह* में *लहासिए* अपने भोजन की व्यवस्था स्वयं करते थे। वे अपने साथ *सोगरे की रोटी* और *प्याज* ले जाते थे। इसी *लाह* से संबंधित *पिंड़ बड़ी लाह* होती थी। *पिंड़ बड़ी लाह* में जिस कृषक के यहाँ हेला लाह कर के आया था वह उसके इस अहसान को किसी भी दिन उतार कर आता था उसे बड़ी *पिंड़ लाह* कहा जाता था। *फांटी लाह* एक अश्लील *लाह* होती थी जिसमें केवल गाँव के नवयुवक ही शामिल होते थे। इस *लाह* में भेड़ और ऊँट की ऊन उतारने का काम किया जाता था। जब ऊँट की जट उतारी जाती थी तो उसे *आधी लाह* भी कहा जाता था।[23]

लाह के अन्दर जो लोक गीत गाये जाते है उन्हें *'भणत'* कहते है। ये *भणत* गाने वाले को *भणतीया* कहा जाता है। *भणत* गीत कृष्ण वेला का लोकगीत है जिसे खसी या हंसिये पर घुंघरू बांध कर गाया जाता है। *भणत* बहुत ही सरल होती थी किंतु ये बड़ी होती थी, जो कई घण्टों गायी जाती थी। यही कारण था कि *लाह* के अन्दर *भणतियों* का विशेष महत्व होता था। *भणत* अलग-अलग क्षेत्र की अलग-अलग होती थी। पश्चिम राजस्थान के कुछ जिलों में आज भी *भणत* की गुंज सुनाई देती है।

कुछ महत्वपूर्ण *भणत* निम्न है—

''सामळे धौरे हाळ भाई।
चढ़ीरे पिरौसो बोळ भाई।
पोड़िडों पिळासौ बोळ भाई।
काँवड़ो (पुत्र) जगमाळ भाई।
बौधण फेन्टो ळाळ भाई।

चढ़णै तेळी तोड़ भाई।
मगरौं में बोळे मौर भाई।
थोळे बळध री जोड़ भाई।
काळे बळध री जोड़ भाई।
ळेवणों होवे तो बोळ भाई।
कर थोळे रो मोळ भाई।
ळेवणों रा नौ ळाख भाई।
सिधाढ़ी रा साठ भाई।
सिधाढ़ी रा साठ भाई।

 ISSN 2278-4632

कोनो रा करोड़ भाई।
पूछड़ी रा पचास भाई।
ळेवणों होवे तो बोळ भाई।
कड़ियों री नवळी खोळ भाई।
औ धोळे रो मोळ भाई।''[24]

''भळो जो मिळियों मेळ ओ भाई
सळियों रे करणो काम ओ भाई
ओ अपने सेणा रो खेत भाई
सावण बूढ़ा ळैवे है ओ भाई
भादवे रो धोर ओ भाई
धुर में चमके आ बीज ओ भाई
धुर ने सब भरिया डैर ओ भाई
मिळ ने रै सब बोळो रे भाई
जाणो रे धुरियौ ढोळ ओ भाई
चाँदणकी रै घट रात ओ भाई
सळिया रे करदो काम ओ भाई
छोटे के कण रो धान ओ भाई
जूनों रे मिळियों हमें मेळ ओ भाई
आँसू औ तपिया तावड़ै ओ भाई
जोगी रे होग्या जाट अे भाई
जोगी रे बणिया जंजाळ अे भाई
खंचिया रे म्हे सुरचाण अे भाई

घूघरिया जड़ावे रे ओ भाई
रमळी रे मटकी रो दाब है भाई
भळै रे करजो काम ओ भाई
भळां रो है बरवाण ओ भाई
जवानी रा दिन चार ओ भाई
बुढ़ापों पण है त्यार ओ भाई
काळे रे केसां काम ओ भाई

ळळकारों ळगावे है रे भाई
सेढ़े रो सेढ़ाणों है रे भाई''25

''करै बोळाळो रै बोळे ओ भाई
ठंडी रै वेळा रे बोळे ओ भाई
थोड़ोक मीठो बोळे रै भाई
गहरो रै गर्वो बोळे ओ भाई
भीरू रे भेळो बोळे आ भाई
थोड़ोक मधरो बोळे ओ भाई''26

पश्चिम राजस्थान में *अमलीड़ो*[27] को भी भणत के रूप गाया जाता है। एक प्रसिद्ध अमलीड़ो है—

''अमलीड़ो बणजारो रे भाई
छोटा कूड़ी लाई रै अमली
भर-भर कूड़ा पाई रै अमली''28

'लाह' के अन्तर्गत कुछ ऐतिहासिक भणत भी गायी जाती थी। सुप्रसिद्ध डिंगल कवि करणीदान का प्रसिद्ध गीत है, जो बड़ली के लाल सिंह ने मराठा आक्रमण के समय दिखाई गयी वीरता के ऊपर लिखा था। इस गीत में 'लाह' को युद्ध क्षेत्र की उपमा देकर रुपक बांधा है:—

पौहौ कीरत बीज खेत राजपूती, दाह सत्रां उर खाद दियौ
हळ भालौ करतां बड़ हाळल, करसण आरम्भ गजब कियौ।
कांकळ कंदळ बाहणी काढै, महपत सबळ घणा मळ माण
सत्रहर डगळ किया सह सूंधा, दळ चांवर फेरे देवाण।
अरि चारौ जड़ हूंत उपाड़ै, साकुर धोरी हांक सर
ल्हास करै फोजों बड़ लंगर, कीध निनांण हमर कर।
लंगर बंध दुलावत लाला, सुपह दात परसी कर सार
सर डूंचण दुसहां नवसहसा, बड़ करसा झौका बड़वार।
पाहड़हरा अवर कुण पूगै, जग थारा हासल रै जोड़
रस आई जाणी रजवाड़ा, रजवट री खेती राठौड़।

इस गीत का राजस्थानी भाव इस प्रकार है—

हे लालसिंघ थूं वैरियां रै हीयैं में अग्नि रूपी खाद दे अर रजवट रूपी खेत

में कीर्ति रूपी बीज वायौ है। हे महाकिसान हळ रूपी भालौ लै र थूं अजब ई खेती करी। जुद्ध में हळ सूं जड़ी री बाहणी काढी, हे महपत थूं मोटी मोटी अबखायां नै उखाड़ फेंकी। वैरी रूपी डगळां नै सवां कर नै सत्रु दल में चांवर फेर दी। अस्व रूपी बैलां नै हांक अर वैरी रूपी घास नै जड़ामूळ सूं उखाड़ फेंकियौ। वैरी री जंगी फौज में *ल्हास* कर नै थूं निदाण रूपी हमलै सूं वैरी री फोज रौ पाप इज काट दियौ। थें वैरियां रा माथ काट दिया, हे महाकिसान थनै घणा घणा धिन। हे, पहाड़सिंह रा पोता थूं जो हासल लियौ उण री जोड़ में कुण पूग सकै। थारी करणी सूं देखियौ कै थारै वंस नै राजपाट रूपी खेती सागेड़ी रास आई है।[29]

वर्तमान समय में *लाह* प्रथा केवल पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जोधपुर और जैसलमेर तक सिमट गई है। पूर्वी राजस्थान में पूर्णतः लुप्त हो गई है। शेखावाटी क्षेत्र में यह प्रथा अपना अस्तित्व के साथ संघर्ष कर रही है। नागौर क्षेत्र के आस-पास गाँवों में आज भी *'लाह'* होती है परन्तु दुर्भाग्य है की *'भणत'* के स्थान पर आधुनिक डीजे के गानों का प्रयोग होने लगा है। जोधपुर क्षेत्र में लाह आज भी विद्यमान है। जोधपुर क्षेत्र में लाह की दो लोक किदंवतीयाँ आज भी प्रचलित है। जोगियों वाली लाह[30] और भाखर वाले गाँव की लाह।[31] निष्कर्ष में कहा जा सकता है कि राजस्थान का सांस्कृतिक इतिहास अद्वितीय है। इस सांस्कृतिक इतिहास का एक मील का पत्थर कृषि संस्कृति की *लाह* प्रथा हैं। लाह केवल कृषि कार्यों में नहीं होती थी, यह गाँव के प्रत्येक काम के लिए होती थी। किसान के घर बनाने झोपड़ी बनाने, शादी विवाह और पारिवारिक संस्कारों के निर्वहन में लाह का आयोजन होता था। लाह की प्रमुख विशेषता थी की इसमें कभी-कभी जाति को आधार नहीं बनाया जाता था। सभी किसान मिलकर काम करते थे।[32] नाममात्र की लागत से और आपसी भाई चारे से सारा काम सुलझा लिया जाता था। एकता और अपनत्व व स्नेहभाव के रीति रिवाजों ने ही राजस्थानी लोगों को कठिन परिस्थितियों में सम्मिलित प्रयत्न करने की प्रेरणा और अपनी सांस्कृतिक धरोहर की रक्षार्थ सब कुछ बलिदान करने का बल प्रदान किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. कुल्हार, देवेन्द्र : *शेखावाटी क्षेत्र की कृषि व्यवस्था* : झुंझुनूं जिले के विशेष संदर्भ में (18वीं-19वीं शताब्दी), शोध प्रबंध ग्रंथ, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर (2023), पृ. सं. xi

02. व्यास, डॉ. राम प्रसाद : *आधुनिक राजस्थान का वृहद् इतिहास*, खण्ड-1, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 2019, पृ. vi

03. शेखावत, सुरजन सिंह : *शेखावाती प्रदेश का प्राचीन इतिहास*, सुरजन सिंह शेखावत स्मृति संस्थान, झाझड़ (झुंझुनूं) पृ. 1

04. *साक्षात्कार, कामराज सरपंच, जाति-जाट, निवासी-कुहाड़वास (झुंझुनूं)* उम्र-60, दिनांक 18.07.2020

05. *साक्षात्कार, प्रो. जहूर खाँ मेहर, इतिहासकार, निवासी-जोधपुर,* उम्र-81, दिनांक 28.08.2021

06. *साक्षात्कार, कामराज सरपंच,* पूर्वोक्त

07. मेहर, जहूर खाँ : *राजस्थान संस्कृति का अछूता पक्ष-ला,* संस्कृति पत्रिका, अप्रैल-सितम्बर, 1987, वर्ष 29, पृ. 19-20

08. सुबह के भोजन को *'कलेवा'* कहा जाता है, दोपहर से पहले के भोजन को 'सीरावन' या दोपहरी कहा जाता है। रात्री के भोजन को *'ब्यालू'* कहा जाता है।

09. *खाटा :* बाजरे के आटे और मोठ के आटे को मिलाकर बनाया जाने वाला पेय पदार्थ जिसे स्थानीय भाषा *'कढ़ी'* भी कहा जाता है।

10. *सोगरा* : बाजरे की रोटी

11. *लापसी* : पश्चिमी राजस्थान में लापसी बाजरे से निर्मित होती थी। शेखावाटी क्षेत्र में लापसी गेहूँ के आटा और गुड़ से निर्मित होती थी। दोनों जगहों पर अन्तर की वजह सम्भवतः बाजरे एवं गेहूँ की उपलब्धता रहा है।

12. *मेहर, जहूर खाँ* : पूर्वोक्त, पृ. 20

13. वहीं

14. *साक्षात्कार, जोगराम सारण,* इतिहासविद्, निवासी गिरल (बाड़मेर) उम्र- 40 वर्ष, दिनांक 27.12.2022

15. *साक्षात्कार, सुन्दर देवी,* जाति–मेघवाल, निवासी, छीला गाँव (फलोदी) उम्र-58 वर्ष, दिनांक 13.12.2022

16. *साक्षात्कार, जहूर खाँ मेहर,* पूर्वोक्त

17. *बाड़मेर पत्रिका, बाड़मेर संस्करण,* दिनांक नवम्बर, 2022, पृ. 1

18. मेहर, जहूर खाँ : *राजस्थान संस्कृति का अछूता पक्ष-ला,* पूर्वोक्त, पृ. 20

19. बाड़मेर पत्रिका, पूर्वोक्त

20. मेहर, जहूर खाँ : पूर्वोक्त, पृ. 20

21. वहीं

22. बाड़मेर पत्रिका : पूर्वोक्त

23. मेहर, जहूर खाँ : पूर्वोक्त, पृ. 20-21

24. साक्षात्कार, सुन्दर देवी, जाति-मेघवाल, निवासी-छीला गाँव (फलोदी) उम्र–58, दिनांक 13.12.2022

25. मेहर, जहूर खाँ : धर मजलां धर कोसां, राजस्थानी ग्रंथागार जोधपुर, 2018, पृ. 47-48

26. साक्षात्कार, जोगाराम सारण, पूर्वोक्त

27. अमलीड़ो : अफिम लेने वाला व्यक्ति

28. साक्षात्कार, जोगाराम सारण, पूर्वोक्त

29. मेहर, जहूर खाँ : *धर मजलां धर कोसां*, पूर्वोक्त, पृ. 53

30. *जोगियों वाली लाह* : किसी गाँव में राईके (गड़रिये) ने लाह का आयोजन किया। गाँव की अधिकांश आबादी जोगियों की थी। लाह की पूर्व संध्या निमंत्रण मिलने पर उन्होंने जुलाव से पेट साफ कर खाने की तैयारी कर ली। राईके का खेत गाँव से काफी दूरी पर था। प्रात: जोगियों की टोली गाँव से प्रस्थान किया। मार्ग में विश्राम करते-करते काफी दिन चढ़े खेत में पहुँचे। थोड़ी देर काम का दिखावा किया और फिर भोजन का समय हो गया। सभी जोगियों की खुराक भी सवाई थी। बेचारे राईके का भोजन समाप्त हो गया। भाग-दौड़ कर उसने गाँव से नई सामग्री का आयोजन किया। अव्यवस्था होने के कारण गो-धूलि (शाम) तक मुश्किल से भोजन संबंधी कार्यवाही पूरी हो सकी। जोगियों की काम करने की इच्छा प्रारंभ से ही नहीं थी। इसलिए खाने के बाद अंधेरा होने का बना कर लहासिये नौ-दौ-ग्यारह हो गये। बेचारा राईके को बर्तन इत्यादि लेकर अर्द्धरात्री तक अपने घर पहुँचा। इसी के बाद यह *'जोगियों वाला लाह'* सर्वत्र प्रसिद्ध हो गई।

31. *भाखर वाले गाँव की लाह* : लाह के अन्तर्गत जो व्यक्ति सबसे पीछे रहता था उसके कृषक औजार (उपकरण) पर बंधा घुंघरू खोल दिया जाता था। घुंघरू खोल देना यानी एक प्रकार से अपमान का प्रतीक माना जाता था। जोधपुर के पास भाखर गाँव का एक चौधरी काफी बलवान था। अनेकों बार देरी से आने के बाद भी वह अपना काम इतनी फुर्ती से करता था कि अपने औजार के घुघरू नहीं खुलने देता था। एक लाह के अवसर पर किसी अत्यावश्यक काम के कारण देरी से पहुँचा तो अधिकांश लहासिये अपना काम पूरा कर चुके थे, कई लहासियों का काम अंतिम छोर पर था। एक व्यक्ति जो थोड़ा कमजोर था वह लगभग आधा कार्य ही कर पाया था। चौधरी ने अपना कृषि औजार उठाया और शीघ्रता से कार्य शुरू किया। जल्द ही वह उस व्यक्ति के समीप पहुँच गया। संयोग से उस कमजोर

व्यक्ति की पत्नी वहाँ आई हुई थी। उसने देखा की पति की कार्य करने की गति कम है और गाँव वालों के सामने पति के कृषि औजार के घुंघरू खोले जायेंगे। पत्नी ने आव देखा न ताव, पति के हाथ से हंसिया छीन कर इतनी फुर्ती से काम किया की चौधरी के औजार के घुंघरू खुलवा दिये। उस दिन गाँव का सबसे करारा व्यक्ति एक स्त्री से मात खा गया। उस दिन से भाखर गाँव में कृषि औजार के घुंघरू बांधने की प्रथा समाप्त हो गई। यही *लाह भाखर वाले गाँव की लाह* नाम से प्रसिद्ध हो गयी।

32. साक्षात्कार, तमेग पंवार, सहायक आचार्य, राजस्थान विश्वविद्यालय निवासी— जैसलमेर, दिनांक 29.12.2022

देवेन्द्र कुल्हार

शोधार्थी

इतिहास विभाग

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

Email : devendra130694@gmail.com

Mob. : 9460054225

❑❑❑

समाज तथा संस्कृति का बदलता स्वरूप : वाराणसी प्रेस के सन्दर्भ में

• डॉ. विनोद कुमार

सारांश

19वीं शताब्दी के दौरान वाराणसी के समाज में प्रचलित विभिन्न प्रथाओं, मान मर्यादाओं तथा रीति रिवाजों की प्रासंगिकता वर्तमान समाज में आज भी है फिर चाहे वह बाल विवाह हो या विधवा पुनर्विवाह, स्त्रियों की शिक्षा तथा अधिकारों की बात हो या हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक तनाव, गौ-वध का प्रश्न हो या अल्पसंख्यकों की अस्मिता की बात, समाज में जातीय भेदभाव तथा अस्पृश्यता की भावना हो अथवा विभिन्न गैर-कानूनी धार्मिक स्थलों एवं धार्मिक विश्वास का विषय या त्यौहारों के प्रचलन में आते परिवर्तन का प्रश्न। ये सभी विषय जो वर्तमान समाज में बार-बार उठते हैं इनकी पृष्ठभूमि किसी न किसी रूप में 19वीं तथा आरम्भिक 20वीं शताब्दी से जुड़ी हैं जिसकी चर्चा वाराणसी की प्रेस में बारम्बार की जाती थी।

वाराणसी के राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य पर 1962 ई. में मोतीचन्द्र, 1983 में सी.ए.बेली, 1988 में नीता कुमार, 1989 में सेन्ड्रिया बी. फ्रिटेग तथा 1997 में वसुधा डालमिया आदि कई विद्वानों ने कार्य किए हैं किन्तु इस क्षेत्र की 1845 से लेकर 1920 तक की सामाजिक परिस्थितियों को यहाँ की प्रेस के माध्यम से समझने का प्रयास अभी तक उपेक्षित है।

वाराणसी के प्रेस की संक्षिप्त रूपरेखा—वाराणसी पूरे हिन्दी प्रदेश का एक ऐसा क्षेत्र था जहाँ से पत्रकारिता का प्रारम्भ हुआ। 1845 ई. में यहाँ से शिव प्रसाद के संरक्षण में *बनारस अखबार* पत्र प्रकाशित किया गया। बनारस अखबार के बाद *सुधाकर* (1850), *जारीन-ए-हिन्द* (1850) *बनारस हरकारा* (1851), *आफताब-ए-हिन्द* (1852) तथा *काशी वार्ता* (बांग्ला, 1852)

आदि कई पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन हुआ किन्तु इन प्रारम्भिक पत्र-पत्रिकाओं के उपरान्त सर्वाधिक प्रभावी तथा प्रसारित पत्रिका थी भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा सम्पादित *कविवचन सुधा*।

कविवचन सुधा के प्रकाशन (1867) से लेकर 1884 के बीच बनारस से *हरिश्चन्द्र मैगज़ीन* (1873), *बाला बोधिनी* (1874) *आनन्द लहरी* (1875), *काशी पत्रिका* (1878), *काशी पंच* (1880), *बनारस समाचार* (1882), *वैष्णव पत्रिका* (1883), *काशी समाचार* (1883) तथा *भारत जीवन* (1884) आदि कई पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशित हुई किन्तु इन सब में सर्वाधिक लम्बा जीवन (लगभग 42 वर्ष) भारत जीवन पत्र का रहा था।

इस पत्र के प्रकाशन पश्चात् वाराणसी से *मित्र* (1888), *ब्राह्मण हितकारी* (1892), *सुदर्शन* (1898), *सेन्ट्रल हिन्दू कालेज मैगज़ीन* (1901) तथा *भारतेन्दु* (1904) आदि पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशित की गई। 20वीं शताब्दी के आरम्भिक दो दशकों में वाराणसी से विभिन्न भाषाओं में लगभग 66 पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन हुआ, जिनमें *सनातन धर्म* (1905), *विनोद वाटिका* (1906), *खत्री हितकारी, इन्दु* (1909), *सारस्वत, नवजीवन* (1909), *राजभक्त, हलवाई वैश्य संरक्षक* (1914), *भूमिहार ब्राह्मण* (1916), *औदुम्बर, मर्यादा* (1920) तथा *आज* पत्र (1920) प्रमुख थे।

इस तरह 1845 से शुरू हुए पत्र-पत्रिकाओं का सफर 1920 तक कई गतिरोध तथा ठहराव के बाद भी जारी रहा। 150 से अधिक पत्र-पत्रिकाएँ इस समयावधि (1845-1920) के दौरान विभिन्न भाषाओं में वाराणसी से प्रकाशित हुई तथा इसके बाद तो इस क्षेत्र में पत्र-पत्रिकाओं की बाढ़-सी आ गई। 1920 से 1947 अर्थात् आगे के 27 वर्षों में यहाँ से 70 और पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन किया गया। इस तरह प्रेस का यह सफर यहाँ निरन्तर चलता रहा।

वाराणसी का समाज—प्राचीन समय से लेकर वर्तमान तक वाराणसी में कई परिवर्तन देखने को मिले, किन्तु जो परिवर्तन ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान आए, वे लम्बे समय तक स्थायी रहे। 18वीं शताब्दी के अन्त में ब्रिटिश आधिपत्य के पश्चात् लगभग सभी स्तर पर चाहे वह राजनीतिक हो, धार्मिक हो, सामाजिक अथवा सांस्कृतिक सभी स्तरों पर कुछ न कुछ परिवर्तन अवश्य आया, जिन्हें विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में देखा जा सकता है।

गंगा के बायें किनारे अवस्थित, हिन्दुओं के प्रमुख तीर्थ स्थान के रूप में प्रसिद्ध काशी (या बनारस, और वाराणसी) के समाज पर आरम्भ से ही **ब्राह्मण जाति** का प्रभुत्व रहा। समाज के उच्च, मध्यम तथा निम्न वर्ग पर इनकी पकड़ थी। वाराणसी में होने वाले प्रत्येक हिन्दू पर्व एवं त्यौहार में इस जाति की प्रमुख भूमिका रहती थी जिनके बदले इन्हें भरपूर दान-दक्षिणा प्राप्त होती थी। विभिन्न जातियों (मुख्यतः व्यापारी) के बीच ये लोग मध्यस्थ के रूप में जाने जाते थे। राजाओं, महाराजाओं, व्यापारियों एवं विभिन्न कारीगरों के संरक्षण तथा उनके द्वारा की जाने वाले विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियाँ (हवन, पूजा, आरती आदि) इस वर्ग के बिना अधूरी थीं। किन्तु 18वीं शताब्दी के अन्तिम दशकों के दौरान वाराणसी पर ब्रिटिश आधिपत्य के पश्चात् ब्राह्मणों के प्रभुत्व में कमी आने लगी जिसके कई कारणों में से एक कारण ब्रिटिश नीतियाँ अर्थात् अंग्रेजी शिक्षा तथा सरकारी नौकरियों में सभी जाति के लिए समान अवसर थे। प्रभुत्व के साथ-साथ प्रतिष्ठा में आते परिवर्तन के प्रमाण कविवचन सुधा पत्रिका तथा भारत जीवन पत्र रहे थे जिनमें इस वर्ग के अनैतिक कार्यों की आलोचना की जाती थी।

18वीं शताब्दी से कुछ भूमिहार परिवार तथा बाद में अग्रवाल, बनिया, खत्री तथा मेहरा आदि वैश्य समाज के लोगों का आर्थिक स्तर जैसे-जैसे ऊपर उठता गया, वैसे-वैसे वाराणसी की सामाजिक तथा सांस्कृतिक संरचना में भी परिवर्तन आता गया, जिसे पत्रकारिता के क्षेत्र में भी देखा जा सकता था। मोतीचन्द्र के अनुसार भी बनारस के महाजनों में अधिकतर गुजराती, बनिये, खत्री तथा अग्रवाल थे।

18वीं शताब्दी में मुगलों के पतन तथा विदेशी आक्रमणों के दौरान गुजराती, अग्रवाल, खत्री, मारवाड़ी, मेहरा तथा राजपूत आदि जातियों का बनारस प्रवसन हुआ। हिन्दुओं के पवित्र शहर के रूप में प्रसिद्ध बनारस की इस पवित्र पहचान ने इस प्रवसन को और बल दिया। इस प्रवसन ने बनारस की धार्मिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत किया। ब्राह्मणों को संरक्षण, मन्दिरों तथा घाटों का पुनर्निर्माण, सांस्कृतिक उत्सव तथा त्यौहारों को भव्य स्तर पर मनाना आदि सब इस व्यापारी जातियों के प्रवसन से ही सम्भव हो पाया। 'राजा' शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द' *(बनारस अखबार)*, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र *(कविवचन सुधा)*, देवकी नन्दन खत्री *(सुदर्शन)*, बालकृष्ण भट्ट् *(हिन्दी प्रदीप)* तथा जगन्नाथ दास रत्नाकर इसी व्यापारी समाज के अमीर तबके की कुछ विभूतियाँ रहीं जिनका न केवल वाराणसी के सामाजिक तथा

सांस्कृतिक इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है अपितु विभिन्न क्षेत्रों की पत्रकारिता में भी इनकी उल्लेखनीय भूमिका रही है।

19वीं शताब्दी के दौरान महिलाओं की स्थिति में भी परिवर्तन आने लगा। सरस्वती पत्रिका के सम्पादक महावीर प्रसाद द्विवेदी के अनुसार रीतिकाल, श्रृंगार रस तथा नायिकावादी दृष्टिकोण अभी भी स्त्री समाज के लिए प्रयुक्त होता था किन्तु पश्चिमी शिक्षा से मिली चुनौती तथा पाश्चात्य सभ्यता एवं संस्कृति के बढ़ते प्रभाव ने समाज सुधारकों तथा प्रेस को स्त्रियों की स्थिति में सुधार के लिए सचेत किया। अब भारतीय महिलाओं को आदर्शवादी स्त्री तथा कर्तव्यपरायण गृहणी के रूप में प्रदर्शित किया जाने लगा। उनकी भारतीय परिवेश में शिक्षा-दीक्षा की बात की जाने लगी। यह विचारधारा प्रचलित होने लगी कि एक शिक्षित नारी ही भारतीय संस्कृति तथा सभ्यता का मूल्य समझ सकती है इसलिए स्त्री शिक्षा पर बल दिया जाने लगा। पश्चिमी सभ्यता के जवाब में भारतीय नारी की आदर्शवादी तस्वीर प्रस्तुत की जाने लगी जिसका प्रबल समर्थन *सरस्वती, सी.एच.सी.एम.* तथा मर्यादा पत्रिका द्वारा किया गया।

इसी सन्दर्भ में स्त्रियों से सम्बन्धित कुरीतियों के विरुद्ध पहल अब पहले से तेज हो गई। स्त्री समाज में सुधार हेतु बाल विवाह के खिलाफ प्रतिक्रिया तेज हो गई। लड़कियों को शिक्षित करना, बाल विधवा पुनर्विवाह तथा वेश्यावृत्ति के खिलाफ एक परिपक्व विचारधारा बनने लगी। इस तरह 20वीं शताब्दी के आरम्भिक दो दशकों में स्त्री समाज के प्रति दृष्टिकोण पहले से काफी परिवर्तित हो गया। भारतीय संस्कृति तथा सभ्यता की प्रतिष्ठा एवं आदर्शवादिता को बनाये रखने के लिए समाज विशेषकर स्त्री समाज में तथा विभिन्न त्यौहारों में सुधार की प्रवृत्ति गति पकड़ने लगी। हिन्दू संस्कृति का गढ़ होने के कारण बनारस में सुधार की यह मांग अधिक प्रखर थी, जिसके प्रत्यक्ष उदाहरण *कविवचन सुधा, हरिश्चन्द्र मैगज़ीन, भारत जीवन, मर्यादा, इन्दु* तथा *सरस्वती* आदि पत्र-पत्रिकाएँ रहीं थीं। 19वीं तथा 20वीं शताब्दी में विभिन्न त्यौहारों के मनाये जाने की प्रवृत्ति में भी परिवर्तन आने लगे। बनारस की रामलीला जहाँ राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो रही थी, वही बुढ़वा मंगल, होली तथा नकक्टैया जैसे पर्वों में बढ़ती अश्लीलता तथा अभद्रता (शराब सेवन, गालियां देना तथा स्त्रियों से छेड़छाड़) के चलन ने इन्हें आलोचना के घेरे में ला दिया।

19वीं शताब्दी तथा 20वीं शताब्दी का एक ज्वलंत विषय रहा था हिन्दी-उर्दू भाषा विवाद, किन्तु आगे चलकर हिन्दी-उर्दू भाषा एक विवाद नहीं अपितु दो समुदाय की पहचान का प्रश्न बन गया। उर्दू की तरफ से अलीगढ़ तथा

हिन्दी की ओर से बनारस वह केन्द्र थे, जो अपने पक्ष की बात अपनी पत्र-पत्रिकाओं में करते थे। यह अवश्य है कि प्रकाशन (पत्र-पत्रिकाओं तथा साहित्य) तथा भाषा बोलने वालों की संख्या के आधार पर हिन्दी, उर्दू से आगे थी। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में आ रहे मौलिक परिवर्तन तथा पारम्परिक शिक्षा को आधुनिक शिक्षा की चुनौती, इसी 19वीं शताब्दी में आरम्भ हो चुकी थी। 18वीं शती से आरम्भ हुई परिवर्तन की ये लहर 19वीं शताब्दी के बनारस में हर स्तर पर दिखायी दे रही थी।

1845 से 1867 के बीच सामाजिक तथा सांस्कृतिक रूप से समाचार पत्रों द्वारा मुख्य रूप से जिन विषयों पर प्रकाश डाला गया था, वह थे समाज में यूरोपियनों की जातीय श्रेष्ठता की भावना, हिन्दी-उर्दू भाषा विवाद तथा सरकार का समाज की धार्मिक क्रियाकलापों में बढ़ता हस्तक्षेप।

यह बात स्पष्ट थी कि भारतीयों को द्वितीय श्रेणी का नागरिक समझा जाता था। तत्कालीन समाचार पत्रों से भी इस बात को समर्थन मिलता है कि श्वेतों पर अश्वेतों का बोझ सिद्धान्त समाज में प्रचलित था। यूरोपियनों द्वारा पैरों से भारतीय मजदूरों, किसानों तथा नौकरों को पीटना, बुरी तरह जख्मी करना, मृत्यु तक हो जाना, डॉक्टरों तथा न्यायधीशों द्वारा यूरोपियनों का पक्ष लेना सामान्य बात हो चुकी थी। प्रेम नारायण के अनुसार मुख्य बात यह थी कि समाज का शिक्षित भारतीय वर्ग भी इस भावना से ग्रस्त था कि उनकी द्वितीय श्रेणी है तथा अंग्रेज हर क्षेत्र में उनसे श्रेष्ठ हैं। इस विषय की चर्चा वाराणसी के *आफताब-ए-हिन्द* तथा *भारत जीवन* पत्र द्वारा भी की गई।

ब्रिटिश सरकार की सुधार की नीति के तहत् भारतीय जनमानस का रोष समाचार पत्रों द्वारा व्यक्त किया जाता था। 19वीं शती मध्य में सती प्रथा पर रोक, विधवा पुनर्विवाह को कानूनी मान्यता, बाल विवाह को कानूनी दायरे में लाना तथा धार्मिक रीति रिवाज़ों पर नियम कानून आदि कुछ ऐसे कदम थे, जिस कारण समाज में सरकार के प्रति भारी रोष था। सरकार द्वारा तीर्थ यात्रा पर कर लगाने पर हुई आलोचनाओं ने यह साबित कर दिया था कि नार्थ वेस्ट प्रोविन्स (आगे चलकर संयुक्त प्रान्त) का समाज अभी इस तरह के सामाजिक तथा सांस्कृतिक परिवर्तनों के लिए तैयार नहीं था। *भारत जीवन, सरस्वती, सी.एच.सी.एम.* से यह स्पष्ट होता है कि विधवा पुनर्विवाह की बात 19वीं शताब्दी के अन्त तक भी सामान्य रूप से स्वीकार नहीं की गई।

हिन्दी भाषी स्थान होने के बावजूद भी वाराणसी या नार्थ वेस्ट प्रोविन्स में

हिन्दी भाषा के पत्रों को लेकर कोई विशेष उत्साह नहीं था। पाठक वर्ग के अभाव में बहुत कम पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन होता था। हिन्दी भाषा बोलने वाले लोगों की संख्या के मुकाबले हिन्दी पत्रों का प्रकाशन बहुत ही कम था किन्तु 1867 के पश्चात् जिस तेजी से हिन्दी भाषायी पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन में तेजी आयी, उसका इससे पूर्व अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता था।

अपने आरम्भिक काल (1867 से पूर्व) में वाराणसी की पत्रकारिता हिन्दी उर्दू के प्रश्न पर एकमत न हो सकी तो दूसरी ओर हिन्दी के स्वरूप पर वाद विवाद का प्रश्न भी आ खड़ा हुआ। एक ओर फ्रांसीसी विद्वान गार्सा द तासी हिन्दी के विरोध में थे तो दूसरी ओर सर पिन्काट हिन्दी के कट्टर समर्थक थे। शिवप्रसाद की फारसी मिश्रित हिन्दी का पक्ष दुर्बल पड़ता जा रहा था तथा बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की परिष्कृत हिन्दी ने इस विवाद को और गहरा कर दिया। इस समय आरम्भ हुए भाषायी विवाद ने समाज के उच्च शिक्षित वर्ग को दो भागों में विभाजित कर दिया। एक वर्ग ब्रिटिश सरकार के सहयोग से देवनागरी लिपि तथा उर्दू मिश्रित भाषा का समर्थन कर रहा था तो दूसरा इसका विरोध। 1885 में कांग्रेस की स्थापना के समय तक आते-आते यह हिन्दी-उर्दू विवाद किताबों के रूप में व्यवसायिक लाभ के साथ बाजार में बिकने लगा था, जिसका प्रचार भारत जीवन में प्रकाशित होता था। 19वीं शताब्दी के मध्य के दौरान प्रकाशित पत्रों में स्थानीय भाषा के स्पर्श का अभाव था। समाज की आम भाषा का जिस तरह भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अपनी पत्रिकाओं में प्रयोग किया, उसका इस युग (1845-1867) की पत्रकारिता में अभाव था।

भारतेन्द्र हरिश्चन्द्र (1850-1885) के उदय के पूर्व पत्र-पत्रिकाओं के विकास का एक दौर (1845 से 1867 तक) बनारस में पूरा हो चुका था। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के उदय साथ ही इस क्षेत्र की पत्रकारिता में तीव्रता आई। उनकी पत्रिकाओं ने जिस तरह अपने समय के बनारस के समाज का वर्णन किया तथा तत्कालीन सामाजिक समस्याओं को समाज में रखा, वह अवश्य ही अपने समय का प्रथम प्रयास था। शेरिंग द्वारा 19वीं शताब्दी के दौरान बनारस के समाज में आ रहे जिस जातीय परिवर्तन की चर्चा की गई थी, उसे *कविवचन सुधा, हरिश्चन्द्र मैगज़ीन* तथा *बाला बोधिनी* में देखा जा सकता है। साथ ही कुछ निम्न जातियों की बढ़ती आर्थिक स्मृद्धि तथा इस स्मृद्धि के साथ-साथ उनमें बढ़ती उच्च सामाजिक पहचान की भूख ने उन्हें धीरे-धीरे सामाजिक तथा राजनीतिक स्तर पर संगठित करना आरम्भ कर दिया था। 19वीं शताब्दी के

अन्तिम दशकों तथा 20वीं शताब्दी के आरम्भ में बने विभिन्न सामाजिक संगठन इसके उदाहरण थे जिसमें बनारस में विशेषकर अहिर, भर, गौंड ब्राह्मण, कलवार, कायस्थ, मल्लाह, नैस तथा साहु वैश्य जातियाँ प्रमुख थी। साथ ही विभिन्न व्यापारी जातियों का बाजार तथा वाराणसी के समाज पर बढ़ता प्रभुत्व इस समय की मुख्य विशेषता थी। इस व्यापारी वर्ग द्वारा प्रेस को एक साधन के रूप में प्रयोग किया गया। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र से लेकर रामकृष्ण खत्री, प्रतापनारायण मिश्र, देवकीनन्दन खत्री, बालकृष्ण भट्ट आदि सभी लोग इस बात का प्रमाण थे।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं (1867 में *कविवचन सुधा*, 1873 में *हरिश्चन्द्र मैगज़ीन* तथा 1874 में प्रकाशित *बाला बोधिनी* पत्रिका) में स्त्री समाज से सम्बन्धित विभिन्न कुरीतियों की आलोचना की जाती थी। पत्रिकाओं में कही जाने वाली 'नारिनर सम हौहि' की बात अभी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावी नहीं थी किन्तु स्त्री पुरुष समानता, स्त्रियों को आदर तथा सम्मान देना, उनकी पढ़ाई लिखाई पर जोर देना, प्राचीन साक्ष्यों (महाभारत तथा रामायण) में स्त्रियों की प्रतिष्ठा दिखाकर वर्तमान समाज में उनके यथोचित आदर की बात करना, बाल विवाह पर कुठराघात आदि विषयों की चर्चा होने लगी थी। यह अवश्य था कि अभी इसके परिणाम आने बाकी थे। स्त्रियों को पुरुषों की सेविका समझना, उन्हें शिक्षा से वंचित रखना तथा स्त्री के नाम पर उनका शोषण आदि विषयों की चर्चा यह अवश्य बताती थी कि कहीं न कहीं ये सब बनारस के समाज में प्रचलित थे तथा इनका विरोध भी होना आरम्भ हो चुका था।

समाज में चर्चित हिन्दी-उर्दू विवाद में अब वाराणसी देवनागरी लिपि के प्रमुख समर्थकों में आ गया था। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र तथा उनकी मंडली (प्रताप नारायण मिश्र, बदरीनारायण चौधरी, जगमोहन सिंह तथा बालकृष्ण भट्ट आदि) द्वारा प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं के कारण हिन्दी अब पहले से मजबूत स्थिति में आ गई थी। हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं के साथ-साथ हिन्दी पुस्तकों के बढ़ते प्रकाशन से उर्दू का पक्ष कमजोर पड़ने लगा था।

19वीं शताब्दी के अन्त में बनारस से तीन हिन्दी, एक अंग्रेजी तथा एक उर्दू का अखबार प्रकाशित होता था जिनमें हिन्दी भाषा में ***भारत जीवन*** पत्र प्रमुख माना जाता था। 1884 से प्रकाशित साप्ताहिक समाचार पत्र भारत जीवन लगभग 1925-26 ई. तक अस्तित्व में रहा। इस पत्र द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बनारस के सामाजिक जीवन में काफी भिन्नता थी।

जातिवाद, छुआछूत तथा सामाजिक मान-मर्यादा का विशेष ध्यान रखा जाता था। पत्र में प्रयुक्त अहिर, धोबी, कुनबी, चमारीन, पंडित तथा महापंडित, पंड़ाईन, खत्री तथा ब्राह्मण एवं महाब्राह्मण शब्द समाज में प्रचलित जातीय विशिष्टता को इंगित करते थे। उच्च वर्ग के लोग अपने जातीय अभिमान को प्रदर्शित करने का कोई अवसर नहीं जाने देते थे। जिस तरह भारतेन्दु हरिश्चन्द्र अपनी पत्रिका *कविवचन* सुधा में अपने वैश्य वर्ण में अग्रवाल जाति को तथा विष्णु पूजा को विशिष्ट प्रदर्शित करते थे, वैसे ही भारत जीवन पत्र के सम्पादक रामकृष्ण खत्री अपने पत्र द्वारा अपनी खत्री जाति की उच्चता को समाज में बनाए रखते थे। इस तरह *भारत जीवन* पत्र के सम्पादक भी इसका अपवाद नहीं थे।

पत्रकारिता के क्षेत्र में वैश्य वर्ग के प्रभुत्व तथा ब्राह्मण वर्ग की अपनी उच्च तथा विशिष्ट सामाजिक तथा सांस्कृतिक मान्यता के कारण ब्राह्मण तथा वैश्य वर्ण से सम्बन्धित गतिविधियाँ पत्रों में अधिक प्रकाशित होती थीं। काशी के ऐतिहासिक नाम तथा इसके पुण्य क्षेत्र की पहचान के कारण यहाँ विभिन्न स्थानों से लोगों का आवागमन पूरे वर्ष भर रहता था। घाटों पर मनाये जाने वाले मेलों तथा त्यौहारों की भीड़ यहाँ पूरे साल बनी रहती थी। काशी के ब्राह्मणों को दी गई दान-दक्षिणा की विशेष मान्यता थी जिस कारण यहाँ के ब्राह्मण वर्ग से सम्बन्धित समाचार, घटनाएँ तथा खबरें पत्रों में अक्सर प्रकाशित होते रहते थे। उनके वैदिक कर्मकाण्ड के अलावा अनैतिक कार्य भी काफी चर्चित रहते थे। ब्राह्मण वर्ग के कुछ लोग जो धन लोभ के कारण तथा बिना वेद-शास्त्रों के ज्ञान के पंडित बन जाते थे, उनकी गतिविधियाँ समाज तथा पत्र दोनों में बनी रहती थी।

व्यापारिक गतिविधियों में संलग्न रहने वाले वैश्य समुदाय ने जितनी तेजी से धन कमाया, उतनी ही तेजी से उन्हें सामाजिक प्रतिष्ठा भी प्राप्त हुई। इस कारण सामाजिक तथा सांस्कृतिक स्तर पर इस वर्ग में अन्य वर्गों की अपेक्षा अधिक सक्रियता थी। इन्होंने विभिन्न मेलों एवं त्यौहारों जैसे बुढ़वा मंगल, रामलीला, जन्माष्टमी तथा गणेशोत्सव आदि पर्वों को संरक्षण दिया। इसके साथ ही इनकी जातीय पहचान पर बने समुदाय, भवन, स्कूल, कमेटियाँ तथा इनके अधिवेशन इनमें उद्देश्यपरक एकता तथा चेतना के प्रतीक रहे थे, जिनमें कायस्थ कान्फ्रेस, क्षत्रोदय सभा, भूमिहार अधिवेशन, खत्री-सारस्वत विद्यालय, वैष्णव हितकारी सभा तथा खत्री जातीय संगठन प्रमुख थे। हिन्दू समुदाय अपनी धार्मिक पवित्रता को लेकर काफी सजग तथा संवेदनशील था। यहाँ हिन्दू समुदाय का

अर्थ ब्राह्मण तथा व्यापारिक वर्ग से अधिक था क्योंकि स्वयं को सामाजिक स्तर पर सक्रिय रखने तथा अपनी पहचान को बनाए रखने के लिए ये दोनों ही वर्ग गौरक्षा, भाषा विवाद, विभिन्न धार्मिक उत्सवों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहते थे।

बनारस का मौसम इस समय गर्मी में अधिक गर्म तथा बारिश में अधिक वर्षा से प्रभावित रहता था। *कविवचन सुधा* तथा *भारत जीवन* के जून-मई के अंकों से पता चलता है कि इस समय की गर्मी तथा लू प्राणघातक होती थी तथा बारिश एवं आंधी के कारण मकानों के गिरने से जान-माल की हानि भी हुआ करती थी। घाटों पर जाने के लिए बने रास्तों पर गन्दगी इस समय की बड़ी समस्या बनी हुई थी। बिन्दूमाधव तथा दशाश्वमेध इस समस्या से अधिक ग्रस्त थे तथा अक्सर चर्चा में रहते थे। **हैजा, प्लेग, ज्वर** तथा **शीतला** (चेचक) जैसी बीमारियों का प्रकोप बनारस में अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक था। यहाँ की परम्परा तथा विश्वास इस प्रकोप को और विकराल बनाते थे जिसकी चर्चा डेविड आरनोल्ड द्वारा भी की गई है।

व्रत, मेलों तथा त्यौहारों पर स्त्रियों की सुरक्षा विभिन्न समुदायों की प्रमुख समस्या थी। पत्र-पत्रिकाओं में छेड़खानी तथा छींटाकसी की चर्चा आम हो चुकी थी। मध्यम तथा उच्च वर्ग की स्त्रियाँ पर्दे में रहा करती थीं जो कि उनके परिवार एवं समाज दोनों के लिए सम्मान तथा प्रतिष्ठा की बात थी। पुरुष प्रधान वाराणसी का समाज स्त्रियों के मान सम्मान को लेकर काफी संवेदनशील था। *कविवचन सुधा, हरिश्चन्द्र मैगज़ीन, बाला बोधिनी, भारत जीवन, सी.एच.सी.एम (सेन्ट्रल हिन्दू कालेज मैगजीन), इन्दु, मर्यादा* तथा *सरस्वती* आदि पत्र-पत्रिकाओं में स्त्रियों से सम्बन्धित सुधार की बातें मुख्यतः पुरुषों द्वारा ही की जाती थी। इनके लेखों से एक बात स्पष्ट होती थी कि विधवा विवाह को अभी तक स्वीकृति नहीं मिली थी तथा इसे समाज, सभ्यता तथा संस्कृति के खिलाफ माना जाता था। समाज में बाल विवाह प्रचलन में था तथा स्त्री-पुरुष वैवाहिक सम्बन्ध में प्रशासनिक हस्तक्षेप जैसे 1891 का सम्मति अधिनियम आदि स्वीकार नही किया गया। 19वीं शताब्दी के अन्त तक वेश्यावृत्ति को लेकर समाज का दृष्टिकोण उतना सख्त नहीं था जितना 20वीं शताब्दी में हो गया।

इस तरह 19वीं शताब्दी के अन्त के बनारस में सामाजिक तथा सांस्कृतिक स्तर पर कई विभिन्नताएँ देखने को मिलती थी। यहाँ सामाजिक तथा धार्मिक स्तर पर सौहार्दता (मुसलमानों के कहने पर हिन्दुओं द्वारा बुढ़वा मंगल न

मनाना तथा न कोई बड़ा साम्प्रदायिक दंगा होना) थी तो तनाव भी था विशेषकर तब, जब दीवाली तथा मुहर्रम एक ही तारीख पर पड़ जाते थे। जातीय स्तर पर वर्ण व्यवस्था के प्रति रूढ़िवादी दृष्टिकोण था तो वहीं स्त्रियों की गरिमा के प्रति संवेदनशील रवैया भी। भिन्न-भिन्न प्रकार की अराजकताएँ (हत्या, लूटमार, छेड़खानी, धनलोलुपता तथा बीमारियों के प्रति धार्मिक विश्वास) प्रचलित थी तो उनके समाधान की कोशिश भी जारी थी।

20वीं शताब्दी में राजनीतिक सरगर्मियाँ अधिक सक्रिय हो गई। महात्मा गाँधी के स्वतन्त्रता आन्दोलन में पदार्पण के साथ ही समाचार पत्रों में सामाजिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का स्थान राजनैतिक गतिविधियों ने ले लिया। 1903 में प्रकाशित *सरस्वती* पत्रिका की विषयवस्तु जहाँ राजनीतिक लेखों से रहित रही थी, वहीं 1920 में इसमें रासबिहारी घोष, दादाभाई नौरोजी तथा फिरोजशाह मेहता जैसे राजनीतिक व्यक्तियों के जीवन परिचय प्रकाशित किए। साथ ही महात्मा गाँधी के विचारों को यह पत्रिका विशेष रूप से प्रकाशित करती थी। अब पत्रों का स्वर भी राजनैतिक अधिक हो गया, किन्तु फिर भी वाराणसी तथा प्रयाग की कुछ पत्र-पत्रिकाएँ *(सेन्ट्रल हिन्दू कालेज मैगज़ीन, इन्दु, मर्यादा, आर्य महिला* तथा *सरस्वती* पत्रिका तथा आज पत्र) यहाँ के सामाजिक तथा सांस्कृतिक स्वरूप को प्रकाशित करती रहीं।

20वीं शताब्दी में राजनैतिक स्तर पर गाँधी जी की भारतीय राजनीति में सक्रियता ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया। बनारस भी इसका अपवाद नहीं था। बनारस का महिला समाज तथा उससे सम्बन्धित विषय समाज सुधारकों तथा प्रेस दोनों की नजर में ही मुख्य विषय थे। महिलाओं को पश्चिमी शिक्षा की जगह भारतीय सांस्कृतिक शिक्षा देना, उन्हें गृहस्थ कार्यों में दक्ष करना तथा एक आदर्शवादी पत्नी तथा कर्त्तव्यपरायण गृहणी बनाना, इस समय के समाज तथा प्रेस (भारत जीवन प्रेस, इंडियन प्रेस, नवल किशोर प्रेस तथा गीता प्रेस) आदि का कर्त्तव्य था।

स्त्री शिक्षा के प्रति जितनी चेतना इस समय चित्रित की गई, उतनी 19वीं शताब्दी में नहीं थी। इस समय प्रत्येक पत्र-पत्रिका में स्त्री शिक्षा की बात की जाती थी। साथ ही उनकी शिक्षा में बाधक कई सामाजिक रीति-रिवाजों जैसे बाल विवाह तथा बाल विधवा निषेध की आलोचना भी की जाने लगी थी क्योंकि इसके कारण वेश्यावृत्ति तथा अनाचार का चलन भी बढ़ रहा था। विधवा पुनर्विवाह की बात भी दबी आवाज में की जाने लगी थी किन्तु पर्दा प्रथा समाज में अभी भी संस्कृति तथा सम्मान का प्रतीक बना हुआ था। पत्र-

पत्रिकाओं के अध्ययन से ज्ञात होता है कि 20वीं शताब्दी के समाज की कुछ निम्न जातियों द्वारा, उच्च जातियों की तरह संगठित होकर, अपने जाति विशेष के सुधार के लिए विभिन्न कार्यक्रम आरम्भ कर दिये गए थे। दूसरी तरफ हर दस वर्ष के अन्तराल पर होने वाली जनगणना में मुसलमानों की बढ़ती संख्या ने हिन्दुओं को चिंतित कर दिया, जिस कारण हिन्दू समाज अपने समाज में सुधार (शिक्षा, बाल विवाह निषेध, विधवा पुनर्विवाह) के प्रति और संवेदनशील हो गया।

सांस्कृतिक स्तर पर त्यौहारों को भव्य स्तर पर मनाना अब अधिक प्रचलन में आ गया। रामनगर की रामलीला और अधिक भव्य हो गई तथा अपने सांस्कृतिक महत्व (रामचरित मानस पर आधारित होने) के कारण काशी के रईसों में उसे संरक्षण तथा अनुदान देने की होड़ लग गई। सामाजिक-सांस्कृतिक सुधार तथा राष्ट्रीयता के इस नए दौर में विभिन्न उत्सवों जैसे होली, बुढ़वा मंगल तथा नक्कटैया की रामलीला पर होने वाली अश्लीलता तथा अभद्रता के प्रति एक तीव्र आक्रोश समाज में देखने को मिला जिस कारण जहाँ बुढ़वा मंगल मेला बन्द हो गया, वहीं होली पर महिलाओं तथा नौजवानों को इस त्यौहार में शामिल न होने की अपील की गई। इन पर्वों पर समाज की निम्न जातियों के शराब सेवन, अभद्र शब्दों के प्रयोग, झगड़ों तथा आचारहीनता की कटु आलोचना की जाने लगी। *भारत जीवन, आज* तथा *सेन्ट्रल हिन्दू कालेज मैगज़ीन* में यह आलोचना अधिक प्रखर होती थी।

इस तरह 1845 से 1920 तक की समयावधि में वाराणसी की प्रेस द्वारा उठाये गये विभिन्न सामाजिक तथा सांस्कृतिक विषयों का निम्नलिखित संक्षिप्त निष्कर्ष था :

हिन्दी–उर्दू भाषा विवाद जो धीरे-धीरे विभिन्न समुदाय की पहचान बन गया। यदि तत्कालीन पत्र-पत्रिकाओं तथा पुस्तकों के प्रकाशन सम्बन्धी आंकड़ों के आधार पर देखें तो उर्दू की अपेक्षा हिन्दी का पक्ष अधिक मजबूत था तथा हिन्दी बोलने वालों की संख्या भी उर्दू बोलने वालों से अधिक थी। शोध की परिकल्पना के अनुसार ही यह हिन्दी–उर्दू विवाद इस समयावधि के दौरान हमेशा पत्र-पत्रिकाओं में बना रहा।

इस विवाद का नेतृत्व करने वाले **व्यापारी वर्ग** का प्रभुत्व न केवल प्रेस पर था अपितु राजा-महाराजा तथा ब्राह्मण वर्ग भी इस वर्ग विशेष की प्रमुखता स्वीकार करते थे। आर्थिक सम्पन्नता के कारण मिली सामाजिक तथा

सांस्कृतिक पहचान को इस व्यापारी वर्ग ने विभिन्न त्यौहारों तथा **ब्राह्मण वर्ग** को संरक्षण देकर और मजबूत किया। वाराणसी के ब्राह्मण वर्ग की महत्वपूर्ण पहचान तथा उनकी प्रतिष्ठा को विभिन्न ब्रिटिश नीतियों तथा विभिन्न जातियों के विकास ने चुनौती देना आरम्भ कर दिया। साथ ही कुछ ब्राह्मणों की पथभ्रष्टता तथा अनैतिक कार्यों ने इस वर्ग विशेष की आलोचनाओं को और बढ़ा दिया।

आलोचनाओं का सामना उन रीतियों तथा कुरीतियों को भी करना पड़ा, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से **स्त्री वर्ग** से सम्बन्धित थी। बाल विवाह की आलोचना, विशेष परिस्थितियों में विधवा विवाह को स्वीकृति, मध्यम तथा उच्च परिवार में पर्दा प्रथा की बाध्यता तथा महिलाओं को भारतीय संस्कृति की सम्माननीय तथा गौरवशाली पहचान बनाने की मुहिम प्रचलन में थी।

विभिन्न **सांस्कृतिक त्यौहारों** में एक तरफ रामनगर की रामलीला जहाँ राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो चुकी थी, वहीं होली, बुढ़वा मंगल तथा नक्कटैया की रामलीला अश्लीलता एवं अभद्रता के कारण आलोचनाओं का शिकार हो रही थी। वाराणसी शहर की 'पवित्र' पहचान, विशिष्ट धार्मिक मान्यता तथा आस्था के कारण भी विभिन्न बीमारियाँ, यहाँ प्रचंड रूप ले लेती थीं। **हैजा, प्लेग, ज्वर तथा शीतला** जैसे रोगों में आस्था को उपचार मानने से इन बीमारियों के प्रकोप ने पूरे बनारस को प्रभावित किया, जिसका वर्णन *भारत जीवन* तथा *सरस्वती* में किया गया। इस तरह 1845 से लेकर 1920 तक वाराणसी प्रेस समाज में हो रहे सामाजिक तथा सांस्कृतिक परिवर्तनों की न केवल साक्षी रही बल्कि समाज में हो रही विभिन्न गतिविधियों, परिवर्तनों तथा घटनाओं की सूचक भी रही थी।

सन्दर्भ :

प्राथमिक स्रोत

- **Benares Recorder,** 1846 - 1847, Messrs. Cooper & Co. (Publisher) Serampore/Benares.
- **कविवचन सुधा,** 1872-1884, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (संरक्षक), लाइट प्रेस, बनारस.
- **हरिश्चन्द्र मैगज़ीन,** 1873-1885, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (संरक्षक), मेडिकल हाल प्रेस, बनारस.

- **भारत जीवन,** 1884-1902, रामकृष्ण वर्मा (संरक्षक), भारत जीवन प्रेस, बनारस.
- **भारतेन्दु,** 1886, ब्रज भूषण (सम्पादक), मशीन प्रेस, स्थान अज्ञात.
- **काशी पत्रिका,** 1888, लक्ष्मी शंकर मिश्र (सम्पादक), चन्द्रप्रभा प्रेस, बनारस.
- **Central Hindu College Magazine,** 1900 – 1914, Annie Besent (Patron), The Manager, Central Hindu College, Benares City.
- **सरस्वती पत्रिका,** 1901-1922, महावीर प्रसाद द्विवेदी (सम्पादक), इंण्डियन प्रेस, प्रयाग.
- **इन्दु पत्रिका**, 1910-1913, अम्बिका प्रसाद गुप्त (सम्पादक), बनारस.
- **मर्यादा पत्रिका,** 1914-1922, बद्रीप्रसाद पाण्डेय/सम्पूर्णानन्द (सम्पादक), अम्युदय प्रेस, प्रयाग/ज्ञानमण्डल यन्त्रालय, काशी.
- **आज पत्र,** चयनित अंक 1920-1940, शिवप्रसाद गुप्त (संरक्षक), ज्ञानमण्डल यन्त्रालय, काशी.

प्रशासनिक रिपोर्ट

- *Educational Report of India*, Government Press, Calcutta,
- *Census of the NWP and UP, 1865/1871/1881/1891/1901/1911/1921/1931*, Government Press, Allahabad.
- *Administrative Report of NWP,* 3[1st] March 1901, Government Press, Allahabad, 1902.
- *Varanasi Division Records, 1901-29.*

अन्य प्राथमिक स्रोत

- Nevill, H.R., 1909, *Benares: A Gazetteer*, Vol. XXVI, Government Press, United Provinces, Allahabad.
- Prinsep, James, {1830}1996, *BENARES ILLUSTRATED,* Vishwavidyalaya Prakashan, Varanasi.
- Sherring, M.A., {1868}1990, *BENARES, The Sacred City of The Hindus, in Ancient and Modern Times*, Low Price Publications, Delhi.
- वर्मा, बालमुकुन्द, 6 मई 1935, काशी या बनारस,

द्वितीयक स्रोत

अंग्रेजी भाषा की पुस्तकें

- Bayly, C.A., 1983, *Rulers, Townsmen and Bazaars: North Indian Society in the age of British Expansion (1770-1870)*, Cambridge University Press, Cambridge.
- Bhanawat, Sanjeev, 2000, *History of Journalism and Media of Mass Communication*, University Publication, Jaipur.
- Bhatnagar, Ramratan, 2003, *The Rise and Growth of Hindi Journalism:1829-1945*, Vishwavidyalaya Prakashan, Varanasi.
- Chandramouli, K., 1995, *KASHI: The City Luminous*, Rupa & Co. Calcutta.
- Coelho, Lvo, 2010, *Brahman & Person: Essay by Richard De Smet*, Motilal Banarsidas Pub. Pvt. Ltd, Delhi.
- Cohn, Bernard S., 1987, *An Anthropologist among the Historians and Other Essays*, Oxford University Press,Delhi
- Dasgupta, Satadal, 1983, *Caste, Kinship and Community: Social System of a Bengal Caste*, University Press, Calcutta.
- **Dodson, Michael S.,** 2012, *Banaras: Urban Forms and Cultural Histories*, Publisher Routledge India, Delhi.
- Dalmia, Vasudha, 1997, *The Nationalization of Hindu Traditions: Bhartendu Harishchandra and Nineteenth-Century Banaras*, Oxford University Press, Delhi.
- Eck, Diana, L., 1992, *BANARAS: City of Light*, Penguin Books, New Delhi.
- Freitag, Sandria B., 1989, *Culture and Power in Banaras: Community, Performance and Environment* (1800-1980), Oxford University Press, New York.
- Kumar, Nita, 2000, *Lessons from Schools: The History of Education in Banaras*, Sage Publications, New Delhi.
- Lannoy, Richard, 1999, *Benares Seen from within*, Indica Books, Varanasi.
- Levine, Philippa, 2003, *Prostitution, Race and Politics: Policing Venereal Disease in the British Empire*, Routledge Publication, London.

- Lutt, Von Jurgen, 1970, *Hindu-Nationalismus in Uttar Prades, 1867-1900*, Ernst Klett Verlag Stuttgart, Germany.
- Renold, Leah, 2005, *A Hindu Education: early years of the Banaras Hindu University*, Oxford University Press, Delhi.
- Singh, Rana P.B., 2009, *BANARAS, The Heritage City of India*, Indica Books, Varanasi.

हिन्दी भाषा की पुस्तकें

- मोतीचन्द्र, 1962, काशी का इतिहास, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी.
- उपाध्याय, पं. बलदेव, 1983, काशी की पाण्डित्य परम्परा, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी.
- वाजपेयी, अम्बिकाप्रसाद, 1986, समाचार पत्रों का इतिहास, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, द्वितीय संस्करण, सन्त कबीर मार्ग, वाराणसी.
- व्यास, लक्ष्मीशंकर, 1988, हिन्दी पत्रकारिता के युग निर्माता, व्यास प्रकाशन, वाराणसी.
- जाटव, डी. आर., 1988, बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर : व्यक्तित्व एवं कृतित्व, समता साहित्य सदन, जयपुर.
- शर्मा, रामविलास, 1989, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र और हिन्दी नवजागरण की समस्याएं, चतुर्थ संस्करण, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली.
- लाल, वंशीधर, 1992, भारतेन्दुयुगीन हिन्दी पत्रकारिता, कानपुर.
- हरिशंकर, 1996, काशी के घाट: कलात्मक एवं सांस्कृतिक अध्ययन, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी.
- वैदिक, वेद प्रताप, 1997, हिन्दी पत्रकारिता के विविध आयाम, हिन्दी बुक पब्लिकेशंस, दिल्ली
- कुमार, विनोद, 2016 वाराणसी का सामाजिक तथा सांस्कृतिक अध्ययन, लो प्राइस पब्लिकेशंस, दिल्ली

युलरिक स्टार्क, 2007, एम्पायर आफ बुकस्; स्टार्क ने लखनऊ की नवल किशोर प्रेस की स्थापना तथा उसके 19वीं शताब्दी तक के विकास पर शोध कार्य किया है।

डॉ. विनोद कुमार

भारतीय इतिहास अनुसन्धान परिषद्, नई दिल्ली

ईमेल: bhu.vinod@gmail.com

❑❑❑

पश्चिमी राजस्थान की प्राकृतिक धरोहर एवं पर्यटन

• हरिमोहन मीना

• डॉ. चंद्रशेखर कछावा

पर्यटन भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहा है। सभ्यता की शुरूआत ही मानव जाति के जंगलों में या प्राकृतिक आवास में रहने से हुई है। मनुष्य अपने सामान्य एवं दैनिक दिनचर्या के कार्यों से निजात पाकर कहीं घूमने, भ्रमण कर मनोरंजन करने की इच्छा रखता है। इसके लिए या तो ऐतिहासिक स्थल—जैसे पुराने किले, महल, हवेलियाँ या धार्मिक स्थलों की सैर कर प्रसन्नता का अनुभव करता है या किसी प्राकृतिक स्थल या बाग-बगीचों की सैर से अधिक प्रसन्नता अनुभव की जा सकती है। इसलिए यहाँ राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभयारण्यों का वर्णन करना भी यथोचित है।

प्राकृतिक धरोहर–राष्ट्रीय उद्यान एवं अभयारण्य

राजस्थान वह रंगीला प्रदेश है जो इतिहास में न केवल अपने शृंगार एवं वीरता के कारण अपनी खास जगह रखता है, अपितु संस्कृति और प्राकृतिक सुन्दरता में भी अपना अद्वितीय स्थान रखता है। रंग, उल्लास और मैत्रीपूर्ण व्यवहार से ओत-प्रोत रहना देश के इस भाग की विशेषता है। राजस्थान की प्रत्येक वस्तु अभिभूत करती है—मीलों तक फैली सुनहरी रेत से लेकर अद्‌भुत किलें, कलात्मक राजप्रसाद और सुंदर हवेलियां प्रत्येक की अपनी अनूठी वास्तुशिल्प संरचना है और अपनी एक अलग गाथा। पहाड़ी शृंखलाओं के साथ व्यवस्थित ढंग से बने आकर्षक बगीचे और झीलें दर्शकों को अपनी ओर खींचती हैं। अपनी समृद्ध कला, हस्तशिल्प, विविधता लिए बाजार और रंग बिरंगे कपड़ों में सजे लोग अपनी एक अलग पहचान बनाते हैं। राजस्थान के शहरों ने अभी तक मध्ययुगीन विशेषता की शाश्वत परंपरा को जीवन्त बनाए रखा है। बस एवं कारों के अतिरिक्त ऊँट, गाय, बैल तथा हाथी—यातायात के आम साधन हैं—आधुनिकता एवं परंपरा का अनूठा मिश्रण। अपने उल्लासपूर्ण लोकनृत्यों, संगीत-गाथा एवं भव्य उत्सवों के कारण यहां भूमि जीवन्त हो उठती

 ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2023

है। किसी प्रदेश की सभ्यता, इतिहास, जीवन एवं चरित्र पर भूमि, जलवायु एवं विश्व मानचित्र पर उसकी भौगोलिक स्थिति का अत्यधिक प्रभाव होता है।

जिस प्रकार सदियों से उत्तर में हिमालय पर्वत, दक्षिण-पूर्व में बंगाल की खाड़ी और दक्षिण-पश्चिम में अरब सागर भारत के प्राकृतिक सीमारक्षक हैं, उसी प्रकार थार का मरुस्थल भी न केवल राजस्थान का वरन् पश्चिमोत्तर भारत का सीमान्त प्रहरी रहा है।[1] भूगोलवेत्ताओं के अनुसार राजस्थान का थार मरुस्थल अफ्रीका और अरब के मरुस्थलों का ही एक भाग है। यह रेतीला शुष्क प्रदेश राजस्थान में अरावली पर्वत के पश्चिमी ढाल से भारत-पाकिस्तान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा तक विस्तृत है। इसमें राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का 3/5 भाग आता है तथा राज्य की 30: जनसंख्या इस क्षेत्र में निवास करती है।[2]

प्राचीन साहित्य में भी जन-जन को गतिशील रहने के लिये प्रेरित किया गया है। गति ही जीवन का पर्याय माना गया है। इन दिनों भी पर्यटन अत्यन्त लोकप्रिय हो रहा है। लगातार शारीरिक श्रम और मानसिक दबाव में रहने वाला व्यक्ति पर्यटन के माध्यम से स्वयं में नई ऊर्जा एवं नई शक्ति का संचार करता है। इससे वह अपनी थकान से मुक्त होकर दुगुने उत्साह के साथ पुनः अपने कार्य में संलग्न हो पाता है। इस प्रकार प्राकृतिक सौन्दर्य को देखने के लिए, स्वास्थ्य लाभ के लिए, नैसर्गिक स्थानों पर जाने, धार्मिक स्थलों के दर्शन करने, ऐतिहासिक जगहों के ज्ञान का कौतूहल विभिन्न क्षेत्रों के लोक जीवन तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने के लिए ही मुख्यतः पर्यटन के लिये जाते हैं।

रेगिस्तानी पर्यटन

पर्यटन उद्योग एक बहुत अच्छा व्यवसाय है जो भारत में बहुत ही तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत तथा विश्व के अन्य प्रदेशों में प्रकृति आधारित पर्यटन अब कोई नया विषय नहीं रह गया है। वस्तुतः मनुष्य जाति के लिये यह प्रकृति का अद्वितीय उपहार है जो संसार के सभी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।[3] उसके आकर्षण के क्षेत्र पर्वत, नदियां, घाटियां, समुद्री किनारे, बर्फीले स्थल, वन तथा वन्य जीवन आदि अनेक उपकरण हो सकते हैं। प्रायः अधिकांश पर्यटक इन सबके प्रति अपना बहुआयामी पक्ष ध्यान में रखकर ही पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के लिये आते हैं किन्तु कुछ पर्यटकों का उद्देश्य केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनन्द मात्र उठाना ही होता है। पारिस्थितिक पर्यटन एक प्रकार से प्रकृति आधारित पर्यटन का ही एक नवीन स्वरूप है।[4]

राष्ट्रीय मरू उद्यान जैसलमेर-बाड़मेर[5]

थार मरुस्थल के जैव विविधता बाहुल्यता वाले क्षेत्र को एवं मरुस्थलीय पर्यावरण तंत्र को संरक्षित रखने की आवश्यकता को देखते हुए ही राष्ट्रीय मरु उद्यान अभयारण्य की स्थापना की गई।

थार मरुस्थल के अक्षांश 25°47 से 26°46' N एवं रेखांश 70°15 S 70°45' E के बीच जैसलमेर एवं बाड़मेर जिले के मरुस्थलीय भाग को चिह्नित कर लगभग 3150.66 वर्ग कि.मी. क्षेत्र को राजस्थान सरकार के राजस्व ग्रुप-8 विभाग की अधिसूचना दिनांक 48-80 को राजस्थान राजपत्र के दिनांक 6.8.80 के असाधारण अंक में प्रकाशित कर वन्य जीव (सुरक्षा) अधिनियम की धारा 18 (1) के अन्तर्गत राष्ट्रीय मरु उद्यान अभयारण्य की स्थापना की गई। इस अभयारण्य क्षेत्र को (वर्तमान में कुल क्षेत्रफल 3187.94 वर्ग कि. मी. वन विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार) में से जैसलमेर जिले में 1788.2 वर्ग कि. मी. तथा बाड़मेर जिले में 1399.92 वर्ग कि. मी. क्षेत्र स्थित है।

इसमें जैसलमेर जिले के 34 गाँव स्थित है जिनकी वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार 27581 जनसंख्या है तथा 140163 पशुधन है। अभयारण्य क्षेत्र में बाड़मेर जिले के 39 ग्राम स्थित है, जिनकी वर्ष 2001 की जनगणना अनुसार 27574 जनसंख्या एवं 72342 पशु संख्या थी।

थार मरुस्थल के इस प्राकृतिक वास में दूर-दूर तक फैले चलीयमान एवं स्थिर रेत के टीब्बे, इनके बीच विस्तृत भू-भाग, पथरीला भू-भाग, क्षारीय समतल मैदान आदि है। यह एक मनमोहक एवं भंगुर पारिस्थितिकी तंत्र है।

जैसलमेर से 14 कि.मी. दक्षिण-पश्चिम दिशा में स्थित यह क्षेत्र अत्यन्त कम वर्षा वाले क्षेत्रों में से है। यहाँ का दिन का तापमान बहुत अधिक रहता है, रात्रि अपेक्षाकृत ठण्डी होती है। गर्मियों में तेज धूलभरी आँधियाँ-80 से 100 किलोमीटर प्रति घण्टा की रफ्तार से चलती है शुष्क एवं कठोर जलवायु तथा अनउर्वरक मृदा होने के कारण यहाँ की वनस्पति शुष्क प्रकृति की है एवं बहुत दूर-दूर स्थित होने के कारण इसका घनत्व काफी कम है। यहाँ रेत के टीबों पर सेवग घास प्रचुर मात्रा में पाई जाती है। अन्य पादप जातियों में खींप, सिणिया, जल, फोग, बुई, भूरठ, केर, बेर, लाना घास, आक, झाऊ, गुगल, रोहिड़ा, कुमटिया आदि वृक्ष तथा धामग घास आदि पाई जाती है।

भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून तथा बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी

के अध्ययन के अनुसार यहाँ 48 कुल (फेमिलिज) के 168 प्रकार की वनस्पति प्रजातियों की मौजूदगी चिन्हित की गई है। अभयारण्य में राज्य वृक्ष खेजड़ी तथा राज्य पक्षी गोडावन की उपस्थिति इस क्षेत्र की विशेषता दर्शाते हैं।

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग (ZSI- Zoological Survey of India) द्वारा वर्ष 1994 से 1998 तक के अध्ययन के अनुसार इस क्षेत्र में वर्टीब्रेट तथा हनवर्टीब्रेट (कशेरूकी की एवं अकशेरूकी) प्राणियों की 227 प्रजातियाँ पाई जाती है, जिनमें से 11 प्रजातियाँ राजस्थान में प्रथम बार इसी क्षेत्र में मौजूद होना पाया गया। यहाँ 107 प्रजातियों के पक्षी समय-समय पर देखे गये हैं एवं स्तन धारी mammals की 21 से अधिक प्रजातियों की उपस्थिति दर्ज की गई है।

वन्य प्राणियों की प्रजातियाँ राज्य पशु चिंकारा, हिरण, मरु लोमड़ी, भारतीय लोमड़ी, डेजर्ट हेयर, मरू बिल्ली, रोजड़ा (नील गाय), झाऊ चूहा तथा जरबिल्स आदि मुख्य प्रजातियाँ है। पक्षियों में राज्यपक्षी गोडावण, विभिन्न प्रकार के गिद्ध, ईगल फाल्कन, बजर्ड, सेण्ड ग्राउज, किंग फिशर, डेजर्ट विटियर, तीतर, बटेर, लार्कस तथा सर्दियों में प्रवास पर आने वाले पक्षियों में तिलोर, ब्लेक ईगल, सिनेटियर वल्चर, बजर्ड आदि प्रमुख है। उभयचर जन्तु समूह में यहाँ टोड की मात्र एक प्रजाति एण्डरसन्स टोड और मेढकों की पाँच प्रजातियाँ ही पाई जाती है।

सरीसृप की 43 प्रजातियाँ यहाँ पाई जाती है, जिनमें डेजर्ट मोनीटर, लिजार्ड, इण्डियन मोनीटर लिजार्ड, स्पाइनी टेल लिजार्ड (सांडा) क्रेट, रसल्स, वाइपर व अन्य प्रकार के सर्प आदि प्रमुख है। सौ स्केल्ड वाइपर, रसल्स वाइपर, कोबरा एवं पीवणा सांप यहाँ के सरीसृपों में मुख्य रूप से है। रसल्स वाइपर का रंग रेत के रंग से इतना मिलता जुलता है कि बिल्कुल उसके पास जाकर भी उसके होने का आभास नहीं होता। पीवणा सांप की पहचान हालांकि सिण्ड क्रेत के रूप में की जा चुकी है, फिर भी इसके बारे में पूरे मरूस्थल में यह किंवदंती अभी भी प्रचलित है कि ये सोये हुए मनुष्य की सांस खींच लेता है, जिससे मनुष्य की मृत्यु हो जाती है। कीट समूह में यहाँ दीपक की 17 प्रजातियाँ पाई जाती है। विभिन्न प्रकार की रंगीन तितलियाँ इस क्षेत्र की शोभा बढ़ाती है। यहाँ का गर्म रेतीला क्षेत्र टिड्डियों के दल और ग्रासहोपर्स के लिए अत्यन्त अनुकूल है। डंग बीटल द्वारा अपने आकार से बड़े गोबर आदि के टुकड़े को लुढकाते हुए देखना अपने आप में एक अनूठा दृश्य होता है।

यहाँ के प्रमुख पक्षियों में राजस्थान का राज्य पक्षी गोडावण (ग्रेट इण्डियन बस्टर्ड) है, जिसकी ऊँचाई करीब एक मीटर होती है। इसका रंग ऊपर

से भूरा पीला, गर्दन व नीचे से सफेद है। इसकी मादा नर की तुलना में छोटी तथा वजन में हल्की होती है। नर बहुगामी (Polygamous) होता है। यह वनस्पतियाँ, कीड़े-मकोड़े, अनाज आदि खाता है। इसकी संख्या तेजी से घटती जा रही है। यदि समय रहते इस पक्षी का संरक्षण नहीं किया गया तो यह प्रजाति भविष्य में विलुप्त हो सकती है। वर्तमान में यह केवल राजस्थान में कुछ भागों तथा गुजरात एवं महाराष्ट्र के कुछ भागों में ही पाया जाता है।

काला हिरण (ब्लैक बक)—घास के मैदानों में झुण्ड में रहने वाला यह भारतीय मृग है। इसकी लम्बाई करीब 100 से 500 से. मी. तक होती है। नर काले सफेद रंग का तथा लम्बे घुमावदार सींगवाला होता है। मादा थोड़ी छोटी बिना सींगों वाली भूरे रंग की होती है।

तिलोर (हुबार बस्टर्ड)—रेगिस्तान में सर्दियों में आने वाला पक्षी है। इसके ऊपर मिट्टी जैसा भूरा लाल रंग जिस पर काले रंग की धारियाँ एवं धब्बे होते हैं। इसके गर्दन पर दोनों तरफ काली पट्टी होती है। अवैध शिकार की वजह से इसकी संख्या तेजी से घट रही है। इसका मांस अरब के लोगों को बहुत प्रिय है।

रोजड़ा (ब्ल्यू बुल)—करीब घोड़े जितना आकार का मृग (एन्टीलोप) प्रजाति का सबसे बड़ा प्राणी है, जिसे नील गाय कहते हैं। इसके नर के पाँच से आठ इंच लम्बे सींग होते हैं तथा यह धूसर नीले रंग का तथा इसकी मादा बिना सींगों वाली व भूरे रंग की होती है। वे खेतों के आस-पास मंडराते रहते हैं, तथा फसल नष्ट करते हैं।

कुंज (कोमन क्रेन)—यह सारस प्रजाति का पक्षी है लेकिन लम्बाई में कुरंजा से बड़ा होता है। हल्के स्लेटी रंग पर काले पंख तथा गर्दन काली सफेद होती है। यह सर्दियों में रेगिस्तानी क्षेत्र में प्रवास करता है।

कुरजा (डेमोसाइल क्रेन)—यह भी सर्दियों में प्रवास पर आती है। इसकी चोंच व गर्दन काली होती है। यह भी सारस प्रजाति का है। इसका रगं धूसर होता है। यह फलौदी के खिंचन में अधिक देखे जाते हैं।

रेगिस्तानी लोमड़ी (डेजर्ट फोक्स)—गर्मियों में स्लेटी भूरे रंग की तथा सर्दियों में हल्के लाल रंग की दिखाई देने वाली लोमड़ी दो से तीन किलो भार वाली तथा सिर व शरीर 50 से. मी. व पूँछ 30 से. मी. तक लम्बी होती है। इसकी पूँछ का सिरा सफेद रंग का तथा कान पीछे से काले रंग के होते हैं।

लोमड़ी (इंडियन फोक्स)—यह धूसर रंग की तथा रेगिस्तान लोमड़ी से कद में थोड़ी छोटी होती है। इसकी पूँछ का अंतिम सिरा काला होता है।

आकल वुड फॉसिल पार्क—जैसलमेर से 15 किलोमीटर, बाड़मेर रोड पर स्थित है एवं 21 हैक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यह प्रकृति का एक अद्‌भुत करिश्मा है कि लाखों वर्ष पूर्व पाये जाने वाले पेड़ पौधे एवं जीवों के एवं सागरीय जीवन के जीवाश्म यहाँ हैं। इसमें 25 वुड फॉसिल विद्यमान हैं जिनमें से 10 फॉसिल का काफी भाग पृथ्वी की सतह से ऊपर अनावृत है। सबसे बड़े फॉसिल की लम्बाई 7 मीटर है एवं परिधि करीब डेढ मीटर है। यह विदेशी एवं भारतीय, सभी पर्यटकों एवं वैज्ञानिकों के लिए आकर्षण का केन्द्र हैं। अभयारण्य या नेशनल पार्क/राष्ट्रीय उद्यान में मुख्य रूप से ऐसी परिस्थितियाँ एवं वातावरण के सृजन पर बल दिया जाता है, जिसमें वहाँ की विभिन्न प्रजातियाँ स्वतन्त्र रूप से प्रजनन कर सके एवं प्राकृतिक रूप से रह सके। इसके लिए 'न्यूतनम हस्तक्षेप का सिद्धान्त' पर बल दिया जाता है।

मरुस्थलीय वनस्पति, वन्यजीव समूह, दूर-दूर तक फैले रेत के टीबे एवं विभिन्न प्रकार के पक्षी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र हैं।

बीकानेर क्षेत्र के अभयारण्य

गजनेर वन्य अभयारण्य

बीकानेर से 32 किलोमीटर दूर स्थित गजनेर अभयारण्य में पशु-पक्षियों का स्वछंद विचरण देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण बना हुआ है। इस अभयारण्य में अधिकतर हर्गीबोरस वन्य प्राणी हैं, जिनमें काला हिरण, चिंकारा, नीलगाय, जंगली सूअर, सांभर, सियार, मरुस्थलीय लोमड़ी एवं खरगोश आदि हैं। अभयारण्य लगभग 80 किलोमीटर में फैला हुआ है। पशु-पक्षियों को देखने के लिए पर्यटकों को कई बार लम्बे समय तक प्रतिक्षा करनी पड़ती है और विशाल अभयारण्य के कारण आदमी कई बार मार्ग भटक जाता है। अभयारण्य की पूर्वी सीमा गजनेर गांव, कोडमदसेर, गजनेर रोड, पश्चिमी सीमा गोनी तथा चोनी गाँव तक उत्तर में कोडमदेसर गाँव तथा दक्षिण में बीकानेर कोलायत रेल्वे स्टेशन तक लगती है। गजनेर यातायात सेवाओं से जुड़ा हुआ है। देशी पक्षियों के अतिरिक्त विदेशी पक्षियों के झुण्ड हजारों किलोमीटर की उड़ान भरकर मध्य एशिया की कंपकंपाती सर्दी से बचने के लिए इस अभयारण्य में पहुंचते हैं। अभयारण्य में झील भी है जो रंग-बिरंगे पक्षियों से और भी रमणीक लगती है।

ज्यों ही सूर्योदय होता है पक्षी घोंसलों से संगीतमय कूच करते हैं और शाम को अपनी दिनचर्या पूरी कर घोंसलों में लौटते हैं।

अभयारण्य में हर साल नवम्बर दिसम्बर में विदेशी पक्षी आते हैं और फरवरी के मध्य लौटने लग जाते हैं। विदेशी पक्षियों में रेडमेस्टेड पोर्च, टफटेड पोर्च, व्हाइट आई पोर्च, गढ़ने विनटेड डक, शावलर, डोमेसल क्रेन आदि शामिल हैं। घुमक्कड़ पक्षी कोमन सैण्ड प्राठज, कुडस डबचिक, बिललाड, पेड कामोनें पिंक हेडेड डकटाल्स, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड ग्राउज भी डेरा डाले हुए रहती है। गजनेर अभयारण्य में एम्पीरियल सेन्डग्राउज विशिष्ट विदेशी मेहमान पक्षी हैं जो हजारों की संख्या में आते हैं। इन पक्षियों का प्रातः लगभग साढ़े आठ बजे झील के ऊपर मंडराते हुए पानी पीने का मनोहारी दृश्य देखते ही बनता है। इस पक्षी का यहाँ वही महत्व है जो भरतपुर पक्षी विहार में साइबेरियाई सारस का है।

गजनेर झील पशु पक्षियों को पानी सुलभ कराने का स्थायी केन्द्र है, गजनेर झील की क्षमता पांच करोड़ घन फीट पानी की है। सन् 1934 की भयंकर बाढ़ से इस झील को खतरा पैदा हो गया था तब महाराजा गंगासिंह ने इसे नष्ट होने से बचाने के लिए एक ब्रिटिश इंजीनियर को बुलाया और झील के सम्पूर्ण जलग्रहण क्षेत्र 129.5 वर्ग किलोमीटर का शानदार प्रबन्ध कराया था, इस दौरान आठ वाटर चैनल्स तथा स्थान-स्थान पर गेट और बांध बनाये गये। इस अभयारण्य को पहले गजनेर शिकारगाह के नाम से जाना जाता था। गंगासिंह ने शाही मेहमानों के मनोरंजन एवं शिकार के लिए इस अभयारण्य को स्थापित किया था। बीकानेर नरेशों द्वारा यहाँ डूंगर निवास, शक्तिनिवास, गुलाब निवास तथा सरदार निवास नामक सुन्दर महल बनवाये गये थे।[6]

पयर्टकों की सुविधा हेतु यहाँ पर गुलाबी रंग से नहाया हुआ सुंदर महल है जो वर्तमान में हैरिटेज होटल में परिवर्तित हो चुका है। यह सुंदर महल यहाँ आने वाले पर्यटकों के लिये सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र होता है। गजनेर अभयारण्य घूमने के लिये बीकानेर से सड़क मार्ग द्वारा सरलता से पहुँचा जा सकता है। यहाँ घूमने का सही समय सितम्बर से मार्च के बीच का होता है।

जोहड़ बीड़

जोहड़ बीड़ बीकानेर जिले का एक अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण आरक्षित वन क्षेत्र है जो बीकानेर-नापासर मार्ग पर बीकानेर से 16 किलोमीटर दूर पड़ता है। इसका क्षेत्रफल 75 वर्ग किलोमीटर है। यह एक विशिष्ट प्रकार का रेगिस्तानी

क्षेत्र है, जहाँ के प्राकृतिक परिवेश में छोटी-छोटी झाड़ियां, मिट्टी, कंकरीली जमीन तथा बालू के टीबे पाये जाते हैं। यहाँ की जलवायु शुष्क तथा भूमि बंजर है जिसके कारण यहाँ पर हरियाली बहुत कम नजर आती है। यहाँ के पेड़ का आवरण भी अधिक नहीं है। यहाँ की बरसात का वार्षिक औसत तीन सौ मिलीमीटर के लगभग है तथा गर्मी का मौसम आने पर मई-जून के महीनों में यहाँ का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाता है।

इस प्राकृतिक प्रदेश में चिंकारे, रेगिस्तानी लोमड़ियां और बिल्लियां तथा नील गायें प्रचुर संख्या में पाई जाती है। यहाँ पर जंगली सूअरों की भी भरमार है।

कृष्णमृग अभयारण्य, तालछापर

जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में एशिया के सुप्रसिद्ध काले हिरणों का अभयारण्य तालछापर में स्थित है। बीकानेर महाराजा गंगासिंह के समय यह अभयारण्य दो हजार हेक्टेयर में फैला हुआ था। वर्तमान में यह 722 हैक्टेयर में फैला हुआ है। मई, 1993 की गणना में इस अभयारण्य में 1482 कृष्ण मृग, 86 खरगोश, 13 लोमड़ियां तथा 7 बिलाव पाये गये थे। इस अभयारण्य में 127 प्रजातियों के पक्षी आते हैं, जिनमें चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, साइबेरिया आदि देशों के पक्षी सम्मिलित हैं। डमोइनल क्रेन (कुरजां तथा बार हैडड गूज) भी बड़ी संख्या में देखा जा सकता है। एक खारे पानी की झील भी है जिससे नमक प्राप्त किया जाता है।[7]

सन् 1962 में जब यह क्षेत्र बीकानेर के भूतपूर्व महाराजा द्वारा राजस्थान सरकार को स्थानांतरित किया गया तो उस समय यहाँ के काले हिरणों और खरगोशों की संख्या लगभग 250 थी। सन् 1971 में इस क्षेत्र को 'अभयारण्य' घोषित किया गया। ताल छापर ने इस सुदूरवर्ती क्षेत्र के प्रति प्रकृति प्रेमी पर्यटकों का ध्यान सदैव आकर्षित किया है। यहाँ पर अनेक पक्षियों और नवजात शिशुओं से घिरा हुआ एक नर पक्षी तथा उसी वर्ग के सभी दल बहुत ही निकटता से देखे जा सकते हैं। जुलाई-अगस्त की बरसाती बौछारों के चमत्कार से जब यहाँ की घास अत्यधिक हरी-भरी होकर बढ़ जाती है तो यहाँ के खरगोशों को मनचाहा चारा मिल जाता है। आजकल अंग्रेजी बबूल नामक विजातीय घास ने इस प्रदेश पर मानो एक प्रकार से आक्रमण सा कर रखा है। यहाँ का पानी खारा है तथा इस अभयारण्य के चारों ओर नमक के गड्ढ़े देखे जा सकते हैं। यहाँ पर भैसललावा तथा डुगोलावा नाम की दो छोटी-छोटी झीलें भी विद्यमान हैं।

ताल-छापर प्रवासी कुरजों और सारसों के आश्रयस्थल के रूप में भी प्रसिद्ध है। ये पक्षी सितम्बर में आकर झील के चारों ओर मंडराते हैं और मार्च तक यहीं रहते हैं। यह अभयारण्य पक्षियों की लगभग 150 प्रजातियों का आवास क्षेत्र है जिसमें सिरघुटी बतखें, कई प्रकार के उल्लू, छोटे-बड़े बगुले, उकाब, गुड़गुड़ियां तथा पनडुब्बियां आदि अनेक पक्षी निवास करते हैं। यहाँ पर फनवाले जहरीले सांपों की जातियां तथा रेंगने वाले जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी पायी जाती हैं जिनमें कोबरा और वाइपर सांप तथा अनेक किस्मों की छिपकलियां और गिरगिट प्रमुख हैं।

जोधपुर

कुर्जा पक्षियों के लिये प्रसिद्ध खीचण गाँव

जोधपुर जिले में फलौदी के निकट खीचण गांव में कुर्जा (कुरजा) पक्षियों के झुण्ड प्रति वर्ष प्रवास करने आते हैं। यहाँ नदी, झील अथवा चारागाह जैसी कोई सुविधा नहीं है। प्राकृतिक आवास के नाम पर केवल एक छोटा तालाब, रेत के धोरे और कंकरीला मैदान स्थित हैं। फिर भी ये पक्षी सदियों से इस गांव में आ रहे हैं। कुर्जा पक्षी, सारस प्रजाति का सदस्य है जिसे अंग्रेजी में 'डेमोजल क्रेन' कहते हैं। शीतकाल में जब उत्तरी रूस, यूक्रेन तथा कजाकिस्तान में बर्फ जमने लगती है तो वहाँ निवास करने वाले हजारों-लाखों कुर्जा पक्षी पश्चिमी भारत में स्थित राजस्थान तथा गुजरात राज्यों के लिये उड़ जाते हैं। सितम्बर अक्टूबर माह में कुर्जा पक्षियों के झुण्ड पश्चिमी राजस्थान के छह जिलों के सत्रह स्थानों पर पड़ाव डालते हैं। इनमें से पन्द्रह से बीस हजार कुर्जा खीचण गांव में आकर बसेरा करते हैं। इन पक्षियों के झुण्ड गांव के पूर्व की तरफ बने तालाब के पेटे में उतरते रहते हैं। जब ग्रामीणों को इन पक्षियों के आगमन की जानकारी होती है तो वे इन अतिथि पक्षियों की आवभगत में पलक पांवड़े बिछा देते हैं। गांव के पश्चिम में बनाये गये चुगाघर का गोदाम अनाज से भर दिया जाता है।

निष्कर्षत: पश्चिमी राजस्थान की प्राकृतिक धरोहर राष्ट्रीय उद्यान एवम् अभयारण्यों को पर्यटक देखकर अभिभूत होते है। अत: उद्यान एवं अभयारण्यों का भी पर्यटन के क्षेत्र में महत्ती योगदान है।

सन्दर्भ

1. के.के. सहगल, *राजस्थान डिस्ट्रिक्ट गजेटियर्स-बीकानेर*, गवर्नमेंट प्रेस, जयपुर, 1972, पृ. 1-5

2. मेघाराम गढ़वीर, अंजु सुथार, *पर्यटन दशा एवं दिशा*, लिटरेरी सर्किल, जयपुर, 2012 पृ. 104
3. एम.ए.खान, *इंट्रोडक्शन टू टूरिज्म*, अनमोल पब्लिकेशन, 2005, पृ. 15-20
4. सुरेश चन्द्र बंसल, *थ्योरीज ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल फंडामेंटल*, 2006, पृ. 34
5. मेघाराम गढ़वीर, अंजु सुथार, *पर्यटन दशा एवं दिशा*, पृ. 104
6. मोहनलाल गुप्ता, *बीकानेर सम्भाग का जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन*, जोधपुर, 2011, पृ. 151-164
7. मोहनलाल गुप्ता, पूर्वोक्त, पृ. 172-73

हरिमोहन मीना
शोधार्थी (इतिहास)
राजकीय डूंगर महाविद्यालय,
(एम.जी.एस.यू.) बीकानेर

डॉ. चंद्रशेखर कछावा
शोध निर्देशक
प्रोफेसर, इतिहास विभाग
राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर
(महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर)

❑❑❑

मारवाड़ी लोकोक्तियों व लोक गीतों में जल

● डॉ. उषा लामरोर

मारवाड़ में लोगों के पीढ़ी दर पीढ़ी के अनुभव और पर्यावरण के प्रति चेतना के कारण ही इन लोकोक्तियों की रचना हुई। लोगों का प्रकृति के साथ सहजीवन, जीव-जन्तुओं में व्यावहारिक परिवर्तनों एवं प्राकृतिक शक्तियों के संकेतों के आधार पर रचित ये लोकोक्तियां आज भी प्रासंगिक हैं।

परवाई बाज'र पिछम घिरे, तो घर बैठी पिणयार्‌यां पाणी भरे।[1]

अर्थात्—पूर्व दिशा से चल रही हवा की दिशा विपरीत होकर पश्चिम दिशा से चलने लगे तो वर्षा होने की पूर्ण संभावना होती है। अर्थात् पणिहारियों को अब पनघट पर जाने की आवश्यकता नहीं, वे घर बैठे ही पानी भर लेंगी।

सावण बाजे सुर्‌यो, भादुड़े परवाई।
आसोजा पिछवा चाले तो, भर भर गाडा ल्याई।।[2]

अर्थात्—श्रावण मास में सुरयो (उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने वाली एक स्थानीय हवा) चले और भाद्रपद मास में परवाई (पूर्व दिशा से चलने वाली हवा), अश्विन मास में पिछवा (पश्चिम दिशा से चलने वाली हवा) चले तो अच्छी फसलें होती है। अर्थात् सुकाल पड़ेगा।

परभात पपयो बोले, सिंज्या बोले मोर।
इन्दर बरसण आवियो, नाड़्यां तोड़े धोर।।[3]

अर्थात्—यदि प्रात:काल पपैया और सायंकाल में मोर बोलते है तो इतनी वर्षा होती है कि तालाबों के किनारे टूट जाते हैं।

उगते रेसा रे सलो, बढ़ते री है भोज।
भियो कहे रे भड़ली, इन्दर बरसे रोज।।[4]

अर्थात्—सूर्योदय के समय बादल और सूर्यास्त के समय बादलों में लालिमा छा जाती है तो अच्छी वर्षा के संकेत है।

तितर पंखी बादळी, विधवा काजळ रेख।
आ बरसे बा घर करे, इणमें मीन न मेख।।[5]

अर्थात्—आसमान में तितर के पंखों की आकृति जैसे बादल और विधवा की आंखों में काजल लगा दिखे तो बादल तो बरसते है और विधवा, पुनर्विवाह कर नया घर बसाती है।

धुर बरसालै लूंकड़ी, ऊँची घुरी खिणन्त।
भेली होयर खेल करै, तो जळधर अति बरसंत।।[6]

अर्थात्—वर्षा ऋतु के आरम्भ में लोमड़िया अपनी घुरी ऊँचाई पर खोदें तथा परस्पर मिलकर क्रीड़ा करें तो जानो वर्षा भरपूर होगी।

पांड्या जोसी के मेह कद होसी, पवन फिर्या मेह होसी।[7]

अर्थात्—पाण्डे और जोशी (पंचांग देखकर वर्षा का योग बताने वाले) से जब पूछा जाता कि वर्षा कब होगी? तब वे उत्तर देते है कि हवा की दिशा में परिवर्तन होने पर ही वर्षा का योग है।

वर्षा के सम्बन्ध में लक्षण आधारित भविष्यवाणियां

सूरज की लालिमा और किरणें तेज हो, चांद पर जिळेरी (जाले जैसी बनावट), तारों का खींचना अर्थात् तेज चमक, हवा की दिशा में परिवर्तन तथा गति कम या होना, बादलों की बनावट तथा उनका रंग जैसे—काले बादल, गुदले बादल, भूरे बादल, पक्षी अपने घोंसले जमीन पर बनाते है तो अकाल की संभावना और ऊँचाई पर बनाते हैं तो अधिक वर्षा योग, पक्षियों का मिट्टी में नहाना—वर्षा योग, आड़ंग (बहुत अधिक उमस का होना), चींटियों का अण्डे लेकर चलना यानि जल्दी बारिस आने वाली है।

मैवां सुधारे बीजळी, सरवर सुधारे पाळ।
बाप सुधारे डीकरो, तो घर सुधारे नार।।

वर्षा की सुन्दरता बिजली चमकने से बढ़ती है, सरवर या तालाब की सुन्दरता उसकी पाळ से है। बाप की इज्जत उसके बेटे से बढ़ती है तो घर की शोभा पत्नी से बढ़ती है। इसी कारण तपती लुओं की लपटें तथा सूर्य की गर्मी में भी पसीना पौंछता हुआ राजस्थानी लोक जीवन कह उठता है कि—

दुसमण री किरपा बुरी, भली सैण री त्रास।
जद सूरज गर्मी करै, तद बरसण री आस।।[8]

मारवाड़ी लोक गीत आमजन के मन के भावों का प्रकटीकरण है जो सदियों पुरानी परम्पराओं व रीतियों को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। लोक गीत लोक जीवन में व्रत, त्योहार, ऋतु, उत्सव, हर्ष, शोक, विरह, मिलन सभी अवसरों पर गाए जाते है। आनंद और उल्लास के अवसर पर लोक ने गीत गा-गा कर खुशियां मनाई है तथा दुःख और अवसाद के अवसर पर सहन करने की शक्ति प्राप्त की है। इस प्रकार लोक गीत मानव जीवन की अमूल्य निधि है। असंख्य कंठों से गाए हुए गीत जनजीवन में इतने गहरे बैठ गए हैं कि जनमानस का अविच्छिन्न अंग बन गए हैं। लोक जीवन इन गीतों के दर्पण में शताब्दियों से अपनी कामनाओं का प्रतिबिंब देखता आया है। वह अपनी दबी इच्छाओं को गीतों में गा कर अपार हर्ष का अनुभव करता है तो दूसरी ओर अपनी प्रियतमा के वियोग में गा-गा कर विरह को सहन करने की क्षमता प्राप्त करता है।

नारी के उद्गारों की खुलकर अभिव्यक्ति का साधन तो केवल लोकगीत ही है। राग विराग, घृणा, प्रेम और दुःख-सुख की जिन भावनाओं को नारी स्पष्ट कह नहीं पाती, उनको गीतों द्वारा गा गा कर सुना दिया है। वह न रुकी, न झिझकी है और न ही सरमाई है। लोक गीतों में नारी ने अपने अंतस्तल को खोल कर रख दिया है। ये गीत महिलाओं के हृदय की झंकार, कामना की शब्द मूर्ति और भावनाओं के रेखाचित्र है। लोक गीत प्राणवान, मधुर और नैसर्गिक है।

पानी सदियों से मरुस्थल के लिए महत्वपूर्ण संसाधन रहा है। इसी कारण यहां के जन मानस में पानी के उपयोग को लेकर अति संवदेनशीलता देखी जा सकती है जो लोक गीतों के माध्यम से बार-बार प्रकट होती है। पानी को यहां हमेशा ही सहेज कर रखा जाता था। कुंआ, कुई, तालाब, झालरा, झील, नाडी, नाडिया, होद व टांका इत्यादि स्रोतों में पानी को संचित कर सुरक्षित रखा जाता था। इन जलीय स्रोतों से प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने का कार्य मुख्यतः पणिहारियों द्वारा किया जाता रहा है। पनघट पर आते-जाते महिलाओं द्वारा अपने मनोभावों व उद्गारों को विभिन्न गीतों के माध्यम से प्रकट किया जाता रहा है जो इस प्रकार है—

1. ऊँडे कुए रो पाणी

सासु आठ बज्यां पाणी चाली, मैं तो नौ बज्यां घर आई ऐ, सासु ऊँडे कुए रो पाणी.....

 ISSN 2278-4632

सासु बालटी रो नावं नारंगी, सिंचणिये रो नाव हजारी...

सासु घी ढुल्योड़ो घणों होरो, ओ तो पाणीड़ो ढुळे तो जीवड़ो दोरो ऐ, सासु ऊँडे कुए रो पाणी....

सासु कोरा कोरा कागज थांरा, रूपयां री थेली मारी रे ......

सासु छोटा थका बेटा थांरा ऐ तो भरी जवानी भर मांरा रे .....

गीत में बहू अपनी सासू को संबोधित करते हुए कहती है कि आठ बजे पानी लेने कुए पर गई और नौ बजे घर वापस आई हूँ, क्योंकि कुंआ बहुत ही दूर व गहरा है। अतः कुए से पानी निकालने में बहुत अधिक समय एवं श्रम लगता है। पानी निकालना तथा उसे घर तक लाना एक श्रम साध्य कार्य था इसलिए बहू, सास से कहती है कि अगर घी बिखर जाए तो कोई बात नहीं पर पानी बिखर जाए तो मेरा मन (जी) जलता है।

2. बेड़लो म्हारो जल रो भर्यो[9]

अरे जावे जावे पाणीने तलाब, बेड़लो म्हारो जल रो भर्यो
अरे जावे जावे भीम तलाब, बेड़लो म्हारो जल रो भर्यो
बेड़लो मारो हीवड़े रो हार, बेड़लो म्हारो जल रो भर्यो
भरीयो डूबेनी रे बेड़लो म्हारो रे, इंडोणी तो तिर तिर ज्याय
मोटोड़ी छांटांळो भरसे मेह, बेड़लो म्हारो जल रो भर्यो

बेड़लो यानी जल का बर्तन या घड़ा जिसका घर व तालाब के बीच पानी लाने में उपयोग किया जाता है और जिससे पानी की घर पर आपूर्ति होती रहती है। बेड़ला पणिहारी के गले का हार है जिसे तालाब में डूबोकर भरा गया, तब तक इंडाणी तैरकर गहरे पानी में चली गई। बड़ी-बड़ी बूंदों वाली बारिस हो रही है और बेड़ला पानी से भर गया है।

3. जळ जमना रो पाणी

जळ जमना रो पाणी कियां ल्याऊं ओ रसिया,
पतळी कमर म्हारी लूळ लूळ ज्याय-2
छोटकी नणद म्हारी पाणी कोनी ल्यावे
बा घर बैठी हुकम चलावे ओ रसिया
पतळी कमर म्हारी लूळ लूळ ज्याय-2
माथे माते मटकी, मटकी ऊपर घड़लो

मटकी ऊपर चाड़्यो कोनी हाले ओ रसिया
पतळी कमर म्हारी लूळ लूळ ज्याय-2
ऊँची ऊँची पाळ घड़ो नी डूबे ओ रसिया
उंडी जांऊँ तो डर लागे ओ रसिया
पतळी कमर म्हारी लूळ लूळ ज्याय-2

इस लोक गीत में नायिका अपने पति से शिकायत करती है कि पानी के घड़े के भार से मेरी पतली कमर लचक जाती है अतः तालाब से पानी कैसे लेकर आऊँ? मेरी छोटी ननद पानी नहीं लाती है और बैठी मुझे आदेश देती रहती है। मेरे सिर पर मटका, मटके पर घड़ा तथा घड़े पर छोटा कुल्हड़ इतना भार लेकर मुझसे चला नहीं जाता। तालाब की पाल बहुत ऊँची और पानी गहरा है तथा गहरे पानी में जाऊँ तो मुझे डर लगता है।

4. पणिहारी[10]

काळी कळायण उमटी ऐ पिणयारी जिएलो मिरगा नैणी जिएलो।
मोटोड़ी छांटांळों भरस्यो मेह बालाजो-2
सात सहेल्यां रो झूलणों ऐ पिणयारी जिएलो बाला राणी जिएलो।
पाणीडे. ने चाली रे पिणयार बालाजो, पाणी ने गई पिणयार बालाजो।
ओरां के काजळ टिकियां ऐ पिणयारी जिएलो मिरगा नैणी जिएलो।
थारोड़ा फीका-फीका नैण बालाजो, थारोड़ा फीका-फीका नैण बालाजो।
ओरां रा परण्यां घर बसे रे पिणयारी जिएलो बाला राणी जिएलो ।
मारोड़ा बसे रे परदेस बालाजो, मारोड़ा बसे रे परदेस बालाजो।
एक ओटिड़ो म्हाने इस्यो मिल्यो ऐ पिणयारी जिएलो मिरगा नैणी जिएलो।
पूछे म्हारे मनडे. री बात बालाजो, पूछे म्हारे मनडे. री बात बालाजो ।
किणजी सरीखो डिगो पातळो ऐ पिणयारी जिऐलो बाला राणी जिएलो।
किणजी सरीखो उणियार बालाजो, किणजी सरीखो उणियार बालाजो ।
देवरजी सरीखो डिगो पातळलो ऐ पिणयारी जिऐलो मिरगा नैणी जिएलो।
नेनकड़ी नणदल रे उणियार बालाजो, लाडकड़ी नणदल रे उणियार बालाजो।
थे तो बहू जी म्हारा भोळा घणा ओ पिणयारी जियलो बाला राणी जिएलो।
ऐ तो थांरोड़ा भरतार बालाजो, ऐ तो थांरोड़ा भरतार बालाजो ।
काळी कळायण उमटी ऐ पिणयारी जिएलो मिरगा नैणी जिएलो।
मोटोड़ी छांटांळों भरस्यो मेह बालाजो, गेहरोड़ी छांटांळों भरस्यो मेह बालाजो।[11]

 ISSN 2278-4632 जनवरी-जून 2023

काले बादलों की घटाएं छा गई हैं और बड़ी-बड़ी बूंदो वाली वर्षा हो रही है। सात सहेलियों की टोली पानी लेने जा रही है। सभी सहेलियां सजी-धजी है, लेकिन नायिका की आंखें मायूस है, क्योंकि उसका पति परदेश में रहता है। नायिका कहती है कि एक अजनबी मुझे मिला जो मेरे मन की बात पूछ रहा था। सहेलिया पूछती हैं कि वह कैसा था? तब नायिका बताती है कि मेरे देवर जैसा लम्बा और पतला था तथा छोटी ननद के जैसा उसका चेहरा था। तब नायिका की सासू कहती है कि मेरी बहू बहुत भोली है जो उसको पहचान ही नहीं पाई। वह तो इसका पति ही था। पणिहारी राजस्थानी सर्वोत्कृष्ट लोक गीतों में से है।[12]

5. ईतळ पीतळ रो बेवड़ो

ईतळ पीतळ रो भर लाई बेवड़ो रे झांझरिया मारा सेण।
कोई खाक मांयला टाबरिया री आण रे मैं जांऊँ रे जांऊँ पीवरिये।
सासू बोल जी माने बोलणा रे झांझरिया मारा सेण।
कोई बाईसा देवे माने गाळ रे मैं जांऊँ जांऊँ पीवरिये।
आया बीरोसा माने लेवबा रे झांझरिया मारा सेण।
ज्यांरी कांई कांई करूं मनवार रे मैं जांऊँ रे जांऊँ पीवरिये।
थारी मनाई देवर ने मानूं रे झांझरिया मारा सेण।
थारे बडोड़े बीरोसा ने मेल रे मैं जांऊँ रे जांऊँ पीवरिये।
काळी पड़गी रे मन री कामळी रे झांझरिया मारा सेण।
मारे आलीजा पे मारो साचो जीव मैं जांऊँ रे जांऊँ सासरिये।

बार-बार तालाब से पानी लाकर पणिहारी परेशान हो जाती है, तब अपने बच्चे की सौगन्ध खाकर कहती है कि मैं अपने पीहर चली जाऊँगी। सासू मुझे ताने दे रही है और ननद मुझे गाली दे रही है। मेरा भाई अब मुझे लेने आया है सो उसकी क्या खातिरदारी करूँ? रूठी नायिका को मनाने उसका देवर जाता है तो नहीं मानती लेकिन जब उसका पति मनाता है तो वह मान जाती है और कहती है कि अब मैं पीहर नहीं जाऊँगी।

6. कुवे पर अेकली[13]

कुए पर ऐकली ऐ.....
घड़लो घड़े पर टोकणी ऐ, घड़लो घड़े पर टोकणी ऐ।
ऐ माई म्हारी गई गई समंद तळाव, ऐ माई म्हारी गई गई समंद तळाव।
कुए पर ऐकली ऐ....

घड़लो तो डूबे ना टोकणी ऐ घड़लो तो डूबे ना टोकणी ऐ

ऐ माई म्हारी इंडुणी तो तिर तिर जाए ऐ माई म्हारी इंडुणी तो तिर तिर जाए।

कुए पर ऐकली ऐ....

नणद भोजाई पाणीने नीसरी ऐ माई म्हारी गई गई समंद तळाव

कुए पर ऐकली ऐ....

भोजाई भर पाछी बावड़ी ऐ माई म्हारी नणदुली ने मिल गयो श्याम।

गेले तो जावण वाळा छोकरा रे, म्हारो भरियो घड़लो उठाय।

भरियो तो घड़लो उठावस्यां ऐ गोरी तू एक बात बताय।

कुए पर ऐकली ऐ....

रात घणी अणखावंणी ऐ गोरी ऐ दे दियो पीव छिटकाय

रात घणी अणखावंणी ऐ छैला म्हारो पर्णयो बसे परदेश

कुए पर ऐकली ऐ....

कुण के तो आया छैला पावणा रे कुण जी रे आया लणिहार

सुसरो जी रे आया गोरी पावणा, ऐ गोरी थांरा तो आया लणिहार।[14]

कुए पर ऐकली एक विरह गीत है जिसमें नायिका पानी भरने कुए पर जाती है और अपने पति की याद में खो जाती है। वह घड़ा पानी पर रखकर बैठ जाती है जो डूबता नहीं है और इंडाणी तैरकर आगे चली जाती है। ननद और भाभी दोनों पानी लेने गई थीं। भाभी पानी लेकर वापस घर आ गई लेकिन ननद को वहीं उसका प्रेमी मिल गया। नायिका रास्ते चलते राहगीर से अपना घड़ा उठवाने को कहती है तो राहगीर कहता है कि घड़ा तो उठवा दूंगा लेकिन तू अपने मन की बात तो बताओ? इतनी परेशान क्यों हो? नायिका की रातें विरह में कट रही है क्योंकि उसका पिया उसे छोड़कर परदेश चला गया है।

7. डिगी मारे सरवरिये री पाळ[15]

आंगणीये खुदाऊँ कुआ बावड़ी रे बीरा म्हारा डिगी मारे सरवरिये री पाळ

पाळ चढूं निची ऊतरूं रे बीरो म्हारो म्हासुं टळियो जाए।

यह एक विरह गीत है जिसमें नायिका कहती है कि सरवर जाकर पानी लाना बड़ा कठिन कार्य है, क्योंकि सरवर की पाल बहुत ही ऊँची है। अत: घर के आंगन में ही कुआ या बावड़ी खुदवा दो। नायिका अपने भाई का इंतजार करती हुई कभी सरवर की पाल चढ़ती तो कभी नीचे उतरती है और कहती है कि उसका भाई उसको लेने नहीं आ रहा है।

8. सागर पाणीड़े ने जाऊँ सा नीजर लग ज्याय।[16]

नीजर लग ज्याय जुलम होय जाए.....
म्हारी सोसनी साड़ी रो रंग उड़ जाए।[17]

पणिहारी कह रही है कि सागर पानी लेने गई तो नजर लग जाएगी और मेरी साड़ी का रंग उड़ जाएगा।

9. इंडाणी[18]

म्हारी सवा लाख री लूम गम गई इंडाणी।
म्हारी काळजिये री कोर.....
इंडाणी के कारण मैं छोड़या माय अर बाप
म्हारी मासी कात्यो सूत....
इंडाणी बड़ी सरूप गम गई इंडाणी
इंडाणी के कारणे मैं मरूं कटारी खाय....
पेर ओढ पाणी गई कोई छल से लिनी चुराय...
इंडाणी बड़ी सरूप गम गई इंडाणी
इंडाणी के कारणे म्हारी सासू बोले बोल....
म्हारी नळदल नाते जाए, गम गई इंडाणी

पणिहारी पनघट पर पानी भरने जाती तो अपने सिर एवं घड़े के बीच में इंडाणी रखती है जिससे घड़ा सिर में चुभे नहीं। पणिहारी पानी लेने जाती है तो उसको साथ लेकर जाती है। इंडाणी को सूत, गोटा, तारे, मोती, लूम, लटकन व अन्य कई प्रकार के सामान का उपयोग कर बहुत ही कलात्मक ढंग से गोल व घेरदार बनाया जाता है।[19] इंडाणी को अपनी पुत्रियों को कलश आदि बर्तनों के साथ दहेज में दिया जाता है। इस गीत में पणिहारी पानी के लिए जाती है। इसी बीच घड़ा भरते समय उसकी इंडाणी खो जाती है तो पणिहारी अपनी सास, ननंद, देवरानी व जेठानी से कलह मोल ले लेती है। तब पणिहारी कहती है कि सवा लाख की लूम उसमें लगी हुई थी और इंडाणी मेरा दिल का टुकड़ा थी। इसके लिए तो मैंने अपने मां-बाप को छोड़ दिया था। इसको बनाने के लिए मेरी मौसी ने सूत काता और बहुत ही सुदर बनाया था। इंडाणी के लिए मैं कटारी खाकर मर जाऊँगी। इंडाणी को मेरी पड़ोसन या किसी ने छल से चुरा लिया, जो बहुत सुन्दर थी। इंडाणी के कारण मेरी सासु मुझको ताने दे रही है और ननंद

नाते जाने का कह रही है। अतः इंडाणी को हर हाल में वापस ढूंढ़ कर लेकर आओ।[20]

मारवाड़ी लोकोक्तियों में लोक जीवन का अनुभव है, जिसके आधार पर वर्षा के बारे में सटीक भविष्यवाणियाँ लोगों द्वारा की जाती रही है। अपने अनुभव व सूक्ष्म निरीक्षण द्वारा वायु की गति व दिशा तथा पृथ्वी पर जीव-जन्तुओं के व्यवहार के सदियों के अवलोकन के आधार पर इन लोकोक्तियों का लोक जीवन में सृजन हुआ। वहीं दूसरी ओर लोक गीतों की रचनाएं की गई। इन लोक गीतों के माध्यम से पानी, पनघट एवं पणिहारी तीनों पहलुओं का बहुत ही बारीकी से चित्रण किया गया है। पानी की उपलब्धता, मात्रा, उपयोग, गुण एवं संसाधनों के साथ ही पणिहारी व पनघट के आपसी समन्वय की सुंदर अभिव्यक्ति इन गीतों के माध्यम से की गई है। गीतों में पणिहारी के माध्यम से जो कि पानी की वाहक है, मनोभावों यथा विरह, प्रेम, ईर्ष्या, समर्पण एवं त्याग की सुंदर अभिव्यक्ति है। इस प्रकार ये लोकोक्तियाँ एवं लोक गीत हमारे लोक जीवन के अनुभव, यथार्थ एवं मनोभावनाओं का एक अद्भुत मिश्रण एवं अभिव्यक्ति है।

संदर्भः

1. साक्षात्कार रामदेव चौधरी, गांव भदाणा, जिला नागौर, राजस्थान।
2. सुरेश कुमार, 'राजस्थान की लोक-कहावतों में निहित परम्परागत मौसम विज्ञान', राजस्थान हिस्ट्री कांग्रेस, प्रोसीडिंग्स वॉल्युम-33, जोधपुर, फरवरी, 2019, पृ. 225
3. उपर्युक्त, पृ. 226
4. उपर्युक्त, पृ. 226
5. प्रोफेसर नवदीप बैंस, युगपक्ष समाचार पत्र, 9 जून, 2021.
6. उपर्युक्त।
7. वार्ता सुगनी देवी, गांव भदाणा, जिला नागौर, राजस्थान।
8. हनुमंतसिंह देवड़ा, राजस्थानी लोकगीत भाग-3, साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर, पृ. 18
9. चंपा मेथी, राजस्थानी लोक गीत, युकी राजस्थानी हिट्स।
10. देवीलाल सामर, राजस्थान का लोक-संगीत, भारतीय लोक कला मंडल, उदयपुर, 1957, पृ. 138

11. पूर्णिमा गहलोत, राजस्थान गाता है, किताब महल, जयपुर, पृ. 131-32
12. रानी लक्ष्मी कुमारी चूंडावत, राजस्थानी लोकगीत, राजश्री प्रिन्टर्स, जयपुर, 1957, पृ. 127
13. विजयदान देथा, गीतों की फूलवाड़ी, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, 2014, पृ. 63
14. सीमा मिश्रा, राजस्थानी लोक गीत, वीणा म्युजिक।
15. चंपा मेथी, राजस्थानी लोक गीत, आर. आर. राजस्थानी।
16. जयसिंह नीरज एवं शर्मा, राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 1999, पृ. 122
17. हरदान हर्ष, राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति, आशीर्वाद पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2000, पृ. 191
18. रवि प्रकाश नाग, राजस्थानी गीतां रो गजरो, साहित्यगार, जयपुर, 1987, पृ. 61
19. हरदान हर्ष, उपर्युक्त, पृ. 191
20. मोहनलाल शास्त्री, राजस्थानी लोकगीत भाग-4, साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर, पृ. 53

डॉ. उषा लामरोर
सहायक आचार्य इतिहास
राजकीय डूँगर महाविद्यालय, बीकानेर, राजस्थान

❑❑❑

उदार लोकतंत्र और इतिहास का अंत

• डॉ. मोहम्मद कामरान खान

लोकतंत्र वह प्रक्रिया है जहाँ सार्वजनिक नीतियों का निर्धारण करने वाली राजनीतिक शक्ति जनता में निहित होती है। लोकतंत्र को 'जनता के शासन' के रूप में परिभाषित किया जाता हैं परन्तु 'जनता' शब्द का अर्थ मानव के राजनीतिक इतिहास में कभी 'स्थिर' नहीं रहा हैं। यूनानी नगर राज्यों में विद्यमान लोकतंत्रों में जनता की परिभाषा में महिलाएं, दास और विदेशी नागरिक शामिल नहीं थे। इसी तरह ब्रिटिश और अमेरिकी लोकतंत्र अपने शुरूआती दौर में महिलाओं, सम्पत्तिहीन वर्गों तथा अफ्रीकी मूल को लोकतंत्र की प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं करते थे, परन्तु अब जनता के अर्थ में सभी वयस्क नागरिकों को शामिल किया जाता हैं जो राजनीतिक सहभागिता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। लोकतांत्रिक प्रणाली समाज के सभी वर्गों को सार्वजनिक निर्णयों में भाग लेने का अवसर प्रदान करती हैं। शासन प्रणाली के रूप में लोकतंत्र की वैधता इतनी स्वीकार्य है कि कोई भी शासन प्रणाली अपने आप को अलोकतांत्रिक कहने का जोखिम नहीं उठा सकती हैं। फासीवाद और साम्यवाद की साख खत्म हो चुकी है। इस्लामी धर्मतंत्र सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को ही आकर्षित करता है। व्यापक विश्व में राजनीतिक वैधता का एकमात्र स्रोत सिर्फ लोकतंत्र ही हैं।[1]

लोकतंत्र के कई रूप है परन्तु लोकतंत्र का उदार स्वरूप ही लोकतंत्र का एक मात्र वैध और प्रमाणिक स्वरूप माना जाता है। उदार लोकतंत्र को बहुलतंत्र की संज्ञा भी दी जाती हैं। उदार लोकतंत्र शासन की व्यापक अधिकारिता पर अकुंश लगाने के साथ व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अधिकारों को भी मान्यता प्रदान करता हैं। उदार लोकतंत्र की व्यवस्था स्वतंत्र, निष्पक्ष और निश्चित समयावधि पर होने वाले चुनावों की व्यवस्था को ही सुनिश्चित नहीं करती हैं बल्कि कानून का शासन, शक्ति पृथक्करण, संपत्ति, धर्म, अभिव्यक्ति और संघ बनाने की बुनियादी स्वतंत्रताओं के संरक्षण की भी गांरटी देती हैं। उदार लोकतंत्र सरकार

 ISSN 2278-4632

के चयन के स्वरूप को ही निर्धारित नहीं करता हैं बल्कि सरकार के उद्देश्यों को भी निर्धारित करता हैं।[2]

यद्यपि उदारवाद और लोकतंत्र दो पृथक् अवधारणाएँ है और पश्चिमी जगत में इन दोनों अवधारणाओं का पृथक् विकास हुआ हैं उदारवाद का केंद्रीय विषय मानवीय स्वतंत्रता है जिसे ज्यादातर साम्यवादी दार्शनिकों ने या तो अनदेखा किया गया या इसे महत्वहीन माना हैं।[3] व्यक्ति की स्वतंत्रता को केंद्रीय महत्त्व देते हुए उदारवाद, व्यक्ति के अधिकार को महत्त्व देता हैं साथ ही इसकी रक्षा हेतु राजनीतिक सत्ता को सीमित और नियंत्रित करने की मांग करता हैं। जबकि लोकतंत्र की मांग यह है कि राजनीतिक शक्ति पर नागरिकों का अधिकार होना चाहिए। शासन में सहभागिता उदारवादी अधिकार हैं, यही कारण है कि उदारवाद लोकतंत्र से अभिन्न रूप से जुड़ जाता हैं। अब लोकतंत्र एक प्रक्रिया से आगे बढ़कर एक मूल्य में बदल जाता है। यह सम्भव है कि कोई देश उदार हो मगर लोकतांत्रिक ना हो जैसे 18वीं शताब्दी का ब्रिटेन, और यह भी सम्भव हैं कि कोई देश लोकतांत्रिक हो मगर उदारना हो जैसे इस्लामिक रिपब्लिक आफ ईरान।[4] आधुनिक युग में उदारवाद और लोकतंत्र दोनों का ऐसा सम्मिश्रण हो चुका हैं जिसे अब अलग कर पाना सम्भव नहीं है। लोकतंत्र, एक स्थिर अवधारणा है जिसे उदारवाद ने गतिशीलता प्रदान की है। वस्तुत उदार लोकतंत्र आधुनिक राजनीति का समानार्थी है।

1989 में अमेरिकी सामाजिक विश्लेषक और राजनीतिक व्याख्याकार फ्रांसिस फुकुयामा ने उदार लोकतंत्र के सम्बन्ध में नेशनल इंटरेस्ट जर्नल में एक लेख लिखा। अपने लेख में फुकुयामा ने यह तर्क दिया कि शासन की एक व्यवस्था के रूप में उदार लोकतंत्र के प्रति सहमति बढ़ती जा रही हैं और इसने अपनी विरोधी विचारधाराओं जैसे वंशानुगत राजतंत्र, फासीवाद और साम्यवाद पर विजय प्राप्त कर ली है। उदार लोकतंत्र मानव जाति के विचारधारात्मक विकास का अंतिम बिंदु हैं। इससे पूर्व की शासन व्यवस्थाओं में अपनी कमियाँ और अबौद्धिक तत्व विद्यमान थे जबकि उदार लोकतंत्र अपने सभी अंतर्विरोधों से मुक्त हैं और इस रूप में इतिहास का अंत हैं।[5] आगे चलकर फ्रांसिस फुकुयामा ने अपनी पुस्तक The End of History and the Last Man (1992) में अपने तर्को का विस्तार से उल्लेख किया। फुकुयामा के तर्को ने शैक्षिक जगत में व्यापक हलचल पैदा की। इसे सोवियत संघ के विघटन के पश्चात् उदार पूंजीवादी लोकतंत्र की विश्वविजय की घोषणा के रूप में देखा गया।

सबसे पहली बात यह समझने की है कि इतिहास का अंत सम्बन्धी विचार फ्रांसिस फुकुयामा के अपने मौलिक विचार नहीं हैं वरन् यह हीगल के दर्शन पर आधारित हैं। परम्परागत अर्थ में इतिहास का अर्थ हम जो समझते हैं वह हैं घटनाओं की क्रमबद्ध श्रृंखला, परन्तु हीगल के अनुसार इतिहास एकल, सुसंगत और विकासवादी प्रक्रिया हैं जो एक नियत दिशा की ओर अग्रसर है। कार्ल मार्क्स भी इतिहास को एकल, सुसंगत और विकासवादी प्रक्रिया मानते हैं जो एक निर्धारित परिणीति की और अग्रसर हैं। मार्क्स के अनुसार इतिहास का अंत साम्यवादी समाज में होगा जबकि हीगल के अनुसार इतिहास का अंत 'उदार राज्य' से होगा। इतिहास के अंत का अर्थ यह नहीं हैं कि जीवन, मृत्यु और घटनाओं का प्राकृतिक चक्र समाप्त हो जाएगा बल्कि संस्थाओं और उसके सिद्धान्तों की प्रगति का अंत हो जाएगा क्योंकि सभी व्यापक प्रश्नों को हल कर लिया जाएगा। हीगल और मार्क्स दोनों मानते हैं कि इतिहास घटनाओं का अंधा संयोजन नहीं है बल्कि एक सार्थक सम्पूर्ण है जिसमें एक न्यायसंगत सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था की प्रकृति के बारे में मानवीय विचार विकसित और कार्यरत होते हैं।[6]

फुकुयामा लिखते है कि यूरोप में 19वीं शताब्दी की शुरूआत युद्ध और क्रांति से हुई थी परन्तु फिर भी यह शांति और समृद्धि की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण सदी थी। इसके पीछे दो कारण थे— 1. आधुनिक विज्ञान जिसने बीमारी और गरीबी पर विजय प्राप्त कर मानवीय जीवन में सुधार किया। 2. स्वतंत्र लोकतांत्रिक सरकारों की स्थापना। लेकिन 19वीं शताब्दी का यह आशावाद 20वीं शताब्दी में निराशावाद में बदल गया। दो विश्व युद्ध, यहूदी नरसंहार, हिंसक हथियारों का आविष्कार, फासीवाद और साम्यवाद जैसी दो सर्वसत्तावादी विचारधाराओं के उदय ने इस निराशावाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मनुष्य के जीवन के सभी पक्षों का नियंत्रित करने वाली सर्वसत्तावादी राजनीतिक व्यवस्थाएँ जल्द ही वैधता के संकट से जुझने लगी क्योंकि यह जनता की समस्याएं सुलझाने में असक्षम सिद्ध हुई। वैधता के संकट का अर्थ जनता में अलोकप्रिय होना नहीं है वरन् शासक वर्ग के प्रति जनता के इस विश्वास का अभाव हैं कि वह जनता की समस्याओं को सुलझा सकते हैं।

फुकुयामा के अनुसार पूर्णसत्तावादी व्यवस्थाएँ सामाजिक विकास की प्राकृतिक और सावयव प्रक्रिया को थोड़ी देर के लिए रोक सकते हैं इसकी जगह बलात् क्रांति को ऊपर से थोप सकते हैं। पुरानी सामाजिक व्यवस्था को ध्वस्त कर तीव्र औद्योगिकीकरण को बढ़ावा दे सकते हैं। फिर भी मनुष्य की

आकांक्षाओं को पूरा करने में असमर्थ हैं। यही कारण हैं कि साम्यवाद की वैचारिक चुनौती करीब-करीब समाप्त हो चुकी हैं। उसकी स्थिति उन राजतंत्रात्मक व्यवस्थाओं की तरह हो चुकी हैं जो 20वीं शताब्दी में भी अपना अस्तित्व बनाये रखने में संघर्षरत है, सिर्फ एक समन्वित विचारधारा है उदार लोकतंत्र जिसकी विश्वव्यापी वैधता विद्यमान हैं। इसी वैधता के संकट ने ही साम्यवाद जैसी पूर्णसत्तावादी विचारधारा को उदार लोकतंत्र की तुलना में अप्रासंगिक बना दिया है।

'इतिहास के अंत' की उद्घोषणा मानव जाति के सार्वभौमिक इतिहास पर निर्भर हैं अक्सर हम इतिहास को किसी जाति, धर्म और राष्ट्र के इतिहास में वर्गीकृत करते हैं। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या इतिहास भी कोई सार्वभौमिक व्याख्या हो सकती है जो सभी मनुष्यों पर समान रूप से लागू हो? फुकुयामा इस बात को स्वीकार करते हैं कि मानव जाति का सार्वभौमिक इतिहास सम्भव हैं और वह एकल दिशा में कार्यरत है साथ ही इसकी एक प्रेरक या मूल शक्ति भी है। मानव जाति के सार्वभौमिक इतिहास का उद्देश्य मानवीय समाजों के अर्थपूर्ण प्रतिरूप को समझना है। फुकुयामा के शब्दों में मानव का पहला सार्वभौमिक इतिहास पश्चिम जगत में ईसाइयत के माध्यम से अस्तित्व में आया। ईसाइयत ने पहली बार यह अवधारणा प्रस्तुत की कि ईश्वर की दृष्टि से सभी मनुष्य समान हैं और सभी एक नियत भाग्य के साझेदार हैं। इसी तरह 16वीं शताब्दी में वैज्ञानिक पद्धति के माध्यम से इतिहास के लौकिक संस्करण लिखने के प्रयास किये गए। इस दौरान यह माना गया कि मनुष्य प्रकृति को जानकर उस पर विजय प्राप्त कर सकता हैं। आगे चलकर मानव के सार्वभौमिक इतिहास तथा उसकी प्रेरक शक्ति को जानने का गम्भीर प्रयास जर्मन आर्दशवादी परम्परा का प्रमुख तत्व बना। इस दृष्टि से एमानुएल काण्ट की रचना Idea For A Universal History From A Cosmopolitan Point Of View (1784) महत्वपूर्ण हैं।[7]

जर्मन आदर्शवाद की परम्परा में हीगल का स्थान महत्वपूर्ण है। हीगल के अनुसार सम्पूर्ण इतिहास विचारों का इतिहास हैं जो बौद्धिक चिन्तन के स्वविकास को प्रदर्शित करता हैं। ऐतिहासिक प्रक्रिया एक युक्तियुक्त प्रक्रिया है। इतिहास में जो विकास होते हैं आकस्मिक नहीं वरन् आवश्यक हैं। द्वंद्ववाद के अनुसार ही ऐतिहासिक प्रक्रिया विकसित होती हैं। हीगल पर अक्सर यह आरोप लगता हैं की वह राज्य और उसकी सत्ता का उपासक हैं तथा लोकतंत्र और उदारवाद का विरोधी है। इसके उलट हीगल स्वतंत्रता का दार्शनिक हैं जो

इतिहास को ऐसी प्रक्रिया के रूप में देखता हैं जिसमें स्वतंत्रता का वास्तविकीकरण मूर्त राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से होता है।[8] हीगल के अनुसार मानवीय स्वतंत्रता का अवतरण संवैधानिक राज्य में होता हैं जिसे हम उदार राज्य भी कह सकते हैं। स्वतंत्रता और समानता दो प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित उदार राज्य का कोई वैकल्पिक सामाजिक व राजनीतिक संगठन अस्तित्व में नहीं हैं इसलिए यह 'इतिहास का अंत' हैं। हीगल के अनुसार यूरोप में इतिहास का अंत 1806 की जेना के संघर्ष में हुआ। 1806 के जेना के युद्ध में नेपोलियन ने प्रशिया के राजतंत्र को हराया तथा फ्रांसिसी क्रांति के सिद्धांतों का जर्मनी में प्रसार किया।

हीगल की तरह कार्ल मार्क्स ने भी मानव जाति के सार्वभौमिक इतिहास की बात की है मगर मार्क्स उदार राज्य को मानव इतिहास का चरम बिन्दु नहीं मानते हैं। मार्क्स के अनुसार उदार लोकतंत्र अपने अंतर्विरोध को सुलझा पाने में समर्थ नहीं है और ना ही स्वतंत्रता का सार्वभौमिक प्रतिनिधित्व करता है। मार्क्स के अनुसार वर्गविहीन, राज्यविहीन समाज इतिहास के अंत तथा उदार लोकतंत्र के उच्चतर स्वरूप का प्रतिनिधित्व करता है। अब प्रश्न यह उठता है कि यदि इतिहास एक नियत दिशा की ओर अग्रसर है तो इतिहास की प्रेरक या मूल शक्ति क्या हैं जो उसे नियत दिशा की ओर अग्रसर करती है।

फुकुयामा मानते है कि एक ही तत्व है जो इतिहास को दिशा प्रदान करता हैं वह है प्राकृतिक जगत का ज्ञान जो हमें विज्ञान के माध्यम से प्राप्त होता हैं प्रकृति की वैज्ञानिक समझ न तो चक्रीय हैं और ना बेतरतीब। कोई अधिनायक या संसद प्रकृति के कानून को बदल नहीं सकता है। यद्यपि प्राकृतिक विज्ञानों का विकास यूरोप में हुआ हैं मगर एक बार विकसित हो जाने पर यह मानव जाति के सार्वभौमिक स्वामित्व में आ गए है। विज्ञान के विकास ने आर्थिक क्षेत्र में पूंजीवाद और राजनीतिक क्षेत्र में उदार लोकतंत्र की स्थापना की हैं। फुकुयामा लिखते हैं कि आधुनिक प्रगतिशील विज्ञान की प्रक्रिया को उल्टा नहीं जा सकता हैं तथा साथ ही जो सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक परिणाम इससे जुड़े है, उन्हें भी उल्टा नहीं जा सकता।[9]

अब यह प्रश्न उठना स्वभाविक हैं कि यदि सभी समाज एक सार्वभौमिक ऐतिहासिक प्रक्रिया की ओर अग्रसर है तो दूसरे, तीसरे विश्व समाज इतने विकसित क्यों नहीं हो पाये जितने पश्चिम के देश। इसका कारण फुकुयामा यह बताते है कि इन देशों में औद्योगिकीकरण देर से प्रारम्भ हुआ साथ ही कुछ

सांस्कृतिक कारण जैसे अभिरुचियाँ, धर्म, परम्पराएं, सामाजिक संस्थान तथा सरकारी नीतियाँ जिम्मेदार हैं। इन देशों में पूंजीवाद की स्थापना के गम्भीर प्रयास नहीं किए गए। प्रगतिशील आधुनिक विज्ञानों की नियति पूंजीवाद की तरफ हैं क्योंकि पूंजीवाद ही मनुष्य का आर्थिक स्वहित स्पष्ट रूप में देख सकता हैं। फुकुयामा सिमोन लिप्सेट के अनुभवात्मक अध्ययन का उदाहरण देते हुए लिखते हैं कि मजबूत लोकतंत्र और आर्थिक विकास का निकट संबंध है इसका पहला कारण यह है कि आधुनिक अर्थव्यवस्था में उत्पन्न विपरीत हितों के अंर्तजाल में मध्यस्थता केवल लोकतंत्र के माध्यम से ही की जा सकती हैं। आधुनिक अर्थव्यवस्था लोकतंत्र को जन्म देती है। वैज्ञानिक पद्धति का विकास उन्हीं समाजों में होता है जहाँ विचारों के आदान-प्रदान की स्वतंत्रता होती है। उदार लोकतंत्र जटिल आधुनिक समाज में विवादों का निपटारा परस्पर सहमति से करता है।

हीगल के अनुसार इतिहास की प्रेरक शक्ति ना तो प्राकृतिक विज्ञान है ना शक्ति की लालसा। इसकी जगह पहचान या मान्यता का संघर्ष है। हीगल ने अपनी पुस्तक 'Phenomenology of Mind 1807' में आदिम मनुष्य के रूप में 'फर्स्ट मैन' या प्रथम पुरुष का उल्लेख किया है। यह 'फर्स्ट मैन' हाब्स लाक, रूसो के संविदा दर्शन में व्यक्त मनुष्य से भिन्न हैं। हीगल के अनुसार आदिम 'फर्स्ट मैन' स्वतंत्र और अनिश्चित है मगर इतना सक्षम हैं कि स्वयं इतिहास की दिशा निर्धारित कर सकता है। 'फर्स्ट मैन' में पशुओं की तरह कुछ मूल प्रवृतियाँ जैसे खाना, सोना, आश्रय और अपने जीवन का सरंक्षण विद्यमान है परन्तु उसकी एक और इच्छा है जो पूरी तरह गैर भौतिकवादी हैं और वह है पहचान या मान्यता की इच्छा। एक सामाजिक प्राणी के रूप में मानव का आत्मसम्मान और पहचान इस बात पर निर्भर होती हैं कि दूसरे लोग उसे किस रूप में देखते हैं।[10] हीगल के अनुसार सिर्फ मनुष्य की ही यह विशेषता है कि वह उन विषयों की आकांक्षा रख सकता है जो उसके लिए जीवशास्त्रीय दृष्टिकोण से महत्वहीन हैं। पहचान या मान्यता की इच्छा सभी मनुष्यों में विद्यमान होती हैं इसलिए यह मनुष्यों को प्रतिष्ठा के संघर्ष की ओर ले जाती हैं।

इस संघर्ष के तीन परिणाम हो सकते है :

1. दोनों प्रतिद्वंद्वी की मृत्यु
2. एक प्रतिद्वंद्वी की मृत्यु, परन्तु जीतने वाला फिर भी असंतुष्ट होता हैं क्योंकि उसको कोई मान्यता देने वाला जीवित नहीं रहता है।

3. यह संघर्ष स्वामी और दास के रूप में भी समाप्त हो सकता हैं जहाँ एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति की दासता स्वीकार कर लेता है।[11]

हाब्स और लाक के दर्शन में भी युद्ध की स्थिति है मगर उसका अंत सामाजिक समझौता और एक शांतिपूर्ण नागरिक समाज की स्थापना से होता है। हीगल के दर्शन में यह स्वामी और दास की स्थिति में समाप्त होता है।

हीगल के अनुसार स्वतंत्रता सिर्फ मनोवैज्ञानिक आभास नहीं हैं। स्वतंत्रता और प्रकृति एक दूसरे के विपरीत है। स्वतंत्रता वहाँ से शुरू होती हैं जहाँ प्रकृति समाप्त होती है। मानवीय स्वतंत्रता की शुरुआत तभी होती है जब मनुष्य अपने प्राकृतिक और पशु अस्तित्व से परे जाकर अपने स्वयं का निर्माण करता हैं। 'पहचान' का संघर्ष पहला प्राथमिक व्यवहार हैं। हीगल और हाब्स दोनों मानते हैं कि मनुष्य को मृत्यु का भय किसी सत्ता के समक्ष आत्मसमर्पण को मजबूर करता है। पहचान के संघर्ष की बात पाश्चात्य दर्शन में प्लेटो और हाब्स के दर्शन में भी पाई जाती है। प्लेटो के दर्शन में यह THYNOS या SPIRITEDNESS के रूप में मिलता है। जो अभिभावक वर्ग का मूल लक्षण हैं। प्लेटों के अनुसार THYNOS मनुष्य की आत्मा का तीसरा भाग हैं। जिसमें क्रोध और साहस दोनों सम्मिलित हैं।[12] प्लेटो ने अभिभावक वर्ग की तुलना उस कुलीन/उदात कुत्ते के रूप में की है जो अपने शहर की सुरक्षा के लिए पूर्ण साहस के साथ अपरिचितों से लड़ता हैं।[13] THYNOS मनुष्य की वह प्रकृति है जो मनुष्य को आत्मगौरव के साथ जीना सिखाती हैं और किसी भी तरह की तानाशाही का विरोध कर उदार लोकतंत्र का मार्ग प्रशस्त करती है। क्रांति तब तक नहीं हो सकती है जब तक कुछ लोग पर अपने जीवन को संकट में नहीं डाले। आगे चलकर उदारवाद ने मनुष्य की THYNOS प्रवृत्ति की जगह लालसा (DESIRE) की प्रवृत्ति को महत्व दिया। हीगल के अनुसार स्वामी और दास का संबंध स्थायी नहीं है क्योंकि इसमें ना तो स्वामी संतुष्ट होता हैं और न दास। स्वामी-दास संबंधों में स्वामी की स्थिति दास की तुलना में बेहतर है। स्वामी दास की तुलना में कुछ संदर्भों में अधिक मनुष्य हैं क्योंकि वह अपनी जीवशास्त्रीय प्रकृति से परे जाकर गैर जीवशास्त्रीय उद्देश्य 'पहचान' को प्राप्त करने में सफल होता है। अपने जीवन को खतरे में डालकर वह स्वतंत्रता प्राप्त करता है। दूसरी और दास अपने जीवशास्त्रीय प्रकृति से ऊपर नहीं उठ पाता है। मृत्यु का भय उसे किसी के समक्ष आत्मसमपर्ण को मजबूर करता है। दास स्वतंत्रता के अभाव में मनुष्य नहीं है। यह स्थिति दास को संतुष्टि नहीं दे सकती है। वही स्वामी भी संतुष्ट नहीं होता हैं क्योंकि स्वामी की पहचान दास के

माध्यम से होती है जो स्वयं सही अर्थो में मनुष्य नहीं है क्योंकि वह सिर्फ स्वामी की इच्छा पूर्ति का यंत्र या वस्तु है।

हीगल ने कुछ विचारधाराओं को दास विचारधाराओं की संज्ञा दी है। जिसमें ईसाइयत प्रमुख है, यह दास विचारधाराएँ दासों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। भले ही वास्तविक रूप में उसकी प्राप्ति में असफल है।

हीगल के अनुसार आधुनिक उदार राज्य फ्रांसिसी क्रांति के फलस्वरूप अस्तित्व में आये तथा इसने दास स्वामी संबंधों का अंत किया। हीगल स्वयं फ्रांसिसी क्रांति के मूल्यों का समर्थक था। हीगल के अनुसार फ्रांसीसी क्रांति वह घटना थी जिसने स्वतंत्रता और समानता के ईसाई आदर्शो को पृथ्वी पर साकार किया। हीगल के अनुसार उदार राज्य पारस्परिक समझौता हैं जिसमें नागरिक एक दूसरे की पहचान और गरिमा को मान्यता देते हैं। यह स्थिति स्वामी दास सम्बन्धों में बेहतर है। उदार राज्य व्यक्ति के जीवन के साहस और लालसा दोनों पक्षों को सतुंष्ट करता है।

फ्रांसिसी क्रांति से पूर्व राजशाही और कुलीनतंत्र व्यवस्था विद्यमान थी जो एक व्यक्ति या कुछ व्यक्तियों की पहचान को ही मान्यता देती थी। यह व्यवस्थाएँ संकीर्ण और सीमित थी, साथ ही अतार्किक भी। इसके विपरीत उदार राज्य मनुष्य की गरिमा को पारस्परिक आधार पर मान्यता देता हैं जो प्राकृतिक हैं। उदारवादी राज्य मनुष्य के अधिकार को मान्यता देता हैं। बदले में मनुष्य राज्य की सत्ता और उसके नियमों में स्वीकार करता हैं। यह आशा व्यक्त की गयी कि यदि एक बार समांगी उदार राज्य में स्वामी-दास संबंधों का अंत हुआ तो अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में भी स्वामी-दास संबंधों का अंत हो जाएगा साथ ही युद्ध व साम्राज्यवाद का भी अंत हो जाएगा। हीगल के व्याख्याकार अलेक्जेंडर कोजिवे (Alexender Kojeve) के अनुसार इतिहास के अंत का अर्थ द्वंद्व और हिंसक क्रांतियों का अंत है। क्योंकि अब मनुष्य के पास संघर्ष का कोई कारण नहीं होगा। इतिहास का अंत केवल इतिहास का अंत नहीं वरन् कला और दर्शन का भी अंत हैं। दर्शन के अंत का अर्थ यह हैं कि सत्य की खोज बन्द हो जाएगी क्योंकि सत्य मानवीय समाजों ने प्राप्त कर लिया होगा। कला के अंत का अर्थ मनुष्य परिस्थितियों के बारे में कुछ नया नहीं कह पायेंगे। कोई भी कला उस दौर में मनुष्य की उच्चतम आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएगी।[14] फुकुयामा के अनुसार उदार लोकतंत्र मानवीय और व्यवहारिक रूप में मानवीय समाजों को संगठित करने का सर्वश्रेष्ठ तरीका है।

फ्रांसिस फुकुयामा की उदार लोकतंत्र के रूप में इतिहास के अंत की प्राकल्पना आकर्षक, मानवीय स्वतंत्रता और समानता जैसे मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण और सरल लग सकती है मगर इसमें एक प्रकार का नियतिवाद (यद्यपि फुकुयामा इसे कमजोर नियतिवाद मानते है।) विद्यमान है जो कई आशंकाओं और प्रश्नों को जन्म देता है। यदि हम उदारवाद के इतिहास का अध्ययन करें तो यह पाते है कि उदारवाद अपने शुरूआती दौर से स्वतंत्रता और समानता का समर्थन करने वाली निष्पाप अवधारणा नहीं रही है।

डोमिनिको लुसुरडो ने अपनी पुस्तक Liberalism ‘A Counter History 2005 (उदारवाद ‘एक वैकल्पिक इतिहास’) में लिखते है कि उदारवाद अपनी उत्पत्ति से ही दासता, शोषण, उपनिवेशवाद, नरसंहार, नस्लवाद और वर्गदंभ से जुड़ा हुआ है। ब्रिटेन, अमेरिका में शुरूआती उदारवादी अपनी नस्लीय श्रेष्ठता बोध से ग्रस्त थे और वही नस्लीय श्रेष्ठता का सिद्धांत पश्चिमी देशों ने अपने उपनिवेशो पर बर्बरता पूर्वक लागू किया।

उदार लोकतंत्र की शुरूआती समीक्षा हमें मार्क्स और एंगेल्स की रचनाओं में मिलती है। मार्क्स के अनुसार पूंजीवादी व्यवस्था ना तो प्राकृतिक व्यवस्था है ना यह मनुष्य की मूल प्रवृति से सृजित होती है बल्कि यह ऐतिहासिक प्रक्रिया के विशिष्ट चरण में उत्पन्न हुई है। कार्ल मार्क्स अपने शुरूआती दौर में उन स्वतंत्रताओं के समर्थक है जिन्हें हम उदारवादी स्वतंत्रताओं के नाम से जानते हैं। प्रशिया के सेंसरशिप ने मार्क्स को स्वतंत्र प्रेस और संसदीय प्रतिनिधित्व के विस्तार का समर्थक बनाया।[15] मार्क्स के अनुसार और मनुष्य प्रकृति और समुदाय का चेतन प्राणी है और स्वतंत्रता मानव का सार है। एंगेल्स ने लोकतंत्र और साम्यवाद को अभिन्न माना है।[16] मार्च 1848 में कार्ल मार्क्स और एंगेल्स ने जर्मन कम्युनिस्ट पार्टी की मांगों में, जो मांग की थी उसमें जर्मनी को एक गणतंत्र घोषित करने तथा 21 वर्ष की आयु के व्यक्ति को मत देने और निर्वाचित होने का अधिकार देने की मांग को शामिल किया था। अपने शुरूआती दौर में मार्क्स और एंगेल्स को लोकतंत्र के संसदीय मार्ग पर विश्वास था। परन्तु लोकतंत्र और लोकतंत्रवादियो के प्रति मार्क्स और एंगेल्स का यह विश्वास शीघ्र ही खण्डित हो गया। उदारवादियो या लोकतंत्रवादियो के लक्ष्य समाज के सर्वहारा वर्ग से अलग थे। उदारवादी औद्योगिकीकरण को बढ़ाने तथा मुक्त व्यापार हेतु प्रतिबंधों को हटाने की माँग कर रहे थे जबकि सर्वहारा वर्ग मुक्त व्यापार और प्रतिस्पर्द्धा से उत्पन्न आर्थिक अराजकता से भयभीत था। फ्रांस और इंग्लैण्ड की लोकतांत्रिक क्रांतियों ने उदार मध्यम वर्ग को रियासते और

राजनीतिक प्रतिनिधित्व तो दिया मगर सर्वहारा वर्ग को अपने हाल पर छोड़ दिया गया। यही वह समय था जिसने मार्क्स और एंगेल्स को उदारवादी मार्ग के विपरीत अपना वैकल्पिक मार्ग खोजने पर मजबूर कर दिया। आगे चलकर मार्क्स व एंगेल्स मजदूर वर्ग को एकमात्र क्रान्तिकारी वर्ग के रूप में देखते हैं तथा लोकतंत्र को शुद्ध बूर्जुआ वर्ग के हितो के साथ जोड़ते हैं। जब तक राज्य रहेगा लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं है और सच्चे लोकतंत्र में राज्य की आवश्यकता नहीं है।

मार्क्स के अनुसार लोकतंत्र पूंजीवादी राज्य का उच्चतम स्वरूप है। हीगल के अनुसार राज्य और समाज अलग-अलग है परन्तु मार्क्स इन्हें एक ही मानते है तथा दोनों में एक छिपा संबंध देखते हैं। मार्क्स के अनुसार लोकतंत्र लाना है तो राज्य को खत्म करना होगा। मार्क्स राज्य की सार्वभौमिकता को नकार कर एक वर्ग द्वारा दूसरे वर्ग का शोषण का उपकरण मानते हैं। मार्क्स फ्रांसीसी क्रांति के स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व के नारे को बहुत ज्यादा महत्त्व नहीं देते है जबकि फ्रांसीसी क्रांति और उसके निहित सिद्धांत उदारवादी दर्शन का मूल हैं। मार्क्स के अनुसार फ्रांसीसी क्रांति के मूल दर्शन में निहित स्वतंत्रता की परिभाषा ने समानता और भ्रातृत्व की प्राप्ति को असम्भव बना दिया। यहाँ स्वतंत्रता खुद को नीजि संपत्ति और मुक्त बाजार की स्वतंत्रता तक ही सीमित कर देती हैं। यहाँ लोग स्वतंत्र नहीं होते बल्कि पूंजी सांमती बंधनों से मुक्त होती हैं। समानता को शोषण की स्वतंत्रता की स्थिति में प्राप्त नहीं किया जा सकता ना ही प्राकृतिक स्वार्थ के स्वयंसिद्ध सिद्धांत से भ्रातृत्व की भावना उत्पन्न हो सकती हैं।[17] एंगेल्स ने 1846 में लिखा हैं कि बूर्जुआ समानता संपत्ति के अलावा हर प्रकार की समानता हैं और संपत्ति की यही असमानता सभी पक्षों की असमानता की ओर ले जाती है ईसाइ मत में स्वर्ग में सभी मनुष्य समान हैं मगर धरती पर असमान हैं। इसी तरह राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति राजनीतिक विश्व के स्वर्ग में समान है मगर समाज की वास्तविक परिस्थितियों में असमान हैं।[18] मार्क्स के शब्दों में स्वतंत्रता की प्राप्ति वास्तविक विश्व में वास्तविक साधनों से ही हो सकती हैं।

इसी तरह उदारवादी मूल्यों पर आधारित संसदीय व्यवस्था की व्याख्या अक्सर विरोधी हितो में मध्यस्थ के रूप में होती हैं। संसद एक ऐसा मंच हैं जहाँ परस्पर विरोधी हितो की अभिव्यक्ति और उनमें मध्यस्थता की जाती है। मार्क्स के अनुसार विरोधी हितों में मध्यस्थता सम्भव नहीं। विधायिका मध्यस्थता का क्षेत्र नहीं वरन् अंतर्विरोध का अवतार हैं। मध्यस्थता केवल संघर्ष विहीन समाज

की संरचना पर आधारित होती हैं। बूर्जुआ वर्ग के लिए संसदीय प्रजातंत्र वर्ग शासन को बनाए रखने का सुविधाजनक रूप है जिसका उपयोग तब तक हो सकता हैं जब तक वह उसके उद्देश्यों को पूरा करता हैं।[19] लोकतंत्र में राजनीतिक प्रभाव एक वस्तु बन जाती हैं जिसका उपयोग वही करते हैं जो उसका भुगतान कर सकता हो। मार्क्स के अनुसार शासक और शासित के हित एक जैसे नहीं हो सकते हैं। उदारवाद 'व्यक्ति की इच्छा क्या हैं' पर आधारित हैं जबकि मार्क्सवाद 'व्यक्ति के लिए क्या शुभ है' पर आधारित हैं।

मार्क्स उदारवादियों के इस तर्क का भी विरोध करते हैं कि पूंजीवादी व्यवस्था में ही वैज्ञानिक विकास सम्भव हैं। मार्क्स के अनुसार एक समय आता हैं जब बूर्जुआ विचार समाज की वैज्ञानिक समझ को आगे नहीं बढ़ा पाता और आगे का वैज्ञानिक विकास बूर्जुआ मान्यताओं से असंगत हो जाता है। ऐसी स्थिति में वैज्ञानिक विकास उन लोगो द्वारा ही सम्भव है जो बूर्जुआ मूल्यों और मानको से परे हो। समाजवाद में ज्ञान का प्रयोग सामाजिक संस्थाओं की पुर्नसंरचना तथा वैज्ञानिक प्रगति का उपयोग श्रम के भार को कम करने तथा गरीबी घटाने के लिए किया जाता है।

उदारवाद के महत्वपूर्ण मूल्य संविधानवाद पर चर्चा करते हुए मार्क्स लिखते है कि संविधानवाद का उपयोग किसी सामाजिक समूह की राजनीतिक शक्ति की वैद्यता को स्थापित करने तथा उसे संगठित करने के लिए किया जाता हैं। मार्क्स के अनुसार लिखित संविधानों में स्पष्टता का अभाव पाया जाता हैं और यह व्याख्याकारों पर निर्भर हैं। लिखित संविधान उन्हीं अंतर्विरोधो को अभिव्यक्त करते हैं जो समाज में पहले से मौजूद होते हैं। 1848 के फ्रांसीसी रिपब्लिक के संविधान पर अपना मत व्यक्त करते हुए मार्क्स ने लिखा है कि हर सामान्य स्वतंत्रता को सीमित उपबंधों द्वारा खत्म कर दिया गया है।[20]

मार्क्सवाद के अनुसार पूंजीवाद में आर्थिक अराजकता मगर राजनीतिक व्यवस्था विद्यमान हैं जबकि साम्यवाद में आर्थिक व्यवस्था मगर राजनीतिक अराजकता विद्यमान है। अराजकता का अर्थ यहाँ किसी भी बल प्रयोग की संस्थाओं का अभाव हैं। समाजवाद प्रगति का अंत नहीं है वरन् पूर्व इतिहास का अंत और इतिहास की स्वतंत्र तथा वास्तविक दिशा में शुरुआत है।[21]

मार्क्स और एंगेल्स ने जो उदारवादी लोकतंत्र की जो समीक्षा प्रस्तुत की हैं वह अपने आप में महत्त्वपूर्ण है परन्तु हम यह नहीं भूलना चाहिए कि मार्क्स और एंगेल्स जिस उदारवादी लोकतंत्र की समीक्षा कर रहे है, वह उदारवादी

लोकतंत्र अभी अपने शुरुआती अवस्था में है। जहाँ मताधिकार का अभी विस्तार नहीं हुआ है तथा औद्योगिक संस्थानों में मजदूर वर्ग की दशा अभी तक शोचनीय है। उदारवादी लोकतंत्र अभी समाज के सबसे निचले वर्ग में कोई आशा नहीं जगा पाया है।

यहाँ यह बात ध्यान रखने की है कि मार्क्सवाद और उदारवाद दोनों ही पश्चिम के प्रबोधन परियोजना के उत्तराधिकारी है। यह वह सांस्कृतिक आन्दोलन था जिसने 18वीं शताब्दी के बाद से मानवीय क्रियाकलाप और विवेक के माध्यम से मानवीय जीवन की गुणवत्ता में सुधार को अपना लक्ष्य निर्धारित किया।[22] उदारवाद का प्रारम्भिक संघर्ष रूढ़िवाद से था नाकि मार्क्सवाद से तथा मार्क्सवाद और उदारवाद दोनों में प्रगतिशीलता का तत्व विद्यमान है।

विखण्डनवादी दार्शनिक जाक देरिदा, फुकुयामा की इतिहास के अंत की घोषणा के आलोचक है। उनके अनुसार इतिहास का अंत एक अवधारणा के रूप में कोई अर्थ नहीं रखता हैं। देरिदा को इतिहास के अंत की घोषणा में ईसाई इंजीलवादी प्रतिध्वनि सुनाई देती है। उनके अनुसार पूंजीवाद के विजय की घोषणा कभी इतनी विखण्डित धमकी भरी, गंभीर और कुछ संदर्भों में इतनी विनाशकारी और शोक संतप्त नहीं रही है।[23] देरिदा अपनी पुस्तक 'Spectres of Marx (1993) में साम्यवादी घोषणा पत्र के उस कथन को उद्धृत करते हैं जिसमें कहा गया है कि यूरोप को एक भूत आंतकित कर रहा है, वह है साम्यवाद का भूत। देरिदा लिखते हैं कि साम्यवाद को पश्चिम चेतना से निष्कासित करना आसान नहीं है। मार्क्स का संदेश एक भूतिया साये के रूप में हमेशा मंडराता रहेगा। एक भूत कभी नहीं मरता और वह लौटकर आता है। मार्क्सवाद की मृत्यु की घोषणा के सदंर्भ में देरिदा लिखते है कि कई बार मृत जीवित की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली होता है।[24] देरिदा के शब्दों में तथ्य और आदर्श के सार का अंतर केवल धर्मतंत्र और सैन्य तानाशाही जैसी सरकार के आद्यरूपों में ही नहीं दिखता है। यह विफलता और अंतराल पश्चिम के सबसे पुराने और स्थिर लोकतंत्रो में विद्यमान हैं।[25]

सोवियत संघ के विघटन के बाद साम्यवाद को एक व्यवहार्य राजनीतिक व्यवस्था के रूप में मानने की प्रवृत्ति समाप्त हो गई है। फुकुयामा की यह घोषणा इतिहास के अंत की घोषणा राजनीति के अंत की भी घोषणा हैं क्योंकि यह सभी राजनीतिक विमर्शों और वैकल्पिक राजनीतिक व्यवस्थाओं की प्रासंगिकता को भी सिरे से खारिज कर देती है। यह उदार लोकतंत्र को एक

विचारधारा के स्तर से उठाकर धर्मशास्त्र की स्तर पर पहुँचा देती है जिस पर चलकर ही समस्त मानव समाज की मुक्ति सम्भव है जबकि स्थिति दूसरी है।

साम्यवाद के विघटन के पश्चात् होना तो यह चाहिए था कि पूरे विश्व में उदार लोकतंत्र का प्रसार होता मगर वास्तविक धरातल पर स्थिति दूसरी है। पूरे विश्व में वैश्विक स्वतंत्रता का मूल्यांकन करने वाले फ्रीडम हाउस ने 2022 की वार्षिक रिपोर्ट The Global Expansion of Authoritarian Rule (सर्वसत्तावादी शासन का वैश्विक विस्तार) शीर्षक के तहत प्रकाशित की है जिसमें कहा गया है कि पिछले 16 वर्षों में विश्व में लोकतंत्र में कमी आयी है। प्रतिवेदन में कहा गया है कि लम्बे समय से स्थापित लोकतंत्र वाले देशों में आंतरिक शक्तियों ने अपनी व्यवस्था की कमियों का दोहन किया है। नफरत, हिंसा और अमर्यादित शक्ति को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय राजनीति को विकृत किया है। लोकतंत्र और सर्वसत्तावाद के मध्य संघर्ष वाले देशों में संघर्ष सर्वसत्तावाद के पक्ष में झुक रहा है। 2005 में जहाँ विश्व की 46 प्रतिशत आबादी उदार लोकतंत्र के तहत शासित थी वही 2022 में यह 20 फीसदी रह गई थी।[26] दुनिया में हर पाँच में से सिर्फ एक व्यक्ति उदार लोकतंत्र के अधीन है और इसमें भी कमी आ रही है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फाइनेंशियल टाइम्स में 2019 में दिए गये अपने साक्षात्कार में कहा है कि अब उदारवाद अप्रसांगिक हो गया है साथ ही यह आबादी के विशाल बहुमत के हितो के खिलाफ संघर्ष में आ गया है। उदार विचार ने अपने उद्देश्यों को समाप्त कर दिया हैं क्योंकि जनता आव्रजन, खुली सीमाओं और बहुसंस्कृतिवाद के खिलाफ हो गई है। पुतिन ने यह बात अमेरीका और यूरोप में उभरते राष्ट्रीय लोक लुभावनवादी आन्दोलनों के सन्दर्भ में कही हैं।[27]

ऐसी स्थिति में जब विकल्प समाप्त होने की घोषणा हुए तीन दशक में अधिक समय बीत चुका है। उदार लोकतंत्रों का निरन्तर पतन एक गम्भीर घटना है। उदार लोकतंत्र वर्तमान में गम्भीर चुनौती का सामना कर रहे हैं और यह चुनौती बाहर से नहीं आई है बल्कि उदार लोकतंत्र के भीतर ही जन्मी है। ऐसी स्थिति में उदार लोकतंत्र इस चुनौती का सामना करने में असफल सिद्ध होता है तो इसका अर्थ यही निकलेगा कि अभी इतिहास का अंत नहीं हुआ है और साम्यवाद का भूत एक साये की तरह हमारी संगठनात्मक और तकनीकी कुशलता और प्रगति पर मंडराता रहेगा और उसे निरन्तर प्रश्नांकित करता रहेगा।

यद्यपि उदार लोकतंत्र का जन्म कुछ विसंगति और कमियों के साथ हुआ हैं मगर इसके मूल में दो तत्व हमेशा विद्यमान रहे है जिसने इस अवधारणा को निरन्तर मजबूती दी है एक है मानवीय अस्तित्व को केंद्रीय स्थान प्रदान करना तथा दूसरा सुधार की प्रवृत्ति, जैसे ही समय बदला उदार लोकतंत्र की अवधारणा पर संकट आया इसने अपने आप में सुधार कर बदली हुई परिस्थितियों के अनुकुल स्वयं को ढाला है। यह उदारवाद की उत्तरजीविता का महत्त्वपूर्ण कारण है। उदारवाद की यह क्षमता खत्म हो जाती हैं तो यह धारणा भी अप्रासंगिक भी हो जाएगी। आवश्यकता हैं कि इसे एक निरन्तर प्रगतिशील विचारों के समूह के रूप में देखा जाए ना कि विश्वविजयी धर्म शास्त्रीय आख्यान के रूप में। आधुनिक राजनीति के समानर्थक रूप में ना कि इतिहास के अंत में।

सन्दर्भ

1. जकारिया, फरीद 'द फयूचर ऑफ फ्रीडम' इन लिबरल डेमोक्रेसी एट होम एण्ड एब्राड', वाइकिंग पेन्गुइन बुक्स इण्डिया, नई दिल्ली 2003 पृष्ठ 13
2. वही पृष्ठ 19
3. लुसुरडो, डेमिनिको, 'लिबरलिज्मः ए काउटर हिस्ट्री' वेरसो, यूके लन्दन 2006 पृष्ठ 1
4. फुकुयामा, फ्रांसिस, द एण्ड ऑफ हिस्ट्री एण्ड द लास्ट मैन', पेन्गुइन रैडंम हाऊस, यूके 2020 पृष्ठ 44
5. फुकुयामा वही पृष्ठ IX
6. फुकुयामा वही पृष्ठ 51
7. फुकुयामा वही पृष्ठ 57
8. फुकुयामा वही पृष्ठ 60
9. फुकुयामा वही पृष्ठ 88
10. फुकुयामा वही पृष्ठ 146
11. फुकुयामा वही पृष्ठ 147
12. फुकुयामा, फ्रांसिस 'आइडेंटिटी': कन्टमपरेरी आइडेंटिटी पालिटिक्स एण्ड द स्ट्रगल फार रिकगनाइजेशन, प्रोफाइल बुक्स लिमिटेड लंदन 2019 पृष्ठ 18
13. फुकुयामा वही पृष्ठ 163
14. फुकुयामा वही पृष्ठ 311
15. लेविन, माइकल मार्क्स एंगेल्स एण्ड लिबरल डेमोक्रेसी, पालग्रेव मैकमिलन, न्यूयार्क 1989 पृष्ठ 15

16. लेविन, माइकल वही पृष्ठ 19
17. लेविन, माइकल वही पृष्ठ 65
18. लेविन, माइकल वही पृष्ठ 66
19. लेविन, माइकल वही पृष्ठ 92
20. लेविन, माइकल वही पृष्ठ 59
21. लेविन, माइकल वही पृष्ठ 138
22. सिम, स्टूअर्ट, 'देरिदा एण्ड द एंड ऑफ हिस्ट्री', पोस्टमार्डन एनकाउन्टरर्स आइकोन बुक्स यूके, 1999 पृष्ठ 45
23. सिम, स्टूअर्ट, वही पृष्ठ 7
24. सिम, स्टूअर्ट, वही पृष्ठ 62
25. सिम, स्टूअर्ट, वही पृष्ठ 53
26. सराह रेपुकी एण्ड एमी सलीपोविट्ज, 'द ग्लोबल एक्सेपेंशन ऑफ आथिरिटेरियन रूल फ्रीडम हाऊस वेबसाइट 2022 1-Accessed 6 September 2022 https://freedomhouse.org/report/freedom-world/2022/global-expension - authoritarian rule
27. 1-Vladimir Putin says Liberalism has become obsolete, फाइनेंशियल टाइम्स June 2019 https://www ft.com/content/670039ec-98f3-11e9-9573-ee5cbb98ed36

डॉ. मोहम्मद कामरान खान
सहायक प्रोफेसर
सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय
महाविद्यालय, अजमेर

❑❑❑

निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का शिक्षार्थियों के उपलब्धि स्तर पर प्रभावशीलता का अध्ययन

आशु शर्मा • डॉ. गिरिराज भोजक

सारांश : प्रस्तुत प्रयोगात्मक शोध का मुख्य उद्देश्य निर्मितिवादी उपागम पर आधारित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में उपलब्धि स्तर पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना था। राजस्थान राज्य के जयपुर जिले में स्थित 2 राजकीय एवं 2 निजी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा सात में अध्ययनरत 12 से 15 वर्ष आयु-वर्ग के औसत बुद्धि-लब्धि वाले 120 विद्यार्थियों (60 राजकीय विद्यालयों से एवं 60 निजी विद्यालयों से) का चयन किया गया। इन विद्यार्थियों में से 60 विद्यार्थियों (30 राजकीय विद्यालयों से एवं 30 निजी विद्यालयों से) को प्रायोगिक समूह में सम्मिलित किया गया तथा 30 विद्यार्थियों (30 राजकीय विद्यालयों से एवं 30 निजी विद्यालयों से) को नियंत्रित समूह में सम्मिलित किया गया। प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों को निर्मितिवाद आधारित शिक्षा-अधिगम प्रक्रिया से उपचारित किया गया तथा नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों को परंपरागत शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया से उपचारित किया गया। आंकड़ों के विश्लेषण हेतु टी-टेस्ट (paired) का प्रयोग किया गया है। शोध से निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों ने शैक्षिक उपलब्धि के सभी आयामों में नियंत्रित समूह के विद्यार्थियों की तुलना में सार्थक रूप से श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

प्रमुख शब्द निर्मितिवाद, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, उपलब्धि स्तर, शैक्षणिक उपलब्धि।

प्रस्तावना :

शिक्षा के पारंपरिक दृष्टिकोण तथ्यों के प्रत्यास्मरण, सामान्यीकरण, संप्रत्यय का परिभाषीकरण, एवं प्रक्रियाओं की अनुपालना पर ध्यान देते हैं (Almala, 2005)। शिक्षण के अनेक उपागम हैं, डाल्टन उपागमए हर्बर्ट उपागमए भारतीय उपागम आदि। ये सभी उपागम शिक्षार्थी के पूर्व अनुभवों पर आधारित हैं। इन सभी उपागमों की क्रमशः कुछ सीमायें भी है जैसे—'शिक्षण समग्र के अंश से प्रारंभ होता है', 'अधिगम बहुत अधिक क्रियाशील प्रक्रिया नहीं है', 'उत्पाद/परिणाम महत्वपूर्ण है जबकि ज्ञान निश्चित है' आदि। दूसरी ओर, निर्मितिवाद उपागम अधिगम को वर्तमान समझ एवं नवीन ज्ञान के मध्य अंतः क्रिया के रूप में देखता है। (Perkins, 1993)

निर्मितिवादी उपागम अधिगम को एक सक्रिय प्रक्रिया के रूप में देखता है जिसमें अधिगमकर्ता सक्रिय रहकर ज्ञान का निर्माण उसी रूप में करता है जैसा कि वह वास्तविक जीवन में देखने का प्रयास करता है। शिक्षा समग्र से प्रारंभ होती है, तत्पश्चात इसका विस्तार समग्र के खण्डों में होता है, शिक्षार्थियों के प्रश्नों एवं रुचियों के आधार पर इसकी पाठ्य सामग्री, सहायक सामग्री एवं शिक्षण विधि का निर्धारण होता है।

संबंधित साहित्य का अध्ययन

Jack, (2017) द्वारा माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धि और रसायन विज्ञान के प्रति उनके दृष्टिकोण पर निर्मितिवादी प्रतिमान पर आधारित के प्रभाव का अध्ययन किया गया। विश्लेषित आंकड़ों से निष्कर्ष प्राप्त हुए कि- अधिगम चक्र का रसायन विज्ञान में विद्यार्थियों की उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव पाया गया। विद्यार्थियों के अधिगम एवं शैक्षिक उपलब्धि पर पर निर्मितिवादी उपागम का सार्थक धनात्मक प्रभाव पाया गया। निर्मितिवादी प्रतिमान का विद्यार्थियों के विज्ञान के प्रति .ष्टिकोण पर भी सार्थक सकारात्मक प्रभाव पाया गया।

Osondu, (2018) द्वारा नाइजीरिया के अबिया राज्य में विद्यार्थियों की कंप्यूटर अध्ययन में शैक्षिक उपलब्धि पर निर्मितिवादी अनुदेशन युक्तियों के प्रभाव का अध्ययन किया गया। निष्कर्षों से ज्ञात होता है कि—माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की कंप्यूटर अध्ययन में शैक्षिक उपलब्धि पर निर्मितिवादी अनुदेशन पद्धतियों के सार्थक सकारात्मक प्रभाव पाया गया।

Xie, Wang, & Hu, (2018) द्वारा किये गए एक समीक्षात्मक अध्ययन में भूमि चीन में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के

गणित विषय में प्रदर्शन पर निर्मितिवादी अनुदेशन पद्धतियों एवं समुचित के प्रदर्शन पर रचनात्मक निर्देशात्मक मॉडल और ज्ञान के हस्तांतरण के श्रेष्ठ प्रतिमानों के प्रभाव का अध्ययन किया गया। इन अध्ययनों में ज्ञान के हस्तांतरण हेतु सात प्रतिमानों का अध्ययन किया गया है और ज्ञात हुआ कि सभी सात प्रतिमान विद्यार्थी की शैक्षिक उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव डालते हैं।

Lkama & Dabo, (2019) द्वारा योबे स्टेट, नाइजीरिया में तकनीकी कॉलेजों में धातुकर्म में विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर निर्मितिवादी शिक्षण पद्धति के प्रभाव का अध्ययन किया गया। अध्ययन में पाया गया कि प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों ने नियंत्रण समूह की तुलना में धातुकर्म विषय सार्थक रूप से उच्च प्रदर्शन किया।

Mercy, Grace, & Michael, (2019) द्वारा रिवर स्टेट के अहोदा ईस्ट स्थानीय निकाय के राजकीय क्षेत्रों में रासायनिक-बंध प्रकरण में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि पर निर्मितिवादी अनुदेशात्मक उपागम की प्रभावशीलता का अध्ययन किया गया। अध्ययन के परिणाम से ज्ञात हुआ कि जिन विद्यार्थियों ने निर्मितिवादी रणनीति का उपयोग किया, उनकी रसायन विज्ञान में उच्च उपलब्धि थी।

शोध की आवश्यकता एवं महत्त्व

विज्ञान की शिक्षा के क्षेत्र में अनेक शोध कार्य हुए हैं जिनसे यह निष्कर्ष प्राप्त हुए हैं कि विद्यालय विषय के रूप में विज्ञान के प्रति अभिवृत्ति अनुदेशन पद्धति से प्रभावित होती है। (Chang & Tsai, 2005; Parker & Gerber, 2000)

विज्ञान विषय में उपलब्धि हेतु विषय के प्रति शिक्षार्थियों की अभिवृत्ति, एवं प्रत्यक्षीकरण आवश्यक है। विषय का ज्ञान तब तक अपूर्ण है जब तक कि सैद्धान्तिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी पर्याप्त ना हो।

सैद्धान्तिक ज्ञान सैद्धान्तिक परीक्षाओं से परिलक्षित होता है जबकि व्यावहारिक ज्ञान अनुप्रयोग के माध्यम से परिलक्षित होता है। प्रस्तुत अध्ययन में शोधकर्त्री द्वारा विज्ञान विषय के सन्दर्भ में शिक्षार्थी की शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन किया गया।

शोध के उद्देश्य

1. निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया का शिक्षार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन करना।

शोध परिकल्पना

- निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'सामान्य-उपयोगिता' को सार्थक रूप से प्रभावित नहीं करती है।
- निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'उत्पाद विकास' को सार्थक रूप से प्रभावित नहीं करती है।
- निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'समस्या की पहचान' को सार्थक रूप से प्रभावित नहीं करती है।
- निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'कारणों की खोज' को सार्थक रूप से प्रभावित नहीं करती है।
- निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'जिज्ञासा' को सार्थक रूप से प्रभावित नहीं करती है।
- निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'परिणाम का अनुमान' को सार्थक रूप से प्रभावित नहीं करती है।

न्यादर्श

शोधकार्य हेतु राजस्थान राज्य के जयपुर शहर में स्थिति 2 राजकीय एवं 2 निजी विद्यालयों की कक्षा सात में अध्ययनरत समान बुद्धि-लब्धि के 12 से 15 वर्ष आयु-वर्ग के 30-30 विद्यार्थी चयनित करते हुए कुल 120 में से प्रत्येक विद्यालय से यादृच्छिक रूप से 15-15 विद्यार्थियों को प्रायोगिक समूह (कुल 60) एवं 15-15 विद्यार्थियों को नियंत्रित समूह (कुल 60) में सम्मिलित किया गया।

शोध के चर

1. स्वतंत्र चर

- परंपरागत शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया
- निर्मितिवाद आधारित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया

2. आश्रित चर

शैक्षिक उपलब्धि के विभिन्न आयाम—

- ➢ सामान्य उपयोगिता ➢ उत्पाद विकास ➢ समस्या की पहचान
- ➢ कारणों की खोज ➢ जिज्ञासा ➢ परिणाम का अनुमान

उपकरण

प्रस्तुत शोध को पूर्ण करने हेतु शोधकर्त्री द्वारा निम्नांकित उपकरणों का प्रयोग किया गया है—

1. बुद्धिलब्धि परीक्षण (मानकीकृत)–सामूहिक मानसिक योग्यता परीक्षा (Tandon 2008)
2. उपलब्धि परीक्षण (स्वनिर्मित)–प्रयोगात्मक अनुसन्धान से पूर्व एवं अनुसन्धान के पश्चात् शिक्षार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का मूल्यांकन करने हेतु।
3. स्वनिर्मित पाठ-योजनायें–निर्मितिवाद उपागम एवं परंपरागत उपागम पर आधारित पाठ-योजनायें, विद्यार्थियों को उपचारित करने हेतु।

विधि

शोधकार्य हेतु प्रयोगात्मक शोध आकल्प का उपयोग किया गया जिसके अंतर्गत नियंत्रित-प्रायोगिक समूह, पूर्व-पश्च परीक्षण विधि का प्रयोग करते हुए 20 दिवस तक नियंत्रित समूह को परंपरागत शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया से उपचारित किया गया तथा प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों को निर्मितिवाद आधारित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के माध्यम से उपचारित किया गया।

सांख्यिकीय विश्लेषण

तालिका संख्या 1

उपलब्धि परीक्षण के आयाम	समूह	मध्यमान		मानक विचलन		टी मान	प्रायिकता मान (P)
		पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण	पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण		
सामान्य उपयोगिता	नियंत्रित समूह	12.38	12.42	1.29	1.05	0.16	0.88
	प्रायोगिक समूह	12.42	13.90	1.05	0.71	13.16	0.00

n=60 DF=59 α=0.05 Confidence Level=95%

तालिका संख्या 1 नियंत्रित एवं प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की

शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'सामान्य-उपयोगिता' पर उपचार-विधि के प्रभाव से संबंधित है। तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि नियंत्रित समूह की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'सामान्य-उपयोगिता' में उपचार के पश्चात उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक वृद्धि नहीं पाई गई (P>0.05) जबकि प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'सामान्य-उपयोगिता' में उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पाई गई (P>0.05)।

तालिका संख्या 2

उपलब्धि परीक्षण के आयाम	समूह	मध्यमान		मानक विचलन		टी मान	प्रायिकता मान (P)
		पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण	पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण		
उत्पाद विकास	नियंत्रित समूह	12.53	12.63	1.24	0.96	0.49	0.63
	प्रायोगिक समूह	12.60	14.00	0.98	0.58	13.44	0.00

n=60 DF=59 α=0.05 Confidence Level=95%

तालिका संख्या 2 नियंत्रित एवं प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'उत्पाद विकास' पर उपचार-विधि के प्रभाव से संबंधित है। तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि नियंत्रित समूह की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'उत्पाद विकास' में उपचार के पश्चात उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक वृद्धि नहीं पाई गई P>0.05 जबकि प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'उत्पाद विकास' में उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पाई गई P>0.05।

तालिका संख्या 3

उपलब्धि परीक्षण के आयाम	समूह	मध्यमान		मानक विचलन		टी मान	प्रायिकता मान (P)
		पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण	पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण		
समस्या की पहचान	नियंत्रित समूह	12.30	12.33	0.96	1.20	0.17	0.86
	प्रायोगिक समूह	12.33	14.00	1.20	0.61	13.33	0.00

n=60 DF=59 α=0.05 Confidence Level=95%

तालिका संख्या 3 नियंत्रित एवं प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'समस्या की पहचान' पर उपचार-विधि के प्रभाव से संबंधित है। तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि नियंत्रित समूह की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'समस्या की पहचान' में उपचार के पश्चात उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक वृद्धि नहीं पाई गई (P>0.05) जबकि प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'समस्या की पहचान' में उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पाई गई (P>0.05)।

तालिका संख्या 4

उपलब्धि परीक्षण के आयाम	समूह	मध्यमान		मानक विचलन		टी मान	प्रायिकता मान (P)
		पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण	पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण		
कारणों की खोज	नियंत्रित समूह	12.30	12.33	0.96	1.20	0.17	0.86
	प्रायोगिक समूह	12.33	14.00	1.20	0.61	13.33	0.00

n=60 DF=59 α=0.05 Confidence Level=95%

तालिका संख्या 4 नियंत्रित एवं प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'कारणों की खोज' पर उपचार-विधि के प्रभाव से संबंधित है। तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि नियंत्रित समूह की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'कारणों की खोज' में उपचार के पश्चात उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक वृद्धि नहीं पाई गई (P>0.05) जबकि प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'कारणों की खोज' में उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पाई गई (P>0.05)।

तालिका संख्या 5

उपलब्धि परीक्षण के आयाम	समूह	मध्यमान		मानक विचलन		टी मान	प्रायिकता मान (P)
		पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण	पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण		
जिज्ञासा	नियंत्रित समूह	12.35	12.28	1.13	0.99	0.36	0.72
	प्रायोगिक समूह	12.32	13.87	1.02	0.68	16.09	0.00

n=60 DF=59 α=0.05 Confidence Level=95%

तालिका संख्या 5 नियंत्रित एवं प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'जिज्ञासा' पर उपचार-विधि के प्रभाव से संबंधित है। तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि नियंत्रित समूह की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'जिज्ञासा' में उपचार के पश्चात् उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक वृद्धि नहीं पाई गई (P>0.05) जबकि प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'जिज्ञासा' में उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पाई गई (P>0.05)

तालिका संख्या 6

उपलब्धि परीक्षण के आयाम	समूह	मध्यमान		मानक विचलन		टी मान	प्रायिकता मान (P)
		पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण	पूर्व परीक्षण	पश्च परीक्षण		
परिणाम का अनुमान	नियंत्रित समूह	12.35	12.28	1.13	0.99	0.36	0.72
	प्रायोगिक समूह	12.32	13.87	1.02	0.68	16.09	0.00

n=60 DF=59 α=0.05 Confidence Level=95%

तालिका संख्या 6 नियंत्रित एवं प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'परिणाम का अनुमान' पर उपचार-विधि के प्रभाव से संबंधित है। तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि नियंत्रित समूह की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'परिणाम का अनुमान' में उपचार के पश्चात उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक वृद्धि नहीं पाई गई (P>0.05) जबकि प्रायोगिक समूह के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'परिणाम का अनुमान' में उपचार से पूर्व की तुलना में सार्थक रूप से अधिक पाई गई (P>0.05)

निष्कर्ष

1. निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया का विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'सामान्य-उपयोगिता' पर सार्थक प्रभाव पाया गया।
2. निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया का विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'उत्पाद विकास' पर सार्थक प्रभाव पाया गया।

3. निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया का विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'समस्या की पहचान' पर सार्थक प्रभाव पाया गया।
4. निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया का विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'कारणों की खोज' पर सार्थक प्रभाव पाया गया।
5. निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया का विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'जिज्ञासा' पर सार्थक प्रभाव पाया गया।
6. निर्मितिवाद उपागम पर आधारित शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया का विद्यार्थियों की विज्ञान विषय में शैक्षिक उपलब्धि के आयाम 'परिणाम का अनुमान' पर सार्थक प्रभाव पाया गया।

सन्दर्भ

Almala, A. (2005). A Constructivist Conceptual Framework for a Quality Learning Environment. *Distance Learning*, 2(5), 9-13.

Chang, C.-Y., Tsai, C.-C. (2005, May 28). The Interplay Between Different Forms of CAI and Students' Preferences of Learning Environment in the Secondary Science Class. *Wiley Periodicals*, pp. 707-724.

Jack, G. U. (2017, April). The effect of learning cycle constructivist-based approach on students' academic achievement and attitude towards chemistry in secondary schools in north-eastern part of Nigeria. *Educational Research and Reviews,* 12(7), 456-466. doi:10.5897/ERR2016.3095

Lkama, J. D., Dabo, U. Y. (2019). Effect of Constructivist Teaching Method on Students' Academic Performance in Metalwork in Technical Colleges in Yobe State, *Nigeria. International Journal of Scientific and Research Publications,* 9(6), 484-493. doi:10.29322/IJSRP.9.06.2019.p9070

Mercy, O., Grace, K., Michael, Y. S. (2019). Effectiveness of a Constructivist Instructional Approach on Student Academic Achievement in Chemical Bonding in Ahoada East Local Government Area of Rivers State. *International Journal of Education and Evaluation,* 5(3), 42-55.

Osondu, S. I. (2018, December). Constructivist instructional strategy and students' academic achievement in computer studies in Abia state, Nigeria. *Scholars Journal of Engineering and Technology,* 6(12), 387-393. doi:10.21276/sjet.2018.6.12.3

Parker, V., Gerber, B. (2000, May 22). Effects of a Science Intervention Program on Middle-Grade Student Achievement and Attitudes. *Willy Online*, 100(5), pp. 236-242.

Perkins, D. (1993). Teaching for Understanding, American Educator. *The professional Journal of the American Federation of Teachers*, 17(3), 28-35.

Tandon, R. K. (2008). *Samoohik Mansik Yogyata Pareeksha (2/ 70). Moradabad: K.* G. K College.

Xie, C., Wang, M., Hu, H. (2018, October 9). Effects of constructivist and transmission instructional models on mathematics achievement in mainland china: A meta-analysis. *Frontiers in Psychology*, 9, 1-18. doi:10.3389/fpsyg.2018.01923

आशु शर्मा
शोद्यार्थी (शिक्षा विभाग)
जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूँ

डॉ. गिरिराज भोजक
सहायक आचार्य (शिक्षा विभाग)
जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूँ

❑❑❑

असंगठित श्रमिकों में सफाई कर्मकारों के आर्थिक विकास में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के योगदान का अध्ययन

• इमरान मेमन

• डॉ. के. एल. टाण्डेकर

प्रस्तुत शोध अध्ययन में असंगठित श्रमिकों के अंतर्गत जो सफाई कर्मकार आते हैं उन सफाई कर्मकारों का विकास किस प्रकार किया जा रहा है तथा उन सफाई कर्मकारों के विकास के लिए कौन-कौन सी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है इसके संबंध में अध्ययन किया गया है तथा इन योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी जिले में पिछले कुछ वर्षों में लगभग कितने असंगठित श्रमिक (सफाई कर्मकार) लाभान्वित हुए हैं इसका भी अध्ययन किया गया है प्रस्तुत अध्ययन में उन योजनाओं की पात्रता, शर्तों एवं देयलाभ आदि का भी वर्णन किया गया है जो सरकार द्वारा सफाई कर्मकारों के लिए चलाई जा रही है।

प्रस्तावना :

ऐसे श्रमिक जो संगठित नहीं है जिनके पास ना तो सुरक्षित रोजगार है और ना ही कार्य करने के घंटे निश्चित है और ना ही उनके लिए किसी प्रकार की प्रोविडेंट फंड की सुविधा है ऐसे श्रमिकों को ही असंगठित श्रमिक कहा जाता है इन असंगठित श्रमिकों में ठेका श्रमिक, हमाल श्रमिक, दर्जी, धोबी, नाई एवं सफाई कर्मकार आदि श्रमिक आते हैं प्रस्तुत शोध अध्ययन में असंगठित श्रमिकों में जो सफाई कर्मकार आते हैं उनका अध्ययन किया गया है इसके साथ ही सफाई कामगारों के लिए सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही है उसका भी अध्ययन किया गया है चूँकि इन असंगठित श्रमिकों की स्थिति अत्यंत दयनीय होती है इसलिए सरकार इनके

विकास के लिए विभिन्न योजनाएं चलाती है ताकि इन योजनाओं के माध्यम से इन असंगठित श्रमिकों का विकास किया जा सके।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. सफाई कर्मकारों हेतु छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के संबंध में अध्ययन करना।
2. सफाई कर्मकारों हेतु छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं की कमियों का पता लगाना।
3. सफाई कर्मकारों के विकास में छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के योगदान का अध्ययन करना।
4. सफाई कर्मकारों के विकास के लिए छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं की स्थिति का अध्ययन करना।
5. सफाई कर्मकारों के विकास के लिए छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं की सफलता एवं असफलता का अध्ययन करना।
6. सफाई कर्मकारों के विकास के लिए छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में पिछले कुछ वर्षों में कितने हितग्राही लाभान्वित हुए हैं इसका अध्ययन करना।
7. सफाई कर्मकारों के विकास के लिए छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा और कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा सकती है इसके संबंध में सुझाव देना।

शोध परिकल्पना :

1. सफाई कर्मकारों के विकास में श्रम विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।
2. श्रम विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से सफाई कर्मकारों का विकास संभव है।

शोध विधि :

प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु प्राथमिक एवं द्वितीयक समंको का प्रयोग किया गया है प्राथमिक समंको के संग्रहण हेतु छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के श्रम विभाग के अधिकारियों से मौखिक साक्षात्कार के माध्यम से योजनाओं के संबंध में तथा अन्य जानकारी प्राप्त की गई है तथा द्वितीयक समंको के संग्रहण के लिए संबंधित शोध प्रबंध, रिसर्च पेपर, विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका, जर्नल, समाचार-पत्र, पत्रिकाएं आदि का अध्ययन किया गया है।

शोध अध्ययन का क्षेत्र :

प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु अध्ययन का उद्देश्य, परिकल्पना व शोध विधि के निर्धारण करने के पश्चात अध्ययन के क्षेत्र को निर्धारित करना भी अत्यंत आवश्यक हो जाता है प्रस्तुत शोध कार्य हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी जिले को अध्ययन के क्षेत्र के रूप में लिया गया है तथा छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी जिले के श्रम विभाग के पदाधिकारियों से मौखिक साक्षात्कार के माध्यम से जानकारी प्राप्त की गई है।

छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा सफाई कर्मकारों हेतु चलाई जाने वाली योजनाओं का विवरण :

(1) सफाई कर्मकार कौशल उन्नयन योजना (2015-16 से लागू) :

पात्रता :

1. मंडल द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के पंजीकृत सफाई कर्मकारों को योजना में शामिल किया जावेगा।
2. यदि कोई कर्मकार राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से लाभ प्राप्त कर रहा है तो इस योजना के लिए अपात्र होगा।

देय लाभ :

योजना के अंतर्गत पंजीकृत सफाई कर्मकार एवं परिवार के सदस्यों को सीएसएसडीए द्वारा चिन्हांकित व्यवसायों में व्ही.टी.पी. के द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। मंडल द्वारा प्रशिक्षणरत कर्मकार को श्रम विभाग के द्वारा अकुशल श्रमिक के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन की दर से प्रत्येक दिन हेतु मानदेय प्रदाय किया जावेगा।

(2) सफाई कर्मकार पुत्र/पुत्री सायकल सहायता योजना (2015-16 से लागू) :

पात्रता :

1. यदि पंजीकृत सफाई कर्मकार के पुत्र/पुत्री शाला/विश्वविद्यालय में अध्ययनरत है तथा उन्हें शिक्षा विभाग से सायकल सहायता योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, तभी उन्हें सायकल सहायता योजना का लाभ प्रदान किया जावेगा।

देय लाभ :

पंजीकृत सफाई कर्मकार के शाला/विश्वविद्यालय में अध्ययनरत पुत्र/पुत्री (दो संतान तक) को सायकल प्रदाय किया जावेगा।

(3) सफाई कर्मकार के पुत्र/पुत्री हेतु विशेष कोचिंग योजना (2015-16 से लागू) :

पात्रता :

1. पंजीकृत सफाई कर्मकारों के अध्ययनरत 02 पुत्र/पुत्रियों को विशेष कोचिंग का शुल्क प्रदान किया जावेगा।
2. यदि कोई छात्र/छात्रा अन्य शासकीय विभाग/संस्था की अन्य योजनांतर्गत सहायता प्राप्त कर रहा है जो उसके लिए हितकर/लाभप्रद है तो वह इस योजना के लिए अपात्र होंगे।

देय लाभ :

कक्षा दसवी एवं उससे उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत पुत्र/पुत्री (दो संतानों) को इंजीनियरिंग, चिकित्सा, सीए, एमबीए अथवा अन्य व्यावसायिक शिक्षा में प्रवेश हेतु विशेष कोचिंग हेतु लगने वाला शुल्क मंडल द्वारा देय होगा।

(4) सफाई कर्मकार बाह्य रोगी चिकित्सा सहायता योजना (2015-16 से लागू) :

पात्रता :

1. 18 से 60 वर्ष के पंजीकृत सफाई कर्मकार एवं उनके परिवार के सदस्य (पति/पत्नि, पुत्र एवं पुत्री) जिनका उल्लेख पंजीयन कार्ड में है।
2. शासकीय चिकित्सालय के चिकित्सक द्वारा प्रमाणिक देयक की प्रतिपूर्ति (उन्हीं दवा के देयक जो शासकीय चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं है।) की जावेगी। योजना का लाभ दो संतान तक ही मिलेगा।

देय लाभ :

पंजीकृत सफाई कर्मकार अथवा उनके परिवार के सदस्य को स्वास्थ्य परीक्षण सहायता राशि रुपये 2000 तक चिकित्सा सहायता दवाई क्रय हेतु प्रतिवर्ष प्रदाय की जावेगी।

(5) सफाई कर्मकार के बच्चे हेतु छात्रवृत्ति योजना (2015-16 से लागू) :

पात्रता :

1. पंजीकृत सफाई कर्मकार के कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पीएच.डी. तक अध्ययनरत पुत्र/पुत्रियों को छात्रवृत्ति की पात्रता होगी।

2. यांत्रिकी या चिकित्सा शिक्षा हेतु महाविद्यालय/पॉलिटेक्निक अथवा अन्य पाठ्यक्रम के पश्चात् न्यूनतम 01 वर्ष अध्ययन की अनिवार्यता होगी। 01 वर्ष के बीच सत्र में अध्ययन रोक देने की स्थिति में छात्रवृत्ति की राशि वापस जमा करनी होगी।
3. यदि कोई छात्र/छात्रा अन्य शासकीय विभाग/संस्था की अन्य योजनांतर्गत छात्रवृत्ति राशि प्राप्त कर रहा है जो उसके लिए हितकर/ लाभप्रद है तो वह इस योजना के लिए अपात्र होंगे।

देय लाभ :

रुपये 1000/- से रुपये 15000/- तक पंजीकृत सफाई कर्मकारों के अध्ययनरत 02 पुत्र/पुत्रियों को कक्षावार वार्षिक छात्रवृत्ति एकमुश्त प्रदाय की जायेगी।

(6) सफाई कर्मकार प्रसूति सहायता योजना (2015-16 से लागू) :

पात्रता :

1. पंजीकृत सफाई कर्मकार महिला को योजना का लाभ केवल दो बार प्रसव हेतु देय होगा।
2. सार्वजनिक एवं शासकीय संस्थाओं में नियमित कार्यरत सफाई कर्मकारों की पत्नी अपात्र होगी।

देय लाभ :

पंजीकृत सफाई महिला कर्मकार को गर्भधारण के प्रथम तिमाही (तीसरे माह में) रुपये 5,000/- एवं तृतीय तिमाही (आठवें माह) रुपये 5,000/- प्रसूति लाभ देय होगी।

(7) सफाई कर्मकार हेतु आवश्यक उपकरण सहायता योजना (2015-16 से लागू) :

पात्रता :

1. पंजीकृत सफाई कर्मकार 18 से 60 वर्ष की आयु वाले हितग्राही योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होगे।
2. राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से लाभ प्राप्त कर रहा है तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

देय लाभ :

पंजीकृत हितग्राही को आवश्यक उपकरण गमबूट, दस्ताने, मास्क एवं एप्रेन प्रतिवर्ष रुपये 1000/- तक सामग्री प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है।

(8) सफाई कर्मकार गंभीर बीमारी चिकित्सा सहायता योजना (2018-19 से लागू) :

पात्रता :

1. 18 से 60 वर्ष की आयु के सफाई कर्मकार जो मंडल में कम से कम 90 दिवस पूर्व पंजीकृत हो।
2. राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से लाभ प्राप्त कर रहा है तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

देय लाभ :

पंजीकृत सफाई कर्मकार को किडनी, केंसर, सिकलिंग (सिकलसेल इनीमिया), हृदय रोग, एड्स एवं लकवा रोग के ईलाज हेतु 50000/- रूपये की चिकित्सा सहायता अथवा ईलाज में हुये वास्तविक व्यय जो भी कम हो प्रदाय किया जायेगा।

सफाई कर्मकारों के लिए छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से लाभान्वित श्रमिकों (धमतरी जिले के अंतर्गत) की योजनावार व वर्षवार रिपोर्ट (2015-16 से 2020-21 तक) :

(ग्राफ द्वारा प्रदर्शन) :

स्त्रोत :- कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला : धमतरी (छ.ग)

समस्या :

1. प्रस्तुत शोध अध्ययन में यह समस्या देखने को मिली कि बहुत से श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी ना होने के कारण वे योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।
2. बहुत से असंगठित श्रमिक अशिक्षित होने के कारण श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।
3. बहुत से असंगठित श्रमिकों के बैंक संबंधी दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण वे योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

सफाई कर्मकारों के लिए छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से लाभान्वित श्रमिकों (धमतरी जिले के अंतर्गत) की योजनावार व वर्षवार रिपोर्ट (2015–16 से 2020–21 तक) :–

क्र.	योजना का नाम	2015–16	2016–17	2017–18	2018–19	2019–20	2020–21	योग
1	सफाई कर्मकार कौशल उन्नयन योजना (2015–16 से लागू)	28	–	–	–	–	–	28
2	सफाई कर्मकार पुत्र/पुत्री सायकल सहायता योजना (2015–16 से लागू)	19	8	24	37	–	–	88
3	सफाई कर्मकार के पुत्र/पुत्री हेतु विशेष कोचिंग योजना (2015–16 से लागू)	–	–	–	–	–	–	–
4	सफाई कर्मकार बाह्य रोगी चिकित्सा सहायता योजना (2015–16 से लागू)	–	–	–	–	–	–	–
5	सफाई कर्मकार के बच्चे हेतु छात्रवृत्ति योजना (2015–16 से लागू)	47	117	107	188	160	80	699
6	सफाई कर्मकार प्रसूति सहायता योजना (2015–16 से लागू)	1	7	14	16	17	60	115
7	सफाई कर्मकार हेतु आवश्यक उपकरण सहायता योजना (2015–16 से लागू)	200	37	156	300	–	–	693
8	सफाई कर्मकार गंभीर बीमारी चिकित्सा सहायता योजना (2018–19 से लागू)	–	–	–	–	–	–	–
	योग	295	169	301	541	177	140	1623

{स्त्रोत :– कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला :– धमतरी (छ.ग.)}

(ग्राफ द्वारा प्रदर्शन) :–



{स्त्रोत :– कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला :– धमतरी (छ.ग.)}

4. बहुत से असंगठित श्रमिक अपने श्रमिक कार्ड का समय पर नवीनीकरण नहीं कराने के कारण उनका पंजीयन रद्द हो जा रहा है जिसके कारण वे श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।
5. बहुत से असंगठित श्रमिकों का पंजीयन तो हुआ है लेकिन इसका लाभ किस प्रकार उठाया जाए इसके संबंध में जानकारी नहीं है जिसके कारण वे श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

सुझाव :

1. श्रम विभाग द्वारा समय-समय पर जगह-जगह शिविर लगाकर सफाई कर्मकारों हेतु चलाई जाने वाली योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।
2. जिन कारणों से सफाई कर्मकार श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं उन कारणों का पता लगाकर उनकी समस्याओं को दूर करके श्रम विभाग द्वारा उन्हें योजनाओं का लाभ प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए।
3. जिन कारणों से सफाई कर्मकारों के पंजीयन रद्द हो जा रहे हैं उन कारणों का पता लगाकर उन समस्याओं को दूर करना चाहिए।
4. ऐसी श्रमिक जो अशिक्षित है उनसे मिलकर उन्हें योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करके उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाना चाहिए।
5. सफाई कर्मकारों को बैंक संबंधी दस्तावेजों की भी पूर्ण जानकारी प्रदान की जानी चाहिए ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ सही तरीके से मिल सके।

निष्कर्ष :

प्रस्तुत शोध अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा सफाई कर्मचारियों के लिए अलग-अलग प्रकार की जो योजना चलाई जा रही है उन योजनाओं का सफाई कर्मचारियों के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है प्रस्तुत शोध अध्ययन में छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में पिछले कुछ वर्षो में लाभान्वित सफाई कर्मकारों की योजनावार वार्षिक रिपोर्ट (2015-16 से 2020-21 तक) प्रस्तुत किया गया है जिसमें देखा गया कि कुल = 1623 सफाई कर्मकारों ने छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ उठाया है जिसमें से 28 श्रमिकों ने सफाई कर्मकार कौशल उन्नयन योजना (2015-16 से लागू) का लाभ

उठाया है, 88 श्रमिकों ने सफाई कर्मकार पुत्र/पुत्री सायकल सहायता योजना (2015-16 से लागू) का लाभ उठाया है, 699 श्रमिकों ने सफाई कर्मकार के बच्चे हेतु छात्रवृत्ति योजना (2015-16 से लागू) का लाभ उठाया है, 115 श्रमिकों ने सफाई कर्मकार प्रसूति सहायता योजना (2015-16 से लागू) का लाभ उठाया है, एवं 693 श्रमिकों ने सफाई कर्मकार हेतु आवश्यक उपकरण सहायता योजना (2015-16 से लागू) का लाभ उठाया है जिससे इन सफाई कर्मकारों का आर्थिक विकास हुआ है इस प्रकार सफाई कर्मकारों के विकास में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है तथा यह भी कहा जा सकता है कि श्रम विभाग की योजनाओं से सफाई कर्मकारों का विकास संभव है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :

1. मेमन, इ., – टाण्डेकर, ड. क. (2022). असंगठित श्रमिकों में ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिकों के आर्थिक विकास में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के योगदान का अध्ययन स्वदेशी रिसर्च फाउंडेशन एंड पब्लिकेशन जबलपुर (मध्यप्रदेश), 144-148.
2. कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला : धमतरी (छ.ग)
3. श्रम विभाग की प्रकाशित पुस्तिका
4. http://cglabour.nic.in/
5. http://labour.gov.in/

इमरान मेमन
शोधार्थी
वाणिज्य विभाग,
शासकीय दिग्विजय स्वशासी
स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय
जिला : राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)
bcsimran96@gmail.com
मोबाइल 7049570320

डॉ. के. एल. टाण्डेकर
सह-लेखक
(शोध निर्देशक)
प्राचार्य,
शासकीय दिग्विजय स्वशासी
स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय
जिला : राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

शोधार्थी के पत्र-व्यवहार का पता :
इमरान मेमन
राम सागर पारा रिसाई माता मंदिर के पास
धमतरी छत्तीसगढ़ (पिनकोड-493773)

मोहनदास करमचंद गांधी से महात्मा गांधी तक की यात्रा

• डॉ. अनिल कुमार मिश्र

''परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'' पंक्ति भारतीय संस्कृति के मानवतावादी दृष्टिकोण का निचोड़ है। संपूर्ण भारतीय वाङ्मय जन कल्याण को समर्पित ऋषियों के आख्याानों से भरा पड़ा है। यह परंपरा ऋषियों के बाद बुद्ध, महावीर, नानक, कबीर, आदि से होती हुई आधुनिक युग में मानवता के सबसे बड़े पुजारी, संरक्षक महात्मा गांधी तक पहुँचती है। मध्यकालीन भक्त कवि नरसी मेहता का पद ''वैष्णव जन को तैने जे कहिए जे पीड़ पराई जाने रे''—परपीड़ा के प्रति गहन संवेदना के कारण गांधीजी को सर्वप्रिय थी। 'पराई पीर' के प्रति इसी गहरी संवेदना ने उन्हें मोहनदास करमचंद गांधी से 'महात्मा गांधी' में रूपांतरित कर दिया। व्यक्तित्व-रूपांतरण की इस प्रक्रिया में उनके पारिवारिक परिवेश की भी महती भूमिका रही। इसके लिए हमें गांधीजी के जीवन को बाल्यकाल से खंगालना पड़ेगा।

मोहनदास करमचंद गांधी का जन्म दो अक्टूबर, 1869 ई. को वर्तमान गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था। पुतलीबाई और करमचंद इनके माता-पिता थे। पिता करमचंद रियासत के दीवान तो माता गृहणी, परंतु परम धार्मिक महिला थीं। माता की अस्तिकता के प्रभाव से परिवार में भोजन की सात्विकता और आचरण की पवित्रता पर विशेष ध्यान दिया जाता था। इसका प्रभाव गांधीजी के जीवन पर भी पड़ा, जो आजीवन रहा। 'बैरिस्टरी की पढ़ाई हेतु ब्रिटेन जाते समय उनकी माता जी—'गांधी सदाचारी बने रहेंगे' को लेकर सशंकित थीं। उनकी इस समस्या का हल उनके पारिवारिक शुभचिंतक और परामर्शदाता जैन साधु बेचर जी ने निकाला। उन्होंने बालक मोहनदास को सदाचारी रहने की शपथ दिलवाई। उसी समय गांधीजी ने अपने जीवन की तीन

महत्त्वपूर्ण प्रतिज्ञाएं कीं-'मांस और मदिरा नहीं छूएंगे, परस्त्री-गमन नहीं करेंगे।'[1] माँ मान गईं, उनके बैरिस्टर बनने का मार्ग खुल गया।

बैरिस्टरी की परीक्षा पास करने के उपरांत सन् 1891 ई. में गांधीजी वापस भारत आए और राजकोट तथा बंबई में वकालत करने लगे, परंतु असफलता ही हाथ लगी। इसी बीच संघर्षरत मोहनदास को पोरबंदर के व्यापारी दादा अब्दुल्ला के फर्म का वकील बनकर दक्षिण अफ्रीका जाने का आमंत्रण मिला। इस आमंत्रण को उन्होंने धनार्जन व ज्ञानार्जन के एक अवसर के रूप में देखा और दक्षिण अफ्रीका चले गए।[2] वास्तव में यही अवसर उनके मोहनदास करमचंद गांधी से उनके 'महात्मा गांधी' और 'राष्ट्रपिता' के रूप में रूपांतरण का बीज-बिंदु बना।

दक्षिण अफ्रीका पहुँचकर अपने मुवक्किल दादा अब्दुल्ला से मिलकर मोहनदास मुकदमे की पैरवी हेतु डरबन से ट्रेन द्वारा प्रिटोरिया रवाना हुए। उनकी इसी यात्रा के साथ मोहनदास करमचंद से 'महात्मा गांधी' की रूपांतरण-यात्रा भी प्रारम्भ हो जाती है। इस यात्रा ने गांधीजी का मनुष्य की सबसे घृणित सोच और व्यवहार-'रंगभेद और गुलामी' से परिचय कराया।

ट्रेन का प्रथम श्रेणी का टिकट होने के बावजूद गोरों द्वारा ट्रांसवाल की राजधानी मेरिट्सवर्ग में उनके विपरीत देह रंग-'काला' होने के कारण गांधीजी को जबरन ट्रेन से उतार दिया गया। अंग्रेजों जैसी योग्यता, वेशभूषा होने के बावजूद उनके उपनिवेश भारत का नागरिक होने किन्तु उनके विपरीत रंग अर्थात् काला होने के लिए हुआ यह अपमान गांधी के मानस में चुभ गया। मेरिट्सवर्ग की कड़ाके की ठंड भरी रात और गोरों के बर्बर, अमानवीय व्यवहार से उनके हृदय में मानवता के प्रति अन्याय करने वालों के विरुद्ध संघर्ष का अंकुर फूट पड़ा। उनके मन में दक्षिण अफ्रीका के भारतीय गिरमिटिया समुदाय को उनके शोषण और अपमान के प्रति जागरूक करने का संकल्प उदित हो गया।[3] यहाँ उन्हें यह अनुभव हो चुका था—परतंत्रता सभी अमानवीय कृत्यों की जननी होती है, वह मानवता का गला घोंटती है। परतंत्र व्यक्ति की कोई श्रेष्ठता, कोई विद्वता और कोई अधिकार नहीं होता। अपने कार्य को संपादित कर लेने के बाद उन्होंने प्रिटोरिया में भारतीयों की एक सभा बुलाई। मानव-मुक्ति-यज्ञ के क्रम में उनकी यह पहली सभा थी। जिसमें उन्होंने भारतीय हिन्दुओं और मुसलमानों के सम्मुख विचार व्यक्त करते हुए चार बातों पर जोर दिया—''व्यापार में भी सत्य बोलो, सफाई से रहने की आदत डालो, जाति-पांति भूल जाओ, धार्मिक भेदभाव भूल

जाओ और अंग्रेजी सीखो।''[4] गांधीजी के ये वक्तव्य वास्तव में भविष्य में उनके द्वारा संचालित किए जाने वाले मानव-मुक्ति-आंदोलन के दर्शन-सूत्र की ही अभिव्यक्ति थे।

गांधीजी को यह अहसास हो चुका था मनुष्य की उन्नति उसकी आत्मिक और चारित्रिक उन्नति तथा सामाजिक एकता के बिना संभव नहीं है। उनको यह भी ज्ञात हो चुका था कि मानव से मानव के भेद की प्रवृत्ति ही मानवता की दुश्मन है। इस भेद-प्रवृति के विकास के अनेक कारण हैं—आर्थिक, धार्मिक, प्रजातीय और राजनैतिक आदि। व्यक्ति की अर्थलिप्सा उसे शोषण के मार्ग पर अग्रसर करती है। धार्मिक श्रेष्ठता और नस्लीय श्रेष्ठता की मनोवृत्ति दूसरे धर्मों और नस्लों के प्रति हेय दृष्टि का विकास करती है। नस्लीय श्रेष्ठता का नशा व्यक्ति को मानवता के सबसे बड़े शत्रु के रूप में परिवर्तित कर देता है। अंग्रेजों ने, जिनके शासन में कभी सूर्य अस्त नहीं होता था, अपने उपनिवेशों के गैर ब्रिटिश नागरिकों से स्वयं को श्रेष्ठ मानकर सदैव उनसे घृणित व्यवहार किया। जिसकी अनुभूति स्वयं गांधीजी को दक्षिण अफ्रीका में हो चुकी थी।[5] गांधीजी ने मानवभेद की इस अमानवीय, वैश्विक परिपाटी के खिलाफ संघर्ष प्रारम्भ कर दिया। उन्होंने यह अनुभव कर लिया था कि सभी जटिल बुराइयों का पोषण राजनैतिक, धार्मिक व सामाजिक व्यवस्थाओं द्वारा होता है। अतः उन्होंने मानव-कल्याण इन सभी व्यवस्थाओं के खिलाफ संघर्ष का विगुल बजा दिया।

इसका प्रारम्भ उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में ही कर दिया। कार्य समाप्ति के पश्चात् आयोजित अपने विदाई समारोह में 'नेटाल मर्करी' पत्र से गांधीजी को दक्षिण अफ्रीका की नेटाल सरकार के उस काले कानून का, जिसमें नेटाल विधानमंडल के सदस्यों के चयन में भारत वंशियों के मताधिकार को निरस्त करने का प्रावधान था, की सूचना मिली। अपने उद्बोधन में गांधीजी ने सभी से इस कानून का कड़ा विरोध करने की सलाह दी, परंतु गुलामी की जंजीरों में जकड़ा, मृतप्राय, आत्मविश्वास-रहित गिरमिटिया समुदाय उनके बिना इस विरोध में स्वयं को असमर्थ पा रहा था। सभा में आये सभी लोगों ने एक स्वर से इस विरोध-आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए गांधीजी से आग्रह किया। गांधीजी ने इसे स्वीकार कर लिया।[6] इस स्वीकृति के साथ मोहनदास करमचंद गांधी ने 'महात्मा गांधी' की रूपांतरण-यात्रा पर प्रथम कदम रख दिया। दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के मौलिक अधिकारों के लिए उनका संघर्ष भारत आकर स्वाधीनता आंदोलन से जुड़कर और वृहत्तर हो गया। जिसके मूल में मानव-कल्याण निहित था। गांधी ''पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं'' की धारणा के पोषक थे, तभी तो

स्वाधीनता आंदोलन के चरम पर कई बार उन्होंने अराजकता की स्थिति में भी अंग्रेजों से भारत छोड़ने की बात कही।[7]

सत्य के प्रति गांधीजी की अटूट आस्था थी। उनका मानना था— 'सत्यनिष्ठा' अदम्य साहस से ही संभव है। अपनी गलतियों को समाज के सम्मुख अनावृत करना बहुत ही कठिन है। गांधीजी के व्यक्तित्व में साहस कूट-कूट कर भरा था। इसी कारण वे यावत्जीवन सत्यनिष्ठ रहे। उनके सत्य-व्रत पालन की अनेक झलकियाँ उनकी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' में उपलब्ध हैं। जहाँ उन्होंने अपनी चारित्रिक दुर्बलताओं को भी उजागर किया है। जैसे— ''जिज्ञासावश एवं अनुभव हेतु मांस-भक्षण[8], सिगरेट पान[9], वेश्यालय जाने का[10], सिगरेट हेतु नौकर के पैसे चुराने का[11], मरणासन्न पिता की सेवा पर पत्नी-संसर्ग को वरीयता देना।''[12], आदि अनेक प्रसंग उनकी आत्मकथा में भरे पड़े हैं। सत्य के प्रति उनकी यह आसक्ति ''सत्य को ही भगवान मानने की उनकी धारणा'' का परिणाम है।[13] इसी सत्यनिष्ठता और अदम्य साहस के बल पर वे मानवोत्थान की लड़ाई लड़ सके।

गांधीजी के जीवन-दर्शन का दूसरा महत्त्वपूर्ण बिंदु 'अहिंसा' है। सनातन भारतीय संस्कृति के मूल में ''अहिंसा परमो धर्मः''[14] का सिद्धांत निहित है। बुद्ध, महावीर सभी ने मानव व सृष्टि के कल्याण के लिए अहिंसा के सिद्धांत को पोषित किया। अहिंसा के व्रत पालन में सृष्टि और मानवता के प्रति मनसा-वाचा-कर्मणा स्नेह का आशय छिपा है। गांधीजी के सभी आंदोलनों की मूल आत्मा ''अहिंसा'' ही थी। वे अहिंसा को वीरों का शस्त्र बताते थे, कायरों का नहीं। वे कायरता और अहिंसा में भेद करते थे। गांधीजी लिखते हैं—''मैं मानता हूँ जहाँ कायरता और हिंसा में से किसी एक को चुनना हो तो मैं हिंसा के पक्ष में राय दूँगा।[15]'' उनके अनुसार—''अहिंसा व्यक्ति के आत्मोथान का वह चरण है, जिसमें वह संपूर्ण मानवता व सृष्टि के लिए संवेदित हो उठता है।'' वे कहते थे—''मरने के लिए मेरे पास बहुत से कारण हैं, किंतु मेरे पास किसी को मारने का कोई कारण नहीं है।''[16] अहिंसा को गांधीजी समस्त सामाजिक वैमनस्य की दवा मानते थे। इसकी ताकत पर उन्हें अटूट भरोसा था। तभी तो वे इसे परमाणु बम से भी अपराजित मानते थे—''किसी ऐसे देश अथवा समूह, जिसने अहिंसा को अपनी अंतिम नीति बना लिया है, उसे परमाणु बम भी अपना दास नहीं बना सकता।'' आज के वैश्विक परिवेश में जहाँ तृतीय विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी, परमाणु अस्त्रों के विध्वंसक क्षमता से भयाक्रांत दुनिया में गांधी के

सिद्धांतों को प्रायोगिक तौर पर परखने की आवश्यकता है, परंतु उसके लिए गांधी के जैसा अटूट विश्वास और अदम्य साहस अपेक्षित है।

गांधीजी राष्ट्रीय और सामाजिक उन्नति का मार्ग व्यक्ति की आत्मिक उन्नति से होकर जाते देखते थे। जनसाधारण को इसके लिए प्रेरित करने हेतु उन्होंने स्वयं को भारतीय ऋषियों की आत्मनिग्रह-परम्परा में साधा। इसके लिए उन्होंने कुछ व्रतों का संकल्प लिया। ये हैं—''शाकाहार, ब्रह्मचर्य और सादगी।'' शाकाहार तो उनका पारिवारिक-परिवेश प्रदत्त गुण था, परंतु उन्होंने इसे अपने जीवन में स्वानुभवों के बाद ही पूर्णतया स्थायी बनाया। जिसे प्रगाढ़ किया साल्ट की पुस्तक 'अन्नाहार की हिमायत' (Plea for Vegetarianism) ने। वे लिखते हैं—''सॉल्ट की किताब पढ़ी। मुझ पर अच्छा असर पड़ा। यह पुस्तक पढ़ने के बाद मैं स्वेच्छा से अर्थात् विचारपूर्वक अन्नाहार (शाकाहार) का कायल हुआ। माता से की हुई प्रतिज्ञा अब मेरे लिए विशेष आनंददायक हो गई....अब स्वयं अन्नाहारी रह कर दूसरों हो भी वैसा बनाने का लोभ उत्पन्न हुआ।''[17] एच. एस. सॉल्ट की यह पुस्तक उन्हें लंदन के एक वेजिटेरियन रेस्तरां में मिली थी। गांधीजी ने शाकाहार के सर्मथन में लेखन भी किया। इनके ये लेख लंदन के वेजिटेरियन सोसाइटी के प्रकाशन 'द वेजिटेरियन' में छपे। गांधीजी ने शाकाहार का सर्मथन आर्थिक दृष्टिकोण से भी किया। उनका मानना था कि शाकाहार शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति तो करता ही है, साथ मांसाहार की तुलना में सस्ता होने के कारण आर्थिक बचत भी करता है। अर्थात् गांधीजी का शाकाहार के प्रति झुकाव परम्परा और व्यावहारिक दोनों दृष्टि से संगत रहा।[18]

गांधीजी के जीवन का दूसरा महत्त्वपूर्ण व्रत-ब्रह्मचर्य रहा। इसके पीछे मुख्यतया दो बातें थीं—पहली, माता को दिया गया वचन—जिसमें विदेश में पढ़ाई के समय परस्त्री से दूरी रखना था।[19], इस वचन ने इस अवधि में गांधी के सामने सदैव परकोटे का काम किया। अपनी आत्मकथा में गांधीजी ने इस बात का उल्लेख किया है।[20] उनके ब्रह्मचर्य-व्रत पालन के पीछे दूसरा और प्रमुख कारण—उनके जीवन में घटी एक घटना और उसका पश्चाताप था। जब वे सोलह वर्ष के थे, तब उनके पिता की तबियत बहुत खराब थी। पिता की बीमारी के समय वे हमेशा उनके पास उपस्थित रहते थे, क्यों कि अपने माता-पिता के प्रति उनका समर्पण असीम था। एक दिन उनके चाचा जी आ गए उनकी उपस्थिति में पिता की देखभाल चाचा जी पर छोड़कर, चाचा के सो जाने के बाद वे रात में पत्नी पास के शयनकक्ष में चले गए। पत्नी-सानिध्य प्राप्त किया ही था कि नौकर से पिता के मृत्यु की सूचना मिली। इस घटना ने उन्हें झकझोर

 ISSN 2278-4632

दिया, उनका अन्तर्मन गहरे अपराध-बोध से भर गया। अपनी इस दुर्बलता के लिए उन्होंने स्वयं को कभी माफ नहीं किया। वे लिखते हैं—''अपनी जिस शर्म का संकेत मैंने पिछले प्रकरण में किया है वह यही है—सेवा के समय भी विषय की इच्छा। इस काले धब्बे को मैं आज तक धो न सका, भूल न सका और सदा यह मानता रहा हूँ कि माता-पिता के प्रति मेरी भक्ति असीम थी, उसके लिए मैं सब कुछ छोड़ सकता था, पर उस सेवा के समय भी मेरा मन विषय को नहीं छोड़ सका था। यह उस सेवा में अक्षम्य त्रुटि थी।[21] उनके इस महाव्रत में उनकी पत्नी कस्तूरबा गांधी का भी सर्मथन था। वे लिखते हैं—''व्रत लेने के समय मैंने धर्मपत्नी से सलाह नहीं की थी, पर लेते समय की। उसकी ओर से कोई विरोध नहीं हुआ।''[22] गांधीजी ब्रह्मचर्य को मन की गांठें कसने वाला महाव्रत मानते थे।[23] उन्होंने ब्रह्मचर्य के संपूर्ण पालन का अर्थ 'ब्रह्मदर्शन' बताया। वे इसे ईश्वर के समीप आने और स्वयं को पहचानने का प्राथमिक आधार मानते थे। उनके लिए ब्रह्मचर्य का तात्पर्य था—''इन्द्रियों के अन्तर्गत विचारों, शब्द एवं कर्म पर नियंत्रण।''[24]

इस आत्मनियंत्रण शक्ति के बल पर वे अपने जीवन में मितव्ययिता और सादगी से रह सके। और न्यूनतम साधनों के साथ जनसेवा को समर्पित हो सके। उनका चरखा और खादी इस बात का उदाहरण हैं। खादी वस्त्र से स्वावलंबन और सादगी का प्रतीक बन गया। कीमती जूतों, वस्त्रों और पगड़ी से सज्जित मोहनदास का जब अपने देश की नंगी, वस्त्र-विहीन जनता से सामना हुआ तो उन्हें ये वस्त्र चुभने लगे, उन्होंने देश के प्रत्येक व्यक्ति को वस्त्र न उपलब्ध होने तक एक ही धोती में आधी पहनने और आधी ओढ़ने का विराट संकल्प लिया।[25] गांधी की मितव्ययिता और सादगी के अनेक किस्से मशहूर हैं—वे ब्रिटेन गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने लिए आधी धोती और चप्पल पहन कर गये थे। बाद में किसी पत्रकार ने उनसे पूछा कि बर्मिंघम पैलेस में इस पोशाक में जाना उचित था क्या? तब गांधीजी ने जवाब दिया—''बादशाह इतने कपड़े पहने हुए थे कि हम दोनों के लिए काफी थे।''[26] उनके सयंम और बचत से जुड़ी एक दूसरी घटना-एकबार एक मारवाड़ी उनसे मिलने आये। गांधीजी को बिना टोपी के देखकर उन्होंने गांधीजी से कहा—'बाहर लोग आपके नाम पर 'गांधी टोपी' पहनते हैं, पर आप तो टोपी पहनते ही नहीं।' गांधीजी ने उनके सिर पर बंधी पगड़ी देखकर कहा—''आपने इतनी बड़ी पगड़ी पहनी है, जिसमें बीस टोपियाँ बन सकती हैं, आपकी पगड़ी में लगे उन्नीस टोपियों के कपड़ों की भरपाई के लिए मुझे नंगे सिर रहना पड़ता है।''[27]

भारतीय सभ्यता और संस्कृति के कलंक छुआछूत को गांधीजी ने अस्वीकार करते हुए 'अस्पृश्यता को ईश्वर के प्रति अपराध' कहा। दलित समाज के इस अमानवीय बहिष्कार से वे इतने व्यथित थे कि उन्होंने घोषणा की—''यदि मेरे सामने यह सिद्ध हो जाए कि अस्पृश्यता हिंदू धर्म का आवश्यक अंग है, तो मैं अपने को ऐसे धर्म के प्रति विद्रोही घोषित कर दूँगा।'' गांधी इस सामाजिक कुष्ठ के उपचारार्थ मनसा-वाचा-कर्मणा जुट गए। अपना सर्वस्व इसके उन्मूलन में दाँव पर लगा दिया। जिसका प्रमाण है—अस्पृश्य दानी बहन और उनके परिवार को साबरमती आश्रम में रखकर, उनको सबके समान भोजन-पान में सहभागी बनाया। एक अछूत कन्या लक्ष्मी को अपनी पुत्री बनाया। उनका मानना था—'अस्पृश्यता कभी भी प्रारम्भिक हिंदू धर्म का अंग नहीं रही।' अस्पृश्यों को सम्मान देने के लिए उनको 'हरिजन' नाम दिया। उनके दुखों और संताप की अनुभूति के लिए अछूत के रूप में पुनर्जन्म की इच्छा व्यक्त की। साथ ही, इस इच्छापूर्ति से पहले अस्पृश्यता की अनुभूति हेतु इसी जन्म में अस्पृश्य की भाँति रहने लगे। अछूतों की पवित्रता प्रदर्शित करने के लिए, उनके कर्म की शुचिता सिद्ध करने के लिए साबरमती आश्रम में मैला उठाने और शौचालय की सफाई जैसे कार्य स्वयं करने लगे। परिणाम यह हुआ कि उनके संगी-साथी सब साथ हो गए। अब अछूत कोई भी नहीं रहा, क्यों कि बिना छूत-छात के विचार से हर कोई अछूत का काम कर रहा था।[29] गांधीजी स्वराज के लिए दलित-मुक्ति आवश्यक मानते थे। इसके समर्थन में उन्होंने 25 मई, 1921 के यंग इंडिया पत्र में लिखा—'' यदि हम भारत के पाँचवें अंग को सतत् गुलामी में रखते हैं, तो स्वराज्य अर्थहीन है।'' उनके प्रयास से, दबाव से, मंदिरों और कुओं को दलितों के लिए खोल दिया गया। देश भर में सुधार और प्रायश्चित की लहर चल पड़ी। उनके उपवास एवं दबाव से यद्यपि अस्पृश्यता नहीं मिटी परंतु इसके बाद सार्वजनिक रूप से अस्पृश्यता का समर्थन क्षीण होता गया।[30]

मानव के सभी शोषण और गुलामी से मुक्ति के लिए वे शिक्षा को एक सशक्त हथियार मानते थे। गांधीजी देश के प्रत्येक नागरिक के लिए उसकी मातृभाषा में शिक्षा उसका मौलिक अधिकार मानते थे। क्यों कि उनका मानना था कि अपनी मातृभाषा में व्यक्ति अधिक रुचि और सहजता से शिक्षा ग्रहण कर सकता है। वे शिक्षा को मानव के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम मानते थे। इसीलिए वर्धा योजना में बच्चों के लिए सात वर्षों की शिक्षा को नि:शुल्क

और अनिवार्य किए जाने पर बल दिया था। गांधीजी ज्ञान आधारित शिक्षा के स्थान पर आचरण आधारित शिक्षा के समर्थक थे। उनका मानना था कि शिक्षा-प्रणाली ऐसी होनी चाहिए जो व्यक्ति को अच्छे-बुरे का ज्ञान प्रदान कर उसे नैतिक बनने के लिए प्रेरित करे।

गांधीजी के शिक्षा-दर्शन में स्वावलंबन पर विशेष बल है। उनका स्पष्ट मानना था कि शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जो शिक्षा के साथ-साथ कौशल को भी बढ़ावा दे, ताकि व्यक्ति लघु और कुटीर उद्योगों के माध्यम से स्वावलंबी बन सके।[31] वर्तमान एन.ई.पी. 2020 में छात्रों के 'स्किल-डेवलपमेंट' की बातें हो रही हैं, जिससे व्यक्ति शिक्षा के साथ-साथ रोजगार का प्रशिक्षण भी पा सके। नई शिक्षा नीति 2020 का यह बिंदु गांधी के शिक्षा-दर्शन से प्ररित है।

इस प्रकार हम देखते हैं गांधीजी के कार्य व दर्शन का केन्द्रीय बिंदु मानव-कल्याण था। वर्तमान में हम यद्यपि उनके कार्यों-सिद्धांतों की आलोचना कर सकते हैं परंतु मानव-कल्याण और मानवता के संरक्षण के संदर्भ में उनके कार्यों-सिद्धांतों से सहमत हुए बिना भी नहीं रह सकते। गांधीजी मानव-कल्याणार्थ अपने व्रतों-उपवासों, संकल्पों-नियमों तथा संयम से ऊर्जा संचित करके पुनः 'पराई पीर' हरने उठ खड़े होते थे। मानव-कल्याण और आपसी सामाजिक सौहार्द्र उनके राष्ट्र-निर्माण-दर्शन की कुंजी थे। इसीलिए राष्ट्र-निर्माण के प्रति उनके समर्पण को स्वीकारते हुए उनके धुर विरोधी नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 6 जुलाई, 1944 को रंगून रेडियो से प्रसारित अपने उद्‌बोधन में उन्हें 'राष्ट्रपिता' की उपाधि से संबोधित किया। उनके मानवतावादी दर्शन-चिंतन को उनको मिली 'महात्मा' की उपाधि प्रमाणित करती है, जो क्रमशः तत्कालीन तीन विद्वानों-वैद्य जीवराम कालीदास, स्वामी श्रद्धानंद एवं गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा प्रदान की गई। जो उनके मानवतावादी दृष्टिकोण के लिए अप्रतिम पुरस्कार एवं उनके महत् कार्यों का सच्चा स्तवन है।[32]

आज जब संपूर्ण विश्व रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन-ताइवान विवाद के चलते तृतीय विश्व युद्ध की आहट महसूस कर रहा है, परमाणु हमले की आशंका में पल-पल घुट रहा है, सामान्य मनुष्य वैश्विक महाशक्तियों के व्यापारिक एवं क्षेत्र विस्तार की दानवी भूख का शिकार हो रहा है, ऐसे में गांधीजी के दर्शन और विचार अति प्रासंगिक हैं। वैश्विक नेतृत्व को गांधीजी के विचारों को पढ़ने की, जीवन में उतारने की आवश्यकता है, जिससे उनकी वैचारिक अपंगता दूर हो सके, फिर से मानव-कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता पा सके।

संदर्भ :

1. गांधी की कहानी–लुई फिशर, प्रकाशक–सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001, संस्करण–2017, पृष्ठ 19-20
2. वही, पृष्ठ-21
3. वही, पृष्ठ-22
4. वही, पृष्ठ-22
5. वही, पृष्ठ- 21, 22
6. वही, पृष्ठ-22
7. आजादी आधी रात को–डोमिनीक लापिएर, लैरी कालिन्स, हिंद पाकेट बुक्स-ए पेंगुइन रैंडम हाउस कंपनी-डी.एल.एफ. साइबर सिटी गुड़गांव, हरियाणा, भारत पृष्ठ-153
8. सत्य के प्रयोग–महात्मा गांधी, प्रकाशक–सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001, संस्करण-2017, पृष्ठ-23
9. वही, पृष्ठ- 25
10. वही, पृष्ठ- 24
11. वही, पृष्ठ- 26
12. वही, पृष्ठ- 28
13. वही, पृष्ठ- 99
14. महाभारत-वन पर्व
15. https://hi.m.wikipedia.org सांचा : गांधी के सिद्धांत–विकिपीडिया, 20। 03। 2022
16. https://hi.m.wikipedia.org सांचा : गांधी के सिद्धांत–विकिपीडिया, 20। 03। 2022
17. सत्य के प्रयोग–महात्मा गांधी, प्रकाशक–सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001, संस्करण-2017, पृष्ठ-40
18. https://hi.m.wikipedia.org सांचा : गांधी के सिद्धांत–विकिपीडिया, 21। 03। 2022
19. गांधी की कहानी–लुई फिशर, प्रकाशक–सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001, संस्करण-2017, पृष्ठ-20
20. वही, पृष्ठ-55
21. सत्य के प्रयोग-महात्मा गांधी, प्रकाशक–सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001, संस्करण–2017, पृष्ठ-28

22. वही, पृष्ठ-139
23. हिंद स्वराज-महात्मा गांधी, प्रकाशक–सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001, संस्करण–2010, पृष्ठ-76
24. सत्य के प्रयोग–महात्मा गांधी, प्रकाशक–सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001, संस्करण–2017, पृष्ठ-140
25. www-newstrack.com, 15/04/22
26. गांधी की कहानी–लुई फिशर, प्रकाशक-सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001, संस्करण–2017, पृष्ठ-92
27. https://hindi.webdunia.com>gandhi 15/04/22
28. गांधी की कहानी–लुई फिशर, प्रकाशक-सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001, संस्करण–2017, पृष्ठ-53
29. वही, पृष्ठ–52
30. वही, पृष्ठ–113, 114
31. www.drishtiias.com, 17/04/2022
32. https://hi.m.wikipedia.org, 17/04/2022

डॉ. अनिल कुमार मिश्र
अध्यक्ष
हिंदी विभाग
बाबा बरुआदास पी.जी. कॉलेज परुइय्या आश्रम,
अम्बेडकरनगर (उ.प्र.) पिन-224159
मो.न.-8687025322, 7985659562
email-dramishra74@gmail.com

❑❑❑

एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा का एक अध्ययन

(समस्तीपुर जिला के जगमोहरा पंचायत के संदर्भ में)

डॉ. प्रगति • सोनी कुमारी सिंह

सार (Abstract) एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) योजना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित एक केन्द्र प्रायोजित योजना है, इस योजना की शुरूआत 2 अक्टूबर, 1975 को पूरे भारत में बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य, पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हुई। इस शोध अध्ययन का उद्देश्य एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों की पोषण स्थिति का आंकलन और एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक करना। साहित्य का पुनरावलोकन में हरपालानी (2021) प्रसार शिक्षा पष्टम संस्करण में निष्कर्ष के रूप में कही है कि एकीकृत बाल विकास योजना एक अनूठी योजना है जो भारत ने अपने बच्चों को उपहार स्वरूप दी है, इस आधार पर शोध परिकल्पना के अनुसार एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों की पोषण स्थिति अच्छी है और एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक है। इस शोध अध्ययन में वर्णानात्मक शोध डिजाइन के आधार पर उद्देश्यपूर्ण प्रतिदर्श के द्वारा साक्षात्कार-अनुसूची में 200 उत्तरदाताओं का डाटा संग्रह करके निष्कर्ष के तौर पर यह देखने को मिला कि यह अपनी बेहतरीन और आगे सुधार के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार के प्रयास कर रही है। इस शोध अध्ययन के आधार पर यह अनुशंसाएँ की जा सकती है कि नई शिक्षा नीति-2020 के अनुसार नियंत्रण प्रणाली पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है

मुख्य शब्दः- आइसीडीएस, आँगनवाड़ी, बच्चों।

परिचय (Introduction) : एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) दुनिया में माँ और बच्चे के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और उनके विकास के लिए सबसे बड़ा राष्ट्रीय कार्यक्रम है। लाभार्थियों में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताएँ और 15-44 वर्ष की आयु की अन्य महिलाएं शामिल हैं। आईसीडीएस योजना द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के पैकेज में पूरक पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच, रेफरल सेवाएं, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा शामिल है। आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया और विटामिन A की कमी से होने वाले जीरोफथाल्मिया को रोकने के लिए क्रमशः आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां और विटामिन A की मेंगाडोज का वितरण भी किया जाता है।

एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) योजना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित एक केन्द्र प्रयोजित योजना है। इस योजना की शुरूआत 2 अक्टूबर, 1975 को पूरे भारत में बच्चों , गर्भवती महिलाओं तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य, पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हुई

- **एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) योजना के तहत लाभार्थि हैं :**

1. 6 वर्ष की आयु तक के बच्चे।
2. गर्भवती महिलाएँ
3. स्तनपान कराने वाली (लैक्टेटिंग) महिलाएँ

- **एकीकृत बाल विकास सेवा आईसीडीएस योजना के उद्देश्य :**

1. 0-6 वर्ष के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करना।
2. बच्चे के उचित मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक विकास की नींव रखना।
3. मृत्युदर, बीमारी, कुपोषण, स्कूल नही जाने वाले बच्चों की संख्या में कमी लाना और स्कूल छोड़ने की घटनाओं को कम करना।
4. बाल विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विभागों के बीच नीति और कार्यान्वयन का प्रभावी समन्वय स्थापित करना।
5. माता में उचित पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से बच्चों के

सामान्य स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं की देखभाल करने की क्षमता बढ़ाना।

6. किशोर लड़कियों को सुविधा प्रदान करना और उन्हें शिक्षित और सशक्त बनाना ताकि वे आत्मनिर्भर एवं जागरूक नागरिक बन सकें।

- **एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाएँ :**

1. अनुपूरक पोषण (Supplementary Nutrition)
2. विद्यालय जाने से पूर्व अनौपचारिक शिक्षा (Pre-School Non-Formal Education)
3. पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा
4. प्रतिरक्षण (Immunization)
5. हेल्थ चेक-अप
6. परामर्श सेवाएँ

एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) योजना का दूसरा नाम आँगनवाड़ी कार्यक्रम भी है, क्योंकि स्थानीय आँगनवाड़ी आईसीडीएस की आधारशिला है, इसलिए आईसीडीएस सेवाएं आँगनवाड़ी केन्द्रों के विशाल नेटवर्क द्वारा प्रदान की जाती हैं जिन्हें आम तौर पर आँगनवाड़ी कहा जाता है। जैसा कि नाम से स्पष्ट है आँगनवाड़ी वह केन्द्र है जिसमें आंगन हो।

आँगनवाड़ी केन्द्र का संचालन वेतनभोगी आँगनवाड़ी कार्यकर्ता करती है और आँगनवाड़ी सहायिका उसकी सहायता के लिए होती है आँगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना के लिए सामान्य दिशा निर्देश जनसंख्या मानकों पर आधारित हैं। आमतौर पर ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में 400-800 जनसंख्या पर एक आँगनवाड़ी केन्द्र खोला जा सकता हैं जनजातीय पहाड़ी क्षेत्रों में 300-800 की जनसंख्या पर एक आँगनवाड़ी केन्द्र स्थापित किया जा सकता है। दूरदराज और कम आबादी वाले क्षेत्र में लघु आँगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना के लिए भी प्रावधान है। ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में 150-400 की जनसंख्या पर एक लघु आँगनवाड़ी केन्द्र खोला जा सकता है। लघु आँगनवाड़ी केन्द्रों को केवल आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ता ही संभालते हैं और वहाँ आँगनवाड़ी सहायक का कोई पद नहीं होता। निपसिड (NIPCCD) इस योजना के संचालन में पूर-पूरा सहयोग कर रहा है।

- **एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) के तहत मुख्य 6 योजनाएँ :**

1. आँगनवाड़ी सेवा योजना।
2. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना।
3. राष्ट्रीय क्रेच (शिशुगृह) योजना।
4. किशोरियों के लिये योजना।
5. बाल संरक्षण योजना।
6. पोषण अभियान।

कुमारी (2002) ने अपने पी. एच. डी. शोध, मातृत्व एवं बाल विकास परियोजना का गृहिणी के जीवन पर प्रभाव : दरभंगा नगर के संदर्भ में अध्ययन में निष्कर्ष निकाली कि ये परियोजनाएँ अत्यंत पिछड़े ग्रामीण जनजाति तथा इलाकों शहरों के झुग्गी-झोपड़ी के चुने हुए प्रखंडों में लागू की जा रही हे। इस परियोजनाओं से बच्चे एवं महिलाओं दोनों का विकास होता है।

शॉ और शॉ (2020) प्रसार शिक्षा नवीन संस्करण में निष्कर्ष के रूप में देखा कि एकीकृत बाल विकास योजना का शिशुओं और बच्चों की मृत्यु-दर और रोग-दर में कमी लाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

आईसीडीएस प्रावधानों के लाभार्थी

नीचे दी गई तालिका बताती है कि कैसे एकीकृत बाल विकास सेवाएं बच्चों और वयस्कों के विभिन्न समूहों के लिए फायदेमंद हैं-

सेवाएं	लक्षित लाभार्थी
पूरक पोषाहार कार्यक्रम (एसएनपी)	• गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं • 6 साल से कम उम्र के बच्चे स्वास्थ्य और पोषण जांच
स्वास्थ्य और पोषण जांच	• गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं • 6 साल से कम उम्र के बच्चे

सेवाएं	लक्षित लाभार्थी
प्रतिरक्षा	• गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं। • 6 साल से कम उम्र के बच्चे
प्री-स्कूल में बच्चों के लिए अनौपचारिक शिक्षा	• 6 साल से कम उम्र के बच्चे
स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा	• गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं • 6 साल से कम उम्र के बच्चे
रेफरल सेवाएं	• गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं • 6 साल से कम उम्र के बच्चे

पाटनी एवं हरपालानी (2020) प्रसार शिक्षा एवं संचार नवीन संस्करण में कही है कि एकीकृत बाल विकास योजना स्कूल से पहले बच्चों और उनकी माताओं को जीवित रहने की दर बढ़ाने और उन्हें स्वस्थ, पौष्टिक भोजन तथा सीखने के अवसर प्रदान कराने वाली योजना है।

सिंह (2021) आहार विज्ञान एवं पोषण सत्रहवाँ संस्करण में एकीकृत बाल विकास योजना के बारे में निष्कर्ष निकाली है कि बालकों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिये माताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना।

हरपालानी (2021) प्रसार शिक्षा षष्ठम संस्करण में निष्कर्ष के रूप में कही है कि एकीकृत बाल विकास योजना एक अनूठी योजना है जो भारत ने अपने बच्चों को उपहारस्वरूप दी है।

इस शोध अध्ययन का उदेश्य एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों के वर्तमान पोषण स्थिति का आंकलन और एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक करना। साहित्य का पुनरावलोकन के आधार पर शोध परिकल्पना के अनुसार एकीकृत बाल विकास सेवा से लाभान्वित बच्चों के वर्तमान पोषण स्थिति अच्छी है और एकीकृत बाल विकास सेवा से लाभान्वित बच्चों स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक है। शोध अध्ययन की प्रकृति

को देखते हुए वर्णात्मक शोध डिजाइन के अनुसार की गई है, क्योंकि शोध अध्ययन के विषय के बारे में तथ्य संकलित कर उनका एक विवरण प्रस्तुत की हूँ। शोध डिजाइन के आधार पर उदेश्यपूर्ण प्रतिदर्श के द्वारा साक्षात्कार अनुसूची में 200 उत्तरदाताओं का डाटा संग्रह करके निष्कर्ष के तौर पर यह देखने को मिला कि आईसीडीएस योजना झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों तक पहुँचने में सक्षम है जिन्हें सबसे अधिक पोषण की आवश्यकता है, क्योंकि आईसीडीएस देश का पहला और एकमात्र ऐसा योजना है जिसका लक्ष्य किसी भी बच्यों का समग्र विकास करना है। आईसीडीएस अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य शिक्षा में सफलता प्राप्त की है, यह माना जा सकता है कि सामुदायिक समर्थन और आत्मनिर्भरता दोनों ही सफलता के प्रमूख कारक हैं। यह अनुशंसा की जा सकती है कि आईसीडीएस योजना के तहत सेवा वितरण में सुधार पर ध्यान देने के लिए वितरण ढांचे में सुधार की आवश्यकता है। आईसीडीएस योजना को सफल बनाने में बाहरी परिसर एवं बड़े पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए उनकी सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

➢ अध्ययन का उद्देश्य :

1. एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों की पोषण स्थिति का आंकलन
2. एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक करना

➢ अध्ययन की परिपकल्पना :

1. एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों की पोषण स्थिति अच्छी है।
2. एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक है।

➢ **कार्यप्रणाली** (Methodology) शोध अध्ययन कार्यप्रणाली से तात्पर्य यह है कि शोध अध्ययन कार्यप्रणाली के अनुसार ही कार्य का संपादन और निष्कर्षों का निर्धारण की गई है।

- शोध का क्षेत्र (Area of Research) प्रस्तुत शोध का क्षेत्र दरभंगा प्रमंडल के समस्तीपुर जिला रोसड़ा अनुमंडल, बिथान प्रखण्ड के जगमोहरा पंचायत के 10 आँगनवाड़ी केन्द्र पर सम्पन्न किया गया हैं।

- **शोध डिजाइन (Research Design)** शोध डिजाइन मुख्यत: किसी भी शोध कार्य से पूर्व निर्मित एक योजनाबद्ध रूपरेखा है, इसलिए प्रस्तुत शोध शीर्षक की प्रकृति को देखते हुए वर्णानात्मक शोध डिजाइन के अनुसार की गई है, क्योंकि शोध विषय के बारे में तथ्य संकलित कर उनका एक विवरण प्रस्तुत किया गया हैं।
- **प्रतिदर्श (Sample)** प्रस्तुत शोध अध्ययन के प्रकृति को देखते हुए उदेश्यपूर्ण न्यायदर्श के द्वारा जगमोहरा पंचायत के 10 आँगनवाड़ी केन्द्र के 200 नामांकित बच्चों को लिया गया।
- **प्रविधि (Technique)** शोध अध्ययन में अवलोकन और साक्षात्कार प्रविधि को अपनाया गया। जिसके माध्यम से 200 साक्षात्कार-अनुसूची भरवायी जिसमें 200 का उत्तर प्राप्त हुआ।
- **उपकरण (Tools)** शोध अध्ययन में साक्षात्कार अनुसूची उपकरण का प्रयोग किया गया।
- **डाटा के स्त्रोत (Sources of Data)** प्राथमिक तथ्यों के संकलन के लिए साक्षात्कार-अनुसूची का प्रयोग किया गया, जिसमें जगमोहरा पंचायत के 10 आँगनवाड़ी केन्द्र पर जाकर प्राथमिक स्त्रोत द्वारा तथ्यों का संकलन किया गया।

➢ परिणाम और विचार-विमर्श (Results and discussions)

आँगनवाड़ी केन्द्र पर नामांकन के समय बच्चों की बीएमआई तालिका 1

क्र. सं.	बीएमआई	वजन की स्थिति	बच्चों की संख्या	प्रतिशत
1	< 5	कम वजन	140	70
2	5.85	सामान्य वजन	50	25
3	85.95	अधिक वजन	8	4
4	> 95	मोटापा	2	1
		कुल	200	100

नोट:- ओसमो (OSMO) बीएमआई चार्ट के अनुसार

तालिका 1 से स्पष्ट है कि आँगनवाड़ी केन्द्र पर नामांकन के समय बच्चों की बीएमआई पता लगाने के लिए हमने जगमोहरा पंचायत के 10 आँगनवाड़ी केन्द्र पर 200 बच्चों का साक्षात्कार-अनुसूची के द्वारा डाटा का संग्रह किया, जिसमे यह देखने को मिला कि 140 बच्चों का बीएमआई < 5, 50 बच्चों का बीएमआई 5-85, 8 बच्चों का बीएमआई 85-95 और 2 बच्चों का बीएमआई > 95 है।

आँगनवाड़ी केन्द्र पर नामांकन के 6 महीने बाद बच्चों की बीएमआई तालिका 2

क्र. सं.	बीएमआई	वजन की स्थिति	बच्चों की संख्या	प्रतिशत
1	< 5	कम वजन	20	10
2	5-85	सामान्य वजन	160	80
3	85-95	अधिक वजन	10	5
4	> 95	मोटापा	10	5
		कुल	200	100

नोटः- ओसमो (OSMO) बीएमआई चार्ट के अनुसार

तालिका 2 से स्पष्ट है कि आँगनवाड़ी केन्द्र पर नामांकन के 6 महीने बाद बच्चों की बीएमआई पता लगाने के लिए हमने पुनः जगमोहरा पंचायत के 10 आँगनवाड़ी केन्द्र पर 200 बच्चों का साक्षात्कार-अनुसूची के द्वारा डाटा का संग्रह किया, जिसमें यह देखने को मिला कि 20 बच्चों का बीएमआई ढ5ए 160 बच्चों का बीएमआई 5-85, 10 बच्चों का बीएमआई 85-95 और 10 बच्चों का बीएमआई ढ95 है।

अतः आँगनवाड़ी केन्द्र पर नामांकन के समय और नामांकन के 6 महिने बाद बच्चों की बीएमआई तालिका के तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है कि एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों की पोषण स्थिति अच्छी है।

आँगनवाड़ी केन्द्र पर नामांकन के समय बच्चों की स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूकता तालिका 3

क्र. सं.	स्वास्थ्य शिक्षा	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	जागरूक है	80	40
2.	जागरूक नहीं है	120	60
	कुल	200	100

तालिका 3 से स्पष्ट है कि आँगनवाड़ी केन्द्र पर नामांकन के समय बच्चों की स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूकता पता लगाने के लिए हमने जगमोहरा पंचायत के 10 आँगनवाड़ी केन्द्र पर 200 बच्चों का साक्षात्कार-अनुसूची के द्वारा डाटा का संग्रह किया, जिसमें यह देखने को मिला कि 80 बच्चों स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक है और 20 बच्चों स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं है।

आँगनवाड़ी केन्द्र पर नामांकन के 6 महीने बाद बच्चों की स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूकता तालिका 4

क्र. सं.	स्वास्थ्य शिक्षा	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	जागरूक है	180	90
2.	जागरूक नहीं है	20	10
	कुल	200	100

तालिका 4 से स्पष्ट है कि आँगनवाड़ी केन्द्र पर नामांकन के 6 महिने बाद बच्चों की स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूकता पता लगाने के लिए हमने पुन: जगमोहरा पंचायत के 10 आँगनवाड़ी केन्द्र पर 200 बच्चों का साक्षात्कार अनुसूची के द्वारा डाटा का संग्रह किया, जिसमें यह देखने को मिला कि 180 बच्चों स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक है और 20 बच्चों स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं है।

अत: आँगनवाड़ी केन्द्र पर नामांकन के समय और नामांकन के 6 महीने बाद बच्चों की स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूकता तालिका के तुलनात्मक

अध्ययन से स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है कि एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक है।

➢ निष्कर्ष (Conclusion) :

हमें अपने शोध अध्ययन में निष्कर्ष के तौर पर यह देखने को मिला कि एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों की पोषण स्थिति अच्छी है और एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) से लाभान्वित बच्चों स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूक है। साथ ही यह अपनी बेहतरी और आगे सुधार के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार के प्रयास कर रही है। आइसीडीएस योजना झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों तक पहुँचने में सक्षम है जिन्हें सबसे अधिक पोषण की आवश्यकता है, क्योंकि आइसीडीएस देश का पहला और एकमात्र ऐसा योजना है जिसका लक्ष्य किसी भी बच्चों का समग्र विकास करना है। आइसीडीएस अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से पोषण स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य शिक्षा में सफलता प्राप्त की है।

➢ अनुशंसाएँ (Recommendations)

1. आइसीडीएस योजना के तहत सेवा वितरण में सुधार पर ध्यान देने के लिए वितरण ढ़ाँचे में सुधार की आवश्यकता है।
2. सीखने की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए एक लचीला और खेल आधारित बुनियादी पाठ्यक्रम तैयार किया जाए।
3. नई शिक्षा नीति (2020) के अनुसार नियंत्रण प्रणाली पर विशेष ध्यान दिया जाए।
4. यह सुनिश्चित करना कि बच्चे प्राथमिक स्कूल में जाना तभी शुरू करें, जब वे विकासात्मक तौर पर इसके लिए तैयार हों।
5. एकीकृत बाल विकास सेवा (आइसीडीएस) योजना के क्षेत्र को व्यापक बनाना चाहिए ताकि यह उन क्षेत्रों में भी लागू हो सकें जो अभी इसकी पहुँच से बाहर है।
6. भौगोलिक दूरियाँ तथा परियोजनाओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए कवरेज की दृष्टि से कार्यकर्त्ताओं मानकों में लचीलापन कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने में मददगार होगा।
7. आइसीडीएस योजना को सफल बनाने में बाहरी परिसर एवं बड़े पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए उनकी सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

8. योजनाबद्ध तरीके से पूरक आहार वितरण प्रक्रिया को संपन्न किया जाना चाहिये।

9. आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं को राशन वितरण हेतु एक विशेष वाहन आवंटित किया जाना चाहिये।

10. आँगनवाड़ी केन्द्रों एवं कार्यकर्त्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है अतः उनकी सुरक्षा पर भी ध्यान दिये जाने की जरूरत है।

➢ संदर्भ/ग्रंथ-सूची (References/Bibliography)

1. हरपालानी (2021) प्रसार शिक्षा। स्टार पब्लिकेशन्स, आगरा।

2. कुमारी एम. (2002) मातृत्व एवं बाल विकास परियोजना का गृहिणी के जीवन पर प्रभाव : दरभंगा नगर के संदर्भ में अध्ययन ल. ना. मि. वि. वि., दरभंगा (बिहार)।

3. शॉ जी. पी. और शॉ जे. एस. (2020) प्रसार शिक्षा नवीन संस्करण, श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा-2 पृष्ठ संख्या 299-304।

4. पाटनी एम. एवं हरपालानी (2020) प्रसार शिक्षा एवं संचार। नवीन संस्करण, स्टार पब्लिकेशन्स आगरा, पृष्ठ संख्या 300-303।

5. सिंह बी. (2021) आहार विज्ञान एवं पोषण। सत्रहवाँ संस्करण, पंचशील प्रकाशन, जयपुर पृष्ठ संख्या 52-53।

सोनी कुमारी सिंह
रीसर्च स्कॉलर,
गृह विज्ञान विभाग,
ल. ना. मि. वि. विद्यालय,
दरभंगा-846004 (बिहार)

डॉ. प्रगति
असिस्टेंट प्रोफेसर,
गृह विज्ञान विभाग,
ल. ना. मि. वि. विद्यालय,
दरभंगा-846004 (बिहार)

❑❑❑

राजस्थान साहित्य अकादमी

(राजस्थान सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान)

मीरां भवन, ज्ञान नगर, सेक्टर-4, हिरणमगरी, उदयपुर-313002

wwww.rsaudr.org 02942461717

मधुमती

राजस्थान साहित्य अकादमी की मुख पत्रिका

वार्षिक सदस्यता शुल्क

पंजीकृत डाक से : ₹540

सदस्यता शुल्क 'सचिव, राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर' के नाम से भेजें या फिर अकादमी वेबसाइट www.rsaudr.org पर जाकर ऑन लाइन जमा करवाएं

सदस्यता संबंधी संपर्क हेतु ईमेल :

madhumatimembership@gmail.com

रचना प्रेषण हेतु ईमेल :

madhumati.rsaudr@gmail.com

देश की धड़कन राजस्थान की शान

राजस्थली

की यही पहचान

- हम जीवन में बीसियों तरह के व्यसन–शौक पालते हैं परन्तु पढ़ने की आदत नहीं डालते। यही कारण है कि हम अपनी सांस्कृतिक पहचान, शख्सियत और वजूद को संरक्षित नहीं रख पा रहे हैं।
- राजस्थानी ही वह भाषा है जिसकी लोरियों तले हमारा बचपन खेला, कूदा और बड़ा हुआ है। अपने पांवों पर खड़ा होने के बाद ममत्व और वात्सल्य को भुलाना तो हमारी परम्परा नहीं रही है। तो फिर हम क्यों भूल रहे हैं हमारी बाल–सुलभ जिज्ञासाओं को अनथक शांत करने वाली इस मायड़ को ?
- आईये ! हम भी बंगाल की तरह हमारे घरेलू बजट में पत्र–पत्रिकाओं को शामिल कर अपने बच्चों को एक सद्–संस्कार दें। परिवार को अपना वाजिब हक दें। अपने गैर–जरूरी खर्चों में कटौती कर पीढ़ियों को संस्कारित करने के इस अनुष्ठान में सहयोगी बनें।
- आज ही **राजस्थली** के सदस्य बनें और बनायें। पत्र–पत्रिकाओं को सहयोग और उनका संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

आओ ! **राजस्थली** को स्वावलम्बी बनाएं और
पुस्तक प्रेम की हमारी सांस्कृतिक परम्परा का परिचय दें।

सदस्यता शुल्क विवरण

पाँच वर्ष के लिए	1000 रुपये
आजीवन	2500 रुपये
संरक्षक सदस्यता	5100 रुपये

राजस्थली लेन-देन सारु :
खाता नांव : RAJASTHALI
बैंक : बैंक ऑफ इंडिया, श्रीडूँगरगढ़
खाता सं. : 746210110001995
IFSC : BKID 0007462

महावीर प्रसाद माली मरुभूमि शोध संस्थान,
श्रीडूँगरगढ़ के लिए मुद्रित एवं प्रकाशित।

मुद्रक : महर्षि प्रिंटर्स, श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) राज.

जूनी ख्यात बैंक विवरण :
Account Name : Marubhumi Shodh Sansthan
Bank : Punjab National Bank, Sridungargarh
Account No. : 3604000100174114
IFSC : PUNB0360400

Website : http://rbhpsdungargarh.com